आषाढ़ कृष्ण पक्ष षष्ठी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 27 जून 2024
वर्ष 2, अंक 307, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

अमृत विचार

कानपुर नगर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

अंग्रेजों से हार का बदला लेने को तैयार टीम इंडिया 15

पिता की पुण्यतिथि पर याद कर भावुक हुए करण जौहर 16

पढ़ते रहिये...
अमृत विचार
समर ऑफर
मात्र ₹4
में प्रतिदिन
यह ऑफर केवल कानपुर के पाठकों के लिए
फोन: 0512- 2548300

एक नजर

हिजाब पर प्रतिबंध के खिलाफ याचिका खारिज

मुंबई। बम्बई हाईकोर्ट ने बुधवार को छात्राओं के एक समूह की ओर से दायर वह याचिका खारिज कर दी, जिसमें मुंबई के एक कॉलेज के निर्धारित ड्रेस कोड को चुनौती दी गयी थी। न्यायमूर्ति एएस चंदुरकर और न्यायमूर्ति राजेश पाटिल की खंडपीठ ने याचिका खारिज करते हुए कहा कि हम हस्तक्षेप करने के लिए इच्छुक नहीं हैं।गौरतलब है कि छात्राओं के एक समूह ने कॉलेज के अधिकारियों की ओर से निर्धारित ड्रेस कोड को न्यायालय में चुनौती दी थी, जिसमें छात्राओं को परिसर में हिजाब, नकाब, बुर्का, स्टोल, टोपी आदि पहनने से प्रतिबंधित किया गया था।

सेंसेक्स और निफ्टी फिर नई ऊंचाई पर पहुंचे

मुंबई। विश्व बाजार की तेजी के बीच स्थानीय स्तर पर पेट्रोलियम समेत अलग-अलग क्षेत्रों में कारोबार करने वाली दिग्गज कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज की चार प्रतिशत से अधिक की छलांग से बुधवार को शेयर बाजार को पंख लग गए। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 620 .73 अंक अर्थात 0 .80 प्रतिशत की छलांग लगाकर 78,674 .25 अंक के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 147 .50 अंक यानी 0 .62 प्रतिशत मजबूत होकर 23,868 .80 अंक के सार्वकालिक स्तर पर रहा।

पित्रोदा फिर बने इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के प्रमुख

नई दिल्ली। कांग्रेस ने अपने नेता सैम पित्रोदा को बुधवार को एक बार फिर से 'इंडियन ओवरसीज कांग्रेस' का प्रमुख नियुक्त कर दिया। पार्टी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पित्रोदा की फिर से नियुक्ति की।

पूर्व विदेश सचिव मुचकुंद दुबे का निधन

नई दिल्ली। वर्ष 1990 से 1991 के तक भारत के विदेश सचिव रहे मुचकुंद दुबे (90) का बुधवार को अपरान्ह दिल्ली स्थित एक अस्पताल में निधन हो गया। वह कुछ हफ्तों से बीमार चल रहे थे। उन्हें हृदय संबंधी बीमारी थी। गुरुवार शाम लोधी रोड श्मशान घाट पर उनका दाह संस्कार किया जाएगा। मुचकुंद दुबे ने बांग्लादेश में भारत के उच्चायुक्त और संयुक्त राष्ट्र संगठन जेनेवा में भारत के स्थायी प्रतिनिधि की भी भूमिका निभाई थी। पूर्व विदेश सचिव को निःशस्त्रीकरण मामलों का विशेषज्ञ माना जाता था।

शासन की स्वास्थ्य सेवाओं को सुदूर गांव तक पहुंचाने की योजना, संबंधित जिलों के डीएम और सीएमओ से शासन ने मांगा प्रस्ताव

बरेली, कानपुर, मुरादाबाद समेत 40 जिलों में बनेंगे 5 हजार स्वास्थ्य उपकेंद्र

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : राज्य सरकार को तलाश है ऐसी जगहों की जहां बढ़ी जनसंख्या की जरुरतों को देखते हुए स्वास्थ्य उपकेन्द्र खोले जा सकें। शुरुआत में ऐसे नए हेल्थ सबसेंटर किराए के भवन में संचालित किए जा सकते हैं लेकिन बाद में जमीन लेकर इसके लिए सरकार भवन भी बनवाएगी।

बरेली, कानपुर, पीलीभीत, मुरादाबाद समेत 40 जिलों में 5 हजार स्वास्थ्य उपकेंद्र स्थापित करने के लिए शासन ने प्रस्ताव मांगे हैं। शासन की ओर से इन जिलों के डीएम और सीएमओ को पत्र भेज दिया गया है। इसमें उनसे स्वास्थ्य उपकेंद्र के लिए प्रस्ताव मांगा गया है। जगह तय होने के बाद जल्द ही उपकेंद्र स्थापित करने की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। शर्त यह रखी गई है कि स्वास्थ्य उपकेंद्र के लिए जगह का निर्धारण वहां की जनसंख्या के अनुसार किया जाए। दरअसल, जिस इलाके में जनसंख्या बढ़ी है, वहां जरूरत को देखते हुए ही ऐसे केन्द्र खोलने का प्रस्ताव किया जाए।

इन जिलों में बनेंगे स्वास्थ्य उपकेंद्र

बरेली के साथ ही पीलीभीत, शाहजहांपुर, आगरा, फिरोजाबाद, प्रतापगढ़, फतेहपुर, प्रयागराज, ललितपुर, चित्रकूट, बाराबंकी, गोण्डा, बलरामपुर, श्रावस्ती, बलिया, मऊ, गोरखपुर, देवरिया, कुशीनगर, सिद्धार्थनगर बस्ती, सन्त कबीरनगर, कानपुर देहात, इटावा, औरैया, रायबरेली, सीतापुर, उन्नाव, हरदोई, गाजियाबाद, बुलन्दशहर, बिजनौर, मुरादाबाद, अमरोहा, रामपुर, सोनुरुद्र, भदोही, वाराणासी, चन्दौली एवं गाजीपुर में स्वास्थ्य उपकेंद्र बनेंगे।

12 अस्पतालों को अल्ट्रासाउंड मशीन

पेट संबंधी जांच व गर्भवती महिलाओं के इलाज में उपयोगी अल्ट्रासाउंड मशीनों की उपलब्धता आठ जिलों के 12 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर कराई जा रही है। करीब 10 लाख रुपये प्रति मशीन के आधार पर राज्य सरकार ने एक करोड़ 20 लाख रुपये भेजे हैं। स्वास्थ्य महानिदेशक के मुताबिक, ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। एमबीबीएस चिकित्सकों को अल्ट्रासाउंड जांच की ट्रेनिंग भी करा दी गई है। राजधानी में गुडंबा व नगराम सीएचसी में, फिरोजाबाद में तीन, गाजियाबाद में दो, इसके अलावा कानपुर देहात, अंबेडकरनगर, कौशाम्बी, प्रतापगढ़ व रायबरेली में एक-एक मशीन भेजी जा रही हैं।

48 जिलों में 150 सीएचसी को देंगे डेंटल चेयर

ग्रामीण क्षेत्रों में दांतों की समस्या के लिए मरीजों को शहर के अस्पतालों में नहीं आना पड़ेगा। इसके लिए राज्य सरकार 48 जिलों में 150 सीएचसी पर दंत चिकित्सा सेवाएं दुरुस्त कराने के लिए डेंटल चेयर भेजेगी। इसके लिए 2 .8 लाख की प्रति डेंटल चेयर के आधार पर कुल चार करोड़ 20 लाख रुपये स्वास्थ्य विभाग को स्वीकृत कर दिए गए हैं। स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ .बृजेश राठौर ने बताया कि नौ चेयर अयोध्या के विभिन्न सीएचसी के लिए मिलेंगी। जौनपुर व प्रयागराज में आठ-आठ, मेरठ में सात, आगरा को छह, अमरोहा, कन्नौज, कानपुर देहात, प्रतापगढ़, बिजनौर, आजमगढ़ में पांच-पांच, बुलंदशहर, भदोही, कानपुर नगर को चार-चार, शामली, बदायूं, बहराइच, मिर्जापुर, कौशांबी, बरेली और सुल्तानपुर में तीन-तीन, उन्नाव, बांदा, झांसी, रायबरेली, फतेहपुर, बलिया, संभल, चंदौली व गोंडा में दो-दो, ललितपुर, अमेठी, औरैया, इटावा, हापुड़, चित्रकूट,मुरादाबाद, बागपत, देवरिया,मऊ, सहारनपुर, फर्रुखाबाद, कासगंज व गोरखपुर में एक-एक डेंटल चेयर उपलब्ध कराई जाएगी।

ओम बिरला फिर बने लोस अध्यक्ष

दूसरी बार दायित्व : ध्वनिमत से सदन का फैसला, विपक्ष ने नहीं की मत विभाजन की मांग

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद ओम बिरला को बुधवार को ध्वनिमत से लोकसभा अध्यक्ष चुन लिया गया। वह दूसरी बार यह उत्तरदायित्व संभाल रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अध्यक्ष पद के लिए बिरला के नाम का प्रस्ताव रखा जिसका रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अनुमोदन किया। इस प्रस्ताव को कार्यवाहक अध्यक्ष भर्तृहरि महताब ने सदन में मतदान के लिए रखा और जिसे सदन ने ध्वनिमत से मंजूरी दे दी। विपक्ष ने लोकसभा अध्यक्ष पद के लिए कांग्रेस सांसद कोडिकुन्नील सुरेश को अपना प्रत्याशी बनाया था, लेकिन मत-विभाजन कराने पर जोर नहीं दिया। इसके बाद कार्यवाहक अध्यक्ष महताब ने बिरला को लोकसभा अध्यक्ष चुने जाने की घोषणा की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बिरला के पास जाकर उन्हें बधाई दी। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने बिरला को बधाई दी और प्रधानमंत्री मोदी से भी हाथ मिलाया। इसके बाद प्रधानमंत्री मोदी, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू, बिरला को अध्यक्षीय आसन तक लेकर गए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अलावा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव समेत विपक्ष के कई नेताओं ने बिरला को बधाई दी। विपक्ष के नेताओं ने उम्मीद जताई कि उन्हें सदन में जनता की आवाज उठाने का पर्याप्त समय मिलेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोकसभा अध्यक्ष चुने जाने पर ओम बिरला को बधाई देते हुए विश्वास जताया कि उनकी अध्यक्षता में 18वीं लोकसभा देश के नागरिकों के सपनों को सफलतापूर्वक पूरा करेगी। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने बिरला को बधाई देते हुए कहा कि मैं आपके दूसरी बार अध्यक्ष चुने जाने पर आपको बधाई देना चाहता हूं।

ओम बिरला को बधाई देते नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, साथ में प्रधानमंत्री मोदी और रीजीजू।

- **प्रधानमंत्री मोदी, राहुल गांधी और संसदीय कार्यमंत्री रीजीजू अध्यक्षीय आसन तक लेकर गए**
- **विपक्ष के नेताओं ने बिरला से सदन में अपनी आवाज भी सुने जाने की उम्मीद जताई**

जनअपेक्षाओं पर खरा उतरने का काम करें : बिरला

लोकसभा अध्यक्ष चुने जाने के बाद बिरला (61) ने कहा कि सभी सदस्यों को संसदीय परंपराओं के अनुरूप सामूहिक रूप से राष्ट्रहित के लिए काम करना चाहिए तथा सड़क और संसद में विरोध के अंतर को समझते हुए सहमति-असहमति व्यक्त करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मुझे पुन: इस महान सदन के पीठासीन अधिकारी के रूप में दायित्व निर्वहन करने का अवसर प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय मंत्रिपरिषद, सभी दलों के नेताओं और सभी सदस्यों का हार्दिक आभार। बिरला ने कहा कि हम सबका दायित्व हो जाता है कि जनता की आकांक्षाओं और अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए सामूहिक प्रयास करें।

आपातकाल पर निंदा प्रस्ताव, विपक्ष ने किया हंगामा

बिरला ने अध्यक्ष के रूप में कामकाज संभालने के बाद 1975 में कांग्रेस सरकार द्वारा लगाए गए आपातकाल की लोकसभा में निंदा करते हुए एक प्रस्ताव पढ़ा और कहा कि वह कालखंड काले अध्याय के रूप में दर्ज है जब देश में तानाशाही थोप दी गई थी, लोकतांत्रिक मूल्यों को कुचला गया था और अभिव्यक्ति की आजादी का गला घोंट दिया गया था। इस दौरान सदन में कांग्रेस और कई अन्य विपक्षी दलों के सदस्यों ने जोरदार हंगामा किया और नारेबाजी की। आपातकाल के खिलाफ आज जहां भाजपा के सांसदों ने संसद भवन के बाहर प्रदर्शन किया, वहीं सदन में आपातकाल पर प्रस्ताव रखे जाने के विरुद्ध विपक्षी सदस्यों ने हंगामा किया।

कांग्रेस का चरित्र आज भी अधिनायकवादी : योगी

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संसद में आपातकाल के खिलाफ लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की ओर से पढ़े गए निंदा प्रस्ताव का समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि देश की वर्तमान पीढ़ी को ये जानने का अधिकार है कि कांग्रेस ने आजादी के बाद लोकतंत्र और संविधान के खिलाफ किस प्रकार का बर्ताव किया था। योगी ने कहा कि कांग्रेस में आज भले ही चेहरे बदल गए हों, मगर इसका चरित्र अधिनायकवादी और तानाशाही पूर्ण है।

केजरीवाल को कोर्ट ने दी तीन दिन की सीबीआई रिमांड

नई दिल्ली, एजेंसी

- **औपचारिक रूप से गिरफ्तार कर कोर्ट से मांगी थी 5 दिन की हिरासत**
- **मुख्यमंत्री ने सुप्रीम कोर्ट से वापस ली अपनी अंतरिम जमानत याचिका**

आबकारी नीति कथित घोटाला से जुड़े धन शोधन मामले में आरोपी दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को यहां की एक विशेष अदालत ने बुधवार को तीन दिनों के लिए सीबीआई की हिरासत में भेजने का आदेश पारित किया। राऊज एवेन्यू स्थित अवकाशकालीन विशेष न्यायाधीश अमिताभ रावत की अदालत के समक्ष सीबीआई ने केजरीवाल से पूछताछ के लिए उनकी पांच दिनों की हिरासत की गुहार लगाई थी।

सीबीआई ने धन शोधन के मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की गिरफ्तारी के बाद तिहाड़ जेल में न्यायिक हिरासत में बंद केजरीवाल से मंगलवार को पूछताछ की थी। अदालती आदेश पर पूछताछ के बाद बुधवार को उन्हें औपचारिक रूप से गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया गया। इससे पहले केजरीवाल ने विशेष अदालत की ओर से 20 जून को दी गई जमानत के आदेश पर दिल्ली हाईकोर्ट की 21 जून के अंतरिम रोक के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती थी और उन्होंने अपनी याचिका (बुधवार को) वापस ले ली।

न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा और न्यायमूर्ति एस वी एन भट्टी की अवकाशकालीन पीठ ने उन्हें अपनी यह याचिका वापस लेने की अनुमति दी। पीठ ने हालांकि उन्हें जमानत आदेश के क्रियान्वयन को निलंबित करने वाले उच्च न्यायालय के 25 जून के आदेश को चुनौती देने वाली नई याचिका दायर करने की छूट दे दी।

नीट प्रश्न-पत्र लीक मामला

दो अभियुक्तों की सीबीआई रिमांड

पटना, एजेंसी

- **केंद्रीय जांच एजेंसी 4 जुलाई तक करेगी पूछताछ**

केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की बिहार में पटना स्थित एक विशेष अदालत ने नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) से आयोजित राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) 2024 के प्रश्न-पत्र लीक मामले में जेल में बंद दो अभियुक्तों को एक सप्ताह की पुलिस रिमांड पर पूछताछ के लिए बुधवार को सीबीआई को सौंपे जाने का आदेश दिया। सीबीआई के विशेष न्यायिक दंडाधिकारी हर्षवर्धन सिंह की अदालत ने यह आदेश सीबीआई के आवेदन पर सुनवाई के बाद दिया है। विशेष अदालत ने जेल में बंद अभियुक्त चिंटू उर्फ बलदेव और मुकेश को हिरासती पूछताछ के लिए 27 जून से 04 जुलाई तक के लिए सीबीआई को सौंपे जाने का आदेश आदर्श केंद्रीय कारागार बेउर के अधीक्षक को दिया है।

अदालत ने अपने आदेश में कहा है कि दोनों अभियुक्तों की चिकित्सकीय जांच करने के बाद उनसे पूछताछ की जाएगी और फिर चिकित्सकीय जांच कराकर 04 जुलाई को दिन के 11 बजे तक न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करना है। सीबीआई ने इस मामले में पटना के शास्त्रीनगर थाना में दर्ज प्राथमिकी के आधार पर 23 जून को अपनी प्राथमिकी दर्ज की है और जांच अपने हाथ में ले लिया है।

सीट दिलाने के लिए वसूले 12 लाख रुपये

कोलकाता। कोलकाता के एक शिक्षण संस्थान से जुड़े एक व्यक्ति को एक छात्र के माता-पिता से पैसे लेकर नीट परीक्षा की मेरिट सूची में स्थान दिलाने का वादा करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बुधवार को बताया कि आरोपी ने छात्र को 12 लाख में कोलकाता के एक मेडिकल कॉलेज में सीट दिलाने का भी आश्वासन दिया था। जिसमें से 5 लाख रुपये ले भी लिए हैं। पुलिस अधिकारी ने बताया कि शेक्सपियर सरानी पुलिस थाने में दर्ज कराई गई शिकायत के आधार पर आरोपी को मंगलवार रात को गिरफ्तार किया गया था।

महाराष्ट्र के लातूर से एक और आरोपी गिरफ्तार

मुम्बई। नीट-यूजी पेपर लीक घोटाला मामले के तीसरे आरोपी संजय जाधव को महाराष्ट्र के लातूर से पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। जाधव से पूछताछ में इस घोटाले में शिक्षा क्षेत्र के कई लोग, छात्र और अभिभावकों के भी शामिल होने का पता चला है। पुलिल ने बताया कि एक निजी स्कूल में विज्ञान शिक्षक जाधव ने दिल्ली के मास्टरमाइंड गंगाधर मुंडे और महाराष्ट्र के दो आरोपियों- हेडमास्टर पठान और इरन्ना कोंगलवार के बीच मध्यस्थ की भूमिका निभाई है।

राधे-राधे इस्पात कंपनी के डायरेक्टर को भेजा जेल

डीजीजीआई लखनऊ की टीम ने फजलगंज स्थित कार्यालय में छापा मारकर पकड़ी टैक्स चोरी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

52 करोड़ रुपये की टैक्स चोरी का मामला

अमृत विचार: डायरेक्टर जनरल जीएसटी इंटेलिजेंस (डीजीजीआई) लखनऊ की टीम ने फजलगंज स्थित राधे-राधे इस्पात कंपनी के कार्यालय में छापेमारी कर 52 करोड़ रुपये की टैक्स चोरी पकड़ी। टीम ने कंपनी के डायरेक्टर को गिरफ्तार कर स्पेशल सीजेएम की कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने उन्हें 9 जुलाई तक न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

के ब्लॉक किदवई नगर निवासी नवीन जैन (57) श्री राधे-राधे इस्पात प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर हैं। फतेहपुर, मलवां में उनकी फर्म है, साथ ही फजलगंज, सिग्मा हाउस प्लॉट नंबर 17 में उनका कार्यालय है। डीजीजीआई लखनऊ की टीम को काफी समय से इस्पात कंपनी में टैक्स चोरी की जानकारी मिल रही थी। जिस पर टीम ने फजलगंज स्थित कार्यालय में छापेमारी की। छापेमारी के दौरान टीम ने 52 करोड़ रुपये की टैक्स चोरी पकड़ी। टीम ने कंपनी डायरेक्टर नवीन जैन को गिरफ्तार करते हुए बुधवार को स्पेशल सीजेएम कुमुदलता त्रिपाठी की कोर्ट में पेश किया।

नवीन जैन

टीम की ओर से कोर्ट में प्रार्थना पत्र दिया गया कि मामले की जांच अभी प्रचलित है, इसलिए आरोपी की न्यायिक अभिरक्षा स्वीकृत की जाए, जिससे साक्ष्य प्रभावित न हों। इसके बाद कोर्ट ने कंपनी डायरेक्टर को 9 जुलाई तक के लिए जेल भेज दिया।

वज्रपात से 11 की मौत, कई झुलसे

समाचार डेस्क, लखनऊ

- **पीलीभीत व शाहजहांपुर में 4, संभल में 3, जालौन व बहराइच में एक-एक व लखीमपुर में 2 की गई जान**

अमृत विचार : प्रदेश के कई जिलों में आंधी-बारिश के बीच हुए वज्रपात में 11 लोगों की जान चली गई है। पीलीभीत व शाहजहांपुर में 4 ,लखीमपुर खीरी में 2, जालौन व बहराइच में एक-एक व संभल में 3 लोगों की मौत हुई है। आकाशीय बिजली (वज्रपात) गिरने से कई लोग झुलस भी गए हैं।

पीलीभीत के सुनगढ़ी क्षेत्र के ग्राम खजुराह के खूबचंद का 17 वर्षीय पुत्र अर्जुन बुधवार सुबह खेत पर गया था। उसके साथ गांव का विपिन, धर्मेंद्र, जितेंद्र भी थे। चारों आकाशीय बिजली की चपेट में आ गए। इलाज के दौरान अर्जुन की मौत हो गई। घुंघचिहाई के मटेहना कॉलोनी के सरवन कुमार (50) धान की रोपाई कर रहे थे। बिजली गिरने से वह अचेत हो गए। उन्हें सीएचसी पूरनपुर ले जाया गया, जहां मृत घोषित कर दिया। शाहजहांपुर में जलालाबाद के नयागांव गुलरिया के नीलेश (17) की जान भी आकाशीय बिजली गिरने से चली गई।

सेहरामऊ दक्षिणी थाना क्षेत्र के बरेंग गांव में बीए की छात्रा राजकुमारी (19) बुधवार दोपहर बारिश में छत पर नहा रही थी। तेज चमक के साथ बिजली गिरी इससे छत में गड्ढा हो गया और राजकुमारी की झुलसकर मौत हो गई।

लखीमपुर खीरी जिले के गांव पड़री निवासी तेजपाल के दो बेटे आनंद (10) अपने छोटे भाई अभय राज (6) और परिवार के ही प्रेमपाल के पुत्र विनीत (6) व नीरज (11) के साथ घर के बाहर खेल रहे थे। वज्रपात से चारों झुलस गए। इलाज के दौरान आनंद व अभय की मौत हो गई। जालौन के कालपी तहसील के करमचंदपुर में पुत्तूलाल यादव व बहराइच के गांव फकीरपुरी में रामनिवास(12) पुत्र अजीत कुमार की मौत भी वज्रपात से हो गई। संभल में नखासा थाना क्षेत्र के गांव ततारपुर संदल निवासी मालती देवी बिजली गिरने से झुलस गई, इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

मुठभेड़ में एक आतंकवादी ढेर

जम्मू। जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले के गंडोह इलाके में सुरक्षाबलों से मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया। जबकि तीन से चार आतंकवादियों के फंसे होने की खबर है। जम्मू क्षेत्र के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक आनंद जैन, डोडा के पुलिस उपनिरीक्षक और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुठभेड़ स्थल पर मौजूद हैं। सूत्रों ने बताया कि खुफिया सूचना के आधार पर सुरक्षा बलों ने घेराबंदी एवं तलाशी अभियान शुरू किया। सुरक्षा बलों के जवान जब संदिग्ध क्षेत्र की ओर बढ़ रहे थे, तो छिपे आतंकवादियों ने पुलिस और सेना की संयुक्त टीम पर गोलीबारी की, जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई जो अभी भी जारी है।

उपभोक्ताओं की जेब ढीली करने की तैयारी में पावर कॉरपोरेशन

- **मैसेज अलर्ट के लिए 10 रुपये शुल्क, यूपीपीसीएल ने भेजा नियामक आयोग में प्रस्ताव**

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

स्मार्ट प्रीपेड मीटर पर बिजली कनेक्शन कटने व जुड़ने पर वसूलेगा 50 रुपये शुल्क

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन ने प्रदेश के उपभोक्ताओं की जेब ढीली करने की तैयारी शुरू कर दी है। कॉरपोरेशन के नए फैसले के तहत अब स्मार्ट प्रीपेड मीटर वाले उपभोक्ताओं को बकाए पर बिजली कनेक्शन कटने या दोबारा जोड़े जाने पर 50 रुपये शुल्क देना होगा। मोबाइल पर अलर्ट मैसेज का भी 10 रुपये शुल्क वसूल किया जाएगा। नई बिजली दर निर्धारण प्रक्रिया के बीच कॉरपोरेशन ने इस सिलसिले में प्रस्ताव राज्य विद्युत नियामक आयोग में दिया है। प्रदेश में नई बिजली दरें लागू करने के लिए प्रक्रिया शुरू हो गई है। नियामक आयोग उपभोक्ताओं का पक्ष जानने के लिए जनसुनवाई की तारीख घोषित कर चुका है। पहली सुनवाई आठ जुलाई को कानपुर में होगी। इसके बाद मध्यांचल विद्युत वितरण निगम समेत बाकी निगम क्षेत्रों में जनसुनवाई होगी। सूत्रों के अनुसार इसी बीच बीती देर रात कॉरपोरेशन ने नियामक आयोग में स्मार्ट प्रीपेड मीटर के मामले में एक प्रस्ताव दाखिल किया है, जिसमें नया शुल्क लिए जाने का उल्लेख है। वर्तमान में अभी इस तरह का कोई शुल्क लेने की व्यवस्था नहीं है। वजह यह है कि बिल बकाया होने पर मीटर से स्वतः कनेक्शन कटने व बिल जमा करने पर दोबारा बिजली जुड़ने की व्यवस्था है।

कॉरपोरेशन का फैसला नियमों के विपरीत-अवधेश वर्मा

उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि कॉरपोरेशन की ओर से उपभोक्ताओं से इस तरह का शुल्क लेने का फैसला नियमों के विपरीत है। स्मार्ट प्रीपेड मीटर पर सभी व्यवस्था 'सिस्टम जेनरेटेड' होती है। पूरे देश में कहीं भी एसएमएस अलर्ट का 10 रुपये चार्ज नहीं किया जाता। विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 56 के तहत कनेक्शन काटने के पहले उपभोक्ता को 15 दिन की नोटिस देने का प्रावधान है। जब बिजली दर निर्धारण प्रक्रिया चालू हो चुकी है, तो नियमत: कॉरपोरेशन ऐसा प्रस्ताव दाखिल नहीं कर सकता है।

व्यवस्था वैकल्पिक

उपभोक्ता परिषद का कहना है कि वर्तमान में पोस्टपेड व्यवस्था के तहत पावर कॉरपोरेशन ने पूरे प्रदेश में उपभोक्ताओं से लगभग 5000 करोड़ के बीच सिक्योरिटी जमा कर रखी है। ऐसे में स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने का अधिकार वैकल्पिक है।

रिहंद, बारा व ओबरा की तीन इकाइयां ठप

लखनऊ। भीषण उमस के कारण प्रदेश में बिजली की मांग फिर बढ़ गई है। भारी लोड के कारण रिहंद, बारा व ओबरा की तीन इकाइयां ठप हो गई हैं, जबकि पहले से बंद चल रही दो इकाइयां अभी चालू नहीं हो पाई हैं। एक साथ पांच इकाइयों के बंद होने से प्रदेश में बिजली संकट गहरा गया है। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के सूत्रों के अनुसार बारा की 660 मेगावाट, रिहंद की पांच सौ मेगावाट व ओबरा सी की 660 मेगावाट क्षमता की इकाइयां ठप हो गई हैं।

एक नजर

सट्टा पर्ची के साथ दो आरोपी दबोचे गए

कानपुर। चमनगंज पुलिस ने दीपक उर्फ दीपू निवासी शक्कर मिल खलवा से चार सट्टे की पर्ची, 970 रुपये बरामद किए हैं। इसी प्रकार तौहीद उर्फ जाल्टा निवासी सईदाबाद के पास से चार पर्ची व 550 रुपये बरामद किए हैं। दोनों आरोपियों पर पहले से कई मामले दर्ज हैं।

एनडीपीएस एक्ट का वांछित आरोपी भेजा गया जेल

कानपुर। चमनगंज पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के आरोपी सूरज उर्फ टेडू उर्फ दीपक निवासी कंजड़नपुरवा थाना किदवई नगर को गिरफ्तार किया है। आनंद बाग चौकी इंचार्ज जय सिंह ने बताया कि आरोपी पर चमनगंज और किदवई नगर थाने से 13 मुकदमे दर्ज हैं। वह एनडीपीएस के मुकदमे में काफी दिन से वांछित चल रहा था। आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

हादसे में घायल ट्यूशन टीचर ने दम तोड़ा

कानपुर। गांधी नगर सीसामऊ निवासिनी ट्यूशन टीचर 25 वर्षीय सौम्या गुप्ता पड़ोसी प्रीती के साथ पनकी दर्शन करने के लिए चार दिन पहले गई थी। वहां से लौटते समय अर्मापुर थानाक्षेत्र में आर्डनेंस फैक्ट्री के पास तेज रफ्तार एक्सयूवी ने स्कूटी सवार दोनों को टक्कर मार दी थी। जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गई थीं। पुलिस ने दोनों को हैलट अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां सौम्या ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया।

गृहकर बिलों में जीआईएस की गड़बड़ी में किया जाएगा सुधार

कारोबारियों ने प्रधानमंत्री कार्यालय तक लगाई थी समाधान की करने की गुहार

राहत

- व्यापारियों को भेजे जा रहे गलत गृहकर बिलों की दोबारा जांच होगी: महापौर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। जीआईएस सर्वे की वजह से उद्यमियों और व्यापारियों को भेजे जा रहे गलत व्यवसायिक गृहकर बिलों की दोबारा जांच होगी। इस मामले में व्यापारियों की प्रधानमंत्री से शिकायत और नगर निगम में शिकायतों का अंबार लगने के बाद गलत बिलों की दोबारा जांच कराने का फैसला हुआ है। महापौर ने जोनल अधिकारियों और कर अधीक्षकों को बिलों की जांच करके गलत मिलने वाले बिल संशोधित करने के निर्देश दिए हैं। उद्यमियों ने पिछले माह प्रधानमंत्री से गलत व्यवसायिक गृहकर बिल भेजे जाने की ऑनलाइन शिकायत की थी।

जीआईएस 'भौगोलिक सूचना प्रणाली' के बाद शहर के उद्यमियों के पास पहुंचे गृहकर के बिलों को लेकर पिछले एक महीने से विवाद चल रहा है। उद्यमियों का कहना है कि जीआईएस सर्वे कब और किसने किया इसकी सूचना उन्हें अब तक नहीं है। सर्वे के बाद उन लोगों के पास लाखों रुपये बढ़ाकर बिल भेजे गए हैं, जिससे वे लोग परेशान है। ऐसे उद्यमी जिनका गृहकर पूरा जमा था उनके यहां भी एरियर जोड़कर बिल भेजे जा रहे हैं। उद्यमियों का कहना है कि नगर निगम में शिकायत किए जाने के बाद भी सुनवाई नहीं होने पर मई माह में प्रधानमंत्री से लिखित शिकायत की गई थी। नगर निगम में शिकायत दर्ज कराने वालों में एमएसएमई सेक्टर से जुड़े कारोबारी अधिक हैं। अब गृहकर समीक्षा बैठक में महापौर ने अधिकारियों से व्यवसायिक बिलों की जांच कर ठीक करने का आदेश दिया है। महापौर के इस कदम का उद्यमियों ने स्वागत किया है।

उद्योग बंधु बैठक में भी उठा था मुद्दा

- उद्यमियों ने हाल ही में मंडलीय उद्योग बंधु की बैठक में भी गलत गृहकर बिल भेजे जाने का मुद्दा उठाया था। उद्यमियों ने कहा था कि शहर में कई यूनिट ऐसी हैं, जिन पर लाखों रुपये का बकाया बिल जारी कर दिया गया है। कमिश्नर ने उद्यमियों की समस्या के निराकरण के लिए बिलों की जांच कराने का आश्वासन दिया था।

> जीआईएस के बाद उद्यमी गड़बड़ बिलों से काफी परेशान हैं। इसी कारण प्रधानमंत्री कार्यालय तक समस्या पहुंचाई गई थी। बड़ी संख्या में एमएसएमई सेक्टर से जुड़े कारोबारी गलत बिलों की समस्या का सामना कर रहे हैं। इसका जल्द समाधान होना चाहिए।
>
> **–सुशील शर्मा, चेयरमैन इंडस्ट्री कमेटी, मर्चेंट चेंबर ऑफ उप्र**

हम लोग शहर के लिए राजस्व बढ़ाते हैं। उम्मीद है कि उद्यमियों के पास आए बिलों की त्रुटि जल्द दूर हो सकेगी। यह उद्यमियों के लिए बड़ी समस्या है। इस समस्या का समाधान नगर निगम की ओर से प्राथमिकता के आधार पर किया जाना चाहिए।

–मनोज कटारिया, चेयरमैन इंफ्रास्ट्रक्चर कमेटी, मर्चेंट चेंबर ऑफ उप्र

जीआईएस सर्वे में निजी कंपनी ने जो गड़बड़ी की है उसकी जांच के आदेश जोनल अधिकारियों और कर अधीक्षकों को दिये हैं। आवासीय और व्यवसायिक गृहकर में जो लोग लिखित शिकायत दे रहे हैं उनके कर निर्धारण की जांच की जा रही है। व्यवसायिक गृहकर में आपत्तियों को देखते हुए कहा गया है कि पुन: जांच कर गड़बड़ियों को ठीक किया जाए।

– प्रमिला पांडेय, महापौर

फसल बर्बाद होने पर किसान ने फांसी लगाकर दे दी जान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- गर्मी में झुलस गई थी फसल, बची-खुची छुट्टा मवेशी चर गए थे
- खेती करने के लिए ब्याज पर ले रखे थे 5-6 लाख रुपये
- बिठूर के बैकुंठपुर की घटना, पुलिस कर रही जांच

अमृत विचार। बिठूर थानाक्षेत्र के बैकुंठपुर निवासी किसान ने लाखों रुपये की 6 बीघा फसल बर्बाद होने पर बुधवार भोर पहर अपने खेत के पास पेड़ से फांसी लगाकर जान दे दी। सुबह जब ग्रामीण वहां से गुजरे तो पता चला। पुलिस और फोरेंसिक ने मामले की जांच की।

चंद्रपाल।

बैकुंठपुर भारतपुरवा गांव निवासी किसान बुद्धिलाल के परिवार में पत्नी बुधाना, 3 बेटे चंद्रपाल, रवि और विकास हैं। सभी बेटे पिता के साथ खेती बाड़ी में हाथ बंटाते थे।

भाई रवि के अनुसार 25 वर्षीय चंद्रपाल के हिस्से में 6 बीघा खेती है। प्रचंड गर्मी के कारण इस बार धनिया, लौकी और भिंडी की फसल नष्ट हो गई थी और जो थोड़ी बहुत बची थी उसे छुट्टा मवेशी चर गए थे। बताया कि चंद्रपाल ने खेती के लिए गांव के कुछ लोगों से 5-6 लाख रुपये उधार ले रखे थे। नष्ट हुई खेती और उधारी से वह काफी तनाव में रहने लगा था। परिवार वालों ने उसे काफी समझाया था।

भाई रवि ने बताया कि बुधवार सुबह चंद्रपाल ने अपने अंगौछे से पेड़ से फांसी लगा ली। इस संबंध में बिठूर थाना प्रभारी ने बताया कि प्रथम दृष्टया खेती में नुकसान होने के कारण आत्महत्या करने की बात सामने आई है, जांच की जा रही है।

शादी की सालगिरह की पार्टी करके किसान ने जान दी

कानपुर। नरवल थानाक्षेत्र में शादी की सालगिरह में दोस्तों के साथ शराब पार्टी करने के बाद देर रात किसान ने पेड़ से फांसी लगाकर जान दे दी। बुधवार सुबह जब वह घर पर नहीं मिले तो परिजनों ने खोजबीन शुरू की। तब इसका पता चला। पुलिस ने मामले की जांच कर परिजनों से घटना की जानकारी ली। नमड़ा तहसील नरवल गांव निवासी महाबल सिंह उर्फ सुशील सिंह किसान थे। चाचा सुखपाल और चचेरे भाई राजकुमार ने पुलिस को बताया कि मंगलवार को महाबल और गुड्डी की शादी की सालगिरह थी। घर पर कुछ मेहमान और दोस्त आए थे। उन्हीं लोगों के साथ शराब पार्टी हुई थी। रात में मेहमानों के जाने के बाद सभी लोग सो गए थे। इसके बाद देर रात किसी समय महाबल सिंह चुपचाप घर से निकल गए और 500 मीटर दूर जाकर पीपल के पेड़ से गमछे से फांसी लगा ली। सुबह घर पर न मिलने पर खोजबीन शुरू की गई। परिजन अभी ढूंढ ही रहे थे कि ग्रामीणों ने शव पेड़ पर लटका होने की जानकारी दी। इस संबंध में नरवल थाना प्रभारी ने बताया कि परिजन आत्महत्या का कोई कारण नहीं बता सके हैं, जांच की जा रही है।

सुंदरीकरण के लिए हो रही वसूली का विरोध

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

व्यापारी खफा

- केडीए सचिव के साथ बिरहाना रोड व्यवसाय संघ एवं कानपुर तिरपाल व्यापार मंडल पदाधिकारियों की बैठक

अमृत विचार। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल से संबद्ध बिरहाना रोड व्यवसाय संघ एवं कानपुर तिरपाल व्यापाल मंडल ने बुधवार को एक बार फिर से बिरहाना रोड के सुंदरीकरण के नाम आर्थिक शोषण का विरोध किया।

नोटिस मिलने पर बुधवार को कानपुर विकास प्राधिकरण में आयोजित बैठक में शामिल होने पहुंचे कानपुर तिरपाल व्यापार मंडल के अध्यक्ष एससी जैन ने केडीए सचिव शत्रोहन वैश्य से विरोध करते हुये कहा कि कोविड-19 के बाद से व्यापार खत्म हो गया है। ऐसे में सुंदरीकरण के नाम पर पैसे की मांग गलत है। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के उपाध्यक्ष आशू शर्मा ने कहा कि अगर केडीए के पास पैसे की कमी है तो वह आर्यनगर के विधायक से बात कर चुके हैं।

बिरहाना रोड उन्हीं की विधानसभा में आता है विधायक ने आश्वासन दिया है कि केडीए उपाध्यक्ष कागज तैयार करवाकर उनके पास भेजें वह विधायक निधि से पूरा पैसा देंगे। किसी व्यापारी का आर्थिक उत्पीड़न नहीं होने देंगे। आशू ने सचिव से बताया कि हमारा एक डेलिगेशन उनसे मिलने गया था। उन्होंने आश्वासन दिया है कि केडीए एस्टीमेट बनाकर दे, जो भी खर्च होगा वह विधायक निधि से दे देंगे।

पिटाई से क्षुब्ध युवक तीसरी मंजिल से कूदा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- मकान मालिक, उसके बेटे और किरायेदार ने पीटा था
- फजलगंज थानाक्षेत्र के गड़रियनपुवा की घटना

अमृत विचार। फजलगंज थानाक्षेत्र में मकान मालिक, उसके बेटे और किरायेदार की मारपीट से आहत होकर होटल कर्मी ने तीसरी मंजिल से छलांग लगा दी। हैलट अस्पताल में बुधवार सुबह उसकी मौत हो गई। भाई ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। वह धाराएं बढ़वाने के लिए एसीपी से मिले।

अमित सोनकर।

गड़रियनपुरवा निवासी 30 वर्षीय अमित सोनकर जीटी रोड पर स्थित होटल ब्रिज में कर्मचारी था। वह पत्नी सविता, 6 वर्षीय बेटे मयंक और 2 वर्षीय बेटे निहाल के साथ गड़रियनपुरवा इलाके में प्रकाश पाल के मकान पर किराये पर रहता था। अमित का छोटा भाई अंकित और कार्तिक एक साथ पुराने ही मकान में माता पिता के साथ रह रहे थे। अंकित और कार्तिक ने बताया कि रविवार को भाई अमित की किसी बात को लेकर भाभी सविता से कहासुनी हो गई थी। वह लोग उन्हें समझाने पहुंच गए। शाम को मकान मालिक प्रकाश पाल, उसका बेटा शोभराज पाल, भतीजा पिंकी लाल पाल और किरायेदार किशन आया और अमित, भाभी सविता, अंकित और उनकी पत्नी सपना को मारापीटा और कपड़े फाड़ दिए। अंकित का आरोप है कि आरोपियों ने उसकी तीन माह की बेटी को जमीन पर धक्का देकर फेंक दिया था। उन्होंने प्रकाश पाल, शोभराज पाल, पिंकीलाल और किशन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। वह लोग थाने में रिपोर्ट दर्ज करा रहे थे कि तभी अमित ने पुराने घर की तीसरी मंजिल से छलांग लगा दी। उसे हैलट में भर्ती कराया गया जहां बुधवार सुबह सात बजे अमित की मौत हो गई। आरोप है कि पुलिस ने धारा 151 में प्रकाश पाल पर कार्रवाई करते हुए थाने से छोड़ दिया। कुछ नेताओं के दबाव में पुलिस आरोपियों पर कार्रवाई नहीं कर रही है।

घटना की जानकारी देता भाई कार्तिक व अन्य परिजन। अमृत विचार

थाने के सामने पड़ा मिला युवक का शव

कानपुर। मोतीमोहाल निवासी 37 वर्षीय अमित राठौर का शव बादशाहीनाका थाने के सामने पड़ा मिला। उसके भाई रवि ने बताया कि वह प्राइवेट जॉब करता था। इन दिनों वह पत्नी अनीता, बेटी और मां सरोज से अलग शुक्लागंज में रह रहा था। परिजनों ने बताया कि वह शराब पीता था। नहीं पता कि वह कैसे बादशाहीनाका पहुंच गया। परिजनों ने किसी पर कोई आरोप नहीं लगाया है।

नए सर्किल रेट पर हो भूमि अधिग्रहण

कानपुर। किसानों की कृषि भूमि पर जबरन अधिग्रहण का दबाव बनाने का आरोप लगाते हुए अधिवक्ता नरेश चंद्र त्रिपाठी ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन मंडलायुक्त को दिया है। अधिवक्ता ने बताया कि कई साल पुराने सर्किल रेट में कोई परिवर्तन न करने से स्पष्ट है कि किसानों की जमीन को लेकर प्रशासन की नीयत ठीक नहीं है।

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य व अधिवक्ता नरेश चंद्र त्रिपाठी ने बुधवार को मंडलायुक्त को ज्ञापन देकर बताया कि बगदौधी बांगर, बगदौधी कछार, बिरित्रियान, परगही कछार, बांगर आदि गांव की कृषि भूमि का जिला प्रशासन अधिग्रहण करना चाहता है। 2009 में इस संबंध में सूचना व नोटिस किसानों को दी गई थी।

उसके बाद जिला प्रशासन ने कोई कार्यवाही नहीं की। उस समय के सर्किल रेट में बगैर परिवर्तन प्रशासन जमीन चाहता है। मांग है कि अधिग्रहण की कार्यवाही को निरस्त किया जाए।

एक्सपायर्ड इंजेक्शन लगा दिया

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- हालत बिगड़ी तो परिजनों ने किया जमकर हंगामा
- रामादेवी चौराहे स्थित सूर्या नर्सिंग होम में घटना
- पुलिस ने आरोपी कर्मचारी को हिरासत में लिया

अमृत विचार। रामादेवी चौराहे पर स्थित एक नर्सिंग होम में कर्मचारी पर छह माह की बच्ची को एक्सपायरी इंजेक्शन लगाने का आरोप लगा है। परिजनों के अनुसार इससे बच्ची की हालत बिगड़ गई। परिजनों ने अस्पताल में जमकर हंगामा काटा। आरोप है कि अस्पताल प्रबंधक और कर्मचारी मौके से भाग निकले। पुलिस ने आरोपी कर्मचारी को हिरासत में ले लिया। बच्ची की मां ने आरोपी के खिलाफ तहरीर दे दी है।

चकेरी के सफीपुर निवासी साक्षी गुप्ता ने दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि बुधवार दोपहर को वह अपनी छह माह की बच्ची को रूटीन इंजेक्शन लगवाने के लिए रामादेवी चौराहे पर स्थित सूर्या अस्पताल लेकर आईं। जहां पर कर्मचारी जीतू पाल बच्ची को इंजेक्शन लगा रहा था। साक्षी ने एक्सपायरी डेट का इंजेक्शन लगाने का विरोध किया तो जीतू ने कहा कि इससे कोई फर्क नहीं पड़ता है। मां ने बताया कि इंजेक्शन लगाने के थोड़ी देर बाद ही बच्ची की हालत बिगड़ने लगी। उसे तेज बुखार आ गया। जिसके बाद साक्षी ने अपने पति रामबाग निवासी अधिवक्ता अर्जित तिवारी समेत अपने मायके पक्ष के लोगों को अस्पताल बुला लिया। अस्पताल पहुंचे लोगों ने हंगामा किया।

परिजनों का आरोप है, कि अस्पताल प्रबंधक समेत कर्मचारी मौके से भाग निकले। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को शांत कराया और आरोपी कर्मचारी को हिरासत में ले लिया। इस संबंध में चकेरी प्रभारी निरीक्षक अशोक दुबे ने बताया कि बच्ची पर एक्सपायरी इंजेक्शन लगाने का आरोप है। बच्ची की हालत अब पहले से ठीक है, आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। परिजनों की तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

बेरोजगार कारीगरों को 10 लाख रुपये तक ऋण

कानपुर। यूपी खादी व ग्रामोद्योग बोर्ड की ओर से संचालित माटीकला योजना में शिक्षित बेरोजगार कारीगरों को माटीकला उद्योग लगाने के लिए 10 लाख रुपये तक ऋण बैंकों से उपलब्ध कराया जाएगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए जिला ग्रामोद्योग अधिकारी ने बताया कि योजना के तहत धनराशि पर 25 प्रतिशत अनुदान भी दिया जाता है। 18 से 55 वर्ष की आयु के इच्छुक बेरोजगार कारीगर upmatikalaboard.in पर ऑनलाइन आवेदन 5 जुलाई तक कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए उक्त नंबर 7408410805 पर संपर्क किया जा सकता है।

कृषि प्रौद्योगिकी नवाचारों और तकनीक को बढ़ावा

समझौते की जानकारी देते आईआईटी के प्रोफेसर अमिताभ बंद्योपाध्याय।

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- आईआईटी और जीबी पंत यूनिवर्सिटी ने मिलाया हाथ
- कृषि स्टार्टअप के लिए तकनीकी मार्गदर्शन बढ़ेगा

अमृत विचार। कृषि प्रौद्योगिकी नवाचारों और स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए आईआईटी और जीबी पंत यूनिवर्सिटी, पंतनगर ने हाथ मिलाया है। कृषि स्टार्टअप के लिए तकनीकी मार्गदर्शन और सहायता के लिए एक समझौता ज्ञापन का आदान-प्रदान किया गया।

कृषि में नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए दोनों संस्थानों के डोमेन विशेषज्ञ, स्टार्टअप्स और फंडिंग एजेंसी मिलकर काम करेंगे। आईआईटी में 2000 में स्थापित, स्टार्ट-अप इनक्यूबेशन एंड इनोवेशन सेंटर (एसआईआईसी) कई सफलताओं के साथ सबसे पुराने प्रौद्योगिकी व्यवसाय इनक्यूबेटरों में से एक है। यह जानकारी देते हुए एसआईआईसी आईआईटी कानपुर के सह प्रभारी प्रोफेसर अमिताभ बंद्योपाध्याय ने बताया कि कृषि में नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए जीबी पंत कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (जीबीपीयूएएंडटी) में समझौता हुआ है। दोनों संस्थानों के विशेषज्ञ कृषि प्रौद्योगिकी स्टार्टअप्स को विकास से लेकर, किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) के साथ जुड़कर बाजार तक पहुंचाने की दिशा में काम करेंगे। इससे नवाचार को बढ़ावा देने के साथ ही स्टार्टअप को सशक्त बनाने की दिशा में भी काम होगा। समझौते से कृषि प्रौद्योगिकी में अधिक टिकाऊ भविष्य के लिए प्रभावशाली एग्रीटेक समाधानों के विकास में महत्वपूर्ण योगदान मिलेगा। जीबीपीयूएएंडटी के कुलपति डॉ. मनमोहन सिंह चौहान ने देश के उत्तरी क्षेत्र में कृषि प्रौद्योगिकी नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र के उत्थान के लिए इस साझेदारी पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में डॉ. अजीत सिंह नैन, अनुसंधान निदेशक, जीबीपीयूएएंडटी आदि मौजूद रहे।

सुविधा मार्च में हुआ था गजट, अभिलेख राजस्व से चकबंदी के सुपुर्द किए गए

बिल्हौर तहसील के 26 नए गांवों में चकबंदी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- पांच गांवों में पहली बार और 21 गांवों में दूसरी बार हो रही चकबंदी

अमृत विचार। बिल्हौर तहसील के 26 गांवों में चकबंदी की तैयारी शुरू है। पहली बार किसानों को चकबंदी के साथ अन्य सुविधाएं भी मिलने वाली हैं। चकमार्ग बनाकर दिया जाएगा। किसानों की भूमि का चिह्नांकन सही तरीके से हो, इसके लिए नापजोख में पारदर्शिता रहेगी। किसानों की टुकड़ों में पड़ी भूमि सहमति के आधार पर एक स्थान पर होगी। जिन सरकारी जमीन पर कब्जे और अतिक्रमण हैं, उन्हें हटाया जाएगा। चरागाह, घूरा और ग्रामसमाज की भूमि भी चिह्नित की जाएगी।

एडीएम न्यायिक सूरज यादव ने बताया कि यूपी जोत चकबंदी अधिनियम के तहत गांवों में चकबंदी प्रक्रिया चल रही है। इसके तहत जिले के कई गांवों में पहली बार तो कई में दूसरी बार चकबंदी कराई जा रही है।

उन्होंने बताया कि बिल्हौर तहसील के 26 नए गांव चकबंदी प्रक्रिया से चुड़े हैं। उन गांवों में चकबंदी से जुड़े काम चालू हो गए हैं। जब तक धान की फसल कटेगी सारी प्रक्रिया पूरी कर चकबंदी का काम चालू हो जाएगा। गांवों के चकबंदी प्रक्रिया में शामिल होने की खबर किसानों को दे दी गई है। उन्होंने बताया कि 26 गांव में पांच गांव ऐसे हैं जहां पहली बार चकबंदी हो रही है।

वहीं 21 गांवों में दूसरी बार चकबंदी होनी है। 23 मार्च को इन गांवों का गजट हुआ था। उसके बाद 7 मई को तहसील को अभिलेख मिला। राजस्व से अभिलेख मिलने के बाद मालियत लगाने का काम चल रहा है।

एडीएम न्यायिक की होगी अध्यक्षता

- एडीएम न्यायिक की अध्यक्षता में चकबंदी प्रक्रिया पूरी की जाएगी। तहसीलदार तिमराज सिंह ने बताया कि तालाब और बाग को चकबंदी में यथावत रखा जाएगा। आपसी समझौते से खेतों को चकबंदी में एक स्थान पर किया जाएगा। इसके साथ ही किसानों को खेतों पर जाने के लिए चकमार्ग बनाकर दिया जाएगा।

इन गांवों में होगी चकबंदी

पलिया बुजुर्ग, बैडीअलीपुर, बरंडा, गढ़ेवा, आलगपुर, कीरतपुर, कुरेह, फत्तेपुर, खरपतपुर, खोंधन, चौधरीपुर, ततारपुर, पाठकपुर बिठूर, गदनपुर चोरसा, विकरू, मकरंदपुर शिवराजपुर, मद्दूपुर, उत्तगपुर, सकरवा, बहरगपुर, बूढ़नपुर, मरखरा, वाजिदपुर, रामपुर नरूवा, सलेमपुर बिठूर, विशुनपुर गांव हैं।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

सूचना

पहले मेरा नाम PINTU था अब मैंने बदलकर अपना नाम PINTU PRAJAPATI रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। **S/O: RAM SUFAL R/O- BHANDARA BHANDAR PARASRAMPUR, SULTANPUR.**

सूचना

पहले मेरा नाम RAMNATH था अब मैंने बदलकर अपना नाम RAMNATH KORI रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। **S/O: LALLAN R/O- BHANDARA BHANDAR PARASRAMPUR, SULTANPUR.**

सूचना

पहले मेरा नाम PARVEJ BEG था अब मैंने बदलकर अपना नाम MIRZA PARVEZ BEG रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। **S/O: ANSAR BEG R/O- VILL MUTTAKIPUR POST ALLU NAGAR DIGURIYA MADIYAWA, LUCKNOW.**

सूचना

सूचित हो कि मेरा घर का नाम आशू यादव है जबकि स्कूल, आधार व पैन सभी दस्तावेजों में मेरा नाम अभिजीत सिंह दर्ज है। उपरोक्त अभिजीत सिंह व आशू यादव एक ही व्यक्ति के नाम हैं। **अभिजीत सिंह उर्फ आशू यादव पुत्र स्व0 चन्द्र जीत सिंह, निवासी– ग्राम परापति खेड़ा, पो0– इन्देमऊ, रायबरेली।**

सूचना

पहले मेरा नाम SHAREEN ALI था अब मैंने बदलकर अपना नाम SHIREEN ALI रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। **W/O: AZHAR HUSSAIN R/O- 158/110, GANGA PRASAD ROAD RAKABGANJ, LUCKNOW.**

सूचना

सूचित हो कि मैंने आराजी स्थित ग्राम बनार अलीपुर की गाटा सं0– 0.25 रकबा 0.0250 में 1/4 भाग रकबा 0.0781 हे0 कलावती पत्नी महाराज सिंह नि0 उधुमपुर तह0 डेरापुर से क्रय किया था। जिसका विक्रय पत्र दिनांक 23/06/09 था, जिसका मूल बैनामा कहीं खो गया है। **राम किशोरी पत्नी कौशल किशोर निवासिनी– शहजादपुर प0 बनार अलीपुर तह0– अकबरपुर कानपुर देहात।**

सूचना

मैंने अपने इकलौते पुत्र हेमंत कुमार और पुत्रवधू प्रियंका के गलत सोहबत में पड़ने कारण संबंध विच्छेद कर चल अचल संपत्ति से हमेशा के लिए बेदखल कर दिया है। किसी भी कृत्य के लिए वे दोनों स्वयं जिम्मेदार होंगे। उन दोनों के किसी प्रकार के कार्य से मेरा कोई सरोकार नहीं है। **सुशीला यादव पत्नी शिव कुमार निवासी कस्बा बसरेहर थाना बसरेहर जिला इटावा।**

सूचना

सभी को सूचित किया जाता है कि मेरे पति स्व0 शिवराम की भारतीय जीवन बीमा निगम की पालिसी संख्या 275659883 थी जिसमें नामिनी के तौर पर मेरा नाम शिवपता लिखा है। जबकि मेरा नाम पार्वती और शिवपता दोनों है मैं दोनों नाम से जानी जाती हूं। **पार्वती उर्फ शिवपता पत्नी शिवराम निवासी ग्राम तिलका कटरा बाजार गोंडा।**

सूचना

सूचित हो कि मैंने अपने पुत्र रमन उर्फ नवीन पाण्डेय के गलत आचरण, गलत व्यवहार व गलत चाल चलन के कारण अपनी समस्त चल–अचल सम्पत्ति से पूर्ण रूप से बेदखल कर दिया है। इसके द्वारा किये गये किसी अनैतिक कार्य/परिवारिक वाद विवाद, लेन–देन या आपत्ति जनक कृत्य के लिये वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मुझसे या मेरे परिवार से कोई लेना देना या संबंध नहीं होगा। **कमलेश पाण्डेय पुत्र स्व0 गया शंकर पाण्डेय एवं श्रीमती मनोरमा पाण्डेय पत्नी श्री कमलेश पाण्डेय निवासीगण– एम.एल. – 288, जरौली प्रथम, कानपुर नगर।**

सूचना

सूचित हो कि मेरे पति के मृत्यु प्रमाण पत्र नं0– 000142, दिनांक– 09/02/2024 में मेरे पति का नाम शिव चरन लाल व मेरा नाम सोमवती अंकित है जबकि मेरे पति का सही नाम शिव शंकर लाल व मेरा सही नाम सीता देवी है। उपरोक्त शिव चरन लाल व शिव शंकर लाल दोनों नाम एक ही व्यक्ति (मृतक) के हैं तथा सोमवती व सीता देवी दोनों नाम मेरे हैं। अतः मेरे पति के मृत्यु प्रमाण पत्र में पति का नाम शिव चरन लाल के स्थान पर शिव चरन लाल उर्फ शिव शंकर लाल व पत्नी का नाम सोमवती के स्थान पर सोमवती उर्फ सीता देवी दर्ज किया जाये। **सोमवती उर्फ सीता देवी पत्नी शिव चरन लाल उर्फ शिव शंकर लाल निवासिनी मोहल्ला रामगंज पक्का तालाब, तहसील व जिला फतेहपुर।**

सूचना

सूचित हो कि मैंने अपने पुत्र हेमंत कुमार और पुत्रवधू प्रियंका के गलत सोहबत में पड़ने कारण संबंध विच्छेद कर चल अचल संपत्ति से हमेशा के लिए बेदखल कर दिया है। किसी भी कृत्य के लिए वे दोनों स्वयं जिम्मेदार होंगे। उन दोनों के किसी प्रकार के कार्य से मेरा कोई सरोकार नहीं है। **सुशीला यादव पत्नी शिव कुमार निवासी कस्बा बसरेहर थाना बसरेहर जिला इटावा।**

सूचना

सूचित हो कि मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र संख्या– 820209–90276–000026 पर मेरा, पत्नी व पुत्री का नाम त्रुटिवश गलत दर्ज हो गया है। पिता का नाम मोहम्मद सउदुल फारूकी (Mohamad Sadul Faruqi) माता का नाम रजिया किरमानी (Raziya Kirmani) व पुत्री का नाम आयशा मनाल फातिमा (Aysha Manal Fatma) है जबकि सही नाम पिता का मोहम्मद सउदुल अन फारूकी (Mohd Sadaul Anas Farooqui) माता का नाम रजिया सुल्ताना (Raziya Sultana) व पुत्री का नाम आयशा मनाल फातिमा (Aysha Manal fatima) दर्ज किया जाए। **मोहम्मद सउदुल अनस फारूकी नि0 बारादरी मोहल्ला मौलवी नगर पंचायत गोपामऊ, हरदोई।**

आज का मौसम

हल्के बादल छाए रहने के कारण धूल भरी आँधी के साथ छुटपुट बूंदाबादी होने की संभावना है।

27.8°	26.6°
अधिकतम तापमान	न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05:18	सूर्यास्त 07:05

एक नजर

खंभे से चिपककर दो मवेशियों की मौत

कानपुर। बारिश के कारण कल्याणपुर थानाक्षेत्र के मां आशा देवी मंदिर के पास लगे खंभे में करंट आ गया, जिसकी चपेट में आकर गोवंश व बछड़ा की मौके पर मौत हो गई। क्षेत्रीय लोगों के मुताबिक एक साल में करंट की चपेट में आकर पांच मवेशियों की मौत हो चुकी है। शिकायत के बाद भी केस्को जर्जर खंभों और खुले तारों को दुरुस्त नहीं कर रहा है। लापरवाही के कारण पांच मवेशी की मौत हो चुकी है। आरोप है कि सूचना के चार घंटे बीतने के बाद भी मौके पर नगर निगम या पुलिस कर्मी मौके पर नहीं पहुंचे।

खोदाई वाली जगह बारिश से हुआ दलदल

कानपुर। पहली तेज बारिश से खोदाई वाली जगहों पर दलदल हो गया। शहर में लगातार केबिल डालने के लिए खोदाई चल रही है। केबिल डालने के बाद मिट्टी यूं ही छोड़ दी जाती है जिससे बारिश में दलदल हो गया। सबसे खराब हालत गुमटी की हुई।

तेज बारिश में शहर पानी-पानी, 'नरक निगम' की मेहरबानी

❍ बारिश से सीसामऊ नाला ओवरफ्लो, साइकिल मार्केट की दुकानें डूबीं ❍ सात करोड़ रुपये से शहर में हुई नाला सफाई की हकीकत सामने आई

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। बुधवार दोपहर बाद शहर में हुई पहली झमाझम बारिश में कई मोहल्ले जलभराव में डूब गये। नगर निगम की नाला सफाई की पोल खोलकर रख दी। सीसामऊ नाला ओवरफ्लो हो गया। जिससे ग्वालटोली थाने जाने वाले मार्ग पर दो घंटे आवागमन प्रभावित रहा। मोतीझील के आस-पास, चमनगंज, पीरोड, मरियमपुर, बजरिया, गोविंद नगर, परमपुरवा, साकेत नगर समेत अधिकतर मोहल्लों में संपर्क और मुख्य मार्गों पर जलभराव हुआ। नाला सफाई में की गई लापरवाही की वजह से पानी निकलने में दो घंटे से ज्यादा समय लग गया। वहीं, गलीपिट जाम होने की वजह से फुटपाथ भी भरे रहे। नगर निगम अफसरों और ठेकेदारों की लापरवाही की वजह से जनता के करोड़ों रुपये पहली बारिश में नाले में बह गये।

नगर निगम ने अभियंत्रण विभाग के 224 बड़े नालों की सफाई में पांच करोड़ 11 लाख रुपये खर्च किए। वहीं, स्वास्थ्य विभाग के 1209 छोटे नालों को साफ करने के लिये भी 2 करोड़ रुपये खर्च हुये।

नगर निगम के अनुसार 90 फीसदी नाला सफाई पूरी हो गई। स्वास्थ्य विभाग के नालों को साफ करने में अतिक्रमण बाधा बना हुआ है जिसको महापौर प्रमिला पांडेय हटवाने का अभियान चला रही हैं। कई जगह नाली-नालों से कब्जे हटाए गए हैं। इस बीच बुधवार उत्तर और दक्षिण क्षेत्र में झमाझम बारिश की वजह से जलजमाव हुआ। छोटे-बड़े नालों से होता हुआ बारिश का पानी जब बड़े नालों में पहुंचा तो यह भी ओवरफ्लो हो गये। सीसामऊ नाला ओवरफ्लो होकर बहने लगा। जिससे मुख्य मार्ग पर लोग गिरते पड़ते निकले।



खलवा पुल पर भरा पानी। अमृत विचार

सिल्ट भी पानी के साथ नाले में समाई

- नगर निगम एक ओर से सफाई कर रहा है दूसरी ओर बुधवार को हुई झमाझम बारिश की वजह से नाले से बाहर निकाली गई सिल्ट पानी के साथ दोबारा नाले में बह गई। पांडुनगर, शास्त्री नगर, काकादेव, कल्याणपुर, मसवानपुर, पनकी समेत दक्षिण के कई मोहल्लों में नाला सफाई के दौरान बाहर निकाली गई सिल्ट दोबारा बह गई।

इन इलाकों में भी हुआ जलभराव

जूही खलवा पुल, मरियमपुर, अशोक नगर, जेके मंदिर रोड, सर्वोदय नगर, बनपुरवा, मेहरबान सिंह पुरवा, मायापुरम, बर्रा-8 कच्ची बस्ती, गुजैनी, पनकी इलाकों में पानी भरा है। वहीं, मोतीझील में गुरुगोविंद सिंह द्वार, केडीए वीसी और महापौर गेस्ट हाउस के बाहर भी पानी देर शाम तक नहीं निकला। अंबा नर्सिंग होम के बाहर सिविल लाइंस, रागेंद्र स्वरूप होते हुये वीआईपी रोड पर जगह-जगह पानी भर गया। घंटाघर में स्टेशन रोड पर भी जलभराव के बीच राहगीर निकलते रहे। नई सड़क चुन्नीगंज में उखड़ गई, लाल इमली साइकिल मार्केट में दुकानों में पानी भर गया, कोपरगंज में बारिश से सड़क कट गई। जीटी रोड पर भी जगह-जगह फुटपाथ पर पानी भरा रहा।

खलवा पुल पर आवागमन बंद कर दिया गया। अमृत विचार

शहर के सबसे पॉश इलाके सिविल लाइंस की यह हालत हो गई। अमृत विचार

- 33 मिलीमीटर बारिश से अधिकतम तापमान लुढ़ककर न्यूनतम के पास पहुंचा
- बुंदेलखंड के रास्ते मानसून ने दी यूपी में दस्तक, दो दिन में प्रदेश में होगा सेट

मानसून की पहली झमाझम बारिश से तपिश घटी पर उमस बढ़ी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। शहर में हुई झमाझम बारिश से तमाम सड़कें जलमग्न हो गईं वहीं तपिश भी कम हो गई। जोरदार बारिश से अधिकतम तापमान भी घटकर न्यूनतम के करीब पहुंच गया है। मौसम विभाग की माने तो मानसून बुंदेलखंड के रास्ते यूपी में दस्तक दे चुका है। दो दिन में मानसून पूरे प्रदेश में सेट हो जाएगा।

बुधवार को दिन में धूप खिली हुई थी। दोपहर करीब दो बजे आसमान काली घटाओं से भर गया। मेघ गर्जन के साथ झमाझम बारिश से पारा गिर गया। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डा. एसएन सुनील पांडेय ने बताया कि बुधवार सुबह 8.30 बजे से शाम 3.30 बजे तक 33 मिलीमीटर बारिश रिकार्ड हुई है। तेज बारिश के चलते सामान्य से 9.2 डिग्री सेल्सियस नीचे गिरकर अधिकतम तापमान 27.8 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड हुआ वहीं न्यूनतम तापमान 26.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ है। बारिश के बाद उमस काफी बढ़ गई है। आर्दता अधिकतम 98 फीसद दर्ज हुई है। हवा की औसत गति भी करीब 6 किलोमीटर रही, जिससे खुले में लोगों को थोड़ी राहत हवा चलने के दौरान मिली। 30 जून तक आसमान में बदली रहेगी और गरज-चमक के साथ स्थानीय स्तर पर तेज और मध्यम बारिश के आसार हैं। मौसम वैज्ञानिक ने बताया कि बुंदेलखंड के रास्ते मानसून प्रदेश में पहुंच गया है। दो दिन में पूरे प्रदेश में मानसून सेट होने के आसार हैं।

सीसामऊ नाला ओवरफ्लो होने से ग्वालटोली डूबा। अमृत विचार

साइकिल मार्केट में पानी भरा, दुकानों के शटर गिराने पड़े। अमृत विचार

ग्वालटोली में सड़क पर कचरा पानी में बहता रहा। अमृत विचार

पानी बढ़ा तो गंगा में खोल दिया सीसामऊ नाला

- बारिश की वजह से करोड़ों लीटर सीवेज व वर्षा जल गंगा में गिरा
- सीसामऊ एसपीएस से पानी को गंगा में गिराया, कई चैनल खोले गये

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। शहर में बुधवार को हुई तेज बारिश के बाद शहर के बड़े नालों में उफान आ गया। सीसामऊ नाला ओवरफ्लो हो गया। वहीं, नाले में पानी का लोड बढ़ने की वजह से भैरोघाट एसपीएस में आपातकाल में पानी को गंगा में ही गिराना पड़ा। इस दौरान करोड़ों लीटर सीवेज और वर्षा जल गंगा में गिरता रहा। बरसात के पानी को शहर से बाहर निकालने के लिये दूसरे चैनलों को भी खोलना पड़ा।

नमामि गंगे योजना के तहत सीसामऊ नाले को 2019 में पूर्ण रूप से टेप किया गया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सीएम योगी आदित्यनाथ ने 14 दिसंबर 2019 को शहर आकर नाले को सेल्फी प्वाइंट तक घोषित कर दिया था। लेकिन, सीसामऊ नाले का संचालन कर रही कंपनी केआरएमपीएल की लापरवाही से सीसामऊ नाले की पुरानी तस्वीर फिर दिखने लगी है। सीसामऊ नाले से गंगा नदी में सीवेज गिराने के मामले में कार्यदायी संस्था कानपुर रिवर मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड (केआरएमपीएल) पर एफआरआई और जुर्माने की कार्रवाई के बाद भी कंपनी की कार्यप्रणाली में सुधार नहीं हो रहा है। सीवेज पम्पिंग स्टेशन (एसपीएस) में छह में सिर्फ चार मोटर चलने की वजह से पीक ऑवर में सीवेज गंगा में जा रहा है। वहीं, बरसात की वजह से समस्या और बढ़ जा रही है। कंपनी को मजबूरन पानी को गंगा में छोड़ना पड़ रहा है। जल निगम (ग्रामीण) प्रोजेक्ट मैनेजर ज्ञानेंद्र चौधरी ने बताया कि छह पंप में पांच जब लगातार चलते हैं तो नाले के पानी को एसटीपी तक भेजा जाता है। पानी का लोड नहीं संभलता तो आपातकाल में पानी को गंगा में छोड़ना पड़ता है। इस समस्या को दूर करने के लिसे मंडलायुक्त ने सीसामऊ सीवेज पम्पिंग स्टेशन पर तत्काल दो नये पंप स्थापित करने के निर्देश दिये हैं। एनएमसीजी (नेशनल मिशन फॉल क्लीन गंगा) को इस संबंध में एस्टीमेट बनाकर प्रस्ताव भेजना है।

जलभराव के बीच लगा जाम, वाहन रेंगे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- दादानगर और गोविंदपुरी पुलों पर वाहन फंसे
- कालपी रोड, हैलट के सामने भी आवाजाही फंसी

अमृत विचार। बुधवार को जलभराव की वजह से कई जगह जाम लगा। दक्षिण क्षेत्र के निराला नगर लेबर मंडी चौराहे से गोविंद पुरी पुल तक वाहन रेंगते रहे। नये और पुराने दोनों पुलों पर जाम लगा रहा। यही हाल दादा नगर पुल पर भी रहा। जीटी रोड और कालपी रोड पर भी वाहनों की रफ्तार धीमी रही। मूलगंज के पास भी बारिश से हुये जलभराव की वजह से जाम लग गया। यहां दमकल की गाड़ी फंसी रही। खलवा पुल भरने की वजह से लोगों को परमपुरवा व झकरकटी के पीछे वाले मार्ग का रास्ता पकड़ना पड़ा अचानक ट्रैफिक लोग की वजह से सकरी गलियों में भी जाम लग गया।

अफीमकोठी से डिप्टी पड़ाव व झकरकटी पुल से टाटमिल तक भी वाहन जाम की वजह से रेंगते रहे। उत्तर और दक्षिण की कई सड़कों पर भी जाम की स्थिति रही।

मूलगंज में बारिश के चलते जाम में फंसी दमकल की गाड़ी। अमृत विचार

बेकनगंज में गिरा जर्जर छज्जा, मां-बेटी घायल

हीरामन पुरवा में गिरा पड़ा जर्जर छज्जे का मलबा। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। झमाझम बारिश में बेकनगंज थानाक्षेत्र के हीरामनपुरवा मुस्लिम घनी आबादी वाले इलाके में एक मकान का जर्जर छज्जा तेज आवाज के साथ गली में गिर गया। इस दौरान वहां से निकल रहीं दो महिलाएं चपेट में आने से घायल हो गईं। उन्हें उर्सला ले जाया गया।

घायलों में शुक्लागंज के कर्बला निवासी भिखारिन 35 वर्षीय रुकसाना व उसकी मां रेहाना (60) रही। रुकसाना के सिर व अन्य जगह चोट आई है। दोनों का इलाज उर्सला में किया जा रहा है। हादसे के दौरान गली में अफरातफरी मच गई। पूरा मलबा गली में फैल गया। लगभग घंटेभर तक आवागमन रुका रहा। घटना के प्रत्यक्षदर्शी घर के सामने रहने वाले मोहम्मद फरदीन ने बताया कि महीना भर पहले इस मकान की स्लैब गिरी थी। इसको लेकर उन्होंने संबंधित चौकी और थाने को प्रार्थना पत्र दिया था। इसके साथ ही आरजीआरएस मुख्यमंत्री को किया था। कोई सुनवाई नहीं हुई।

मूलगंज के गयाप्रसाद लेन में गिरा मकान

- इसी तरह मूलगंज थानाक्षेत्र के मेस्टन रोड में राकेश चौरसिया का मकान गिर गया। लाटूश रोड फायर स्टेशन से एफएसओ कैलाश चंद्रा मौके पर टीम के साथ पहुंचे और रेस्क्यू शुरू किया। बताया कि हादसे में कोई जन हानि नहीं हुई है।

पानी भरा तो बैठक बुलाई, अब 72 घंटे लगातार की जाएगी नाला सफाई

कानपुर। बुधवार को बारिश से शहर में हुए जलभराव को देखते हुए महापौर प्रमिला पांडेय ने अचानक नगर निगम अधिकारियों की बैठक बुलाई। अपर नगर आयुक्त आवेश खान की उपस्थिति में हुई बैठक में महापौर ने अपर नगर आयुक्त प्रथम, मुख्य अभियन्ता एवं सभी जोनल अधिशाषी अभियन्ता, नगर स्वास्थ्य अधिकारी और जोनल स्वच्छता अधिकारियों को वर्षा में जलभराव से निपटने के निर्देश दिए। शासन के निर्देशानुसार 72 घंटे तक जोनवार टीम बनाकर नाला-नाली, नालों पर अतिक्रमण व निरंतर सफाई कार्य कराने के लिए कहा। इसके साथ ही आदेशित किया कि समस्त बड़े नालों पर डेढ़ किमी की दूरी पर मोटी सरिया की जाली लगाई जाए, ताकि नालों में कूड़ा न फंसे। महापौर ने कहा कि 72 घंटे के इस अभियान में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई कि जाएगी।

नाला सफाई को लेकर बैठक करतीं महापौर प्रमिला पांडेय। अमृत विचार

बारिश में रोक के बावजूद जगह-जगह खोदाई जारी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- परेड, उर्सला के पीछे भी हुई खोदाई, किसने खोदी पता नहीं

अमृत विचार। बरसात को देखते हुये महापौर ने सड़क और फुटपाथ पर खोदाई कार्य पर रोक लगाई है लेकिन शहर भर में खोदाई कार्य हो रहा है। बुधवार दोपहर को परेड चौराहे के पास जेसीबी ने बड़ा गड्ढा खोद डाला। खोदाई किसने की क्षेत्रीय पार्षद को ही नहीं पता। मंगलवार देर रात को नगर निगम मुख्यालय के सामने नई सड़क खोद दी गई। जिसे सुबह होते-होते बंद कर दिया गया। बरसात के बाद यहां गड्ढा हो गया। इसी तरह उर्सला के पीछे मुख्य मार्ग को भी केस्को ने खोद दिया है। गड्ढा खुला होने की वजह से बरसात के बाद पानी भर गया। 80 फीट रोड का फुटपाथ भी रातोरात खोद डाला गया।

केस्को की ओर से भूमिगत खोदाई के बाद बिना सड़क बनाए ही मिट्टी से गड्ढों को भर दिया जा रहा है। बुधवार को जब तेज बारिश हुई तो मिट्टी भसक गई और बड़े गड्ढे हो गये। मरियमपुर से नजीराबाद थाने वाली क्रासिंग और गुमटी नंबर पांच मार्ग पर खुले गड्ढों में पानी भर गया। गुमटी में तो कई पिट होल की मिट्टी धंस गई। कोपरगंज में भी खुले गड्ढों में भरे पानी की वजह से दुर्घटना का खतरा बढ़ गया। महापौर प्रमिला पांडेय ने कहा कि खोदाई कौन कर रहा है जांच कराई जा रही है। खोदाई करने वाले विभाग को नोटिस भेजने के साथ जुर्माने की कार्रवाई की जायेगी।

कोपरगंज में सड़क के गड्ढों में पानी भरने से दुर्घटना का डर है। अमृत विचार

दिक्कत बारिश शुरू होते ही कई जगह बंद की गई सप्लाई

बारिश में बही बिजली, धड़ाधड़ हुए फाल्ट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। तेज बारिश से शहर की बिजली भी बह गई। केस्को के उपकरण धड़ाधड़ उपकरण फुंकने लगे। तमाम फॉल्ट हुए तो कुछ क्षेत्रों में सुरक्षा और तार पर पेड़ गिरने की वजह से शटडाउन लेना पड़ा। फॉल्ट व शटडाउन के कारण शहर भर में बिजली आती-जाती रही। कई इलाकों में रात तक बिजली नहीं आई।

हैलट फीडर की बिजली आपूर्ति दो बजकर 30 मिनट से तीन बजकर 30 मिनट तक बाधित रही। इसके अलावा महाबालीपुरम, साकेत नगर, किदवई नगर, कैंट, रेलवे कॉलोनी, दादा नगर, अफीम कोठी, गोविंद नगर, मसवानपुर पक्का तालाब, अंबेडकरपुरम, बिरहाना रोड, श्याम नगर, आवास-विकास तीन, पुरानी चुंगी जाजमऊ, नौबस्ता व तिलक नगर समेत सौ से अधिक क्षेत्रों में बिजली करीब पांच घंटे तक गुल रही। बिजली न आने की वजह से लोगों के उमस भरी गर्मी का सामना करना पड़ा। जबकि कई जगहों पर पेयजल का संकट भी बिजली न आने की वजह से हो गया। केस्को मीडिया प्रभारी श्रीकांत के मुताबिक तेज हवा व बारिश के कारण मीता सराय का फीडर ट्रिप होने, जंपर क्षतिग्रस्त होने पर बिनगंवा फीडर, पीरोड फीडर व कालीपी रोड फीडर की आपूर्ति बाधित हो गई थी। 33 केवी लाइन पर पेड़ की डाल गिरने से बिठूर फीडर व कालपी रोड फीडर की लाइन के ऊपर 33 केवी जी-2 फीडर की लाइन गिरने से 11 केवी कालपी रोड फीडर पर फाल्ट हो गया, जिस कारण यहां बिजली दोपहर करीब ढ़ाई बजे के बाद से शाम करीब साढ़े बजे आई। कार्य पूरा होने के बाद सभी जगह आपूर्ति बहाल की गई।

आज यहां नहीं रहेगी बिजली

केस्को अधिकारियों के मुताबिक कृष्णा विहार, फतेहपुर सरदार पटेल, परमपुरवा कूड़ा घर क्षेत्र, भैरमपुर, मंडी परिषद एसजे स्कूल के आसपास, सत्यम विहार, रावतपुर, रामादेवी, सुजातगंज डीआईजी पार्क, डिफेंस कॉलोनी, परदेमनपुर, केडीए बाजार, पटेल नगर, बनियापुरवा सिंहपुर, विनायकपुर झंडा चौराहा व बिठूर में बिजली संकट रहेगा। यहां पर सुबह आठ बजे से दोपहर 12 बजे तक बिजली गुल रहेगी।

निशा केजरीवाल हत्याकांड के दोषी को मिली उम्र कैद

एडीजे-7 की कोर्ट ने सुनाया फैसला, 1.30 लाख रुपये जुर्माना ❍ जुलाई 2017 में युवक ने हथौड़े व चाकू से की थी हत्या

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। रानीघाट निवासी शेयर कारोबारी की पत्नी निशा केजरीवाल की हथौड़े व चाकुओं से गोद कर हत्या करने में दोषी एलएलबी छात्र को एडीजे-7 की कोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई। अभियोजन पक्ष की ओर से 12 गवाह पेश किए गए थे। वर्ष 2017 में छात्र ने घटना को अंजाम दिया था। पुलिस ने दोषी के घर से आलाकत्ल बरामद कर हत्या, लूट की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। हत्या के बाद मृतका के घर से लूटे गए जेवरात व नकदी बरामद कर पुलिस ने आईपीसी की धारा 411 की बढ़ोतरी की थी।

निशा केजरीवाल।

रानीघाट जेपी श्रीवास्तव कंपाउंड निवासी शेयर व मोबाइल कारोबारी अरुण केजरीवाल 12 जुलाई 2017 की सुबह करीब 10:45 बजे बेटे आदित्य केजरीवाल के साथ कराचीखाना स्थित शॉप पर गए थे। कंगारू किड्स स्कूल में शिक्षिका छोटी बेटी सोनाली स्कूल गई हुई थी। शाम करीब 5 बजे सोनाली घर लौटी तो देखा ड्राइंग रूम निशा का खून से लथपथ शव पड़ा हुआ था। अलमारियां खुली हुई थीं, जिसमें रखे सोने का हार, कंगन, चांदी के सिक्के, नकदी व अन्य सामान गायब थे। अरुण केजरीवाल ने कोहना थाने में हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

हाई प्रोफाइल हत्याकांड ने पूरे शहर को हिला कर रख दिया था। पुलिस ने जांच शुरू की तो सामने आया कि घटना को घर से चंद कदम की दूरी पर रहने वाले रूपम टॉकीज के मालिक पुनीत सिंह के बेटे एलएलबी छात्र आदित्य नारायण सिंह उर्फ राघव ने वारदात को अंजाम दिया था। उसने घर में लूटपाट की थी। पुलिस ने हत्यारोपी के घर से हथौड़ा, 1.40 लाख रुपये नकद बरामद किए थे। मामला एडीजे-7 आजाद सिंह की कोर्ट में विचाराधीन था।

फैसला सुनाए जाने के बाद निशा के पति, बेटी व अधिवक्ता। अमृत विचार

पुलिस की गिरफ्त में दोषी राघव। अमृत विचार

मम्मी खून से लथपथ थीं, राघव गेट पर खड़ा था

मृतका की बेटी सोनाली ने अपने बयानों में बताया कि वह स्कूल से घर लौटी तो देखा कि मेनगेट की कुंडी खुली थी, अंदर गई तो देखा कि ड्राइंग रूम में डाइनिंग टेबल के बगल में बेडरूम के बाहर मम्मी खून से लथपथ पड़ी हुई हैं। मैं बाहर आई तो देखा कि घर के मेन गेट पर राघव खड़ा हुआ है।

चेहरे व सिर पर मिली थीं 13 चोटें

पीएम रिपोर्ट के मुताबिक निशा की मौत अधिक खून बहने के कारण हुई थी। चेहरे व सिर पर करीब 13 चोट मिली थीं। आंखों में नुकीले हथियार से हमला किया गया था। मृतका पर सभी हमले नुकीले व भारी हथियार से किए गए थे। रिपोर्ट के अनुसार हमला चाकू व हथौड़े से किया गया था।

नौकरानी से राघव ने पूछा था कि घर में कौन-कौन है

निशा केजरीवाल के घर में 15-16 वर्षों से काम करने वाली नौकरानी शांति उर्फ चमेली ने बताया कि घटना के दिन वह निशा के घर काम करने सुबह करीब 9:45 पर गई थी। दोपहर 2 बजे वह वापस लौट रही थी, तभी तिराहे के पास राघव मिला और उसने पूछा कि घर में कौन-कौन है, जिस पर उसने बताया कि भाभी घर पर अकेली हैं।

लॉ कॉलेज से निकाला गया था राघव

रईसजादा राघव तब मुंबई के नरसिंह इंस्टीट्यूटी ऑफ लॉ कॉलेज से एलएलबी की पढ़ाई कर रहा था। पढ़ाई के दौरान गलत संगत में पड़ने के कारण उसे कॉलेज से निकाल दिया गया था। घटना से कुछ दिन पूर्व राघव के दादा हृदय नारायण सिंह ने परिजनों से दुखी होकर निशा से आपबीती बयां की थी। राघव के दादा ने निशा को बताया था कि परिवार के सब लोग उनसे पैसे मांगते हैं।

फैसले से संतुष्ट, दोषी को फांसी होनी चाहिए थी

फैसला सुनाए जाने के बाद निशा के परिजन कोर्ट परिसर में मौजूद थे। मृतका की बड़ी बेटी इंडियन ऑयल में मैनेजर के पद पर कार्यरत सोनम की आंखों से आंसू छलक पड़े। पति अरुण केजरीवाल ने कहा कि फैसले से संतुष्ट हैं, लेकिन दोषी को फांसी की सजा होनी चाहिए थी।

अराजकतत्वों ने मीडियाकर्मियों के साथ की अभद्रता

कोर्ट ने मंगलवार को राघव को दोषी करार दिया था, बुधवार को उसे सजा सुनाई जानी थी। जिसे देखते हुए कोर्ट परिसर में बुधवार दोपहर से वकीलों की वेशभूषा में कुछ अराजकतत्व मौजूद थे। सजा सुनाए जाने के बाद पुलिस अभिरक्षा में जैसे ही राघव निकला। मीडियाकर्मियों ने राघव की फोटो खींचनी शुरू की तो अराजकतत्वों ने उनसे गाली गलौज कर अभद्रता शुरू कर दी। मीडियाकर्मियों का कैमरा छीनने का भी प्रयास किया।

एडीजीसी विनोद त्रिपाठी व क्रिमिनल वकील कमलेश पाठक व सत्येंद्र अवस्थी ने बताया कि अभियोजन की ओर से पीड़ित अरुण केजरीवाल, बेटी सोनाली, सोनल, नौकरानी शांति उर्फ चमेली समेत 12 गवाह पेश किए गए थे। कोर्ट ने हत्यारोपी राघव को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास का सजा सुनाई। एडीजीसी ने बताया कि कोर्ट ने लूट की धारा में दोषी को 10 वर्ष व 20 हजार जुर्माना व आईपीसी की धारा 411 में 3 साल की सजा व 10 हजार जुर्माना लगाया।

बहू की हत्या करने के बाद जेठ ने फांसी लगाकर दे दी जान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। सेन पश्चिमपारा थानाक्षेत्र के आजाद नगर में छोटे भाई की पत्नी की हत्या करने के बाद जेठ ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के दौरान दोनों घर में अकेले थे। मृतका का पति वैष्णो देवी गया था जबकि जेठ की पत्नी बच्चों के साथ मायके गई हुई थी। वारदात को अंजाम देने से पहले जेठ अपनी मां को बुआ के घर छोड़ आया था। बहू की हत्या के बाद जेठ ने 6 मिनट 20 सेकेंड का वीडियो बनाया और इसके बाद फंदे पर झूल गया। बुधवार को छोटे भाई के घर लौटने पर घटना का खुलासा हुआ।

सेन पश्चिम पारा के आजाद नगर निवासी अशोक गुप्ता फेरी लगाकर साड़ी बेचता है। अशोक की 4 साल पहले नीलू (26) से शादी हुई थी। उनका एक बेटा विश्वास (3) है। साथ में ऑटो चालक बड़ा भाई कुलदीप (32) व उसकी पत्नी रोशनी, दो बच्चे विशु व विभु रहते हैं। अशोक ने बताया कि भाभी रोशनी सप्ताह भर पहले कल्याणपुर स्थित मायके गई थीं, जबकि वह 21 जून को वैष्णो देवी गया था। बुधवार दोपहर वह घर लौटा तो गेट अंदर से बंद था। वह किसी तरह घर में दाखिल हुआ तो अंदर नीलू का शव जमीन पर पड़ा था, जबकि बड़े भाई कुलदीप का शव पंखे के कुंडे से लटक रहा था। बाद में पुलिस और फोरेंसिक टीम ने जांच की। घटना के कुछ देर बाद मृतक कुलदीप का सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ, जिससे खुलासा हुआ कि कुलदीप ने नीलू की हत्या कर खुद फांसी के फंदे पर लटक गया।

नीलू।

कुलदीप।

- फांसी लगाने से पहले जेठ ने 6.20 मिनट का बनाया वीडियो
- सेन पश्चिमपारा थानाक्षेत्र के आजाद नगर की घटना
- पारिवारिक कलह में की वारदात, वीडियो हुआ वायरल

इसको मारकर हम खुद भी मर जाएंगे...

कुलदीप ने सुसाइड नोट में लिखा है कि घर में कोई नहीं है, सिर्फ हम ही हैं अकेले। कल भी हमने इसको मारने की कोशिश की थी, पर मार नहीं पाए। 6 महीने से हम सो नहीं पा रहे हैं। कितना दर्द है हमारे दिल में हम ही जानते हैं। घर की कलह इतनी बेकार होती है कि रोज रोज, हम उस दिन को कोसते है जिस दिन हमने अपने भाई की शादी कराई थी। आज इसको (नीलू) मार कर हम कलंकी भी बन गए हैं, हम खुद भी मर जाएंगे। आज एक औरत का खून कर दिया है, हमने 3 साल इसको बहुत बर्दाश्त किया, पूरा घर इसने बर्बाद कर दिया। हम किसी को बता नहीं सकते कि हम कितना रो रहे हैं। आज इसको मार डाले वरना ये कलह मची ही रहेगी। न हम लोग चैन से रहेंगे न ये। इसके परिजनों ने इसको बढ़ावा दिया। मम्मी हमें माफ कर देना, अगर हम जिंदा रहे जेल गए तो हमारे बीवी बच्चों की जिंदगी बर्बाद हो जाएगी। अशोक तुम्हारे लिए बहुत जिम्मेदारी देकर जा रहे, मेरे बच्चों को अपने बच्चों की तरह पालना।

घर में आए दिन कलेश करती थी, पढ़ी लिखी नहीं थी

फोरेंसिक की टीम को घटनास्थल से एक रजिस्टर में करीब 6 पन्नों का सुसाइड नोट हाथ लगा। सुसाइड नोट में लिखा मृतक जेठ ने लिखा थी कि उसकी बहू पढ़ी लिखी नहीं थी, मायके पक्ष के लोगों ने शिक्षित बता कर उसकी शादी छोटे भाई से करा दी थी, बहू को घर का कोई काम भी नहीं आता था, आए दिन कलेश करती थी, जिससे वह तंग आ गया था। फोरेंसिक टीम ने सुसाइड नोट जब्त कर लिया है।

होटल में कर्मचारी से जानकारी लेते डीसीपी सेंट्रल आरएस गौतम। अमृत विचार

फजलगंज के होटल में व्यापारी का शव मिला

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- परिजनों ने पत्नी पर प्रताड़ना का आरोप लगाया, पुलिस कर रही जांच

अमृत विचार। फजलगंज के होटल में तीन दिन से रुके व्यापारी का शव कमरे में मिला। प्रथम दृष्टया पुलिस शराब के ओवरडोज से मौत की बात कह रही है। मृतक के परिजनों ने पत्नी पर व्यापारी को प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है।

आनंदपुरी निवासी संतोष अग्रवाल का लाटूश रोड पर सबमर्सिबल का व्यापार है। दुकान पर उनके बेटे गौरव अग्रवाल और सौरभ अग्रवाल बैठते हैं। बुधवार सुबह 30 वर्षीय गौरव अग्रवाल फजलगंज स्थित सन्नी होटल में कमरे में मृत मिले। भाई सौरभ अग्रवाल ने बताया कि वह 23 जून की सुबह स्कूटी लेकर घर से निकल गए थे। तबसे घर नहीं लौटे थे। मोबाइल भी घर पर छोड़ गए थे। फजलगंज प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार सिंह ने बताया गौरव अग्रवाल 23 जून की सुबह फजलगंज स्थित सन्नी होटल पहुंचे थे। वह होटल के कमरा नंबर 205 में ही रहे। बुधवार सुबह सफाई कर्मी ने कमरे का दरवाजा खटखटाया तो कोई प्रतिक्रिया नहीं आई। जिस पर उसने होटल मैनेजर को जानकारी दी। फजलगंज पुलिस ने वीडियो रिकार्डिंग कर कमरे का दरवाजा खुलवाया तो गौरव अग्रवाल बेड पर उल्टे पड़े मिले। डीसीपी सेंट्रल आरएस गौतम पहुंचे और होटल कर्मियों से जानकारी ली। कमरे में शराब की मिलीं बोतलों से अनुमान लगाया जा रहा है कि अधिक शराब पीने से उनकी मौत हुई।

भाई सौरभ अग्रवाल ने पुलिस को बताया कि गौरव ने 2021 में मूलगंज निवासी युवती से प्रेम विवाह किया था। शादी के बाद से ही उसकी पत्नी अलग रहने का दबाव डालकर रुपये की मांग करने लगी। मांग पूरी न कर पाने पर पत्नी ने गौरव समेत परिवार के सभी सदस्यों पर दहेज संबंधी धारा में रिपोर्ट दर्ज करा दी। वह दस माह से मायके में रह रही है। आरोप है, कि उसकी पत्नी ने 25 लाख रुपये व मकान नाम कराने की मांग की थी। न करने पर वह मुकदमे में फंसाने की धमकी देकर प्रताड़ित करती थी। 23 जून की सुबह भी गौरव की पत्नी ने उसे धमकियां दीं जिस पर वह परेशान होकर घर से चला गया और होटल में उसकी मौत हो गई।

हैलट में मरीजों को पोर्टेबल आईसीयू की सुविधा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- आरईसी फाउंडेशन का मेडिकल कालेज को 10 करोड़ के उपकरण देने का करार
- कॉलेज का दावा, ऐसी सुविधा अभी प्रदेश में किसी मेडिकल कॉलेज में नहीं उपलब्ध

अमृत विचार। जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज में जल्दी ही मरीजों को पोर्टेबल आईसीयू की सुविधा मिलेगी। कॉलेज प्रशासन के मुताबिक ऐसी सुविधा अभी प्रदेश में किसी मेडिकल कॉलेज में नहीं है। गुरुग्राम, हरियाणा के आरईसी फाउंडेशन ने बुधवार को मेडिकल कॉलेज को पांच पोर्टेबल आईसीयू समेत तीन चिकित्सकीय उपकरण देने के संबंध में करार किया। इन उपकरणों की कीमत करीब 10 करोड़ रुपये है।

जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के सीआरएस कमेटी कक्ष में हरियाणा के आरईसी फाउंडेशन के लखनऊ स्थित क्षेत्रीय कार्यालय के चीफ जनरल मैनेजर शंभु शंकर गुप्ता व जीएसवीएम के प्राचार्य प्रो. संजय काला ने बुधवार को जिस समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए, उसके मुताबिक फाउंडेशन सीएसआर फंड से 10 करोड़ रुपये अतिगंभीर रोगियों के इलाज में इस्तेमाल होने वाले उपकरणों के लिए देगा। इनमें पांच पोर्टेबल आईसीयू प्रमुख हैं। मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य ने बताया कि पोर्टेबल आईसीयू का प्रयोग इम्यूनो कम्प्रोमाइजड रोगियों यानी कैंसर, एचआईवी, एप्लास्टिक एनीमिया, कैंसर कीमोथेरेपी समेत अन्य रोगियों पर किया जाएगा। इसमें मरीज को आईसीयू तक नहीं ले जाना होगा, बल्कि जरूरत के हिसाब से आईसीयू खुद गंभीर मरीजों के पास पहुंचेगा। अनुबंध के दौरान फाउंडेशन की डीजीएम सुचि गोयल, एक्सक्यूटिव असिस्टेंट ईषा सिंह, प्रोजेक्ट इंजीनियर रोहित यादव के अलावा हैलट अस्पताल के प्रमुख अधीक्षक डॉ.आरके सिंह, डॉ.संतोष बर्मन, डॉ.संजय वर्मा, डॉ.आरके जौहरी, डॉ.जीडी यादव, डॉ.जेएस कुशवाहा, डॉ.अरुण कुमार आर्या, डॉ.शालिनी मोहन, डॉ.विनय कुमार उपस्थित रहे।

समझौता ज्ञापन दिखाते प्राचार्य प्रो .संजय काला व आरईसी फाउंडेशन के चीफ जनरल मैनेजर शंभु शंकर गुप्ता। अमृत विचार

5 प्लाज्मा एयर डिवाइस व एक लेप्रोस्कोपिक स्टेप्लर भी मिलेगा

मेडिकल कालेज प्राचार्य के मुताबिक आरईसी फाउंडेशन से पांच प्लाज्मा एयर डिवाइस भी कॉलेज को मिलेंगी, इसका प्रयोग अस्पताल के सघन चिकित्सा कक्षों व शल्य चिकित्सा कक्षों को विसंक्रमित करने में होगा। इस डिवाइस की मदद से आईसीयू व शल्य चिकित्सा परिसर संक्रमण मुक्त रहेंगे। इसके अलावा आरईसी फाउंडेशन से लेप्रोस्कोपिक इंडोविजन सिस्टम विथ स्टेपर भी मिलेगा। इससे पेट, गर्दन, सीने आदि की जटिल सर्जरी कम समय में लेप्रोस्कोप के माध्यम से हो सकेगी। आरईसी फाउंडेशन के क्षेत्रीय कार्यालय लखनऊ के चीफ जनरल मैनेजर शंभु शंकर गुप्ता ने कहा कि इन उपकरणों को जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज में इसलिए दिया जाएगा, क्योंकि यहां पर 17 से 18 जिलों के मरीज इलाज के लिए आते हैं।

मंडलायुक्त को ज्ञापन देते गोशाला सोसाइटी के सदस्य। अमृत विचार

सोसाइटी को वापस दिलाई जाए गोशाला की जमीन

कानपुर। कानपुर गोशाला सोसाइटी की ओर से बुधवार को मंडलायुक्त को ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन के जरिये सोसाइटी के सदस्यों ने गोशाला की जमीन को वापस किए जाने की मांग की है। सोसाइटी के सदस्य जल्द ही इस प्रकरण पर जिलाधिकारी को ज्ञापन दिए जाने का ऐलान किया है।

ज्ञापन देने आए सोसाइटी के उपाध्यक्ष सुरेश गुप्ता, काशी प्रसाद शर्मा व कृष्ण कुमार गुप्ता बब्बू ने कहा कि सोसाइटी की बेशकीमती जमीन उन लोगों ने वर्ष 1917 में खरीदी थी। यह जमीन 9 साल से जिला प्रशासन की ओर से उन्हें सौंपा नहीं जा रहा है। पूर्व में इस जमीन पर कब्जे के मुकदमे का निर्णय वर्ष 2014 में उन लोगों के पक्ष में हो चुका है। ऐसे में वर्ष 2015 से उनकी जमीन उन लोगों को नहीं मिली है। ज्ञापन के दौरान पदाधिकारियों ने कहा कि कुछ लोग इस बेशकीमती जमीन पर कब्जा करने की साजिश कर रहे हैं। ऐसे में यदि उन लोगों को जमीन वापस मिल जाती है तो वे लोग उसकी सुरक्षा बेहतर तरह से कर सकेंगे।

सार-संक्षेप

मलबा न उठाने पर सफाई कर्मचारी को पीटा, हंगामा

कानपुर। बर्रा विश्व बैंक जे ब्लॉक में बुधवार सुबह घर का मलबा नहीं उठाने पर एक स्कूल संचालक व उसकी बेटी ने सफाई कर्मचारी की पिटाई कर दी। बीच बचाव करने पर सफाई कर्मी के साथी को भी पीटा। इस घटना को लेकर सफाई कर्मचारी नेता ने बर्रा थाने में हंगामा किया। पुलिस ने तहरीर लेकर दोनों सफाई कर्मचारियों को मेडिकल के लिए भेजा। बर्रा दो नई बस्ती निवासी सफाई कर्मचारी शैलेंद्र कुमार वाल्मीकि ने बताया कि उसकी ड्यूटी वार्ड 70 में है। बुधवार सुबह वह साथी कर्मचारी सुशील कुमार के साथ बर्रा विश्व बैंक जे ब्लॉक में सफाई कार्य कर रहा था। आरोप है कि इसी दौरान मोहल्ले में रहने वाले स्कूल संचालक ने निर्माणाधीन मकान का मलबा साफ करने की बात कही। घर का मलबा उठाने से मना करने पर स्कूल संचालक ने जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर स्कूल संचालक व उसकी पुत्री ने उसके साथ मारपीट की। साथी कर्मी सुशील बीच बचाव करने आया तो उस पर भी हमला बोल दिया। पीड़ित सफाई कर्मचारियों ने घटना की जानकारी कर्मचारी नेता हरीओम वाल्मीकि तथा सुपरवाइजर रामबाबू को दी, इस पर उन्होंने पीड़ित कर्मचारी के साथ बर्रा थाने में हंगामा किया। बर्रा इंस्पेक्टर टीबी सिंह ने बताया कि सफाई कर्मचारी का मेडिकल कराया गया है, तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

आम सभा कर कर्मचारियों ने चेताया

कानपुर। छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय में कर्मचारियों ने लंबित मांगे पूरी करने को लेकर आमसभा कर विरोध जताया। पदाधिकारियों ने चेताय कि तीन दिनों में मांगे नहीं पूरी होने पर कर्मचारी 01 जुलाई से बड़ा प्रदर्शन करेंगे। बुधवार को सीएसजेएमयू के प्रशानिक भवन के गेट पर कानपुर विश्वविद्यालय कर्मचारी संगठन की अगुवाई में कर्मचारियों ने आमसभा का आयोजन किया। अध्यक्ष आलोक कुमार एवं महामंत्री अभिषेक त्रिवेदी ने बताया कि विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन में आयोजित आमसभा में विश्वविद्यालय कर्मचारी की विगत कई वर्षों से लंबित समस्याओं का निस्तारण विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा न किए जाने से नाराज कर्मचारियों ने विरोध जताया। कर्मचारियों के उत्पीड़न के कारण निर्णय लिया गया कि आगामी तीन दिनों में विश्वविद्यालय में कुलपति, कुल सचिव, वित्त अधिकारी एवं समस्त अधिकारियों के समक्ष कर्मचारियों की मौजूदगी में मांग पत्र से संबंधित पत्रावलियों के साथ बैठक चर्चा परीक्षण करते हुए समस्या का निस्तारण नहीं हुआ तो सभी कर्मचारी 1 जुलाई को आमसभा कर कर्मचारियों के उत्पीड़न के विरोध में आंदोलन, धरना, हड़ताल करने के लिए बाध्य होंगे और इसकी जिम्मेदारी विश्वविद्यालय प्रशासन की होगी।

रूफ टॉप रेनवाटर हार्वेस्टिंग का केडीए ने शुरू किया सर्वे

कानपुर। केडीए ने भवनों में रूफ टॉप रेनवाटर हार्वेस्टिंग का सर्वे शुरू कर दिया है। वर्षा जल संचन के उद्देश्य को पूरा करने के लिये 300 वर्गमी. क्षेत्रफल से अधिक क्षेत्रफल के भूखंडों पर बने आवासीय भवनों तथा समस्त प्रकार के अनावासीय भवनों में रूफ टॉप रेनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम स्थापित किये जाने का प्राविधान है। केडीए सर्वे कर ऐसे भवनों को चिन्हित करेगा जिसमें नियमानुसार रूफ टॉप रेनवाटर हार्वेस्टिंग नहीं बनाया गया है। जिलाधिकारी, कानपुर नगर द्वारा पर्यावणीय क्षतिपूर्ति के रूप में अधिकतम 3 लाख रुपये का अर्थ दण्ड रोपित किये जाने का प्राविधान किया है। प्राधिकरण द्वारा ऐसे भवनों के चिन्हांकन हेतु अवर अभियन्ता के माध्यम से सर्वेक्षण कराया जा रहा है। सर्वेक्षण में प्राप्त होने वाले ऐसे भवन जिसमें रूप टाप रेनवाटर हार्वेस्टिंग होना चाहिए परन्तु मौके पर भवन स्वामी द्वारा नहीं लगवाया गया है या क्रियाशील नहीं है, उनके विरूद्ध पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति धनराशि 25 हजार प्रति भवन लगाई जाएगी। केडीए ऐसे भवनों की सूची डीएम को भी उपलब्ध कराएगा।

गोवंशों को लोडर में भरा, चालक की पिटाई

कानपुर। बर्रा थाना क्षेत्र में बुधवार तड़के पिकअप से पहुंचे पशु तस्कर एक खाली प्लॉट में बैठे गोवंशों को जबरन भरने लगे। टहलने निकले लोगों ने शक होने पर पूछताछ की तो तीन आरोपी फरार हो गए। लोगों ने पिकअप चालक को पकड़ उसकी पिटाई कर पुलिस को सौंप दिया। बजरंग दल संयोजक विशाल बजरंगी ने बताया कि बर्रा गांव चौराहे के पास स्थित एक खाली प्लॉट में गोवंश बैठे थे। बुधवार तड़के एक पिकअप में चार लोग पहुंचे और रस्सी से गोवंशों को खीच कर गाड़ी में भरने लगे। लोगों ने पूछताछ की तो युवकों ने गाय पालने के लिए ले जाने की बात कही। फिर तीन युवक मौके से भाग खड़े हुए, जबकि पिकअप चालक को लोगों ने पकड़ लिया। पिटाई के बाद लोगों ने पुलिस को सूचना दी। घाटमपुर निवासी चालक आशीष ने बताया कि घाटमपुर से लोग गाय खरीदने की बात कह कर किराए पर गाड़ी लेकर आए थे। इंस्पेक्टर बर्रा तेज बहादुर सिंह ने बताया कि चालक को गिरफ्तार कर पिकअप सीज कर दी गई है। अन्य की तलाश की जा रही है।

हेल्थ जोन | कांशीराम संयुक्त अस्पताल से शुरू हुआ विटामिन ए संपूरण कार्यक्रम

निमोनिया, डायरिया व रतौंधी से बचाता है विटामिन-ए

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- नौ माह से पांच वर्ष तक के 4.68 लाख बच्चों को दवा पिलाने का लक्ष्य

अमृत विचार। नौ माह से पांच वर्ष तक के बच्चों को विटामिन-ए की खुराक पिलाने के लिए बुधवार से विटामिन-ए संपूरण कार्यक्रम की शुरुआत की गई। स्वास्थ्य विभाग ने जिले के 4.68 लाख बच्चों को विटामिन-ए की खुराक पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया। यह कार्यक्रम शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में जुलाई तक चलेगा। विटामिन-ए की खुराक बच्चों को निमोनिया, डायरिया व रतौंधी जैसे रोगों से बचाता है।

रामादेवी स्थित कांशीराम संयुक्त जिला चिकित्सालय एवं ट्रॉमा सेंटर में सीएमओ डॉ.आलोक रंजन ने बच्चों को 'विटामिन ए' की खुराक पिलाकर अभियान की शुरुआत की। सीएमओ ने कहा कि विटामिन-ए की कमी से बच्चों में नजर का कमजोर होना, रात्रि के समय कम दिखाई देना, अंधेपन का शिकार होना, रूखी आंख, रूखी त्वचा और त्वचा से संबन्धित समस्याएं हो सकती हैं। इसकी कमी से दस्त जैसी आम बीमारियां भी गंभीर हो सकती है। यह मीजल्स होने की स्थिति में मृत्यु दर व जटिलता को कम करता है। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी व जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. यूबी सिंह ने बताया कि प्रत्येक बुधवार और शनिवार को वीएचएसएनडी व यूएचएसएनडी सत्रों पर नौ माह से पांच वर्ष तक के बच्चों को विटामिन-ए की खुराक पिलायी जाएगी। इस दौरान उप जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ.राजेश्वर सिंह, कांशीराम अस्पताल के सीएमएस डॉ.स्वदेश गुप्ता, डब्ल्यूएचओ से एसएमओ डॉ. हेमंत अधिकारी, यूनिसेफ से डीएमसी फुजैल सिद्दीकी, यूएनडीपी से वीसीसीएम समेत अन्य रहे।

बच्चे को विटामिन ए की खुराक पिलाते सीएमओ डॉ.आलोक रंजन। अमृत विचार

इन पर भी रहेगा जोर

नियमित टीकाकरण (जन्म से 24 माह तक), संपूर्ण टीकाकरण (पांच वर्ष तक), वजन लेना और अति कुपोषित बच्चों को चिन्हित करना, सभी बच्चों को विटामिन-ए की खुराक पिलाना, एक घंटे के अंदर और छह माह तक सिर्फ स्तनपान को लेकर जन जागरूकता, आयोडीन युक्त की नमक के सेवन के प्रति जागरूक करने पर जोर दिया जाएगा।

इस तरह दी जाएगी खुराक

उप जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ.राजेश्वर सिंह ने बताया कि बच्चों को विटामिन ए की नौ खुराकें देने का प्रावधान है, जिसमें नौ से 12 माह तक के बच्चों को एमआर के प्रथम टीके के साथ आधा चम्मच यानि एक एमएल खुराक दी जाती है। इसी तरह 16 से 24 माह तक के बच्चे को एमआर के दूसरे टीके के साथ पूरा चम्मच यानि दो एमएल, जबकि दो से पांच वर्ष तक के बच्चे को छह-छह माह के अंतराल पर पूरा चम्मच यानि दो एमएल विटामिन ए का सिरप दिया जाना है।

ब्रेक लगाने पर ट्रक में घुसा डंपर परिचालक घायल

कानपुर। चकेरी थानाक्षेत्र के कोयला नगर फ्लाईओवर पर बुधवार शाम को आगे चल रहे ट्रक ने अचानक से ब्रेक लगा दी। जिससे पीछे चल रहा डंपर उसमें घुस गया। हादसे में परिचालक घायल हो गया। पुलिस ने उसे कांशीराम अस्पताल में भर्ती कराया है।

कोयला नगर चौकी प्रभारी अजय सिंह ने बताया कि बुधवार की शाम को कोयला नगर फ्लाईओवर पर एक ट्रक नौबस्ता की तरफ जा रहा था। पीछे डंपर चल रहा था। ट्रक चालक ने अचानक से ब्रेक ले ली। जिससे डंपर पीछे से ट्रक में जा घुसा।

घटना से डंपर का केबिन क्षतिग्रस्त हो गया और परिचालक सजेती निवासी मनोज कुमार घायल हो गया। वहीं चालक सजेती निवासी विमल मामूली रूप से चुटहिल हो गया।

शहर के भीतर वाहनों के दबाव से कराह रही है जीटी रोड

अमृत विचार एक्सक्लूसिव

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। जीटी रोड पर शहर के भीतर वाहनों का दबाव मानक से काफी ज्यादा है। इस भारी ट्रैफिक लोड के कारण ही जीटी रोड के समानांतर दौड़ रहे फर्रुखाबाद रेल रूट पर स्थित क्रासिंग बंद किए जाते ही लंबा जाम लग जाता है। जीटी रोड पर यातायात दबाव का यह आंकड़ा एलिवेटेड रोड निर्माण के लिए पीडब्ल्यूडी की ओर से कराए गए सर्वेक्षण में सामने आया है। विभागीय अभियंताओं का कहना है कि भारी ट्रैफिक लोड के बिंदु को डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) में शामिल किया जाएगा।

टाटमिल चौराहे पर सर्वे करता कंसल्टेंट टीम का कर्मचारी। अमृत विचार

- रामादेवी से गोल चौराहा तक एलिवेटेड रोड की कवायद में एनएच पीडब्ल्यूडी ने कराया सर्वे
- सप्ताह भर के सर्वे में जीटी रोड पर औसतन प्रतिदिन 63250 पैसेंजर कार यूनिट का लोड सामने आया

10.85 किमी लंबी रामादेवी से गोल चौराहे तक प्रस्तावित एलिवेटेड रोड बनाने के लिए सर्वे किया गया है

> जीटी रोड पर सर्वे के आंकड़ों के मुताबिक 63,250 पीसीयू ट्रैफिक लोड पाया गया है, जो कि बहुत अधिक है। सड़क पर ट्रैफिक का दबाव देखते हुए डीपीआर तैयार की जाएगी। निर्माण के दौरान लंबे समय के लिए ट्रैफिक डायवर्जन करना पड़ेगा। इन बिंदुओं पर ट्रैफिक पुलिस अधिकारियों के साथ चर्चा की जाएगी। फिलहाल सभी बिंदुओं को जांचा और परखा जा रहा है।
>
> **-अरुण कुमार जयंत, अधिशासी अभियंता, लोक निर्माण विभाग, एनएच इकाई**

रामादेवी से गोल चौराहे तक प्रस्तावित 10.85 किलोमीटर लंबी एलिवेटेड रोड बनाने के लिए सर्वे किया गया है। एलिवेटेड रोड के लिए रामादेवी, टाटमिल चौराहे पर एक्सल लोड सर्वे, ग्राउंड पेनिट्रेशन रडार (जीपीआर) सर्वे, ओरिजिन डेस्टीनेशन सर्वे (ओडी) हैदराबाद की हेक्सा कंपनी ने किया था। इसके साथ ही कंसल्टेंट कंपनी ने जीटी रोड पर सुबह, दोपहर व शाम के समय ट्रैफिक लोड देखने के लिए रामादेवी, टाटमिल, जरीबचौकी व गोल चौराहे पर चार कैमरे लगाए हैं। इस प्रक्रिया में यह भी देखा जा रहा है कि लिंक रोड से सबसे ज्यादा ट्रैफिक किस सड़क से आता है। कंसल्टेंट कंपनी की टीम सभी आंकड़ों का विश्लेषण कर रही है। जीटी रोड पर स्थित चौराहों पर सप्ताह भर की निगरानी के बाद सामने आई रिपोर्ट बेहद चौंकाने वाली मानी गई है। रिपोर्ट के मुताबिक जीटी रोड पर औसतन 63250 पीसीयू (पैसेंजर कार यूनिट) का रोज दबाव रहता है। यह आंकड़ा ट्रैफिक डैनिसिटी (यातायात घनत्व) मानक से बहुत अधिक है। इसके साथ ही रात में नो एंट्री खुलने पर जीटी रोड पर एक्सल लोड में बढ़ोत्तरी होती है। अब ट्रैफिक डैनिसिटी को डीपीआर में शामिल किया जा रहा है। ट्रैफिक लोड को देखते हुए पीडब्ल्यूडी के अभियंता ट्रैफिक अधिकारियों के साथ बैठक करके निर्माण के दौरान होने वाले डायवर्जन की भी रूपरेखा बनाएंगे।

एजेंसी बर्बाद कर रही छात्रों का भविष्य, दर्ज हो रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- हलीम महाविद्यालय छात्रसभा के छात्रों ने चमनगंज पुलिस को सौंपा ज्ञापन

अमृत विचार। हलीम डिग्री कॉलेज के छात्रों ने नीट कराने वाली एजेंसी के खिलाफ तहरीर देकर एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। हलीम छात्रसभा के अध्यक्ष मुस्तफा फारूकी के नेतृत्व में छात्रों ने चमनगंज थाने में तहरीर दी।

मुस्तफा फारूकी ने कहा कि कुछ समय से पुलिस भर्ती अन्य पेपर एवं अब नीट का पेपर लीक हो गया। यह बहुत दुखद और लाखों छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ है। कहा कि पेपर लीक हुआ और उसके बाद परीक्षा स्थगित कर दी गई। इससे पूरे देश के छात्रों में भारी आक्रोश व्याप्त है। कहा कि जो छात्र घर से दूर रहकर हॉस्टल में रहकर बाहर कोचिंग करके हजारों लाखों रुपये लगाकर परीक्षा की तैयारी करता है उसके बाद पेपर लीक हो जाता है या परीक्षा ही स्थगित कर दी जाती है इससे उसका मनोबल लगातार टूट रहा है। मांग कि परीक्षा कराने वाली एजेंसी ने लाखों छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया है, उस पर एजेंसी पर मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जाए। ज्ञापन सौंपने वालों में शाहजेब सिद्दीकी, मोहम्मद बिलाल सरफराज अली, मुश्फिक, दानिश आदि रहे।

अपने विशेष उत्पाद से पहचाना जाए शहर का हर औद्योगिक क्षेत्र

केडीए में उद्यमियों के साथ हुई विजन 2051 की बैठक, उद्यमियों ने दिए सुझाव

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। शहर के औद्योगिक क्षेत्रों में अलग-अलग सेक्टर की यूनिट 2051 तक लगाई जा सकती हैं। इससे हर औद्योगिक क्षेत्र की समस्याओं को आसानी से परखकर उन्हें दूर किया जा सकता है। इसके अलावा इस प्लान से खरीदार और विक्रेता की सहूलियत के साथ ही उस क्षेत्र के यातायात को भी आसानी से व्यवस्थित किया जा सकता है। बुधवार को केडीए में विजन 2051 बैठक के दौरान शहर के उद्यमियों ने 2051 में कैसा हो शहर इस पर अपने सुझाव दिए।

अर्बन प्लानर शारिका गौतम ने प्रेजेंटेशन के माध्यम से वर्ष 2051 में शहर की तस्वीर पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि उद्योग को बेहतर करने के लिए उसका व्यवस्थित होना बहुत जरूरी है। इसके लिए सेक्टर वाइज औद्योगिक क्षेत्रों को बसाया जाना बहुत जरूरी है। जैसे लेदर सेक्टर अलग हो, होजरी अलग हो, मसाला-मशीनरी आदि अलग हो। शहर के प्रस्तावित प्लान पर फीटा के महासचिव उमंग अग्रवाल ने केडीए उपाध्यक्ष मदन सिंह गबर्याल से शहर के इन्फ्रास्ट्रक्चर को सुधारने के लिए मुख्य मार्गों को तीन लेयर बनाए जाने का सुझाव दिया। इसके अलावा हर औद्योगिक क्षेत्र के विकास के साथ ही उसके ही नजदीक लेबर कॉलोनी भी बसाए जाने का सुझाव दिया गया। बैठक में कारोबारी बृजेश अवस्थी, प्रमोद पांडे, मनीष जायसवाल, संजय द्विवेदी, विनोद गुप्ता, भारत टंडन, विकास रोहतगी, विश्वनाथ गुप्ता, प्रमोद पांडे, रज्जन लाल जायसवाल, प्रमोद सुराना, देव दुग्गल सहित लगभग सौ कारोबारी बैठक में शामिल हुए।

बैठक में केडीए उपाध्यक्ष को सुझाव देते उद्यमी। अमृत विचार

जल निकासी के लिए ट्रीटमेंट प्लांट का दिया सुझाव

कारोबारियों ने बैठक में कहा कि शहर में जलभराव एक बहुत बड़ी समस्या है। योजना के दौरान वर्ष 2051 में शहर की आबादी लगभग 75 लाख के करीब बताई गई है। ऐसे में यह जरूरी है कि शहर में एक सीवर कॉरिडोर को भी प्लान में जोड़ा जाना बहुत जरूरी है। इसका चकेरी के पास एक ट्रीटमेंट प्लांट बनाकर पूरे सीवेज को उस प्लांट में भेजने और वहीं पर ही जल शोधन कर वापस उसे उपयोग में लाए जाने का सुझाव दिया गया।

पर्यटन पर भी फोकस : योजना में शहर के पर्यटन विकास का खाका भी दिखाया गया। इसमें बिठूर को पर्यटन के लिहाज से विकसित कर उसे लवकुश मार्ग से जोड़कर राम सर्किट से जोड़ने की योजना है। बताया गया कि इससे शहर के राजस्व में भी पर्यटकों की ओर से बढोतरी हो सकेगी।

एडमिशन में आ रही उलझनों को किया दूर

कानपुर। छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय में विशेषज्ञों ने शहर के महाविद्यालयों से आये प्रतिनिधियों को प्रशिक्षित किया। विश्वविद्यालय में समर्थ पोर्टल के बारे में जानकारी दी गई।

कुलाधिपति के निर्देश पर छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय समेत प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों में प्रवेश की प्रक्रिया समर्थ पोर्टल के माध्यम से पूरी की जानी है। हाल ही में यह बदलाव किया गया है। इसके चलते महाविद्यालयों को प्रवेश प्रक्रिया में पोर्टल में काम करने में दिक्कत आ रही है। जिसके चलते विश्वविद्यालय प्रशासन प्रशिक्षण के माध्यम से पोर्टल में आ रही परेशानियों को दूर कर रहा है। इसी कड़ी में बुधवार को प्रोफाइल अपडेट करने के साथ ही पोस्ट एडमिशन प्रासेस का भी प्रशिक्षण दिया गया। यूआईईटी के सेमिनार रूम में शहर के महाविद्यालयों से जुड़े प्रवेश प्रभारी एवं टेक्नीशियन को प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान सिस्टम मैनेजर डा. सरोज द्विवेदी, राजीव जैन, योगेश यादव आदि ने पोर्टल के संबंध में जानकारी दी।

सीएसजेएमयू में समर्थ पोर्टल के बारे में दिया गया प्रशिक्षण

युवाओं को अब सेमीकंडक्टर का विशेषज्ञ बनाएगा सीएसजेएमयू

मिशन एडमिशन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। सेमीकंडक्टर के क्षेत्र में रोजगार के बढ़ते अवसरों को देखते हुए छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय युवाओं को तकनीकी विशेषज्ञ बनाएगा। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं तकनीकी के क्षेत्र में सेमीकंडक्टर की महत्ता को देखते हुए सीएसजेएमयू कैंपस में 5 वर्षीय पाठ्यक्रम संचालित कर रहा है।

विश्वविद्यालय के इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग विभाग में संचालित इंटीग्रेटेड बीएससी-एमएससी इलेक्ट्रॉनिक्स पाठ्यक्रम (वीएलएसआई एंड आईओटी विशेषज्ञता के साथ) में प्रवेश प्रक्रिया जारी है। यह जानकारी देते हुए प्रवेश प्रभारी डा. अजीत तिवारी ने बताया कि आने वाले समय में भारत में सेमीकंडक्टर के तकनीकी ज्ञान में दक्ष विशेषज्ञों एवं इंजीनियरों की मांग बहुत तेजी से बढ़ने वाली है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने सेमीकंडक्टर के क्षेत्र में रोजगार के अवसरों को भांप कर कैंपस में पाठ्यक्रम शुरू किया। उन्होंने दावा किया कि यह पाठ्यक्रम शुरू करने वाला सीएसजेएमयू प्रदेश का पहला विश्वविद्यालय है। सेमीकंडक्टर चिप निर्माण कंपनियां तेजी से भारत में आ रही हैं। ऐसे में यह पाठ्यक्रम छात्रों के भविष्य और करियर को ध्यान में रखकर लांच किया गया। 5 वर्ष के इस पाठ्यक्रम में इंटर पास छात्र प्रथम वर्ष में तथा स्नातक पास छात्र सीधे चतुर्थ वर्ष में प्रवेश ले सकते हैं। इस पाठ्यक्रम के माध्यम से, छात्र न केवल भारत में बल्कि विदेशी बाजार में भी सेमीकंडक्टर के क्षेत्र में अपनी विशेषज्ञता के बूते रोजगार पा सकेंगे। उन्होंने बताया कि प्रवेश संबंधी पूरा विवरण विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है। छात्र अन्य जानकारी विभाग में संपर्क कर प्राप्त कर सकते हैं।

भारत और ताइवान मिलकर करेंगे काम : उन्होंने बताया कि सेमीकंडक्टर के क्षेत्र में भारत और ताइवान साथ मिलकर काम करेंगे। इस संबंध में प्रतिनिधि मंडल के साथ ताइवान गए भारतीय विश्वविद्यालय संघ के अध्यक्ष एवं सीएसजेएमयू के कुलपति प्रो. विनय पाठक ने बताया कि दोनों देशों के बीच सेमीकंडक्टर के क्षेत्र में मिलकर कार्य करने की सहमति बनी है। सेमीकंडक्टर के क्षेत्र में अमेरिका के बाद जापान सहित कई देश भारत के साथ वैश्विक भागीदारी करना चाह रहे हैं। इस क्षेत्र में रोजगार की असीम संभावनाएं देखी जा रही हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी प्रदेश में सेमीकंडक्टर नीति बनाने को कहा है।

स्कूल ऑफ होटल मैनेजमेंट में प्रवेश शुरू

कानपुर। छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय कैंपस में संचालित स्कूल ऑफ होटल मैनेजमेंट विभाग में विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया जारी है। बैचलर ऑफ होटल मैनेजमेंट एंड कैटरिंग टेक्नोलॉजी, मास्टर ऑफ होटल मैनेजमेंट एंड कैटरिंग टेक्नोलॉजी एवं डिप्लोमा कोर्स में प्रवेश प्रक्रिया जारी है। यह जानकारी देते हुए विश्वविद्यालय के कुलसचिव डा. अनिल यादव ने बताया कि जिन अभ्यर्थियों को उक्त पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेना हो वह सामर्थ पोर्टल पर अपना पंजीकरण करा कर स्कूल ऑफ होटल मैनेजमेंट विभाग में आकर प्रवेश ले सकते हैं। बैचलर डिग्री की फीस 54400 रुपये, मास्टर डिग्री की फीस 48400 रुपये एवं डिप्लोमा कोर्स की फीस 34400 रुपये है। प्रवेश लेने के लिए अभ्यर्थियों के इंटर में कम से कम 45 प्रतिशत अंक होना चाहिए। प्रवेश के संबंद्ध में पूरा विवरण विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

जीटी रोड से अतिक्रमण हटाया जाए

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। रामादेवी से आईआईटी तक जीटी रोड पर अवैध अतिक्रमण को चिह्नित कर हटवाया जाए। जिन गाड़ियों में हूटर लगे हैं, उन्हें तीन दिन में अभियान चलाकर हटवाएं। बुधवार को जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में यह निर्देश दिए। बैठक से गैरहाजिर भूगर्भ जल संरक्षण अधिकारी को कारण बताओ नोटिस दिया।

जिलाधिकारी ने जिला विद्यालय निरीक्षक व बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिया कि स्कूलों में सड़क सुरक्षा नियमों का पालन कराने के लिए हर 3 माह में जागरुकता कार्यक्रम आयोजित कराया जाए। नगरनिगम के अधिकारियों को विभिन्न मार्गों पर लगे अवैध विज्ञापन बोर्डों को हटवाने का आदेश दिया। कहा कि अवैध विज्ञापन बोर्ड लगाने वालों पर जुर्माना लगाए।

सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में डीएम ने दिए निर्देश। अमृत विचार

रामादेवी से फतेहपुर के बीच महाराजपुर के पास हुए हादसे वाले स्थान पर निरीक्षण कर कार्यवाही की जाए। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी, यातायात पुलिस से कहा कि ओवरलोड वाहनों के खिलाफ अभियान चलाएं। बैठक के बाद जिलाधिकारी ने राज्य स्तरीय लीड एजेंसी (सड़क सुरक्षा प्रकोष्ठ) की रिपोर्ट की समीक्षा की।

बैठक में अपर जिलाधिकारी नगर, एनएचएआई प्रबंधक, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी, अधिशासी अभियंता, लोक निर्माण विभाग, पुलिस विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

मुन्ना राय अध्यक्ष सौरभ महामंत्री बने

कानपुर। कल्याणपुर बाजार के मुन्ना राय को कानपुर ग्रामीण इकाई का अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। अभिषेक रोहड़ा को कोषाध्यक्ष, सौरभ गुप्ता को महामत्री व अजय सिंह को वरिष्ठ उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी मिली है। ग्रामीण इकाई के युवा अध्यक्ष अभिषेक कश्यप को बनायाग गया है। बुधवार को कल्याणपुर बाजार मे बैठक करके भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की ओर से यह घोषणा की गई। बैठक में प्रदेश वरिष्ठ महामंत्री ज्ञानेश मिश्र ने पदाधिकारियों की घोषणा की है। कहा गया कि बिठूर, मंधना, चौबेपुर, शिवराजपुर, शिवली,बिल्हौर,घाटमपुर, भौती, सचेडी, किसान नगर आदि क्षेत्रों में व्यापारियों को जोड़कर ग्रामीण इकाई का गठन किया जाएगा।

'अच्छी आमदनी का जरिया भी है रंगमंच'

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। रंगमंच व्यक्तित्व के विविध आयामों भाषा, अनुशासन, स्मृति और अभिव्यक्ति को पुष्ट करता है। यह बात डॉ. वंदना पाठक ने छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय में कही। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की कार्यशाला के माध्यम से विद्यार्थी अपने व्यक्तित्व को मुखर बना सकता है।

बुधवार को वह बतौर मुख्य अतिथि सीएसजेएमयू के अंतरराष्ट्रीय अतिथि गृह के सभागार में रंगमंच की 15 दिवसीय कार्यशाला के उद्घाटन सत्र में संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि रंगमंच आज आमदनी का बड़ा जरिया बन चुका है। युवा इसे अपनी आय का साधन भी बना सकते हैं। प्रोफेसर सुधीर कुमार अवस्थी ने कहा की मानव में नाट्य प्रतिभा नैसर्गिक रूप से विद्यमान है। इसको निखार कर व्यक्ति व्यक्तिगत एवं सामाजिक जीवन में अपनी भूमिका का निर्वहन कर सकता है। रंगमंच कलाकार रतन राठौर ने कहा कि जीवन की भांति रंगमंच पर रीटेक करने का अवसर नहीं है। रंगमंच दर्शकों के बीच सम्मान, अनुशासन और विश्वास जगाता है। इस कार्यशाला का उद्देश्य प्रतिभा चयन के साथ साथ प्रतिभागियों के व्यक्तित्व विकारों को दूर करना है। इस मौके पर प्रमुख रूप से वित्त अधिकारी अशोक कुमार त्रिपाठी, शिक्षा विभागाध्यक्ष डॉ. रश्मि गोरे, डॉ. ऋचा मिश्रा, डॉ. बद्री नारायण मिश्र, डॉ. शुभम वर्मा, डॉ. शिवांशु सचान, प्रदीप तिवारी आदि थे।

सीएसजेएमयू में कार्यशाला को संबोधित करतीं मुख्य अतिथि डा. वंदना पाठक। अमृत विचार

- छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय में कार्यशाला
- रंगमंच पर रीटेक करने का नहीं मिलता अवसर

विकास की ओर | पर्यावरण मंत्रालय की एनओसी मिलने के बाद अब तेजी से बढ़ेगा उत्पादन

डिफेंस कॉरिडोर में होगी गोला-बारूद की टेस्टिंग

राजीव त्रिवेदी, कानपुर

अमृत विचार। साढ़ स्थित डिफेंस कॉरिडोर को पर्यावरण मंत्रालय की मंजूरी मिलने के बाद अब गोला-बारूद की टेस्टिंग आसानी से हो सकेगी। कॉरिडोर को जनवरी माह में पर्यावरण मंत्रालय ने सैद्धांतिक सहमति दी थी, अब अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी कर दिया है। डिफेंस कॉरिडोर में यूनिट लगाने वाले उत्पादन समूहों को लंबे समय से इस प्रमाण पत्र का इंतजार था। माना जा रहा है कि एनओसी मिलने के बाद अब कॉरिडोर में आयुध उत्पादन का काम गति पकड़ने से रोजगार के अवसर भी तेजी से बढ़ेंगे।

पर्यावरण मंत्रालय की अनापत्ति के बाद साढ़ स्थित डिफेंस कॉरिडोर में गोला-बारूद जैसी विस्फोटक सामग्री का परीक्षण आसान हो गया है। इसके अलावा जल सप्लाई संयत्र, वेस्ट मैनेजमेंट सिस्टम, कॉमन इफ्यूलेंट ट्रीटमेंट प्लांट, जीरो लिक्वेड डिस्चार्ज, एयर क्वॉलिटी मॉनीटरिंग सिस्टम, नॉइस मॉनिटरिंग सिस्टम भी लगाया जा सकेगा। अधिकारियों ने दावा किया कि एनओसी के बाद कॉरिडोर में अन्य यूनिट भी जल्दी ही काम शुरू कर सकती हैं।

रायफल, एलएमजी व कर्बाइन की गोलियों का उत्पादन होगा और तेज

डिफेंस कॉरिडोर में 26 फरवरी को अदाणी एम्युनेशन मैन्युफैक्चरिंग कॉम्प्लेक्स की शुरुआत हुई थी। यह कॉम्प्लेक्स 500 एकड़ में बना है। जल्द ही यहां पर अदाणी समूह की दो और यूनिट के साथ अन्य कंपनियों की यूनिट में भी उत्पादन शुरू होने की संभावना है। कॉरिडोर में अदाणी एम्युनेशन मैन्युफैक्चरिंग कॉम्प्लेक्स में छोटे कैलिबर वाले आयुध बनाए जा रहे हैं। अदाणी समूह से जुड़े अधिकारियों ने बताया कि यूनिट में रायफल, लाइट मशीन गन और कार्बाइन की गोलियां का उत्पादन और तेज किए जाने की तैयारी चल रही है। दूसरे चरण में आर्टिलरी गन, गोला-बारूद, तोप के गोले और हैंड ग्रेनेड आदि का उत्पादन होगा।

प्रदूषण रोधी पौधरोपण के साथ एक तिहाई जमीन पर हरियाली

- डिफेंस कॉरिडोर के आसपास का क्षेत्र प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए जल्द ही एक तिहाई भूमि पर पौधरोपण करके हरियाली विकसित की जाएगी। यहां ऐसे पौधों का रोपण किया जाएगा जो प्रदूषण को लंबे समय तक रोकने में कारगर होंगे। धूल से बचाव के लिए कॉरिडोर के आसपास घास उगाने का काम शुरू कर दिया गया है।

मादक पदार्थों से दूर रहने का लिया संकल्प

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- अंतरराष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस पर आईएमए सभागार में हुआ कार्यक्रम
- डॉक्टरों ने मादक पदार्थों से होने वाली बीमारियों की दी जानकारी

अमृत विचार। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन कानपुर शाखा ने बुधवार को अंतरराष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस पर जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया। मादक पदार्थों व उनके दुरुपयोग के बारे में लोगों को जागरूक किया। प्रतीकात्मक मादक पदार्थों को आग में जलाकर नष्ट कर इनसे दूर रहने का संकल्प लिया।

आईएमए के सचिव डॉ.कुनाल सहाय ने बताया कि प्रतिवर्ष 26 जून को अंतरराष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस मनाया जाता है। इसे पदार्थ शराब, सिगरेट, ड्रग्स, हेरोइन, गांजा, भांग आदि के सेवन से होने वाले दुष्परिणामों के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से मनाया जाता है। एंटी-टोबैको सब कमेटी के चेयरपर्सन डॉ. एके मित्तल ने बताया कि नशीली दवाओं के उपयोग के नुकसान को कम करने पर उनके प्रभाव पर भी जोर देना होगा। को-चेयरपर्सन डॉ. मधुकर कटियार कहा कि नशीली दवाओं के अंधाधुंध उपयोग के खिलाफ आगे आना होगा। उपाध्यक्ष डॉ अनुराग मेहरोत्रा डॉ. धनंजय चौधरी, आईएमए वित्त सचिव डॉ. दीपक श्रीवास्तव समेत आदि डॉक्टर रहे।

प्रतीकात्मक रूप से मादक पदार्थों को जलाकर नष्ट करते आईएमए पदाधिकारी।

एक नजर

बिजली गिरने से दो भैंसों की मौत

बिधनू। सेन पश्चिम पारा थाना क्षेत्र के कुमहुपुर गांव निवासी किसान प्रेमकुमार की दो भैंसें बुधवार की दोपहर गांव के बाहर पेड़ के नीचे बंधी थी, तभी तेज बारिश के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से दोनों भैंसें चपेट में आ गई, जिससे दोनों की मौत हो गई। किसान के मुताबिक दोनों भैंसों की कीमत 2.50 लाख रुपये थी। थाना प्रभारी राकेश कुमार सिंह ने बताया कि पशु चिकित्साधिकारी को सूचना दी गई है। भैंसों का पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

विधायक की शिकायत पर हटाए गए रेउना थानाध्यक्ष

घाटमपुर। विधायक की शिकायत पर रेउना थानाध्यक्ष अवधेश कुमार श्रीवास्तव को हटा दिया गया है। उनकी जगह शैलेश पांडेय को थाना प्रभारी बनाया गया है। अवधेश श्रीवास्तव को पुलिस कंट्रोल रूम भेजा गया है। दो सप्ताह पहले एक सिफारिश के लिए पहुंचे रेउना के पूर्व प्रधान धीरज द्विवेदी से थानाध्यक्ष की खटपट हुई थी। इसकी शिकायत धीरज द्विवेदी ने क्षेत्रीय विधायक सरोज कुरील व किदवई नगर विधायक महेश त्रिवेदी से की थी। विधायक महेश त्रिवेदी ने पुलिस कमिश्नर से शिकायत की थी। इसके बाद थानाध्यक्ष अवधेश कुमार श्रीवास्तव को थाने से हटाकर कंट्रोल रूम में तैनात किया गया है। शैलेश पांडेय को रेउना थाने का चार्ज दिया गया है।

मौत की खबर आने पर घर में मचा कोहराम

रसूलाबाद। हैदराबाद के निकट गढ़वाल रेलवे स्टेशन पर रेल में समोसा बेचने का काम करने वाला जोत गांव निवासी एक अविवाहित युवक गढ़वाल रेलवे स्टेशन पर रेल से उतरते समय पर फिसल जाने के कारण गिरकर मर गया। इसकी सूचना घर में आते ही पारिवारिक जनों में कोहराम मच गया है। मूल रूप से जोत हाल मुकाम रसूलाबाद निवासी सुरेश गुप्ता ने बताया है कि जोत निवासी उसका भतीजा शिवा गुप्ता 25 हैदराबाद काम हेतु होली पर गया था। रेलवे स्टेशन गढ़वाल जिला महबूबनगर तेलंगाना में रेल से उतरते समय पैर फिसल जाने के कारण गिर गया जिससे उसकी मृत्यु हो गई। घर में इसकी सूचना आते ही परिवार में कोहराम मच गया। उसकी मौत पर उसके पिता मन्नू लाल गुप्ता चाचा सुरेश गुप्ता, भाई सुंदर गुप्ता, देवा गुप्ता, बहनें कोमल व खुशबू का रो-रो कर बुरा हाल है।

अबै आलू-प्याज न खइबे, नमक अउर रोटी ते काम चलइबे

संवाददाता, बिधनू

महंगाई की मार

- सब्जियों की बढ़ती कीमतों से गरीबों की बढ़ी मुसीबत
- नौकरीपेशा लोगों की भी रसोई का बजट गड़बड़ाया

अमृत विचार: गल्ला मंडी की थोक और बिधनू, कठारा, रमईपुर, सीढ़ी, शम्भुआ और माधवबाग फुटकर मंडियों में सब्जियों की बढ़ती कीमतों ने लोगों का बजट बिगाड़ दिया है। मंडी आने वाले लोगों का कहना है कि इतनी महंगी सब्जियां होने पर खरीदारी की मात्रा कम कर दी है। पहले एक से दो किलो सब्जी खरीदते थे, अब आधा किलो से ही काम चला रहे हैं। गरीब तो कहते हैं कि आलू न खइबे, नमक ते काम चलइबे।

गल्ला मंडी से बिधनू ब्लाक की बाजारों में सब्जियों के दामों में खासी बढ़ोतरी हुई है, जिससे गरीब की थाली से सब्जी गायब सी हो गई है। आलू-प्याज से लेकर हरी सब्जियां महंगी होने से आम से लेकर खास तक त्रस्त हैं। सब्जी बाजार पहुंचने वाले लोग महंगाई की मार झेलते हुए सरकार को कोसते हैं। लोगों का कहना है कि सरकार ने आलू-प्याज को आढ़तियों के हवाले कर दिया है, जिससे आढ़ती आलू-प्याज का स्टॉक जमा कर महंगे दामों पर बेच रहे हैं। सब्जी मंडियों में आलू-प्याज के दाम आसमान छू रहे हैं। थोक और फुटकर बाजारों में सब्जियों की महंगाई ने लोगों की कमर तोड़कर रख दी है। सब्जी मंडी आने वाले लोगों का कहना है कि इतनी महंगी सब्जियां होंगी तो आम और गरीब लोग खरीदारी कर कैसे खाएंगे। नौकरीपेशा लोगों ने सब्जी की मात्रा कम कर दी है। जहां पहले 1 से 2 किलो सब्जी खरीदते थे, वहीं अब आधा-एक किलो में काम चला रहे हैं। सब्जी की बढ़ती कीमतों ने रसोई का बजट बिगाड़ कर रख दिया है। आलू-प्याज 30 रुपये से लेकर 40 रुपये प्रति किलो के भाव से बिक रहे हैं, जो कुछ दिन पहले तक मंडी में 10 से 15 रुपये किलो के भाव से मिलते थे। रामवती कहती हैं कि तीन बिटिया और एक लड़का है। कमाए वाला एक है, जेहका 300 मिलत हयं। ओही मा लरिका, बिटियन कै पढ़ाई का इंतजाम होत हय। कबौं-कबौं तौ नमक-रोटी खाके गुजारा करि लेती हन।

सब्जी के भाव पूछकर खरीदने के बारे में कुछ देर सोचते हैं लोग। अमृत विचार

अगस्त में कीमतें कम होने की संभावना

प्रदेश में मानसून आने पर नई सब्जियों की उपज के बाद लोगों को महंगाई से राहत मिल सकती है। सब्जी विक्रेताओं का मानना है कि प्रदेश में भीषण गर्मी के चलते सब्जियों की उपज कम हो गई है। ऐसे में अन्य जगहों से आने वाली सब्जियां महंगे दामों पर पहुंच रही हैं। प्रदेश में मानसून आने के बाद नई सब्जियों की पैदावार होने पर अगस्त माह तक महंगाई में कमी हो सकती है। कानपुर की चकरपुर, गल्ला मंडी से महंगे दामों पर ग्रामीण क्षेत्रों में सब्जियों की आवक हो रही है, जिसका असर आम से लेकर खास पर पड़ रहा है।

गरीबों की जुबानी

एत्ती महंगाई है कि सब्जी खांय का इंतजामै नहीं होइ पावत। का करन, गैस सिलेन्डर भरावन कि पेट भरैं का इंतजाम करन। ख्यातन मा जाती हन, लकड़ी काटि के रोटी बनउती हन।

-रूबी

का करन, महंगाई अब चरम पर है। सब्जी नहीं खातेन। बोकरी के दूध मा रोटी मीस कै खा लेत हन। जब घर मा दूध का इंतजाम नहीं होत तौ नमक-रोटी ते काम चला लेइत हय।

-बउवन सोनकर

सब्जियों के दाम इस प्रकार से है

सब्जी	थोक	खुदरा भाव
हरा धनिया	100	120
अदरक	150	160
नींबू	100	150
टिण्डा	60	65
मिर्ची	75	100
खीरा चायना	50	55
खीरा देशी	35	40
लीली	40	45
फूल गोभी	50	60
करेला	40	45
भिण्डी	25	30
बैंगन	45	50
कद्दू	25	30
पत्तागोभी	25	30
अरबी	40	45

डंपर से भिड़ी तेज रफ्तार कार सिविल इंजीनियर की मौत

हमीरपुर जाते समय सजेती थाना क्षेत्र के अनूपुर मोड़ के पास हुआ दर्दनाक हादसा

संवाददाता, घाटमपुर

रफ्तार की मार

- बाराबंकी के रहने वाले थे कार चालक सिविल इंजीनियर
- हमीरपुर हाईवे पर ओवरटेक करते समय हुआ हादसा

अमृत विचार: सजेती थाना क्षेत्र के अनूपुर मोड़ के पास सड़क हादसे में एक सिविल इंजीनियर की मौत हो गई। यह हादसा ओवरटेक करने के दौरान हुआ। तेज रफ्तार कार सामने से आ रहे डंपर में जा घुसी, जिससे कार चला रहे सिविल इंजीनियर की जान चली गई।

हमीरपुर हाईवे पर सजेती थाना क्षेत्र के अनूपुर मोड़ के पास मंगलवार की सुबह ओवरटेक करने के दौरान तेज रफ्तार कार सामने से आ रहे डंपर में टकरा गई, जिससे कार चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल हालत में उसे अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत चिंताजनक देखते हुए हैलट कानपुर रेफर कर दिया, जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। पुलिस के मुताबिक हादसे का शिकार हुए बाराबंकी के दया नगर के रहने वाले 30 वर्षीय मुदित कृष्णा अस्थाना एक प्राइवेट कंपनी में सिविल इंजीनियर थे।

सजेती थाना प्रभारी बृजमोहन सिंह ने बताया कि सिविल इंजीनियर मुदित कृष्णा अस्थाना अपनी निजी कार से सुबह हमीरपुर की तरफ जा रहे थे, तभी कानपुर-हमीरपुर हाईवे पर अनूपुर मोड़ के पास ओवरटेक करने के दौरान कार सामने से आ रहे डंपर से जा टकराई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और पीएनसी की एंबुलेंस की मदद से घायल को घाटमपुर अस्पताल पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हैलट कानपुर रेफर किया गया, जहां इलाज के दौरान मौत हो गई। उन्होंने बताया कि परिजनों को सूचना देने के साथ शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। तहरीर मिलने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

कार में एयरबैग होते तो बच जाती जान

सजेती पुलिस के मुताबिक सिविल इंजीनियर मुदित कृष्णा अस्थाना जिस कार से हादसे का शिकार हुए, उसमें एयरबैग नहीं थे। अगर एयरबैग होते तो हादसे में उनकी जान बच सकती थी। एयरबैग न होने की वजह से डंपर से टक्कर में वह बुरी तरीके से घायल हो गए और अंततः जान चली गई।

बाइक फिसलने से युवक घायल

बिधनू। मगरासा गांव के पास बुधवार दोपहर बारिश के दौरान तेज रफ्तार बाइक सामने से आ रहे डंपर से बचने के प्रयास में अनियंत्रित हो गई, जिससे बाइक का पहिया फिसलने से युवक गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने नर्सिंग होम में भर्ती कराया है।

पतारा निवासी 28 वर्षीय दीपक कुमार बुधवार दोपहर गल्ला मंडी स्थित बुआ के घर से लौट रहे थे, तभी रास्ते में तेज बारिश शुरू हो गई। मगरासा गांव के पास सामने से ओवरटेक करके आए डंपर से बचने के प्रयास में उनकी बाइक अनियंत्रित हो गई। बारिश होने की वजह से बाइक हाईवे पर फिसल गई और वह गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की जानकारी पर रिश्तेदारों ने उन्हें गल्ला मंडी स्थित एक नर्सिंग होम में भर्ती कराया। थाना प्रभारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने हादसे की जानकारी होने से इन्कार किया है।

रंगदारी मांगने पर दर्ज कराई एफआईआर

शिवराजपुर। खनन पट्टाधारक ने एक दबंग पर रंगदारी मांगने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाकर थाने में तहरीर देकर मुकदमा पंजीकृत कराया है।

चौबेपुर थाना क्षेत्र के विशुनपुर गांव निवासी आयुष शुक्ला ने थाने में दी गई तहरीर में बताया कि उसने मिट्टी खोदने के लिए जफराबाद क्षेत्र में पट्टा कराया है। मंगलवार को जब वह खोदाई के लिए पट्टे की जमीन पर पहुंचा तो वहां शिवराजपुर क्षेत्र के अभिषेक सिंह उर्फ बोनी ठाकुर व तीन अज्ञात लोगों ने पांच लाख रुपये की रंगदारी मांगी और न देने पर जान से मारने की धमकी दी। इस मामले में थाना प्रभारी सुबोध कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत किया गया है। आरोपितों की तलाश की जा रही है।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

पतारा में फिर काटे आम के पेड़

संवाददाता, घाटमपुर

- ठेकेदार ने सूखे पेड़ काटने के लिए ली थी अनुमति
- एसडीएम बोले, जांच कराकर माफिया पर होगी कार्रवाई

अमृत विचार: तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत गिरसी में हरे फलदार वृक्षों की कटान हो रही है। यहां लकड़ी माफिया लगातार सक्रिय हैं। लकड़ी कटान के लिए वन क्षेत्राधिकारी कार्यालय से माफिया सूखे पेड़ काटने की अनुमति लेकर हरे पेड़ कटवा रहे हैं और पेड़ काटने के बाद जेसीबी से जड़ भी उखड़वा रहे हैं, ताकि यह साबित हो सके कि पेड़ आंधी में गिरा है। घाटमपुर क्षेत्र में खुलेआम हरे पेड़ काटे जा रहे हैं। इस बाबत एसडीएम यादवेंद्र सिंह ने कहा कि हरे फलदार वृक्षों की कटान का मामला संज्ञान में आया है। कमेटी गठित कर जांच कराई जाएगी।

पतारा विकास खंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत गिरसी में झबैया अकबरपुर रोड पर दो हरे फलदार आम के वृक्षों को वन दरोगा प्रभा की ओर से दी गई अनुमति से काटा गया। इस बाबत पेड़ काटने का कारण जब लकड़ी माफिया खलील से पूछा गया तो बताया कि वन दरोगा प्रभा देवी ने अनुमति दी है। अनुमति के आधार पर ही पेड़ों की कटान की जा रही है। इसकी एक प्रति रेवना थाने में दी जा चुकी है।

पेड़ कटान के बारे में वन क्षेत्राधिकारी राजेश पांडेय से बात की गई तो उन्होंने बताया कि मामला संज्ञान में नहीं है। जानकारी मिली है, कार्रवाई की जाएगी। इसी तरह श्रीनगर, लालपुर, पतारा आदि क्षेत्रों में लगातार कटान हो रही है। सूचना देने के बावजूद लकड़ी माफिया पर कोई कार्रवाई नहीं होती। कार्रवाई के नाम पर सिर्फ जुर्माना तक ही सीमित है। एसडीएम यादवेंद्र सिंह ने कहा कि पूरे मामले की जांच कराकर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

सूखे पड़े काटने की अनुमति लेकर हरे-भरे पेड़ काटे जा रहे हैं। अमृत विचार

रास्ता बंद होने से ग्रामीण परेशान

शिवराजपुर। क्षेत्र के सखरेज गांव में पानी निकास न होने के कारण जगह-जगह जलभराव हो गया, जिससे ग्रामीणों को खासी परेशानी उठानी पड़ रही है। वहीं बुधवार को ग्रामीणों द्वारा रोड को खोदकर पेड़ काटकर डालने से आवागमन बंद कर देने से राहगीरों को काफी परेशानी उठानी पड़ी। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव में यह हालत हर वर्ष होती है, लेकिन आज तक किसी अधिकारी ने ध्यान नहीं दिया। गांव की स्थिति दिन पर दिन खराब होती जा रही है। गांव के लोगों ने बताया कि पानी निकास के लिए पुलिया न बनने के कारण गांव में जगह-जगह जलभराव हो रहा है। कई बार ग्राम प्रधान से शिकायत की गई, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई।

गैंगस्टर केस में दोषी को दो साल की सजा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

अमृत विचार। चोरी, लूट सहित अन्य मामलों में संलिप्तता पर शिवली पुलिस ने आरोपी पर गैंगस्टर की कार्रवाई की थी। मामले की सुनवाई अपर जिला जज पंचम की अदालत में चल रही थी। बुधवार को मामले की सुनवाई के दौरान अदालत ने अभियुक्त को दोष सिद्ध करते हुए दो वर्ष कठोर कारावास की सजा सुनाई है।

शिवली के कैलई गांव निवासी सुरेंद्र कुमार की अपराधिक मामलों में संलिप्तता पर पुलिस ने गैंगस्टर की कार्रवाई की थी। मामले की सुनवाई गैंगस्टर कोर्ट में चल रही थी। नियत तिथि पर बुधवार को सुनवाई के दौरान बचाव व अभियोजन में बहस हुई। बचाव पक्ष ने अभियुक्त की आर्थिक स्थिति का हवाला देते हुए कम से कम सजा की मांग रखी, जिसका अभियोजन ने विरोध किया। दोनों पक्षों की दलीलों को सुनने के बाद न्यायालय ने अभियुक्त को दोष सिद्ध किया। सहायक शासकीय अधिवक्ता अमर सिंह भदौरिया ने बताया कि न्यायालय ने अभियुक्त सुरेंद्र कुमार को दो वर्ष कठोर कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही पांच हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदंड अदा न करने पर अभियुक्त को अतिरिक्त कारावास काटना होगा।

अनदेखी जलभराव और गंदगी से परेशान ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

गंदगी के बीच गुजर रही कठारा की जिंदगी

संवाददाता, बिधनू

अमृत विचार। बिधनू विकास खंड क्षेत्र के कठारा गांव में गंदगी के बीच लोगों की जिंदगी गुजर रही है। जगह-जगह गंदगी के ढेर लगे हैं और रास्तों पर गंदा पानी भरा है, जिससे गंवई जिंदगी बदरंग हो गई है। ग्रामीण काफी समय से गंदगी हटवाने की गुहार लगा रहे हैं, लेकिन कहीं भी सुनवाई नहीं हो रही है। जलनिकासी का इंतजाम नहीं होने के कारण मुख्य मार्ग पर ही जलभराव के हालात पैदा हो गए हैं। अब ग्रामीणों ने डीएम को ज्ञापन देकर कारगर कदम उठाए जाने की मांग की है।

इससे पहले ग्रामीणों ने बिधनू खंड विकास अधिकारी और जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा था। ग्रामीणों का आरोप है कि ग्राम पंचायत की ओर से जलनिकासी की व्यवस्था नहीं किए जाने और कूड़ा नहीं हटवाए जाने के कारण हालात बदतर हैं। लोगों का कहना है कि अब बरसात का समय आ गया है। ग्रामीण संक्रामक बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं, जिससे भयभीत होकर ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर कदम उठाए जाने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि कठारा ग्राम पंचायत में जगह-जगह कहीं कूड़े के ढेर तो कहीं गंदगी से नालियां बजबजा रही हैं, जिससे संक्रामक बीमारियां फैल रही हैं। दर्जनों लोग बीमारी की चपेट में आ गए हैं। ग्रामीणों ने कहा कि ग्राम पंचायत की ओर से जलनिकासी की कोई व्यवस्था नहीं कराई गई है। ग्राम प्रधान अरविंद कुमार कुशवाहा व एडीओ पंचायत सुरेश चंद्र निगम से कई बार शिकायत की गई, मगर अभी तक कोई सुनवाई नहीं हुई। बस्ती का सारा पानी एक जगह जमा हो रहा है।

घर से महिलाएं हैंडपंप में पानी भरने जाती हैं, जहां गंदगी का अंबार लगा हुआ है, जिससे जलभराव और गंदगी के हालात हैं। गांव के विजय प्रताप सिंह यादव ने बताया कि दरवाजे के सामने नाली न होने के कारण जलभराव हो रहा है, जिससे निकलने में परेशानी है। सड़क किनारे पड़े कूड़े को हटवाने के लिए ब्लॉक के अधिकारियों से बालक कुशवाहा, रानू तिवारी, शिवशंकर सविता, अरविंद कश्यप, बाबूराम कुरील, प्रकाश कुरील, विनोद कुशवाहा, लक्ष्मण कुशवाहा, इंद्रगोपाल समेत दो दर्जन लोग गुहार लगा चुके हैं, लेकिन कोई सुनवाई नहीं की है। ग्रामीणों ने बुधवार को जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। खंड विकास अधिकारी रविशंकर प्रधान ने कहा कि इस सम्बन्ध में उन्हें कोई प्रार्थना पत्र नहीं मिला।

बिधनू ब्लाक के कठारा गांव की गलियों में भरा कीचड़युक्त पानी। अमृत विचार

कार्यालय ग्राम पंचायत पारा प्रतापपुर विकास खण्ड चौबेपुर, कानपुर नगर

पत्रांक मेमो/पंचम/पन्द्रहवांवित्त/मनरेगा योजनान्तर्गत/सचिव/2024–25 दिनांक 25.06.2024

अल्पकालीन निविदा आमन्त्रण सूचना

कार्यालय ग्राम पंचायत पारा प्रतापपुर विकास खण्ड चौबेपुर कानपुर नगर में केन्द्रीय वित्त आयोग / पंचम वित्त / मनरेगा / एस0बी0एम0 वित्तीय वर्ष 2024–25 में ग्राम पंचायत द्वारा निम्नलिखित निर्माण कार्य संचादित किए जाने हेतु आईटम रेट/निर्माण सामग्री आपूर्ति किए जाने के लिए मोहर बन्द निविदा दिनांक 26.06.2024 से 02.07.2024 तक 01 बजे तक आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदाएँ दिनांक 02.07.2024 को 3 बजे ग्राम पंचायत में गठित समिति द्वारा निविदा दाताओ के समक्ष खोली जाएगी। निविदा के सबंध में विस्तृत जानकारी व निविदा नगद 100 शुल्क जमा कर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 10 बजे से शाम 4 बजे तक प्राप्त की जा सकती है। बिना कारण बताये किसी भी निविदा को निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा।

कार्यो का विवरण निम्नवत् हैं:–

क्र0सं0	कार्य का नाम	सामग्री का विवरण	लागत
1	प्राथमिक विद्यालय चंदुला में कायाकल्प कार्य	प्राक्कलान के अनुसार	1 माह
2	आर0आर0सी0 सेन्टर में अतिरिक्त कार्य	प्राक्कलान के अनुसार	1 माह
3	नाली निर्माण रज्जन तिवारी के घर से झल्लर पाण्डेय के घर तक	प्राक्कलान के अनुसार	1 माह
4	नाली निर्माण बदलू के घर से नाला तक	प्राक्कलान के अनुसार	1 माह
5	नाली निर्माण श्रीबाबू के घर से तालाब तक	प्राक्कलान के अनुसार	1 माह
6	नाली निर्माण देवी प्रसाद के घर से चन्द्रपाल के घर तक	प्राक्कलान के अनुसार	1 माह
7	नाली निर्माण रामू पाण्डेय की दुकान से पुरवा नाला तक	प्राक्कलान के अनुसार	1 माह
8	राजकुमार के घर से तालाब तक सी0सी0 रोड व नाली निर्माण	प्राक्कलान के अनुसार	1 माह
9	रामबाबू के घर से तालाब तक सी0सी0 रोड व नाली निर्माण	प्राक्कलान के अनुसार	1 माह
10	बशन्त शुक्ला के घर से रज्जाक के दरवाजे तक नाली मरम्मत	प्राक्कलान के अनुसार	1 माह

अन्य शर्तें:–
1. सशर्त निविदा स्वीकार नही की जाएगी।
2. निविदा डालने से पूर्व ठेकेदार / आपूर्ति करने वाली फर्म कार्यस्थल का निरीक्षण कर ले।
3. किसी भी परियोजना पर शासन स्तर पर रोक या विवाद में स्वीकृत कार्य का भुगतान न होगा। समस्त अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास निहित होगे। धनराशि की उपलब्धता के आधार पर भुगतान किया जायेगा।

पूजा पाण्डेय
प्रधान
ग्राम पंचायत– पारा प्रतापपुर
विकास खण्ड– चौबेपुर कानपुर नगर

शिवप्रताप सिंह
सचिव
ग्राम पंचायत– पारा प्रतापपुर
विकास खण्ड– चौबेपुर कानपुर नगर

एक नजर

युवक ने फंदा लगा दी जान

कानपुर देहात। डेरापुर थाना क्षेत्र के उरसान गांव निवासी रवी कटियार ने संदिग्ध परिस्थितियों में घर के अंदर फंदा लगाकर जान दे दी। फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल से नमूने संकलित किए। थाना प्रभारी ने बताया कि घटना की वजह स्पष्ट नहीं है। युवक के अवसाद में रहने की बात सामने आ रही है। मामले में अहम बिंदुओं को शामिल कर जांच पड़ताल की जा रही है।

चोरी की बाइक के साथ एक गिरफ्तार, दूसरा फरार

कानपुर देहात। मुंगीसापुर चौकी इंचार्ज राहुल कुमार ने कस्बे के पास से ओमी कटियार को चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार किया है, जबकि मौके का फायदा उठाकर उसका साथी सुनील भाग गया। डेरापुर थाना प्रभारी अनिल कुमार ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त का पूर्व में आपराधिक इतिहास रहा है।

मेडिकल स्टोर संचालक लापता, गुमशुदगी दर्ज

रुरा। कस्बे के कमलानगर के रहने मेडिकल स्टोर संचालक अरुण कुमार अवस्थी मंगलवार रात को मेडिकल स्टोर बंद करके घर के लिए निकले थे, किन्तु घर नही पहुंचे। परिजनों में काफी खोजबीन की, पता न चल सका।

344 करोड़ का माल बिना जीएसटी बेचने का आरोप

राधे-राधे इस्पात फर्म पर तीन दिन पहले हुई थी छापेमारी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- डीजी ऑफ जीएसटी इंटेलिजेंस लखनऊ और कानपुर की टीमों की कार्रवाई

अमृत विचार। 52 करोड़ रुपये की टैक्स चोरी के मामले में पकड़े गए राधे-राधे इस्पात प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक नवीन जैन पर 344 करोड़ रुपये का माल बिना जीएसटी चुकाए बेचने का आरोप है। जीएसटी इंटेलिजेंस की टीम लखनऊ में की गई कार्रवाई के दौरान मिले इनपुट पर शहर पहुंची थी।

डायरेक्टर जनरल ऑफ जीएसटी इंटेलिजेंस लखनऊ और कानपुर की संयुक्त टीमों ने तीन दिन पहले राधे-राधे इस्पात के निदेशक के किदवई नगर स्थित आवास, फजलगंज स्थित कार्यालय, फतेहपुर और बुंदेलखंड स्थित प्लांट पर छापा मारा था। प्लांट में सरिया का उत्पादन होता है। इसके साथ ही लाल बंगला स्थित डीलर

प्रेम जायसवाल और कर्तिकेय जायसवाल के प्रतिष्ठान पर भी कार्रवाई की गई थी। कर्तिकेय से पूछताछ भी की गई थी। सूत्रों के अनुसार लखनऊ में एक कारोबारी के यहां पर कार्रवाई के दौरान मिले इनपुट के बाद यहां पर छापा मारा गया था। जांच-पड़ताल में करोड़ों की गड़बड़ी के साक्ष्य मिलने के बाद नवीन जैन को गिरफ्तार किया गया है। विशेष लोक अभियोजक अंबरीश टंडन ने रिमांड पर कोर्ट में तर्क रखा कि डायरेक्टर जनरल ऑफ जीएसटी इंटेलीजेंस लखनऊ की टीम ने नवीन जैन को 52 करोड़ रुपये की जीएसटी चोरी के मामले में गिरफ्तार किया है, वह फर्म के निदेशक हैं।

इसलिए उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेजा जाए। वहीं, नवीन की ओर से अधिवक्ता ने रिमांड के विरोध में तर्क रखा कि अपराध में पांच साल से कम की सजा का प्रावधान है। नवीन को फंसाने के लिए झूठे सबूत पेश किए गए हैं। इसके बाद नवीन के अधिवक्ता की ओर से एक प्रार्थना पत्र कोर्ट में देकर कहा गया कि नवीन हार्निया की बीमारी से ग्रस्त हैं इसलिए उन्हें जेल के बजाए इलाज के लिए अस्पताल भेजा जाए।

आदेश न मानने वाले स्कूलों की मान्यता रद हो

कानपुर। न्याय संघर्ष समिति के संयोजक अभिमन्यु गुप्ता ने बुधवार को एडीएम न्यायिक सूरज यादव को अभिभावकों की तरफ से शिकायती और मांग पत्र दिया। उन्होंने प्रशासन का आदेश न मानने वाले स्कूलों की मान्यता रद्द करने और कुर्की करके अभिभावकों का पैसा वापिस दिलवाने की मांग की।अभिमन्यु गुप्ता ने कहा कि कुछ अहंकारी और अकड़ से भरे निजी स्कूल मालिक जो अभिभावकों को केवल धन कमाने का जरिया मात्र लेते हैं, उनको कड़ी सजा मिलनी चाहिए। वो अपने को देश के संविधान और कानून से ऊपर मानते हैं। इस पर एडीएम न्यायिक सूरज यादव ने आश्वासन दिया कि कमेटी बन गई है और कार्यवाही सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी दी गई है। कोई निजी स्कूल मालिक झूठ नहीं बोल पाएगा। क्योंकि समायोजन या फीस वापसी का लाभ मिलने वाले सभी छात्रों की सूची मांगी जाएगी और सत्यापन भी होगा।

जनरल, वेटिंग टिकट वाले आरक्षित कोचों में घुसे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। ट्रेनों में ओवरक्राउड की समस्या आरक्षित टिकटधारी यात्रियों को झेलनी पड़ रही है। यात्रियों की शिकायत के बाद भी टीटीई व रेलवे स्टाफ सुनवाई नहीं कर रहा है। बुधवार को पुरुषोत्तम एक्सप्रेस और ब्रह्मपुत्र मेल मंट यात्रियों को पसीना छूट गया। यात्री आरक्षित कोच में खड़े-खड़े यात्रा करने को मजबूर रहे।

नई दिल्ली से पहरपुर तक जाने वाली 12802 पुरुषोत्तम एक्सप्रेस में जबरदस्त ओवरक्राउड रहा। जनरल और वेटिंग टिकट लेकर यात्री आरक्षित कोचों में सवार रहे। यात्रियों ने इसकी बार-बार शिकायत की, लेकिन कोई रेलवे अधिकारी अटेंड करने नहीं पहुंचा। इसी तरह ब्रह्मपुत्र मेल 15657 के एस-वन और एस-टू कोच में ओवरक्राउड से यात्री बेहाल हो गए। पुरानी दिल्ली से कामख्या जाने वाली वाली ट्रेन के आरक्षित कोच में यात्री खड़े होकर

ओवरक्राउड के कारण ट्रेनों में खड़े-खड़े सफर कर रहे यात्री।

सफर कर रहे थे। कोच में जनरल यात्रियों का सामान भरा था। सेंट्रल स्टेशन पहुंचने पर इस ट्रेन में भी कोई अधिकारी चेकिंग करने नहीं पहुंचा। यह तब है जब मंडल रेल प्रबंधक हिमांशु बडोनी के निर्देश पर ओवरक्राउडिंग के खिलाफ अभियान चलाने का सख्त आदेश है। आरक्षित कोचों में प्रतीक्षा सूची टिकटों के साथ पाए जाने पर यात्रियों को उतारकर शिफ्ट करने का आदेश है। दोनों ट्रेनों के यात्रियों के अनुसार जनरल कोच के यात्री कोचों में सवार थे।

पनकी मंदिर के महंतों से मांगी रंगदारी, दी धमकी

कानपुर। सुप्रसिद्ध पनकी धाम मंदिर के मंहतों ने क्षेत्र के दबंग व उसके साथियों पर मंदिर प्रबंधन के कार्य क्षेत्र में जबरन हस्तक्षेप, रंगदारी व जान से मारने की धमकी का आरोप लगाकर थाने में शिकायत की है। पनकी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पंचमुखी हनुमान मंदिर पनकी के महंत कृष्ण दास और मंहत जितेन्द्र दास के अनुसार पनकी नहर पट्टी बी ब्लॉक निवासी विनोद शुक्ला व अपने साथियों के साथ मिलकर आए दिन मंदिर के प्रबंधन में हस्तक्षेप का प्रयास करता है। 15 जून को विनोद शुक्ला अपने साथियों के साथ आया और हर महीने एक लाख रुपये की रंगदारी मांगी। महंतों ने विरोध किया तो आरोपी ने झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी और जान से मारने की धमकी दी। महंतों ने शिकायत पुलिस कमिश्नर से की। पनकी पुलिस ने आरोपी विनोद शुक्ला व उसके अज्ञात साथियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

तकनीकी खराबी से एक घंटा खड़ी रही महानंदा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- गर्मी और उसम से बेहाल हुए यात्री, किया हंगामा

अमृत विचार। सिक्किम महानंदा एक्सप्रेस बुधवार को तकनीकी खराबी के कारण एक घंटा सेंट्रल स्टेशन पर खड़ी रही। गर्मी और उमस से बेहाल यात्रियों का सब्र टूट गया तो हंगामा किया। वहीं प्रयागराज के पास हावड़ा रूट पर मालगाड़ी डिरेल होने से कई ट्रेनों का आवागमन बाधित रहा।

अलीपुरद्वार से पुरानी दिल्ली जाने वाली 15484 सिक्किम महानंदा एक्सप्रेस बुधवार दोपहर बाद 3.59 बजे प्लेटफार्म नंबर सात पर पहुंची। निर्धारित ठहराव के बाद जब ट्रेन रवाना नहीं हुई तो यात्रियों ने अधिकारियों से कारण पूछा, मगर कोई उचित जवाब नहीं मिला। उधर, गर्मी और उमस से

बेहाल यात्रियों का सब्र टूटने पर हंगामा करना शुरू कर दिया। जब जाकर यात्रियों को बताया गया कि ट्रेन में कुछ तकनीकी खराबी है, जिसे दुरुस्त किया जा रहा है। करीब एक घंटे बाद 4.59 बजे ट्रेन रवाना हो सकी। वहीं हावड़ा रूट पर प्रयागराज के पास एक मालगाड़ी डिरेल होने जाने से कई ट्रेनें आगे नहीं बढ़ सकी। इससे कई ट्रेन एक-दो घंटे देरी से सेंट्रल स्टेशन पहुंचीं।

भाजपा नेता के खिलाफ सख्त करवाई की मांग

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सांसद अखिलेश यादव व पुलिस का अपमान करने का आरोप

अमृत विचार। समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष हाजी फजल महमूद बुधवार को प्रतिनिधि मंडल के साथ पुलिस कमिश्नर कार्यालय पहुंचे, यहां पर उन्होंने पुलिस कमिश्नर की स्टाफ ऑफिसर एडीसीपी अमिता सिंह को ज्ञापन दिया। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व सांसद अखिलेश यादव और कानपुर पुलिस प्रशासन का अपमान करने वाले भाजपा नेता के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने की मांग की।

जिलाध्यक्ष हाजी फजल महमूद बताया कि 24 जून को गोविंद नगर थाना प्रभारी अपनी टीम के साथ दीप सिनेमा चौराहा पर वाहन चेकिंग कर रहे थे। वाहन चेकिंग के समय भाजपा नेता शैलेंद्र त्रिपाठी निकले तो पुलिस ने उनका भी वाहन रोककर चेकिंग करने लगे, जिसपर भाजपा नेता भड़क गए और वह पुलिस

पुलिस कमिश्नर की स्टाफ ऑफिसर एडीसीपी अमिता सिंह को ज्ञापन देता सपा का प्रतिनिधि मंडल। अमृत विचार

पर समाजवादी पार्टी के इशारे व अखिलेश यादव के कहने पर भाजपा नेता की गाड़ी चेक करने का आरोप लगाने लगे। साथ ही उन्होंने थाना प्रभारी को देख लेने और हिसाब करके जाने की धमकी दी। वही, भाजपा नेता ने पुलिस प्रशासन व सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व सांसद अखिलेश यादव को गालियां दी। आपत्ति जनक टिप्पणी कर अपमान किया। कहा कि इसकी सपा कटु शब्दों में निंदा करती है। यह अपमान कानपुर पुलिस प्रशासन का अपमान है। इस दौरान प्रदेश सचिव केके शुक्ला, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिंटू, महासचिव संजय सिंह बंटी सेंगर, अनवर अली मिर्जा, नरेंद्र सिंह, ,नन्दलाल जयसवाल, अर्पित त्रिवेदी, ज मालुद्दीन जुनैदी, अरमान खान, सुलेखा यादव, रमेश यादव, केके मिश्रा, हाजी आयूब आलम, परमवीर सिंह गंभीर, सत्यनारायण गहरवार, महेन्द्र सिह, रजत मिश्रा, आसिफ कादरी, आकाश यादव, उमा देवी, इशरत इराकी, निशांत गुप्ता राहुल शर्मा समेत आदि सपाई रहे।

सार-संक्षेप

विजेता टीम क्रेजी रेंजर्स के खिलाड़ी। अमृत विचार

फाइनल में भिड़ेंगे मयूर मिरेकल्स और क्रेजी रेंजर्स

कानपुर। आजाद कुमार जैन टीएसएच चैलेंजर ट्रॉफी में बुधवार को सेमीफाइनल के दो मुकाबले खेले गए। जिसमें मयूर मिरेकल्स व क्रेजी रेंजर्स ने जीत दर्ज कराकर फाइनल में अपनी जगह बनाई। कानपुर क्रिकेट एसोसिशएन (केसीए) की ओर से आयोजित चैलेंजर ट्रॉफी का सेमीफाइनल मुकाबला बुधवार को बीएसए मैदान पर खेला गया। पहले मैच में मयूर मिरेकल्स ने 18 ओवर में 9 विकेट पर 154 रन बनाए। टीम के धनंजय यादव ने 41, उपेंद्र यादव ने 30 रन बनाए। गेंदबाजी में दिव्य प्रकाश ने 4, आर्कषण शुक्ला और नितिन यादव ने 2-2 विकेट झटके। जवाब में पटेल प्रापर्टीज 13.1 ओवर में मात्र 74 रन पर ऑल आउट हो गई। टीम से सुमित सिंह ने सर्वाधिक 18 रन बनाए। विजयी टीम से भरत अवस्थी ने 3, मो. शारिम और मो. बासित ने 2-2 विकेट लिए। मो. शारिम को मैन ऑफ द मैच चुना गया। दूसरे मैच में कलावती सुपरकिंग्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 7 विकेट पर 120 रनों का लक्ष्य दिया। टीम के आदित्य दीक्षित ने 22 रन बनाए। गेंदबाजी में समन्वय दीक्षित और शौर्य सिंह ने 2-2 विकेट लिए। जवाब में क्रेजी रेंजर्स टीम ने 16.3 ओवर में 4 विकेट पर 121 रन बनाकर जीत हासिल की। रौनक सिंह ने 34, सौरभ त्रिपाठी ने 22, सत्य प्रकाश ने नाबाद 19 रनों का योगदान दिया। गेंदबाजी में कृष्ण मोहन और शशांक ने 1-1 विकेट लिए। समन्वय दीक्षित को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

नगर आयुक्त ने छोड़ी कुर्सी, अपर को दिया चार्ज

कानपुर। नगर आयुक्त शिवशरणप्पा जीएन ने बुधवार को चित्रकूट डीएम का चार्ज ले लिया। वह सुबह 10 बजे ही नगर आयुक्त आवास से चित्रकूट के लिये निकल गये। उन्होंने नगर निगम में अपना चार्ज अपर नगर आयुक्त प्रथम मो. आवेश को दिया है। नगर आयुक्त के स्थानंतरण के बाद बुधवार को नगर निगम में कोई बड़ी बैठक नहीं हुई। हालाकि, ट्रांसफर के बीच ठेकेदारों की नगर निगम में चहलकदमी देखी गई। पूर्व में जमा फाइलों के भुगतान और नये काम की फाइलों की जानकारी ठेकेदार अभियंत्रण विभाग से लेते रहे।

समाचार पत्र विक्रेता समिति अध्यक्ष को दी बधाई

कानपुर। समाचार पत्र विक्रेता सेवा समिति के अध्यक्ष सुभाष द्विवेदी को 36 वीं वैवाहिक वर्षगांठ पर पत्र विक्रेताओं ने बधाई दी। उनकी लंबी उम्र और सुखमय जीवन की कामना की। इस मौके पर सुभाष द्विवेदी ने पत्नी रानी द्विवेदी के साथ केक काटा। उन्हें बधाई देने वालों में सनद मिश्रा, सतेंद्र मिश्रा, भरत मिश्रा, राजेन्द्र, सर्वेश, श्रीकिशन आदि शामिल रहे।

पत्नी रानी के साथ सुभाष द्विवेदी।

पत्र विक्रेता को जन्मदिन पर दी बधाई

कानपुर। बर्रा सेंटर के वरिष्ठ समाचार पत्र विक्रेता अमित यादव को उनके जन्मदिन पर साथी पत्र विक्रेताओं ने बधाई दी। साथियों ने केक काटकर और मिठाई खिलाकर उनकी लंबी उम्र और सुखमय जीवन की कामना की। इस मौके पर उनको बधाई देने वालों में भुल्ला, राजेश, अमर यादव आदि प्रमुख रूप से शामिल रहे।

अमित यादव।

घायल दिनेश की विधायक ने मदद की

संवाददाता, कानुपर

अमृत विचार। जम्मू में यात्रियों की बस पर हुए आतंकी हमले में जवाहर नगर निवासी दिनेश गुप्ता घायल हो गए थे, जिनको हैलट अस्पताल में इलाज के लिए भेजा गया था। सपा विधायक अमिताभ बाजपेई के मुताबिक हैलट में आंखों के विशेषज्ञ डॉक्टर ना होने के कारण घायल दिनेश को केजीएमयू लखनऊ रेफर किया गया।

उनको वहां से भी निराश होकर लौटना पड़ा। सूचना मिलने पर विधायक अमिताभ बाजपेई ने बुधवार को घायल दिनेश से मिले और व्यक्तिगत रूप से उन्हें 20 हजार रुपये की आर्थिक मदद दी, ताकि वह दिल्ली के एम्स में जाकर अपना इलाज करा सके। वहीं, उन्होंने हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। इसके साथ ही विधायक ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर आर्थिक मदद करने का भी अनुरोध

घायल दिनेश को आर्थिक मदद देते सपा विधायक अमिताभ बाजपेई। अमृत विचार

किया। विधायक ने कहा कि भाजपा सरकार हर तरह से फेल है। ना वह आतंकी हमला रोक पाई और आतंकी हमले में घायल दिनेश का इलाज भी ना करा पा रही है। स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक पूरी तरीके निष्क्रिय हैं। इस दौरान नीरज सिंह, संजय सिंह, कृष्णा शर्मा, मालू गुप्ता, राजेंद्र मोबाइल, अजय शुक्ला आदि मौजूद रहे।

बटरफ्लाई और क्रेजी क्राउड ने जीते मैच

- जीसीपीएल टूर्नामेंट में खिलाड़ियों ने लगाए चौके और छक्के
- क्रेजी के रोहित बंदोह ने जड़ा शानदार शतक

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। गैंजेस क्लब प्रीमियर लीग (जीसीपीएल) में बुधवार को खेले गए दो मुकाबलों में खिलाड़ियों ने जबरदस्त प्रदर्शन किया। क्रेजी क्राउड ब्लास्टर टीम के रोहित बंदोह ने शानदार शतक जड़ा। वहीं दूसरे मुकाबले में बटरफ्लाई रॉयल्स ने फॉर्चून फाइटर को हराया।

गैंजेस क्लब की ओर से आयोजित जीसीपीएल मुकाबले में खेले गए पहले मैच में क्रेजी क्राउड ब्लास्टर बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 12 ओवर में 3 विकेट पर 240 रन बनाए। टीम के रोहित बंदोह ने शानदार शतक 106 रन और सुमित धवन ने 53 रन बनाए। गेंदबाजी में ईशान चुग और अभिषेक सिंह ने 1-1 विकेट लिया। जवाब में एक्लेयर जाफरान टीम ने 12 ओवर

क्रेजी क्राउड ब्लास्टर टीम के खिलाड़ी रोहित बंदोह को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार देते विजय कपूर व अन्य। अमृत विचार

में 3 विकेट पर 208 रन ही बना सकी। टीम से अश्विनी कोहली 59, नीतीश 46, विशाल जैन 41 व रिशेक ने 38 रनों का योगदान दिया। रोहित बंदोह को मैन ऑफ द मैच चुना गया। दूसरे मैच में बटरफ्लाई रॉयल्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 12 ओवर मे चार विकेट पर 249 रनों का लक्ष्य दिया। टीम के तेजस कनोडिया ने 63, गौरव कनोडिया ने 52, एस कनोडिया ने नाबाद 56 रन की पारी खेली। गेंदबाजी में मानव लूथरा ने 2 विकेट लिए। जवाब में फॉर्चून फाइटर टीम निर्धारित 12 ओवर में 6 विकेट पर 125 रन ही बना सकी। निशांत सक्सेना 36, गौतम खेमका ने 29 रन बनाए। विजयी टीम के सेतेजस कनोडिया ने 3, यश कनोडिया ने 2 विकेट झटके।

सुधार की राह | प्रदेश सरकार ने सभी जिलों में ड्राइविंग ट्रेनिंग सेंटर स्थापित करने का लिया है फैसला

सड़क हादसे रोकने को खुलेगा ड्राइविंग ट्रेनिंग सेंटर

जमीर सिद्दीकी, कानपुर

- कुशल चालक बनने की ट्रेनिंग लेने वालों के लिए सेंटर पर होगी ठहरने की व्यवस्था
- संभागीय परिवहन कार्यालय को मिले कानपुर और देहात जिले से प्रस्ताव, भूमि की हो रही तलाश

अमृत विचार। देश भर में सड़क हादसे लगातर बढ़ रहे हैं। इसका मुख्य कारण सड़क सुरक्षा नियमों का पालन नहीं करना है। केंद्रीय सड़क परिवहन राजमार्ग मंत्रालय के मुताबिक सर्वाधिक हादसे तेज गति, लापरवाही या नशे की हालत में वाहन चलाने से होते हैं। बीते दो साल में उत्तर प्रदेश में सबसे ज्यादा लोगों ने सड़क हादसों में जान गंवाई है।

इन आंकड़ों को देखते हुए प्रदेश की योगी सरकार ने सभी जिलों में ड्राइविंग ट्रेनिंग सेंटर स्थापित करने का फैसला लिया है। इस सेंटर में ट्रेनिंग लेने वालों के लिए ठहरने की व्यवस्था भी की जाएगी।

प्रदेश सरकार का फैसला अमल में लाने के लिए कानपुर और कानपुर देहात में ड्राइविंग ट्रेनिंग सेंटर खोलने का प्रस्ताव तैयार किया जा चुका है। इस ट्रेनिंग सेंटर का उद्देश्य लोगों को सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने के लिए जवाबदेह बनाने के साथ कुशल वाहन चालक बनाना है। सड़क परिवहन राजमार्ग मंत्रालय का मानना है कि अधकचरी ड्राइविंग से सबसे ज्यादा हादसे होते हैं। देश में बड़ी संख्या में लोगों को मार्ग पर लगे संकेतक की सही जानकारी नहीं है। इसी तरह तमाम वाहन चालकों को मार्ग पर वाहन मोड़ने से पहले क्या संकेत देना है, क्या-क्या ख्याल रखना है, आगे चल रहे वाहन से कितनी दूरी बनाकर रखें, वाहन की गति कितनी होनी चाहिए, रात में हार्न के बजाए डिपर का प्रयोग ज्यादा होना चाहिए की सही जानकारी नहीं होना भी हादसों का कारण बनता है। यही वजह है कि प्रदेश सरकार अधकचरी ड्राइविंग को परफेक्ट ड्राइविंग में बदलना चाहती है।

कानपुर में इस माह प्रमुख सड़क हादसे

- बिधनू थानाक्षेत्र में शंभुआ आरओबी पर ट्राला और पिकअप की भिड़ंत के बाद दोनों वाहनों में आग लग गई थी। पिकअप मालिक व व्यापारी की जलकर मौत हो गई थी।
- महाराजपुर थानाक्षेत्र में सिकठियापुरवा में वैन सवार को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर। हादसे में वैन चालक की मौत।
- फजलगंज चौराहे के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत, हादसे में युवक की शिनाख्त नहीं।
- महाराजपुर थानाक्षेत्र में हाईवे पर तेज रफ्तार डग्गामार वाहन ने सड़क पार कर रही चार महिलाओं को रौंद दिया। चारों की मौत हो गई थी।
- कोहना में नशे में धुत कार सवार ने सींचपाल को कुचल दिया।

क्या बोले अधिकारी

सभी जिलों में दो-दो एकड़ जमीन पर ड्राइविंग ट्रेनिंग सेंटर खोला जाएगा। इसके लिए जमीन की तलाश शुरू हो गई है। कानपुर नगर और कानपुर देहात समेत कई जिलों से प्रस्ताव आए हैं। ड्राइविंग ट्रेनिंग सेंटर में अभ्यर्थियों के रुकने की व्यवस्था भी की जाएगी।

-संजय सिंह, संभागीय परिवहन अधिकारी

हादसों में चौथे नंबर पर कानपुर

देशभर में गाजियाबाद, कानपुर, नोएडा, जयपुर में सबसे ज्यादा सड़क हो रहे हैं। इनमें कानपुर सड़क हादसों के मामले में चौथे स्थान पर है। 2021 में कानपुर में 1354 हादसे हुए जिसमें 598 लोगों की जान चली गयी। इसी प्रकार साल 2022 में 1424 हादसे हुए और 640 लोगों की कानपुर में जान चली गई।

मजबूत मानसिक शक्ति से हारता रोग

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। कैंसर के इलाज के दौरान मरीजों की रोग से लड़ने की ताकत सबसे महत्वपूर्ण होती है। मरीज अपनी मानसिक शक्ति से इस बीमार को हरा सकते हैं। कैंसर अब लाइलाज बीमारी नहीं है, बस इसकी पहचान, जांच और उसके बाद अच्छी तरह से इलाज करना एक मरीज के लिए काफी जरूरी है। ऐसे कई मरीज हैं, जिन्होंने रीजेंसी अस्पताल में इलाज कराने के बाद कैंसर को मात दी और वह अब लोगों को जागरूक भी कर रहे हैं।

सर्वोदय नगर स्थित रीजेंसी अस्पताल में बुधवार को रेडिएशन से ठीक हुए कैंसर वॉरियर्स के लिए समारोह का आयोजन किया गया। कैंसर वॉरियर्स ने शुरुआती लक्षण और बीमारी के दौरान हुई कठिनाइयों का जिक्र किया, जिसे सोचकर कुछ वॉरियर्स की आंखों में आंसू आ गए। अस्पताल की फैकल्टी

रीजेंसी अस्पताल में कैंसर वारियर्स के साथ मौजूद डॉक्टर। अमृत विचार

केस 01 उन्नाव के पूर्वा मौरावा निवासी छह वर्षीय बच्ची के पेट में कैंसर हो गया था, जिसकी वजह से उसकी यूरिन में ब्लड आ रहा था। परिजनों ने बच्ची का रीजेंसी अस्पताल में इलाज कराया, जो अब पहले से स्वस्थ है।

केस 02 शहर के एक 65 वर्षीय बुजुर्ग की जीभ में कैंसर हो गया था, उन्होंने मुंबई में सर्जरी कराई थी। उनको कुछ भी खाने-पीने में तकलीफ होती थी। चौथी स्टेज में रीजेंसी में आकर उन्होंने इलाज कराया, जिसके बाद वह अब स्वस्थ हैं।

ने कैंसर वॉरियर्स का सम्मान किया। रेडिएशन आंकोलॉजिस्ट डॉ.आशीष राज कुलश्रेष्ठ ने बताया कि मजबूत इरादों से ही कठिन से कठिन मंजिल को पाया जा सकता है। डॉ.नारायण प्रताप सिंह ने बताया कि समारोह की थीम आशा की किरण रही। शरीर में होने वाले छाले, रक्तस्त्राव व गांठ को नजर अंदाज नहीं करना चाहिए। कैंसर की पहचान होने पर सबसे ज्यादा मानसिक शक्ति का मजबूत होना जरूरी है।

एक नजर

सैनिक बंधु की बैठक 27 को

उन्नाव। जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी ने बताया कि 27 जून को दोपहर डेढ़ बजे डीएम गौरांग राठी की अध्यक्षता में कलक्ट्रेट के पन्नालाल हाल में जिला सैनिक बंधु की बैठक होगी। जिसमें समस्याएं व शिकायतें सुनकर उनका निराकरण कराया जाएगा। उन्होंने जिले के सभी सेवारत सैनिकों, पूर्व सैनिकों व उनके आश्रितों से प्रस्तावित बैठक में शामिल होने की अपील की है।

शहर में रोजगार मेला कल

उन्नाव। अटल बिहारी इंटर कालेज के प्रधानाचार्य अजब सिंह यादव ने बताया कि 28 जून को इंटर कालेज परिसर में आल इंडिया सोसाइटी फार इलेक्ट्रानिक्स एंड कंप्यूटर टेक्नोलाजी (एआईएसईसीटी) संस्था द्वारा रोजगार मेला आयोजित किया जा रहा है, जिसमें संबंधित ट्रेड की करीब डेढ़ दर्जन कंपनियां शामिल होंगी। उन्होंने बताया कि शिक्षित बेराजगार युवक रोजगार मेले में शामिल होकर अपना करियर बना सकते हैं। इसके लिए होने वाले साक्षात्कार में उन्हें बायोडाटा, दो नवीनतम पासपोर्ट फोटो व आधार कार्ड की प्रति के साथ शामिल होना चाहिए।

बकरियों ने चारा खाया मारपीट में 5 गंभीर घायल

बांगरमऊ उन्नाव। दरवाजे पर रखा चारा पड़ोसी की बकरियों द्वारा खाने को लेकर दो पक्षों में जमकर लाठी-डंडे चले। इसमें दोनों पक्षों से दो महिलाओं सहित पांच लोग गंभीर घायल हो गए। सीएचसी के डाक्टर ने घायलों को नाजुक हालत में जिला अस्पताल रेफर किया गया। कोतवाली क्षेत्र के गांव भिखारीपुर कस्बा निवासी गोपाल के चाचा सीताराम की बकरियां बीती मंगलवार शाम पड़ोसी पप्पू के दरवाजे रखा हरा चारा खा गईं। इसे लेकर गोपाल व पप्पू में कहासुनी व गालीगलौज होने लगी। झगड़ा तूल पकड़ते ही दोनों पक्षों के करीब एक दर्जन महिला-पुरुष लाठी-डंडे लेकर आ गए और एक-दूसरे पर वार करने लगे। झगड़े में एक पक्ष के गोपाल, उसकी पत्नी पुष्पा व गरिमा पत्नी वीरेंद्र और दूसरे पक्ष से पप्पू व उसकी पत्नी राजपती लहूलुहान हो गए। झगड़े के बाद दोनों पक्षों के अन्य परिजन घायलों को कोतवाली लाए। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया। जहां डाक्टर ने सभी की हालत गंभीर देख जिला अस्पताल भेज दिया।

छत से नीचे गिरी बच्ची हालत गंभीर

बांगरमऊ। कोतवाली क्षेत्र के गांव रबड़ी निवासी अमर सिंह भीषण गर्मी के चलते अपनी एक वर्षीय बेटी मोहिनी व अन्य पारिवारिक सदस्यों के साथ घर की छत पर सो रहे थे। रात में मोहिनी किसी तरह छत के किनारे जा पहुंची और लड़खड़ाकर जमीन गिर गई। इसमें वह गंभीर घायल हो गई। पिता बेटी को आनन-फानन सीएचसी लाया। जहां चिकित्सकों ने उसे गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

दबंगों पर मजदूरों को पीटने का आरोप लगा दी तहरीर

हसनगंज। कोतवाली क्षेत्र के अबनपुर निवासी शिवम पुत्र मेवालाल व रंजीत पुत्र मुन्नी ने कोतवाली में शिकायती पत्र देकर बताया कि वे फरहदपुर आम मंडी में याकूब की आढ़त पर काम करते हैं। बुद्धवार दोपहर चौहान व टिंकल अपने कुछ अज्ञात साथियों के साथ आढ़त पर आए और उन्हें जातिसूचक गालियां देते हुए लाठी-डंडों से पीटने लगे। बचाव के लिए वे आम की पेटियों के पीछे छुप गए। राहगीरों व व्यापरियों ने जैसे-तैसे उन्हें बीच-बचाव कर बचाया। इसे लेकर कोतवाली प्रभारी चंद्रकांत मिश्र ने बताया कि प्रार्थनापत्र मिला है। मामले की जांच की जा रही है।

पोल्ट्री फार्म के भवन को बुलडोजर से ढहाया गया

जिलाधिकारी के आदेश पर ग्राम समाज की भूमि कराई कब्जा मुक्त

संवाददाता सोहरामऊ उन्नाव

अमृत विचार। सोहरामऊ थानाक्षेत्र में चल रहे अमन पोल्ट्री फार्म पर आखिरकार बुधवार को प्रशासनिक कार्रवाई की गई। डीएम के आदेश पर पोल्ट्री फार्म पर बुल्डोजर चलाकर उसे ध्वस्त करवा दिया गया। इस दौरान तहसील अधिकारियों के साथ फोर्स भी मौजूद रहा।

बता दें कि यह पोल्ट्री फार्म क्षेत्रीय लोगों के लिए समस्या बना हुआ था। मख्यियों व दुर्गंध से परेशान लोगों का जीवन बेहाल था। फार्म मालिकान की अच्छी पकड़ के चलते वर्षों से उसे कार्रवाई से बचाया जा रहा था। चुनाव के समय मतदान बहिष्कार को लेकर इस गांव में बैनर लगाए गए थे। साथ ही वोटिंग के दिन दो बजे तक वोट का बहिष्कार हुआ था। एसडीएम हिमांशु गुप्ता व सीओ संतोष सिंह की समझाने के बाद गांव के लोग वोट करने को तैयार हुए थे, एसडीएम हसनगंज द्वारा लेखपाल इंद्रसेन की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर लाइट कटवाई गई। पुनः लाइट जोड़ने पर बिजली विभाग से एक और रिपोर्ट दर्ज हुई।

पोल्ट्री फार्म को ध्वस्त करती जेसीबी व मौजूद अधिकारी। अमृत विचार

पोल्ट्री फार्म द्वारा ग्राम समाज पर कब्जा की गई जमीन पर प्रशासन का चला बुलडोजर गांव में बना पोल्ट्री फार्म निर्माण के बाद से ही अक्सर विवादों से घिरा रहता है। कुछ दिन पहले ग्राम प्रधान विजयपाल लोधी ने तहसील में प्रार्थना पत्र देकर गांव के (532 ख) चकरोड पर पोल्ट्री फार्म कब्जे की शिकायत की थी। 164 की कार्यवाही के बाद लेखपालों द्वारा जमीन की नाप कर 12 बिस्वा सरकारी जमीन पोल्ट्री फार्म के द्वारा कब्जा करने की बात कही गई थी। जिसका एसडीम हसनगंज हिमांशु गुप्ता ने संज्ञान लेते हुए, नायब तहसीलदार व लेखपालों की 8 सदस्यीय टीम लेकर बुधवार शाम पोल्ट्री फार्म के अवैध निर्माण को गिराया। इस दौरान एसडीम हसनगंज हिमांशु गुप्ता, नायब तहसीलदार पूर्णिमा तिवारी, लेखपाल अरविंद गुप्ता, सुशील शुक्ला, इंद्रसेन यादव आदि राजस्व विभाग की टीम मौजूद रही।

कस्तूरबा विद्यालयों की छात्राएं अब बनेंगी एनसीसी कैडेट्स

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के निर्देश के बाद डीजी स्कूल शिक्षा ने दिया आदेश

अमृत विचार। अब उच्चीकृत कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों की छात्राएं एनसीसी कैडेट्स बनाई जाएंगी। डीजी स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा ने सभी बीएसए को पत्र जारी कर इन विद्यालयों में प्राथमिकता से एनसीसी का विस्तार कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि इसके लिए रक्षा मंत्रालय ने प्रदेश में तीन लाख कैडेट्स की क्षमता बढ़ाई है।

बता दें कि नारी सशक्तिकरण के तहत अब विद्यालयों व कार्यालयों तक सीमित न रहकर आधी आबादी सेना, अर्द्ध सैनिक बल, पुलिस, रेल व अन्य विभागों में विभिन्न पदों पर कार्यरत हो रही है। महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के साथ केंद्र सरकार आत्मसुरक्षा में भी स्वावलंबी बनाना चाहती है। माना जा रहा है कि इसीलिए एनसीसी के विस्तार पर जोर दिया जा रहा है। रक्षा मंत्रालय की संयुक्त सचिव निष्ठा उपाध्याय ने इसके लिए 17 मई-2024 को शिक्षा मंत्रालय की संयुक्त सचिव अर्चना शर्मा अवस्थी को पत्र भेजकर न सिर्फ नवोदय व केंद्रीय विद्यालयों, बल्कि कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालयों में भी एनसीसी यूनिट के संचालन को कहा था। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय से मिले पत्र के आधार पर डीजी ने बीएसए को पत्र जारी किया है। इसमें कहा गया है कि रक्षा मंत्रालय द्वारा एनसीसी कैडेट्स की बढ़ाई गई तीन लाख रिक्तियों को भरा जाना है। इसके लिए छात्राओं को एनसीसी कैडेट्स के तौर पर प्रशिक्षित कराया जाना है। इसलिए कस्तूरबा विद्यालयों में प्राथमिकता से एनसीसी यूनिट का संचालन कराने के प्रबंध किए जाएं। उच्चाधिकारी ने बीएसए को निकटस्थ एनसीसी यूनिट, कार्यालय में संपर्क कर उच्चीकृत कस्तूरबा विद्यालयों के लिए एनसीसी कैडेट्स के पद आवंटित कराने के निर्देश दिए हैं। उल्लेखनीय है कि पहले कक्षा 6 से 8 तक संचालित किए जाते रहे कस्तूरबा विद्यालयों को इंटर तक किया जा रहा है। इसलिए कक्षा नौ से 12वीं की छात्राओं को कैडेट्स बनाया जाएगा।

बेकाबू डंपर ने बाइक सवार को टक्कर मारी, मौत

संवाददाता गंजमुरादाबाद उन्नाव

अमृत विचार। बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के कस्बा गंजमुरादाबाद में उन्नाव-हरदोई मार्ग पर बुधवार सुबह तेज रफ्तार डंपर ने बाइक में टक्कर मार दी। इसमें बाइक क्षतिग्रस्त हो गई और बाइक सवार गंभीर घायल हो गया। परिजन आनन-फानन उसे बांगरमऊ सीएचसी लाए। जहां डाक्टर ने उसे गंभीर देख हायर सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया। परिजन उसे लेकर लखनऊ जा रहे थे। तभी रास्ते में उसकी मौत हो गई।

अबू सायमा।

बता दें कि नगर के मोहल्ला अंसार मैदान निवासी नौशाद का पुत्र अबू सायमा बुधवार सुबह बाइक से उन्नाव-हरदोई मार्ग स्थित अपने बाग गया था। वह लौट आ रहा था, तभी रास्ते में हरदोई से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। इसमें वह गंभीर घायल हो गया। सूचना पर पहुंचे परिजन आनन-फानन उसे बांगरमऊ सीएचसी लाए। जहां डाक्टर ने उसे गंभीर देख हायर सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया। परिजन उसे लखनऊ ले जा रहे थे। तभी रास्ते में उसने दम तोड़ दिया। मौत की सूचना पर कस्बे में शोक की लहर दौड़ गई। बेटे का शव देख मां लैलतुन का बुरा हाल हो गया। परिजनों ने बिना पुलिस कार्रवाई के ही शव के अंतिम संस्कार की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

पोषण वाटिका और किचन गार्डन तैयार करने में जुट जाएं

संवाददाता बांगरमऊ उन्नाव

अमृत विचार। प्रदेश शासन के निर्देशानुसार नगर के मोहल्ला न्यू कटरा स्थित आरडीएस मेमोरियल स्कूल के सभागार में बुधवार को क्षेत्र पंचायत अंतर्गत सभी बेसिक व जूनियर विद्यालयों के प्रधान व इंचार्ज शिक्षकों की बैठक हुई। इसमें खंड शिक्षाधिकारी देवेंद्र सिंह पटेल द्वारा डीबीटी आधार वेरीफिकेशन, नवीन नामांकन व शारदा पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन व उपस्थिति समेत 15 बिंदुओं पर गहन समीक्षा की गई।

बैठक में खंड शिक्षाधिकारी ने सभी प्रधान व इंचार्ज शिक्षकों से आपरेशन कायाकल्प अंतर्गत कराए गए कार्यों को लेकर गहन पूछताछ की। साथ ही कंपोजिट ग्रांट से संपन्न वैकासिक कार्यों की भी चर्चा कर प्रगति की जानकारी लेते हुए अधूरे कार्य पूरे करने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने निपुण लक्ष्य की प्राप्ति, विभिन्न पंजिकाओं का डिजिटाइजेशन, विद्युत बिल, विद्युत मीटर, पोषण बाटिका व किचन गार्डन की भी समीक्षा की। उन्होंने बैठक में प्रेरणा पोर्टल पर प्रोमोटेड छात्र-छात्राओं के वेरीफिकेशन व नवीन छात्र-छात्राओं के रजिस्ट्रेशन पर भी जोर दिया। बैठक में अमित कुमार, अखिलेश, वंदना पाल, छत्रपाल व रमेश कुमार सभी पांचों एआरपी सहित ब्लॉक प्राथमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष रामसिंह कनौजिया, रेखा तिवारी, अनिल सिंह, रामदास पाल, गीता यादव, अखिलेश द्विवेदी, एहत्शाम अहमद, योगेंद्र बाजपेई, सेविना दीक्षित अर्चना गौतम व अजयपाल रहे।

बैठक में मौजूद शिक्षक-शिक्षिकाएं। अमृत विचार

डीआरएम ने देखा अमृत स्टेशन का निर्माण

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

अमृत विचार। मंडल रेल प्रबंधक एसएम शर्मा ने लखनऊ से डलमऊ विंडो टेलिंग निरीक्षण करते हुए जाते समय यहां स्टेशन पर रुके। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को अमृत स्टेशन का निर्माण कार्य युद्धस्तर पर कराने के निर्देश दिए। कहा कि निर्माण में गुणवत्ता बनाए रखने पर भी जोर दिया जाना चाहिए।

आनन-फानन में तय हुए निरीक्षण की जानकारी मिलते ही यहां स्टेशन चमकाने के प्रयास शुरू हो गए। सफाई कर्मचारियों सहित सभी एक साथ हरकत में आ गए और कमियों को दूर किया जाने लगा। डीआरएम को रायबरेली रेल रूट पर जाना था। इसलिए स्पेशल ठहरते ही वह यहां उतर पड़े। उन्होंने साथ आए अधिकारियों के साथ स्टेशन परिसर में शुरू अमृत स्टेशन के निर्माण की जानकारी ली। साथ ही निर्माण स्थल पहुंचकर मौका मुआयना भी किया। डीआरएम ने कहा कि जल्दी से जल्दी निर्माण पूर्ण करने के लिए युद्ध स्तर पर काम किया जाए। साथ ही गुणवत्ता से किसी तरह का समझौता नहीं किया जाएगा।

निरीक्षण के दौरान स्टाफ से बातचीत करते डीआरएम एसएम शर्मा। अमृत विचार

- लखनऊ से डलमऊ जाते समय कुछ समय के लिए उन्नाव स्टेशन पर ठहरे

इसलिए अभियंताओं की टीम अपनी देखरेख में कार्य कराए। उन्होंने स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक पर स्थित सहायक स्टेशन मास्टर कार्यालय पहुंचकर ड्यूटी पर तैनात स्टाफ से संरक्षा संबंधी सवाल किए। कहा कि यात्रियों की सुरक्षा सभी के लिए सर्वोपरि होनी चाहिए। साथ ही यात्रियों को सभी जरूरी सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाएं। इसी तरह उन्होंने सिग्नल कार्यालय का भी निरीक्षण किया।

लोडर ने पिता-पुत्र को मारी टक्कर, रेफर

पुरवा। कोतवाली सदर क्षेत्र के गांव बाबूखेड़ा निवासी राजेंद्र अपने बेटे शिवम के साथ बुधवार को स्कूटी से किसी काम से पुरवा आए थे। जहां से घर जाते समय क्षेत्र के ग्यारह मील के पास सामने से आ रहे लोडर ने उन्हें टक्कर मार दी। जिससे पिता-पुत्र सड़क पर गिरकर घायल हो गए। ग्रामीणों ने दोनों को सीएचसी बिछिया पहुंचाया। जहां उनकी हालत गंभीर होने पर डाक्टर ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लोडर को कब्जे में लेकर चालक को हिरासत में लिया है। कोतवाल कुंवर बहादुर सिंह ने बताया कि तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

सार-संक्षेप

मौके पर जांच करते सीओ। अमृत विचार

झील में उतरता मिला युवक का शव

पुरवा उन्नाव। पुरवा कोतवाली अंतर्गत घूरखेत गांव के पास निकली झील में बुधवार सुबह एक युवक का शव उतराता देख ग्रामीणों में सनसनी फैल गई। थोड़ी देर में वहां भीड़ लग गई। जानकारी पर पहुंची पुलिस ने जाल डलवाकर शव निकलवाया। लेकिन पहचान न होने पर उसे मोर्चरी में रखवाया गया है। बता दें कि कोतवाली क्षेत्र के घूरखेत गांव के बाहर शारदा नहर की पुरवा ब्रांच से निकली झील में बुधवार सुबह मवेशी चराने गए ग्रामीणों ने एक युवक का शव फंसा देखा तो उनमें सनसनी फैल गई। जानकारी पर वहां लोगों की भीड़ लग गई। सूचना पर पहुंचे सीओ सोमनेंद्र विश्वास व एसएचओ फोर्स के साथ पहुंचे और जाल डलवाकर शव निकलवाया। मौजूद ग्रामीणों में कोई उसे पहचान नहीं सका। शिनाख्त के लिए पुलिस ने सोशल मीडिया की भी मदद ली है। युवक की उम्र 45 साल के करीब बताई जा रही है। उसने कच्छा व आसमानी कलर की शर्ट पहनी थी। एसएचओ कुंवर बहादुर सिंह ने बताया कि शव करीब एक सप्ताह पुराना लग रहा है। इसके कहीं दूर से बहकर आने का अंदेशा है। शव की शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं।

समीक्षा करते सीडीओ प्रेम प्रकाश मीणा। अमृत विचार

सीडीओ ने सीएम संदर्भित लंबित प्रकरणों की समीक्षा की

उन्नाव। कलक्ट्रेट के पन्नालाल हाल में सीडीओ प्रेम प्रकाश मीणा ने आईजीआरएस पोर्टल व सीएम हेल्पलाइन नंबर की लंबित शिकायतों की विभाग व तहसीलवार समीक्षा की। उन्होंने सभी अधिकारियों को समयबद्धता से लंबित सभी प्रकरण निस्तारित कराने के निर्देश दिए। बताया कि मुख्यमंत्री स्वयं लंबित संदर्भों की समीक्षा करते हैं। इसलिए कठोर कार्रवाई से बचने के लिए कोई भी प्रकरण लंबित नहीं रखना चाहिए। सीडीओ पुलिस, खाद्य एवं रसद, पीडब्ल्यूडी, बेसिक शिक्षा, विद्युत, पंचायतीराज व नगर विकास विभागों के सबसे अधिक प्रकरण लंबित रहने पर नाराजगी जताई। कहा कि इन संदर्भित मामलों का निस्तारण गंभीरता से कराते हुए गुणवत्तापूर्ण निराकरण कराया जाए। इसके लिए मौके पर जाकर शिकायत की वास्तविकता देखते हुए रिपोर्ट लगाई जाए। सीडीओ ने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही कतई बर्दास्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान 24वीं रैंक में सुधार लाने के लिए सभी को निष्ठापूर्वक दायित्व निर्वहन करते हुए जिले को टाप 10 में शामिल कराने का प्रयास करना होगा। बैठक में एडीएम (वित्त एंव राजस्व) नरेंद्र सिंह, एडीएम (न्यायिक) विकास कुमार सिंह, सीएमओ डा. सत्य प्रकाश, डीडीओ संजय पांडेय व पीडी कमलेश कुमार आदि अधिकारी मौजूद रहे।

लेखपाल ने शिकायतकर्ता पर दर्ज कराई रिपोर्ट, जांच शुरू

सफीपुर उन्नाव। एसडीएम सफीपुर के निर्देश पर एक शिकायती पत्र का निस्तारण करने गये लेखपाल से अभद्रता, गालीगालौज व मारपीट करना शिकायतकर्ता को उस समय महंगा पड़ गया जब लेखपाल बिना मामले का निस्तारण किए जान बचाकर वापस लौट आया। इसके बाद उसने अपने साथ हुई घटना की जानकारी एसडीएम को दी। इसके बाद एसडीएम के निर्देश पर शिकायतकर्ता पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। बता दें कि तहसील क्षेत्र के अंधेलिया गांव निवासी व्यक्ति द्वारा दिये गए शिकायतीपत्र के निस्तारण को गए क्षेत्रीय लेखपाल आलोक बाजपेई से अंधेलियां गांव के बृजकुमार पुत्र ललतू ने गालीगलौज के साथ अभद्रता कर मारपीट की कोशिश की थी। लेखपाल द्वारा शिकायत के अनुपालन में लगाए गए सीमांकन की रेखाएं मिटा सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न करने की तहरीर सफीपुर कोतवाली में दी थी। इसके चलते पुलिस ने शिकायतकर्ता के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है।

गैर इरादतन हत्या के चार आरोपी भेजे गए जेल

उन्नाव। सदर कोतवाली अंतर्गत भग्गा खेड़ा गांव में घूर काटने के विवाद में हुई मारपीट में वृद्ध की मौत होने के बाद पुलिस ने धाराओं में बढ़ोत्तरी करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया। जिन्हे कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया। बता दें कि सदर कोतवाली की मगरवारा चौकी क्षेत्र के भग्गा खेड़ा गांव में बीती 21 जून को मारपीट में रामप्रसाद (65) घायल हुआ था। पुलिस ने इसके बेटे अवधेश की तहरीर में मारपीट की धारा में केस दर्ज कर चार लोगों को पकड़ा था। 25 जून को इलाज के दौरान राम प्रसाद की मौत हो गई थी। बुधवार को पुलिस ने पीएम रिपोर्ट के आधार पर केस में गैर इरादतन हत्या की धारा बढ़ाते हुए नामित आरोपी राज कुमार, जितेन्द्र कुमार, शिवम साहू व शुभम को दयालखेड़ा क्रासिंग के पास से गिरफ्तार किया। उनके पास से आलाकत्ल डंडे व ईंट बरामद कर कोर्ट में पेश किया।

युवक को जहरीले कीड़े ने काटा, रेफर

गंजमुरादाबाद। बेहटामुजावर थानाक्षेत्र के गांव पुरई खेड़ा निवासी गोकरन पुत्र जयराम बीती मंगलवार देरशाम अपने मवेशियों को चारा कर रहा था। तभी उसे किसी जहरीले कीड़े ने काट लिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ने लगी। यह देख परिजन आनन-फानन उसे बांगरमऊ सीएचसी लाए। जहां डाक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

प्रताड़ना से ऊबी महिला ने निगला कीटनाशक, गंभीर

औरास उन्नाव। औरास थानाक्षेत्र निवासी एक विवाहिता ने दहेज के लिए दी जा रही प्रताड़ना से तंग आकर कीटनाशक निगल लिया। इसकी जानकारी पर बेटी को देखने अस्पताल पहुंची उसकी मां से ससुरालियों ने अभद्रता की। मां ने औरास पुलिस को तहरीर देकर करवाई की मांग की है। बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के हुलासी खेड़ा गांव निवासी कमला बताया कि उसने अपनी बेटी ऊषा की शादी करीब चार साल पहले क्षेत्र के खुटेहना गांव निवासी धर्मेंद्र से की थी। आरोप है कि शादी के बाद ससुरालीजन बेटी को कम दहेज लाने व दो लाख रुपये की मांग कर प्रताड़ित करते थे। मंगलवार को भी उससे मारपीट की गई। इससे ऊबकर उसने कीटनाशक निगल लिया।

शिक्षा विभाग | स्कूल खुला देख वहां पहुंचने वाले बच्चों को होमवर्क देकर किया जाता रहा वापस

छुट्टी खत्म, विद्यालय पहुंचकर परिषदीय शिक्षकों ने लगाई हाजिरी

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

अमृत विचार। शासन के निर्देशों पर अमल करते हुए परिषदीय विद्यालयों के शिक्षक ग्रीष्मावकाश के बाद तैनाती वाले स्कूल पहुंचे। उन्होंने विद्यालयों में बंद चल रहा ताला खोलकर साफ-सफाई अभियान शुरू कराया। वहीं विद्यालय खुला देख पहुंचने वाले बच्चों को 28 से शिक्षण कार्य शुरू होने की जानकारी के साथ बीच के दिनों के लिए होमवर्क भी दिया।

डीजी स्कूल शिक्षा के आदेश का पालन करते हुए बीएसए संगीता सिंह के निर्देश पर परिषदीय शिक्षक-शिक्षिकाओं ने बुधवार से विद्यालय पहुंचना शुरू कर दिया। हालांकि अभी शिक्षण कार्य के बजाए विद्यालयों की साफ-सफाई कराई जानी है। सुबह तय समय पर स्कूल पहुंचकर शिक्षकों, शिक्षामित्रों व अनुदेशकों ने ग्रीष्मावकाश के चलते बंद विद्यालयों के ताले खोले। काफी दिनों की बंदी से शिक्षण कक्षों में जमा धूल साफ कराई। साथ ही उपस्थित रजिस्टर पर अपनी-अपनी हाजरी लगाई। अधिकांश विद्यालयों में प्रधानाध्यापकों ने श्रमिक लगाकर विद्यालय भवन सहित परिसर की साफ-सफाई कराई। इसके बाद शिक्षक-शिक्षिकाओं, शिक्षामित्र व अनुदेशक विद्यालय परिसर में बैठकर बच्चों के आगमन व पर्यावरण जागरूकता संबंधी रणनीति बनाते रहे। अर्से बाद मिलने पर उन्होंने लोकसभा चुनाव व अन्य मामलों पर विचार-विमर्श भी किया। बता दें कि ग्रीष्मावकाश के बाद पहले दिन विद्यालय पहुंचने पर सभी बच्चों का तिलक किया जाना है। साथ ही पर्यावरण जागरूकता के लिए छात्र-छात्राओं को निकटवर्ती प्राकृतिक स्थलों की सैर भी करानी है।

पौधरोपण करते बिझलामऊ परिषदीय विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं। अमृत विचार

गर्मी से बेहाल रहे शिक्षक-शिक्षिकाएं

पहले दिन विद्यालय पहुंचने पर शिक्षक-शिक्षिकाओं को गर्मी बेहाल किए रही। बारिश न होने से उमस वाली गर्मी के चलते विद्यालय में समय काटना मुश्किल बना रहा। पहले दिन अधिकांश शिक्षण स्टाफ अपने साथ ठंढे पानी की बोतलें लेकर विद्यालय पहुंचे थे, जिससे उन्हें पीने के पानी के लिए परेशान नहीं होना पड़ा। वहीं घरों से पानी न ले जाने वालों को विद्यालयों या आसपास लगे हैंड पंप के भरोसे रहना पड़ा।

फोटो शूट के साथ किया पौधरोपण

ग्रीष्मावकाश के बाद पहले दिन की स्मृतियों को शिक्षक-शिक्षिकाओं ने अलग-अलग अंदाज में संरक्षित किया। अधिकांश शिक्षक-शिक्षिकाएं, शिक्षामित्र व अनुदेशक आदि साफ-सफाई अभियान के बीच फुर्सत के क्षणों में न सिर्फ सेल्फी लेते रहे बल्कि ग्रुप फोटो भी कराई। वहीं सिकंदरपुर कर्ण बिझलामऊ विद्यालय में कार्यरत उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक के ब्लाक अध्यक्ष अभिषेक मिश्र ने सहयोगी शिक्षकों के साथ मिलकर पौधरोपण किया।

पुरानी पेंशन का ऑप्शन स्वीकृत होने से शिक्षकों में छाई खुशी

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- न्यायिक आदेश पर अमल के लिये लगी है कैबिनेट की मुहर

अमृत विचार। न्यायिक आदेश पर अमल के लिए कैबिनेट की मोहर लगने से 28 मार्च-2005 तक प्रकाशित विज्ञप्ति के आधार पर कार्यरत शिक्षक-शिक्षिकाओं को पुरानी पेंशन का ऑप्शन मिलने से शिक्षकों में खुशी की लहर दौड़ गई है। हालांकि शिक्षक संगठनों के पदाधिकारियों ने कहा कि शिक्षक हितों के लिए पुरानी पेंशन की लड़ाई जारी रखी जाएगी, क्योंकि सेवानिवृत्त होने के बाद पेंशन ही शिक्षकों के लिए बुढ़ापे की लाठी साबित होती है।

उल्लेखनीय है शिक्षक व राज्य कर्मचारियों के विभिन्न संगठन पुरानी पेंशन बहाल किए जाने की मांग को लेकर आंदोलन करते आ रहे हैं। कुछ शिक्षकों की याचिका की सुनवाई करते हुए पिछले वर्ष उच्च न्यायालय ने वर्ष 2005 तक सेवानियोजित हुए शिक्षकों को पुरानी पेंशन का हकदार बताया था। हालांकि अब तक सरकार व शासन ने न्यायिक आदेश पर अमल नहीं कराया जा रहा था। अब मुख्यमंत्री योगी की अध्यक्षता में हुई बैठक में कैबिनेट की मोहर लग गई। इससे 28 मार्च 2005 तक नियुक्त हुए शिक्षकों को पुरानी पेंशन का आप्शन दिए जाने का रास्ता साफ हो गया है। जूनियर विद्यालय की प्रधानाध्यापिका सेविना दीक्षित ने सरकार के फैसले की सराहना की। पुरानी पेंशन को लेकर अब तक जारी रहा असमंजस अब समाप्त हो गया है। वहीं वर्ष 2010 में सेवारत हुए शिक्षक महेंद्र सिंह ने कहा कि सरकार को सभी शिक्षकों को ओपीएस से लाभांवित करना चाहिए। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष ब्रजेश पांडेय ने कहा कि ओपीएस शिक्षकों के हित में है। इसलिए नेतृत्व के निर्देश पर सभी शिक्षकों को पुरानी पेंशन का लाभ दिलाने तक संघर्ष जारी रहेगा। उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल (पूर्व माध्यमिक) शिक्षक संघ के प्रांतीय उपाध्यक्ष संजय कुमार कनौजिया ने भी शिक्षकों के हक की लड़ाई जारी रखने पर बल दिया। इसी तरह प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला पदाधिकारी गजेंद्र वर्मा, जिला प्रवक्ता मदन कुमार पांडेय, संजय सिंह व ब्लाक अध्यक्ष रजनीकांत यादव ने भी शिक्षक हित के लिए ओपीएस को लेकर संघर्ष जारी रखने की बात कही।

मानसून ने दी दस्तक, झमाझम बारिश से गली-गली में जलभराव

राजधानी मार्ग के दोनों ओर नाले उफनाए, कई मोहल्ले में लोग घर से नहीं निकल सके

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

अमृत विचार। इस गर्मी में सूरज की तपिश से हर कोई आजिज रहा। मानसून के आते ही बुधवार से आसमान में बादल घिरे हुये थे दोपहर में झमाझम बारिश होने से मौसम सुहाना हो गया। जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिली। वहीं जरूरी काम को आने जाने वाले लोग छाता लगाकर निकलते रहे। वहीं पालिका क्षेत्र की सभी गलियां लबालब पानी से भरी रही।

बुधवार दोपहर के समय आसमान में काले बादल छाये रहे। दो बजे रिमझिम बारिश शुरू हुई, जिसके झमाझम बारिश हुई। बारिश होने के कारण राजधानी मार्ग के दोनों ओर बने नाले उफना गये। नगर पालिका क्षेत्र तक फोरलेन नाले से पानी आगे की ओर चला गया।

नहीं तो फोरलेन पर भीषण जलभराव हो जाता है। वहीं बारिश होने से नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में भीषण जलभराव हो गया। जिससे लोगों का निकलना दूभर हो गया। जलभराव से राहगीरों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

वहीं फोरलेन का नाले से जलनिकासी न होने के कारण बारिश से कंचन नगर, आदर्श नगर, सर्वोदय नगर, इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्र पीपरखेड़ा, श्रीनगर, ब्रम्ह नगर, मंशाखेड़ा, नाथूखेड़ा, राम नगर, में जलभराव हो गया। मानसून ने दस्तक दे दी है भारी बारिश होने पर यह मोहल्ले टापू बन सकते हैं। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में भी भीषण जलभराव रहा। जिससे ग्रामीणों भी परेशान रहे। देर रात कई क्षेत्रों में पानी नहीं निकला।

बारिश के बाद पोनी रोड पर इस तरह पानी भर गया। अमृत विचार

मरम्मत कार्य करते बिजली कर्मी। मिश्रा कॉलोनी मुख्य मार्ग पर मकान का गिरा छज्जा।

चरमराई नगर की विद्युत व्यवस्था, लोग बेहाल

शुक्लागंज उन्नाव : बुधवार दोपहर हुई झमाझम बारिश से शक्ति नगर फीडर का दोपहर में बहादुर चट्टा के पास तार टूट गया। जिससे शक्तिनगर, मनोहर नगर, सीताराम कालोनी, मिश्रा कॉलोनी, चंपापुरवा समेत कई मोहल्लों की बिजली बंद हो गई। बिजली कर्मियों ने फाल्ट ढूंढ कर उसकी मरम्मत की। इसके बावजूद फीडर में ट्रिपिंग की समस्या बनी रही। जिस कारण शाम करीब साढ़े चार बजे तक हजारों घरों की बिजली गुल रही। वहीं गायत्री नगर, कृष्णा नगर, कंचन नगर, गांधी नगर, सुभाष नगर में ट्रांसफार्मर खराब होने से हजारों घरों की बिजली गुल हो गई।

जर्जर मकान का गिरा छज्जा, बाल-बाल बचे लोग

शुक्लागंज उन्नाव। बुधवार को तेज हवाओं के साथ झमाझम बारिश हुई। इस दौरान पश्चिमी क्षेत्र के मिश्रा कॉलोनी मुख्य मार्ग पर एक जर्जर मकान का छज्जा भरभरा कर गिर गया। जिससे वहां से गुजर रहे लोग बाल-बाल बच गये। दोपहर करीब दो बजे के बाद शुरू हुई झमाझम बारिश और तेज हवाओं के कारण मिश्रा कॉलोनी में रहने वाले पुरूषोत्तम तिवारी के मकान का जर्जर छज्जा भरभरा कर गिर गया। जिससे वहां मौजूद लोगों में अफरा तफरी मच गई। क्षेत्रीय लोगों ने बताया कि दोपहर का समय और बारिश होने के कारण दुकान बंद थी, नहीं तो दुकान में सामान लेने के लिये हमेशा लोगों की भीड़ रहती है। जिससे बड़ा हादसा हो सकता था। वहीं मुख्य मार्ग पर छज्जा गिरने के कारण आने जाने वाले कई लोग बाल बाल बच गये।

पोनी रोड पर हुआ भीषण जलभराव

पोनी रोड पर नाला-नाली की सफाई न होने से मानसून की पहली ही बारिश में मुख्य मार्ग पानी से लबालब हो गया। बारिश रूकने के बाद भी घंटों जलभराव बना रहा।

युवक ने फांसी लगाकर दी जान

बिछिया उन्नाव। दही थानाक्षेत्र के घटोरी गांव निवासी युवक ने मंगलवार रात अपने कमरे में बिजली के तार का फंदा बनाकर पंखे से लटक गया। परिजनों ने उसका शव लटका देखा तो बेहाल हो गए। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जांच की। वहीं परिजन आत्महत्या की वजह नहीं बता पाए।

तारगांव के मजरा घटोरी निवासी जयमूर्ति उर्फ शिवम (25) पुत्र चुन्नीलाल ने मंगलवार देररात गांव के बाहर बने घर की दूसरी मंजिल में बने कमरे में बिजली के तार का फंदा बनाकर पंखे से लटक गया। सुबह परिजनों ने उसे लटका देखा तो उनके होश उड़ गए। दही एसओ अनुराग सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

संदिग्ध हालात में मिला महिला का शव

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- शव कई दिन पुराना होने की आशंका, पुलिस ने पति को हिरासत में लिया

अमृत विचार। सदर कोतवाली के तकी नगर मोहल्ले के एक मकान में किराए में रह रही महिला का शव उसके बेड रूम में पड़ा मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पुलिस पहुंची और जांच के बाद शव को मोर्चरी में रखवाया है। वहीं दुर्गंध आने से शव पुराना होने की आशंका जताई गई है। पुलिस ने पति को हिरासत में लिया है।

सदर कोतवाली की किला चौकी क्षेत्र के तकी नगर (कंजी) स्थित रविदास मंदिर के पास के रोड पर मोहशीन का मकान है। इसमें कई लोग किराए पर रहते है। इसी में मुस्कान (32) पत्नी जान अहमद भी निचले तल पर रहती थी। बुधवार शाम पति ने पुलिस को सूचना देकर बताया उसकी पत्नी का शव घर में पड़ा है। इसकी सूचना पर पुलिस पहुंची तो कमरे में तेज दुर्गंध आ रही थी और शव फूल गया था। एसएचओ पीके मिश्रा ने जांच की। इस बीच घनी आबादी में शव मिलने से चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया और हत्या होने की खबर फैल गई। वही भवन स्वामी के अनुसार महिला और उसका पति एक महीने पहले किराए पर रहने आया था। उसे उनके एक परिचित ने किराए पर रखवाया था। फिलहाल पुलिस ने पति को कोतवाली में बैठाया है। किला चौकी इंचार्ज राजेश दीक्षित ने बताया कि शव को मोर्चरी में रखवाया है।

रोडवेज बस ने साइकिल सवार को मारी टक्कर, मौत

सोहरामऊ थानाक्षेत्र के पेट्रोल पंप के सामने साइकिल सवार को रोडवेज बस ने टक्कर मार दिया जिसमे दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए जिनको उपचार के लिए सोहरामऊ पुलिस ने अस्पताल भेजा। इलाज के दौरान एक अधेड़ की मौत हो गई। दूसरे का इलाज लखनऊ के एक निजी अस्पताल में चल रहा है। सोहरामऊ थाना वा कस्बे में पेट्रोल पंप के पास रोडवेज बस ने ग्राम बजेहरा निवासी साइकिल सवार भगवानदीन लोधी की साइकिल में टक्कर मार दी। जिससे भगवानदीन और उसका पोता अमन गंभीर रूप से घायल हो गए। सोहरामऊ पुलिस ने घायलों को सीएचसी नवाबगंज भेजा गया। जहां भगवानदीन की मौत हो गई। अमन का इलाज लखनऊ के एक निजी अस्पताल में चल रहा है।

नशे से दूर रहने का दिलाया संकल्प

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

अमृत विचार। विश्व नशा मुक्ति दिवस को देखते हुये बुधवार को गोपीनाथपुरम स्थित सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जहां आचार्यों ने एनसीसी कैडेस और छात्रों को जागरूक किया और नशे से दूर रहने का संकल्प दिलाया।

गोपीनाथपुरम पुरम स्थित एसवीएम स्कूल में विश्व नशा मुक्ति दिवस पर स्कूल के छात्र-छात्राओं के अलावा एनसीसी के जवान पहुंचे। जहां वरिष्ठ आचार्य शिव सिंह ने उन्हें संबोधित करते हुये कहा कि दुनिया में 50 लाख से ज्यादा बच्चों को गर्भ में ही गंभीर बीमारियों का शिकार हो रहे हैं। 98 प्रतिशत परिवारों में नशे का रोग किसी न किसी रूप में विद्यमान है।

जागरूकता कार्यक्रम के दौरान मौजूद एसवीएम के बच्चे और एनसी कैडेट।

- 98 प्रतिशत परिवारों में नशे का रोग किसी न किसी रूप में विद्यमान है

सबसे दुखद पहलू 13 वर्ष के नीचे के बच्चों में तंबाकू व उनके उत्पादों की 35 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से बढ़ोतरी हो रही है। आज की युवा पीढ़ी तेजी से नशे की ओर बढ़ रही है। इसलिये हम सभी को नशे से दूर रहना होगा। जिससे एक अच्छे समाज का गठन हो सके। इस मौके पर रविशंकर श्रीवास्तव, अवधेश तिवारी आदि आचार्य मौजूद रहे।

मेडिकल स्टोर संचालक को पीटा

उन्नाव। नशीला इंजेक्शन न लगाने पर मेडिकल संचालक को नशेबाज व उसके भाई ने मिलकर गाली गालौज के साथ मारपीट की। संचालक की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू की है।

बता दें कि सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के परियर चौकी अंतर्गत बाजार के मेडिकल स्टोर संचालक शिववरन पुत्र सूरजपाल से नशेबाज मोहित उर्फ छोटू पुत्र गरीबे ने अपने भाई रोहित के साथ मिलकर नशीला इंजेक्शन न लगाने पर गालीगलौज कर मारपीट की। बचाने आई महिला पड़ोसियों से भी उन लोगों ने मारपीट की और उसकी कार को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। पीड़ित मेडिकल स्टोर संचालक की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर घायलों का मेडिकल कराया है।

रंगदारी मांगने पर ससुर साले के खिलाफ रिपोर्ट

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

अमृत विचार। गंगाघाट कोतवाली के कटहा दलनारायनपुर निवासी एक युवक उसे उसके ससुर और दो सालों ने लाखों रुपये रंगदारी मांगी न देने पर अंजाम भुगतने की धमकी दी। जिस पर पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर दो सालों और ससुर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

कटहा दलनारायनपुर निवासी नरेन्द्र निषाद ने गंगाघाट कोतवाली पुलिस को तहरीर देते हुये बताया कि उसकी सुखलाल खेड़ा गांव में ससुराल है। उसने अपने ससुर जियालाल से तीन बिस्वा जमीन का सौदा करके आठ-नौ लाख रुपये चेक से दिया था। जिस जमीन का उसने सौदा किया था, वह जमीन जिला प्रशासन ने अवैध व सरकारी घोषित कर कुर्क कर दी। जिसकी जानकारी होने पर उसने ससुर से पैसे वापस मांगे। आरोप है कि ससुर और दो सालों रंजीत और संजीत गाली गलौज करते हुये उल्टा उससे ही चौदह लाख रुपये रंगदारी मांगने लगे। जिसका उसने विरोध किया। विरोध करने पर अंजाम भुगतने की धमकी दी। पुलिस ने तीनों के खिलाफ रंगदारी समेत अन्य धाराओं में एफआईआर दर्ज की है।

10 लाख मांगने पर 4 लोगों के खिलाफ एफआईआर

शुक्लागंज उन्नाव। कानपुर जाजमऊ निवासी एक जमीन कारोबारी की जमीन पर दबंगों ने कब्जा कर लिया। जिसका उसने विरोध किया। आरोप है कि दबंगों ने जमीन छोड़ने के नाम पर उससे दस लाख रुपये मांगे। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। जाजमऊ गज्जूपुरवा निवासी सुहैल नफीस ने बताया कि जाजमऊ चौकी क्षेत्र के कटरी पीपर खेड़ा में उसकी जमीन है। जहां वह प्लाटिंग का काम करता है। आरोप है कि जाजमऊ कानपुर के असलम सईद, अनवर सईद, अशफाक अहमद, अकबर सईद ने उसकी जमीन पर कब्जा कर लिया। जिसका उसने विरोध किया। विरोध करने पर सभी ने उसे धमकी दी। इतना ही नहीं आरोप है कि जमीन लेने के लिये दस लाख रुपये की रंगदारी मांगी।

'किसी योजना में अपात्र को नहीं मिलना चाहिए लाभ'

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

अमृत विचार। सीडीओ प्रेम प्रकाश मीणा ने समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न पेंशन योजनाओं की समीक्षा की। कहा कि वृद्धावस्था पेंशन का लाभ सभी पात्र वृद्धजनों को उपलब्ध कराया जाना चाहिए। इसके अलावा मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के सफल क्रियान्वयन कराने पर जोर देते हुए कहा कि निर्धारित 1532 लक्ष्य के सापेक्ष एक भी अपात्र विवाह योजना से लाभांवित नहीं होना चाहिए। साथ ही अभ्युदय योजना से सभी जरूरतमंद विद्यार्थियों को लाभांवित कराने पर जोर दिया।

सीडीओ ने कहा कि पेंशन योजनाओं के लाभार्थियों का एक सप्ताह में सत्यापन पूरा कराया जाए, जिससे उपलब्ध सभी पेंशनर्स के बैंक खातों में पेंशन की स्वीकृत धनराशि स्थानांतरित हो सके। इसके लिए सभी एसडीएम व बीडीओ को नजर बनाए रखते हुए सत्यापन कराना चाहिए। सत्यापन कार्य की नियमित समीक्षा भी की जाए। उन्होंने कहा राशन कार्ड से मिलान कराते हुए 60 वर्ष आयु वाले बुजुर्गों को वृद्धावस्था पेंशन का लाभ दिलाया जाए।उन्होंने मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के माध्यम से शतप्रतिशत पात्र परिवारों को लाभांवित कराए जाने के निर्देश दिए। कहा कि सभी 1532 लाभार्थी पात्र होने चाहिए। इसके लिए बीडीओ व ईओ ठीक प्रकार से सत्यापन कराने के बाद ही लाभार्थी सूची में किसी आवेदक का नाम शामिल करें। इसी तरह अभ्युदय योजना के माध्यम से भी पात्र छात्र-छात्राओं को लाभांवित कराने में कोई कसर नहीं रहनी चाहिए। लाभार्थियों को चयन शासन की गाइड लाइन के तहत किया जाना चाहिए। जिला विकास अधिकारी संजय पांडेय, समाज कल्याण अधिकारी डा. नीलम सिंह, बीएसए संगीता सिंह, सभी एसडीएम व बीडीओ रहे।

सीडीओ के साथ बैठक में शामिल जिला स्तरीय अधिकारी, एसडीएम व बीडीओ।

- सामूहिक विवाह योजना का सफल क्रियान्वयन के निर्देश

फल वालों में मारपीट का वीडियो वायरल

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- गांधी नगर तिराहा का बताया जा रहा वायरल वीडियो

अमृत विचार। सदर कोतवाली अंतर्गत गांधी नगर तिराहा पर मंगलवार रात फल विक्रेताओं में किसी बात को लेकर मारपीट हो गई। वहां ने निकले किसी व्यक्ति ने इसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में वायरल कर दिया। पुलिस ने वायरल वीडियो का संज्ञान लिया लेकिन, अभी किसी ने मारपीट की तहरीर नहीं दी है। पुलिस जांच में जुटी है। वीडियो की पुष्टि अमृत विचार नहीं करता है।

मंगलवार देर रात करीब साढ़े 11 बजे के आसपास सदर कोतवाली गांधीनगर तिराहे पर फल का ठेला लगाने वाले दुकानदारों में पहले किसी बात को लेकर कहासुनी हुई फिर उनमें गालीगलौज के बाद मारपीट होने लगी।

वहां से निकले एक राहगीर ने इसका वीडियो सोशल मीडिया में वायरल कर दिया। पुलिस ने वीडियो का संज्ञान लेकर उनकी पहचान शुरू की है। सूत्र बताते हैं कि बाद में मारपीट करने वालों में सुलह हो गई और किसी ने इसकी तहरीर नहीं दी है।

महिला अपराधों पर तुरंत हो कार्रवाई

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

अमृत विचार। बुधवार सुबह उन्नाव एसपी ने गंगाघाट कोतवाली का औचक निरीक्षण करने पहुंचे। जहां अधिकारी को देख वहां मौजूद मातहतों में हड़कंप मच गया। इस दौरान उन्होंने कोतवाली परिसर से लेकर बैरक, कार्यालय, अभिलेखों के रखरखाव को भी देखा। जिसके बाद मौजूद मातहतों को दिशा निर्देश दिये। उन्नाव एसपी सिद्धार्थ शंकर मीना बुधवार सुबह लगभग साढ़े दस बजे गंगाघाट कोतवाली का औचक निरीक्षण करने पहुंचे। जहां मौजूद कोतवाली प्रभारी रामफल प्रजापति समेत अन्य मातहतों में हड़कंप मच गया। एसपी ने कोतवाली में सीसीटीएनएस, कार्यालय, महिला हेल्प डेस्क का निरीक्षण किया गया। जहां महिला हेल्प डेस्क पर खास जोर देते हुये महिलाओं से संबंधित अपराधों पर त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिये।

कोतवाली का निरीक्षण करते एसपी।

सार-संक्षेप

सब स्टेशन में एसडीओ को ज्ञापन सौंपते सपा कार्यकर्ता। अमृत विचार

बिजली संकट को लेकर सपाइयों ने दिया ज्ञापन

उन्नाव। गर्मी के दिनों में नगर की बिजली व्यवस्था बेपटरी हो गई है। फाल्ट के नाम पर हो रही अघोषित कटौती से परेशान सपा कार्यकर्ता बुधवार को शुक्लागंज सब स्टेशन पहुंचे। जहां उन्होंने अपनी मांगों को लेकर एक्सईएन से संबोधित छह सूत्रीय ज्ञापन एसडीओ को सौंपा। इस दौरान कार्यकर्ताओं सांकेतिक विरोध दर्ज कराया है। बुधवार को सपा नगर अध्यक्ष शुभ गुप्ता के नेतृत्व में सपा कार्यकर्ता शुक्लागंज सब स्टेशन पहुंचे। जहां उन्होंने सांकेतिक विरोध दर्ज कराया। जिसके बाद एक्सईएन सम्बोधित बिजली सम्बंधित छह मांग पत्र का ज्ञापन एसडीओ राजेन्द्र प्रसाद को सौपा। उन्होंने बताया कि लोवोल्टेज, समय से मीटर रीडिंग न होना, 24 घंटे में अघोषित बिजली कटौती से व्यापारी और आम लोग परेशान है। अफसर फोन भी नहीं उठाते। एसडीओ ने समस्याओं से निजात दिलाने का आश्वासन दिया है। राजन कनौजिया, हिमांशु गौतम, अजय, अनिल, शाहरूख, सर्वेश, मोहसिन, विक्रम, शिवम आदि रहे।

किशोरी से छेड़छाड़ करने पर 5 साल की सजा

उन्नाव। अचलगंज थानांतर्गत किशोरी से हुई छेड़छाड़ के मामले की अंतिम सुनवाई विशेष पाक्सो एक्ट कोर्ट में पूरी हुई। एडीजे ने आरोपी युवक को दोषी ठहराते हुए 5 साल की सजा के साथ उस पर 42 हजार का जुर्माना भी लगाया है। अचलगंज थानाक्षेत्र निवासी एक महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 11 जुलाई-2015 की दोपहर 12 बजे उसकी नाबालिग बेटी जा रही थी। तभी गांव के शिवकुमार उर्फ बकलोनी ने उसके साथ रास्ते में छेड़छाड़ कर उसे जान से मारने की धमकी दी थी। तत्कालीन सीओ बीघापुर माजिद अब्सार ने जांच के बाद आरोपी युवक के विरुद्ध कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की थी। बुधवार को एडीजे विवेकानंद विश्वकर्मा ने शासकीय अधिवक्ता चंद्रिका प्रसाद बाजपेयी की दलीलों व प्रस्तुत साक्ष्य पर शिव कुमार को दोषी मानते हुए 5 साल के कारावास के साथ 42 हजार का अर्थदंड भी लगाया है।

आदेश व बैंक पासबुक के साथ आवेदन करें मतदान कार्मिक

उन्नाव। निर्वाचन ड्यूटी करने के बाद भी पारिश्रमिक से वंचित शिक्षकों सहित सभी मतदान कार्मिकों को शीघ्र आवेदन करना चाहिए। इस संबंध में जिला निर्वाचन अधिकारी डीएम/मतदान प्रभारी सीडीओ को संबोधित पत्र के साथ ड्यूटी आदेश व बैंक पासबुक की छायाप्रति भी संलग्न करनी होगी। सीडीओ प्रेम प्रकाश मीना के मुताबिक पिछले दिनों संपन लोकसभा चुनाव में मतदान या मतगणना ड्यूटी करने वाले किसी भी कार्मिक को पारिश्रमिक से वंचित नहीं किया जाएगा। अधिकांश कार्मिकों को भुगतान किया जा चुका है।

आवास विकास क्रासिंग वर्षों से चली आ रही इस गंभीर समस्या की तरफ जनप्रतिनिधि भी नहीं दे रहे ध्यान

ओवरब्रिज न बनने से रोज लगता जाम

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

अमृत विचार। शहर स्थित आवास विकास रेलवे क्रॉसिंग पर आने-जाने वाले लोगों के लिए अब जाम लगना आम बात हो गई है। इसकी मुख्य वजह रेलवे क्रासिंग पर ओवरब्रिज पुल का न बनना। दिन में कई बार जाम लगने का कारण बन गया है। आने जाने वाले लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। शहर व क्षेत्रीय लोगों द्वारा ओवरब्रिज पुल बनाने को लेकर कई बार जनप्रतिनिधियों के साथ ही विभागीय अधिकारियों से मांग की गई। लेकिन विभागीय व जनप्रतिनिधियों की उदासीनता के कारण अब तक रेलवे फाटक पर ओवरब्रिज का निर्माण न होने से शहर में अक्सर ही जाम की समस्या बनी रहती हैं।

बता दें कि इस क्रासिंग के चलते सैकड़ो लोग प्रतिदिन जाम में फंसते हैं। इस मार्ग से शहर के छोटे वाहनों के साथ बड़े वाहन भी शहर से होते हुए, बांगरमऊ, मल्लावां, हरदोई, सहित अन्य बड़े शहरों के लिए वाहन इसी रास्ते जाते हैं। शहर स्थित रायबरेली रेलवे लाइन पर ट्रेनों व माल गाड़ी की संख्या ज्यादा होने के कारण रेलवे क्रॉसिंग अक्सर बंद हो जाती है। जिससे जिला मुख्यालय शहर जाने वाले मार्ग पर क्रॉसिंग के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग जाती है। वहीं वाहन चालकों की ओर से पहले निकलने के प्रयास में आड़े-तिरछे वाहन फंसने के कारण स्थिति और भी भयानक हो जाती है। बुधवार शाम को भी जाम में लोगों को घंटों समय बर्बाद करना पड़ा। आवास विकास व मोती नगर निवासी मनमोहन लोधी मानचंद्र, राहुल तिवारी, मोनू यादव व विजय कुमार आदि का कहना है की रेलवे क्रॉसिंग पर ओवरब्रिज पुल बनवाए जाने को लेकर मांग पत्र सौंपे गए। लेकिन विभागीय उदासीनता से स्थिति ज्यों की त्यों बनी है। प्रतिदिन हजारों वाहन इसी रास्ते से होकर जनपद के अलावा कानपुर, लखनऊ, हरदोई, आगरा व दिल्ली सहित अन्य जिलों के मार्गो को जोड़ता है।

क्रासिंग बंद होने से लगा भीषण जाम। अमृत विचार

बोले सांसद

सांसद साक्षी महाराज ने बताया कि रेलवे क्रासिंग पर ओवरब्रिज बनाने की मांग की गई है। जल्द ही इसे भी बनवाया जायेगा।

आरोपी का मोबाइल ट्रेस कर 2 किशोरियों को किया बरामद

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

अमृत विचार। दही थाना क्षेत्र एक स्लाटर हाउस में काम करने वाले बिहार के युवक ने किशोरी को अपने प्रेम जाल में फंसाया और उसे और उसकी छोटी बहन को साथ ले गया। बेटियो के घर नही पहुंचने पर पिता ने दही पुलिस को इसकी जानकारी दी। लोकेशन ट्रेस कर पुलिस टीम ने रायबरेली के लालगंज स्टेशन से उन्हे बरामद कर थाने लाई। पुलिस युवक से पूछताछ कर रही है।

बता दें कि दही औद्योगिक क्षेत्र के साइड दो स्थित एक लोहे की एंगल बनाने वाली फैक्ट्री में मथुरा निवासी दंपती मजदूरी करते है और वहीं पास की एक बिल्डिंग में किराए पर रहते है। एक स्लाटर हाउस में काम करने वाला बिहार निवासी समुदाय विशेष का युवक भी वहीं रहता था। उसने अपना नाम सौरभ बता कर मथुरा निवासी 14 वर्षीय किशोरी को प्रेम जाल में फंसा लिया। मंगलवार दोपहर युवक किशोरी को शादी का झांसा देकर बिहार ले जाने के लिए निकला, उसकी छोटी बहन को साथ ले लिया। बिहार जाने के लिए बस से रायबरेली जिले के लालगंज कस्बा पहुंच गया। शाम को माता पिता घर लौटे तो बेटियों को गायब देख उन्हे शक हुआ। पिता दही थाना पहुंचा और पुलिस को जानकारी देते हुए युवक पर शक जताया। गुमशुदगी दर्ज कर पुलिस ने युवक का नंबर पता कराया और उसकी लोकेशन ट्रेस करने की कोशिश की, लेकिन फोन बंद मिले। रात करीब 1 बजे लड़के का फोन खुला और लालगंज रेलवे स्टेशन पर उसकी लोकेशन मिल गई। तुरंत पुलिस की एक टीम रवाना हुई और वहां से दोनो किशोरी व आरोपी युवक को पकड़ कर थाने लाई। पूछताछ में लड़के ने बताया वह दोनो को बिहार ले जा रहा था।

- गैर समुदाय के युवक ने नाम बदलकर बनाए प्रेम सबंध बिहार ले जा रहा था

अमृत विचार
www.amritvichar.com

निषेवते प्रशस्तानी निन्दितानी न सेवते ।
अनास्तिक : श्रद्धान एतत् पण्डितलक्षणम् ॥

सद्गुण, शुभ कर्म, भगवान् के प्रति श्रद्धा और विश्वास, यज्ञ, दान, जनकल्याण आदि, ये सब ज्ञानीजन के शुभ-लक्षण होते हैं।

संपादकीय

फिर उठा कश्मीर मुद्दा

पाकिस्तान अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। उसने संयुक्त राष्ट्र महासभा में फिर कश्मीर का मुद्दा उठाया। महत्वपूर्ण है कि हर बार की रह इस बार भी उसे मुंह की खानी पड़ी। भारत ने कश्मीर का जिक्र किए जाने वाले पाकिस्तान के बयान को झूठा और निराधार बताया है। भारत ने कहा कि पाकिस्तान ने इस मुद्दे को उठाकर मंच का दुरुपयोग किया है। कश्मीर का मुद्दा संयुक्त राष्ट्र में चर्चा का विषय नहीं था, इसलिए पाकिस्तान के स्थायी प्रतिनिधि मुनीर अकरम इसे बार-बार फिलिस्तीन से जोड़ने की कोशिश कर रहे थे। मंगलवार को भी उन्होंने ऐसा ही किया, लेकिन इसका कोई असर नहीं हुआ। पाकिस्तान संयुक्त राष्ट्र के विभिन्न मंचों पर जम्मू कश्मीर के मुद्दे को नियमित रूप से उठाता रहता है। इससे पहले पाकिस्तान ने संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद में जम्मू-कश्मीर का मुद्दा उठाया था। संयुक्त राष्ट्र में प्रथम सचिव अनुपमा सिंह ने जवाब देते हुए पाकिस्तान के अल्पसंख्यकों के दमन और आतंकवाद का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान की उपलब्धि दुनिया में आतंक का सबसे बड़ा निर्यातक होना है। इसी साल फरवरी में पाकिस्तान के साथ तुर्की ने कश्मीर का मुद्दा उठाया था। तब भारत ने उसे आंतरिक मामलों में दखल न देने को कहा था।

गौरतलब है कश्मीर विवाद भारत और पाकिस्तान के बीच 1947 से जारी है। भारत में विलय के लिए विलय-पत्र पर दस्तखत किए थे। गवर्नर जनरल माउंटबेटन ने 27 अक्टूबर को इसे मंजूरी दी। विलय-पत्र का खाका वही था जिसका भारत में शामिल हुए अन्य सैकड़ों रजवाड़ों ने अपनी-अपनी रियासत को भारत में शामिल करने के लिए उपयोग किया था। इस वैधानिक दस्तावेज पर दस्तखत होते ही समूचा जम्मू और कश्मीर, जिसमें पाकिस्तान के अवैध कब्जे वाला क्षेत्र भी शामिल है, भारत का अभिन्न अंग बन गया। भारत का कहना है कि कश्मीर का मुद्दा और दूसरे सभी विवाद दोनों देशों के बीच 1972 के शिमला समझौते के तहत द्विपक्षीय मामले हैं। इसके अलावा कश्मीर में जनमत संग्रह के लिए सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव पर इस्लामाबाद एक महत्वपूर्ण बात की अनदेखी करता है कि उसे पहले कश्मीर के सभी क्षेत्रों से हटना होगा, जिस पर उसने कब्जा कर रखा है। संयुक्त राष्ट्र महासभा में पाकिस्तान ने कश्मीर का मुद्दा ऐसे समय में उठाया है जब सिंधु जल संधि के तहत पाकिस्तान का प्रतिनिधिमंडल जम्मू कश्मीर आया हुआ है। दरअसल पाकिस्तान अपने घरेलू मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए अंतर्राष्ट्रीय मंचों से जम्मू-कश्मीर का मुद्दा उठाता है। जम्मू-कश्मीर हमेशा से भारत का अभिन्न हिस्सा रहा है और रहेगा। कोई भी दुष्प्रचार इस तथ्य को बदल नहीं सकता।

वैज्ञानिक सामर्थ्य से काबू होता है भीषण गर्मी का मिजाज

रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

भारत में छः ऋतुओं में से गर्मी, सर्दी और बरसात के दिनों में अगर ऋ तु प्रभाव अत्यधिक से भी आगे की श्रेणी में है तो इसके प्रतिकूल फिजियोग्राफिक प्रभाव धरती को झेलने पड़ते हैं। इन कुप्रभावों से मनुष्य और जीव-तंतुओं की प्राणरक्षा की जिम्मेवारी राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (राआप्रप्रा) की है।

150 वर्ष के भीतर हर तीन साल के अंतराल से भारत में हीट-वेव और दस साल के अंतराल से हीट-वेव के कारण 50 डिग्री सेल्सियस चरम को छूने के रिकॉर्ड मौजूद हैं। शरीर का हीट-वेव एक्सपोजर होने से लाखों लोग एक सदी के भीतर मरे हैं या अपंग हुए हैं। मौसम की विशाल मशीनरी पर न केवल निरंतर नज़र रखने की जरूरत है,बल्कि इस बारे में जो भी स्टेटिस्टिकल डेटा जुटाया गया है। उसके विश्लेषण से 'प्रीडिक्टिव मॉडल्स' विकसित किए गए हैं। इन मॉडल्स के आधार पर अभी तक सिर्फ 'शॉर्ट टर्म लोकल वेदर' का ही पूर्वानुमान लगाना संभव है। पृथ्वी के विशाल भू-भाग के लिए दीर्घकालीन अनुमान लगाए जाने के लिए स्टेटिस्टिकल मॉडल्स भी विकसित किए गए हैं,लेकिन इनकी 'प्रीडिक्टिव रिलाएब्लिटी' और 'एफिशिएंसी' अभी अनिश्चित है। उपग्रहों से पृथ्वी के टेम्परेचर चार्ट्स या नक्शे हर तीन घंटा बाद तैयार होते हैं। इस एटलस में जर्रा भर परिवर्तन महसूस किए जाने के तुरंत बाद अनापेक्षित घटना की तैयारी के लिए भारत का आपदा प्रबंधन तंत्र सक्रिय हो जाता है।

भारत में छः ऋतुओं में से गर्मी, सर्दी और बरसात के दिनों में अगर ऋतु प्रभाव अत्यधिक से भी आगे की श्रेणी में है तो इसके प्रतिकूल फिजियोग्राफिक प्रभाव धरती को झेलने पड़ते हैं। इन कुप्रभावों से मनुष्य और जीव-तंतुओं की प्राणरक्षा की जिम्मेवारी राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (राआप्रप्रा) की है। इसका एडमिनिस्ट्रेटिव स्ट्रक्चर राज्यों में जिला स्तर तक काम करता है। मौसम के मिजाज में अचानक और गहन परिवर्तन होने की वजह से तापमान में आमतौर से न्यूनतम और अधिकतम सीमाओं से बहुत नीचे और ऊपर होने से बादल फटने और लगातार अत्यधिक वर्षा होने से जल-प्लावन, भू-स्खलन और नदी-नालों के तेज बहाव, सूखा, भू-कंप, दावानल, सूनामी या बड़ी दुर्घटनाओं के समय आपदा प्रबंधन में लगे विशेषज्ञ सबसे पहले जन-जीवन की रक्षा करने के लिए सक्रिय होते हैं। आपदा प्रबंधन में जो तत्व सबसे अहम बनकर उभरा है वह है कुदरती तौर पर होने वाली बड़ी आपदाओं का पूर्वानुमान किए जाने की क्षमता को तकनीकी तौर से बढ़ाना और आपदा आने पर बचाव के प्रबंधन को दक्ष टास्क-फोर्स द्वारा कुशलतम होकर सिस्टम की क्षमता बढ़ाना। घाघ-भड्डरी की कहावतों से नहीं, बल्कि सैटेलाइट इमेजरीज ही अब मौसम की नब्ज को पकड़ने का हमारा विश्वनीय आसरा है। ख्यात पत्रिकाओं में ऊंचे स्तर के अब तक पचास प्रकाशित शोधपत्र भीषण गर्मी पैदा होने की वजह, पृथ्वी के विभिन्न और विशाल प्रभावजनक घटकों, इलेक्ट्रो एवं पैथो फिजियोलॉजी,अति-ताप और अति-शीत के रेस्पांस में मनुष्य देह की एडाप्टेशन और शरीर क्रिया प्रणाली पर इसके असर के बारे में देख चुका हूं।

> क्लाइमेट चेंज स्टडीज और हीट-वेव का असर जाहिरा तौर से भारत में मानसूनी वर्षा की चक्रवातीय गतिविधि और वर्षा से गिरने वाले जल की कुल मात्रा और इसके क्षेत्रीय प्रसार,फसलों की पैदावार से जुड़ी हुई फूड सिक्यूरिटी की साथ-साथ मनुष्य और जीव जंतुओं की सेहत से वास्ता रखती हैं।

इन सबमें हीट स्ट्रेस और एक्सपोजर की फिजियोलॉजी के मैकेनिज्म को शरीर के सभी सिस्टम्स में कोशिका स्तर तक देखा जा चुका है और इससे वैज्ञानिकों की समझ में जबरदस्त इजाफा हुआ है। भारत के किसी भी हिस्से में हीट को न तो हम कम कर सकते हैं और न ही कुदरत की विशाल मौसम-मशीन के साथ कोई छेड़खानी अथवा इंटरवेंशन कर सकते हैं। परिवर्तनों पर नजर रखकर पूर्वाकलन करते हुए सिर्फ बचाव के उपाय किए जा सकते हैं, लेकिन उक्त अध्ययनों से हीट स्ट्रेस और एक्सपोजर झेल चुके मनुष्यों को इलाज करने के लिए मेडिकल साइंस में अब विस्तृत हो चुकी समझ से न केवल पीड़ित व्यक्ति को राहत दी जा सकती है,बल्कि जान भी बचाई जा सकती है। इनमें से कुछ रिसर्च में संदर्भ हेतु अत्यधिक बार नामांकित हुए शोधपत्रों को उद्धृत करना चाहूंगा, जैसे कि : इंटरनेशनल जर्नल ऑफ एनवायरनमेंटल रिसर्च एंड पब्लिक हेल्थ के 9 सितंबर 2020 के अंक में सिंगापुर में नान्यांग टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ मेडिसिन के वैज्ञानिक शिंग ल्यों लिम का फंडामेंटल कॉन्सेप्ट्स ऑफ ह्यूमन थर्मोरेगुलेशन एंड एडाप्टेशन टू हीट, जर्नल ऑफ नेचुरल रेमिडीज के जुलाई 2019 के अंक में वंदना वर्मा और साथियों द्वारा प्रकाशित आयुर्वेदिक इनसाइट्स ऑन फिजियोलॉजी ऑफ स्वेटिंग एंड थर्मोरेगुलेशन, साइंस एडवांसेज जर्नल के 7 जून 2017 के अंक में 11 साइंसदानों द्वारा साझा रूप से प्रकाशित किया गया पर्चा इनक्रीजिंग प्रोबबिलिटी ऑफ़ मोर्टेलिटी ड्यूरिंग इंडियन हीट वेव्स और ब्रिटिश मेडिकल जर्नल के 7 अक्टूबर 2021 के अंक में राधिका खोसला और साथियों का संपादकीय लेख हेल्थ रिस्क्स ऑफ एक्स्ट्रीम हीट। राधिका कहती हैं कि सन् 2019 में दुनिया में लोगों को 475 मिलियन बार हीट एक्सपोज़र हुए। इसका अर्थ है कि एक व्यक्ति अगर तीन दिन लगातार भयंकर गर्मी झेलता है तब इस हिसाब से सन् 2019 में ही 155 मिलियन या 15.5 करोड़ लोग हीट वेव के चपेट में आए थे। इससे हीट वेव के दुष्प्रभाव और इसकी व्यापकता मालूम होती है। उपरोक्त में से बहुत सी स्टडीज 'ट्रेंडी' कही जा सकती हैं,परंतु धरती पर रहने वाले मनुष्यों ने व्यवहार जनित परिवर्तन अगर नहीं किए तो ये प्रोजेक्शंस अनुमानित समय सीमा समाप्त होने से पहले भी घटित हो सकते हैं। कुदरत ने खुद ही अपने साथ हुई छेड़खानी का इलाज करने का कमाल कर दिखाया तो मध्यम असर वाली हीट-वेव तो चलेगी ही। खुद इलाज का अर्थ है प्राकृतिक आपदा की गहनता के साथ बारंबारता और असर का व्यापक होना जैसे कि भू-कंप की पुनरावृत्ति कम समय अंतराल से होना, सुनामी, अनावृष्टि या अकाल और ग्लोबल बाढ़ की स्थिति या एक बड़ा जियो-मैग्नेटिक परिवर्तन और झटका। एक बड़ी सोलर फ्लेयर ही धरती के एक तिहाई भाग को नष्ट कर सकती है जैसा कि एक साइंस फिक्शन राइटर ने अपने उपन्यास में कल्पना की थी या फिर रॉबर्ट सिल्वरबर्ग ने अपने उपन्यास नाइटफाल में कहा।

पृथ्वी पर बहुत सी आपदाओं को साइंस फिक्शन राइटर्स ने कल्पना में उतारा है,लेकिन इन सबमें मनुष्य के जिंदा रहने की तीव्र इच्छा और अदम्य साहस ने कहीं भी कैसे भी महाविनाश (कैटस्ट्रोफ) के बाद भी बचाकर रखा है। मानव कृत महाविनाश की घटना तो सिर्फ बड़े न्यूक्लियर युद्ध की वजह से ही संभव है,जिसमें कम से कम दस हजार मेगाटन शक्ति की विस्फोटक शक्ति हो। इतनी ऊर्जा पैदा करने के बाद विस्फोट तरंगों और हीट-वेव के कारण 13 करोड़ लोगों की तत्काल मृत्यु और बाकी में से अधिकांश की न्यूक्लियर शीत के कारण मृत्यु हो जाएगी। धरती से अधिकांश जीवन समाप्त हो जाएगा और दशकों तक हीट-वेव और अम्लीय वर्षा होती रहेगी।

क्लाइमेट चेंज स्टडीज और हीट-वेव का असर जाहिरा तौर से भारत में मानसूनी वर्षा की चक्रवातीय गतिविधि और वर्षा से गिरने वाले जल की कुल मात्रा और इसके क्षेत्रीय प्रसार,फसलों की पैदावार से जुड़ी हुई फूड सिक्यूरिटी की साथ-साथ मनुष्य और जीव जंतुओं की सेहत से वास्ता रखती हैं। महत्वपूर्ण यह जानना है कि क्षेत्र विशेष में रहने वाले मनुष्य अति-गर्म वातावरण को झेलने का आदी होने के बावजूद अपने इलाके में उम्मीद से अधिक गर्मी या ठंड पड़ने के समय इसकी भीषणता से बचने का क्या उपाय करता है। साधन संपन्न मनुष्य अपने लिए विश्वकर्मा दर्पण या विश्वकर्मा प्रकाश जैसे भारती वास्तुशास्त्र एवं शिल्प ग्रंथों के आधार पर ताप-सह्य घर का डिजाइन बनवाकर, ऊनी कपड़े पहनकर शरीर से 'हीट-लॉस' कम करके, घर के चारों ओर घनी छाया वाले वृक्ष लगाकर या पोखर एवं तड़ाग बनवाकर, वातानुकूलन संयंत्र लगाकर या पर्वतीय इलाकों में शीतल और सुकून देने वाली उपत्यकाओं में अस्थायी स्थानांतरण करके बचाव कर सकता है,लेकिन विपन्न व्यक्ति मारू गर्मी और ठंड को बर्दाश्त नहीं पाता और लंबे समय तक प्रतिकूल परिस्थितियों में रहने से अंततः मर ही जाता है। भीषण गर्मी में गरीब तबके के इंसान अत्यधिक ऊंचे ताप के कारण हाइपर-पायरेक्सिया और ठंड लगने पर हाइपो-थर्मिया होने के कारण मरते देखे गए हैं। पैथो-फिजियोलॉजी ऑफ एक्स्ट्रीम हीट एंड कोल्ड का असर गरीब और अमीर कितना और क्यों होता है, यह जानने के लिए भी शोध अध्ययन हुए हैं,जिनके जरिए इनकी आर्थिक पृष्ठभूमि में विशाल अंतर को आधार बनाया गया,लेकिन स्वास्थ्य मंत्रालय ने सन् 2021 में एक ऐसी अध्ययन रिपोर्ट का प्रकाशन किया,जिसमें हीट-स्ट्रेस से मरने वालों की शव परीक्षा और क्लिनिकल जांच के बारे जानकारी दर्ज है। इसीलिए सरकारी खर्चे पर बेसहारा लोगों के शीत और भीषण गर्मी से बचाव के लिए सामूहिक आवास गृह बनाए जाते हैं।

प्रसंगवश

ये खेल है या मुर्गों की लड़ाई

एक बार सुनील गावस्कर किसी टेस्ट मैच में ओपनिंग करने गए और दुर्भाग्य से जीरो पर आउट हो गए। गावस्कर भारी मन और धीमे कदमों के साथ पैवेलियन लौटे। बिना किसी से कोई बात किए उन्होंने बल्ला एक तरफ पटका और सोफे पर निढाल होकर पड़ गए। किसी साथी खिलाड़ी की हिम्मत नहीं हुई कि उनके पास जाकर उन्हें ढाढस बंधाए।

तभी पॉली उमरीगर,जो अपने समय के बहुत बड़े बल्लेबाज थे और उस वक्त क्रिकेट प्रशासन में किसी ऊंचे ओहदे पर थे, पानी का एक गिलास लेकर गावस्कर के पास पहुंचे। गावस्कर उनका बहुत सम्मान करते थे। उमरीगर को पानी का गिलास लाता देख वे उठने को हुए, लेकिन जब तक वे उठ पाते,उमरीगर वहां पहुंच गए और पानी का गिलास पकड़ाया।



डॉ.धीरज सिंह
मुंबई

"क्रिकेट में ऐसा होता है" उमरीगर ने गावस्कर को कहा और उनकी बगल में बैठकर उन्हें कुछ समझाने लगे। अगली पारी में गावस्कर ने बेहतरीन 73 रन बनाए। रॉस टेलर न्यूजीलैंड के महान बल्लेबाज थे,जिन्होंने हाल में ही अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लिया है। टेस्ट और वन डे क्रिकेट रिकार्ड में उनकी बेहतरीन पारियां दर्ज हैं। वे आईपीएल खेल रहे थे। एक मैच में वे शून्य पर आउट हो गए। उनकी टीम भी हार गई। मैच खत्म होने के बाद टीम के मालिक ने सबके सामने उन्हें तीन-चार थप्पड़ रसीद कर दिए और कहा, "मैंने तुम्हें करोड़ों रूपये में खरीदा है। जीरो पर आउट होने के लिए नहीं"।

रॉस टेलर ने कुछ दिनों पहले प्रकाशित अपनी आत्मकथा में इस घटना का विवरण देते हुए लिखा, "हालांकि उन थप्पड़ों में आक्रामकता नहीं थी और वे बहुत जोर से नहीं मारे गए थे,लेकिन मैं उसका अर्थ समझ रहा था,जो हुआ वह सार्वजनिक रूप से हुआ। " सुनील गावस्कर अपने देश की टीम में चुने गए थे ,लेकिन रॉस टेलर की आईपीएल टीम ने उन्हें चुना नहीं था,बल्कि 'खरीदा' था। जब से क्रिकेट का बाजार सजा या कहें,बाजार में क्रिकेट उतरा, खिलाड़ी नायक न होकर अपने क्लबों के लिए मुर्गे बन गए।

मध्यकाल में सामंत लोग मुर्गे लड़वाया करते थे और आम जन भी उन तमाशों का मजा लेते थे,खुश हो होकर तालियां बजाते थे। मुर्गों का कोई देश या राज्य या मोहल्ला नहीं होता था,उनके सिर्फ मालिक होते थे। आधुनिक दौर में सामंतों की जगह पैसे वाले मालिकों ने ले ली और मुर्गों की जगह खिलाड़ियों ने ले ली। बाजार ने क्रिकेट को बेशुमार पैसा दिया,लेकिन क्रिकेट से उसकी आत्मा और खिलाड़ियों से उनकी गरिमा छीन ली।

आईपीएल में जब पहली बार विभिन्न शहरों पर आधारित टीमें बनीं तो उनका स्वरूप नितांत व्यावसायिक था,लेकिन भारतीय क्रिकेट प्रेमियों की भावनाओं और टॉप के कुछेक भारतीय क्रिकेटरों के उनके शहरों से जुड़ाव को देखते हुए 'आइकन प्लेयर' की परिकल्पना की गई। यानी जो खिलाड़ी अपने शहर में किसी आइकन की तरह लोकप्रिय है,उन्हें नीलामी की प्रक्रिया में न डालकर उनके शहर की टीम से जोड़ दिया गया और नियम बनाया गया कि वह टीम नीलामी में किसी खिलाड़ी को जिस अधिकतम कीमत पर खरीदेगी, अपने आइकन प्लेयर को उससे 15 प्रतिशत अधिक पैसे देगी।

पहले सीजन में इन आइकन खिलाड़ियों को खूब सम्मान दिया गया। कोलकाता की टीम में सौरव गांगुली,बैंगलोर की टीम में राहुल द्रविड़, हैदराबाद में वीवीएस लक्ष्मण, पंजाब में युवराज सिंह,मुंबई में सचिन तेंदुलकर आइकन प्लेयर बने। शायद, एकाध कोई और भी बने हों,लेकिन जीत, मुनाफा, ब्रांड वैल्यू आदि बाजारवादी मानकों पर गठित उन आईपीएल टीमों के लिए स्थानीयता और भावुकता पर आधारित आइकन प्लेयर की परिकल्पना पहले दूसरे साल से ही बोझ बनने लगी। साल दो साल बीतते-बीतते एक सचिन को छोड़ बाकी सारे के सारे आइकन साहब बाकायदा धकिया कर टीमों से बाहर कर दिए गए।

टी-20 के नायकों का उदय हुआ। नई पीढ़ी के खिलाड़ियों ने अपने खेल को इस तरह ढालने का अभ्यास किया कि वे हर तरह की क्रिकेट में प्रासंगिक बन सकें,लेकिन तब भी,आज की क्रिकेट में दुनिया के टॉप तीन बल्लेबाजों में शुमार स्टीव स्मिथ आईपीएल में बिना बिके रह गए। यह कैसी क्रिकेट है जिसमें स्टीव स्मिथ,द्रविड़, गांगुली, लक्ष्मण, माहेला जयवर्धने जैसे क्रिकेट के इतिहास पुरुष 'अनसोल्ड' रह जाते हैं। समय आएगा कि एक दिन क्रिकेट का स्वरूप दो सांड़ों की लड़ाई का हो जाएगा। हम सब तालियां बजाएंगे।

नालंदा विश्वविद्यालय और अमर्त्य सेन

पंकज मोहन
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

> अंतर्राष्ट्रीय ख्याति के विश्वविद्यालय के रूप में स्थापित नालंदा विश्वविद्यालय आज बिहार के चौबीस विश्वविद्यालयों में अठारहवें पायदान पर खड़ा है।

चीनी कहावत हैः इन सुइ, स युवैन, अर्थात् जब पानी पीते हो तो तालाब या कुंआ बनाने वालों के बारे में कृतज्ञतापूर्वक सोचो। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नालंदा विश्वविद्यालय का उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री ने जिस परिसर का उद्घाटन और लोकार्पण किया उसका टेंडर मेरे हस्ताक्षर से जनवरी 2017 में नागार्जुन कंस्ट्रक्शन को दिया गया था और कैंपस निर्माण के श्री गणेश के अवसर पर नागार्जुन कंपनी द्वारा आयोजित भूमि पूजन का जजमान मैं ही था। नालंदा विश्वविद्यालय कैंपस निर्माण के शुभारंभ (भूमि पूजन) के अवसर पर मैंने किसी राजनेता को आमंत्रित नहीं किया।

अब विश्वविद्यालय के अधिकारियों ने नालंदा विश्वविद्यालय निर्माण के इतिहास की जो डॉक्युमेंटरी दिखाई, उसमें राष्ट्रपति कलाम और प्रधानमंत्री मोदी का ही उल्लेख था। किसी ने 2014 में नालंदा विश्वविद्यालय के अंतरिम परिसर का उद्घाटन कर अध्ययन-अध्यापन की प्रक्रिया के शुभारंभ में सर्वाधिक महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली राजनेत्री श्रीमती स्वराज का स्मरण नहीं किया। विश्वविद्यालय के निर्माण का विजन प्रदान करने वाले प्रथम कुलाधिपति प्रोफेसर अमर्त्य सेन,शासी समिति के सदस्य और प्रथम कुलपति डॉक्टर गोपा सभरवाल की भी उपेक्षा हुई। प्रोफेसर अमर्त्य सेन और शासी समिति के उनके विद्वान सहयोगियों ने विश्वविद्यालय के भावी स्वरूप का रोडमैप तो बनाया ही, 2014 में प्रोफेसर अमर्त्य सेन ने इंडोनेशिया में व्याख्यान के मानदेय के रूप में प्राप्त बीस लाख रुपये के दान द्वारा अभावग्रस्त छात्रों के लिए छात्रवृति कोष बनवाया। अमर्त्य सेन की अंतर्राष्ट्रीय प्रतिष्ठा के कारण आस्ट्रेलिया सरकार,चीन की सरकार और स्विटजरलैंड के एक एनआरआई व्यवसाय ने एक-एक मिलियन अमेरिकी डॉलर (कुल मिलाकर अठारह करोड़ रुपये) का दान दिया। थाईलैंड ने साठ लाख रुपये का अनुदान दिया।

सिंगापुर के प्रमुख व्यवसायियों का एक दल प्रोफेसर अमर्त्य सेन और शासी समिति के सदस्य श्री जार्ज यो,जो सिंगापुर के विदेश मंत्री थे,के अनुरोध पर नालंदा आया था। वे विश्वविद्यालय के पुस्तकालय के लिए करीब दस मिलियन अमेरिकी डालर,अर्थात् साठ करोड़ रुपये का अनुदान देने के लिए प्रतिबद्ध थे। जब सरकार ने अमर्त्य सेन को पहले कुलाधिपति पद से हटाया और फिर शासी समिति से भी बेदखल कर दिया,जार्ज यो ने भी नालंदा से नाता तोड़ लिया और सिंगापुर के उद्योगपति भी अनुदान के वादे से मुकर गए।

प्रोफेसर अमर्त्य सेन जब विश्वविद्यालय के काम से भारत आते थे तो उनके फ्लाइट के किराए का भुगतान विश्वविद्यालय को नहीं करना पड़ता था। वे यह भूल जाते हैं कि भारत रत्न सम्मान से नवाजे गए लोग जिस राज्य में जाते हैं,उन्हें राजकीय अतिथि का दर्जा मिलता है और राज्य सरकार उनके आतिथ्य के उत्तरदायित्व का निष्ठापूर्वक निर्वहन करती है। सरकार ने प्रोफेसर अमर्त्य सेन और उनके द्वारा नियुक्त कुलपति को कलंकित करने के उद्देश्य से हर तरह के हथकंडे अपनाए,नाना प्रकार की चालबाजी की,लेकिन सांच को आंच क्या? झूठ के सचमुच पांव नहीं होते। टाइम्स ऑफ इंडिया की पत्रकार भारती जैन ने ट्विटर पर प्रोफेसर अमर्त्य के खिलाफ कुछ आरोप लगाए। उसने लिखा कि नियुक्ति में धांधली हुई,उन्हें पांच लाख रुपये प्रति माह वेतन,बेहिसाब विदेश यात्रा,विलासितापूर्ण होटल का आतिथ्य,सीधी नियुक्तियों की शक्ति, आदि दिए गए थे। बाद में जब उसे तथ्यों से अवगत कराया गया,उसने अपने आरोपों को वापस लिया और क्षमा याचना की।

पोस्ट-अमर्त्य सेन युग की कुलपति महोदया ने सारा जीवन दक्षिण भारत के प्रांतीय विश्वविद्यालय के उस विभाग में अध्ययन और अध्यापन किया,जहां उनके पिताश्री वरिष्ठ और सम्मानित प्राध्यापक थे। कुलपति महोदया ने जीवन में कभी भी किसी अंतर्राष्ट्रीय स्तर की शोध पत्रिका या प्रकाशन गृह से शोधपत्र या पुस्तक प्रकाशित करने का प्रयास नहीं किया। यूरोप-अमेरिका के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों से पीएचडी डिग्रीधारी प्रोफेसर जिनकी बहाली प्रोफेसर अमर्त्य सेन के समय में हुई थी,ने या खुद विश्वविद्यालय छोड़ दिया या उन्हें हटा दिया गया। राष्ट्रीय महत्व के विश्वविद्यालय के रूप में स्थापित जेएनयू ने अपनी स्थापना के प्रथम दशक मे ही अंतर्राष्ट्रीय ख्याति अर्जित कर ली थी। अंतर्राष्ट्रीय ख्याति के विश्वविद्यालय के रूप में स्थापित नालंदा विश्वविद्यालय आज बिहार के चौबीस विश्वविद्यालयों में अठारहवें पायदान पर खड़ा है।

सोशल फोरम

आस्था कब तक कल्याणकारी

रामेश्वरम से रामसेतु देखने धनुषकोडि गया और आनंद से भर गया। रामेश्वरम के धनुषकोडि से श्रीलंका के निकटतम बॉर्डर की दूरी करीब 25 किलोमीटर है, जबकि रामायण में जिस रामसेतु का उल्लेख है,वह सौ योजन लंबा और 10 योजन चौड़ा है। इस हिसाब से ढाई किलोमीटर चौड़ा पुल था। लंका के द्वार पर सुरसा भी हनुमान को निगलने के लिए सौ योजन बराबर मुख बड़ा कर लेती है। सभी बड़ी चीजें सौ योजन हैं। ऐसी चीजें कथा हैं,इन्हें तथ्य नहीं समझ लेना चाहिए और सामाजिक संदेश को समझना चाहिए।

शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

रामकथा के इतिहासीकरण की शुरुआत अंग्रेजों ने की थी,1828 में पहली बार आर्य वीर राम द्वारा दक्षिण के द्रविड़ लोगों पर आक्रमण की बात कहकर। यह नस्लवादी जहर उन्हें खासकर तमिलनाडु के लोगों के मन में बो देने में सफलता मिली है,अंग्रेजों का उद्देश्य पूरा हुआ है। अंग्रेजों की देखा-देखी रामकथा में आए भौगोलिक स्थानों को इतिहास बनाकर उपस्थित करने का एक लंबा सिलसिला इधर फिर चला है, जो मुख्यतः पुरोहितों का व्यापारिक जाल है। इसी क्रम में समुद्र में रामसेतु की खोज हुई और रामेश्वरम में एक सज्जन ने कुछ प्लूमिस पत्थर लाकर एक हनुमान मंदिर में प्रदर्शित कर रखा है और घोषित कर रखा है कि ये पत्थर उसी राम सेतु के हैं। ये वस्तुतः किसी ज्वालामुखी के झाग के टुकड़े हैं,जो छिद्र वाले स्पंज जैसे दिखने वाले पत्थर होते हैं। ये पानी को अपने भीतर खींचकर तैरते हैं।

यदि राम नाम लिखे बिना भी ये तैरें, तो फिर राम का माहात्म्य क्या है? रामेश्वर के एक मंदिर में एक पुरोहित 1000 रुपए में इसके छोटे टुकड़े बेच रहा था। कुछ व्यक्ति भक्ति भाव से खरीदकर चमत्कार दिखाने के लिए घर ले जा रहे थे। आस्था के ऐसे शोषण के प्रति जागरूक रहना चाहिए। आस्था तभी तक कल्याणकारी है,जब तक बुद्धि का दामन नहीं छोड़ती। आस्था और अंधविश्वास में फर्क है। आस्था कई बार मनुष्य का आत्मविश्वास मजबूत करती है,जबकि अंधविश्वास हर बार आत्मविश्वास छीन लेता है। **-फेसबुक वॉल से**

असली इंसान

बद्री प्रसाद सिंह
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक उप्र.

> मैं व एसडीएम नंद किशोर आर्य नए तथा अनुभवहीन थे। हमने शहर में गस्त बढ़ा दी तथा कोतवाली में नगर सुरक्षा समिति की बैठक की।

जून,1979 को मेरा स्थानांतरण अपराध शाखा,लखनऊ से मुरादाबाद हो गया,जहां मैं सीओ अमरोहा बनाया गया। अपराध शाखा में मेरे पुलिस अधीक्षक रहे मंजूर अहमद साहब के साले मुजम्मिल खां अमरोहा में रहते थे। लंबे, तगड़े, गोरे खां साहब पुराने जमींदार थे और राजनीति व स्थानीय गुटबंदी से दूर रहते हुए प्रभावशाली व्यक्ति थे। 13 अगस्त 1980 को ईद के दिन मुरादाबाद ईदगाह पर हुए विवाद में पुलिस ने नमाजियों पर फायरिंग कर दी, जिसमें काफी लोग मारे व घायल हुए और मुरादाबाद में पुलिस-मुसलमान संघर्ष प्रारंभ हो गया,जो शाम होते-होते हिंदू-मुस्लिम दंगे में परिवर्तित हो गया। मुरादाबाद दंगे की तपिश अमरोहा में भी महसूस होने लगी। मैं व एसडीएम नंद किशोर आर्य नए तथा अनुभवहीन थे। हमने शहर में गस्त बढ़ा दी तथा कोतवाली में नगर सुरक्षा समिति की बैठक की। मुजम्मिल खां ने अपने 4-5 बंदों के साथ अपनी जोंगा जीप से रात्रि गस्त की पेशकश की।

15 अगस्त को लगभग दो बजे दिन में सूचना मिली कि दो घायल मुसलमान सरकारी अस्पताल में आए हैं। मैं तत्काल अस्पताल पहुंचा,वहां भीड़ एकत्र हो रही थी, भीतर घायलों ने बताया कि वे मुरादाबाद से गजरौला ट्रेन से जा रहे थे कि कैलसा स्टेशन के पास जाटों ने ट्रेन रोककर कुछ मुसलमानों को मारा व लूटा है। यह बात सांप्रदायिक तनाव बढ़ाने वाली थी। घायल व्यक्ति शिया थे। मैंने तत्काल अस्पताल के भीतर एकत्र मुस्लिमों को निकालकर अपने शिया मित्र,टेनिस खिलाड़ी शाने अकबर को बुला लिया। शाने अकबर अपने साथियों के साथ अस्पताल में आकर स्वयं को घायल का रिश्तेदार बताकर अन्य मुसलमानों को हटाकर इस घटना को आपसी मारपीट बताकर धार्मिक विवाद बनने से बचाया। इसी बीच पुलिस कंट्रोल ने मुझे बताया कि मुजम्मिल खां मुझसे तत्काल बात करना चाहते हैं। मुजम्मिल खां ने बताया कि जामा मस्जिद पर तीन घायल मुसलमान आए हैं,जो गजरौला रेलवे स्टेशन के पास हिंदुओं द्वारा मुसलमानों को मार-पीट कर मुस्लिम औरतों को बलात अपने साथ उठा ले जाने की बात बता रहे हैं। यह बात आसपास के मुस्लिम मोहल्लों में फैल रही है और लोग मस्जिद में भागकर आ रहे हैं,मैं तत्काल मस्जिद पर पहुंच जाऊं,वह वहीं मिलेंगे।

मैं जामा मस्जिद के लिए जीप से भागा। मस्जिद से 200 मीटर पहले ही रास्ते में मुजम्मिल खां अपने 5-6 साथियों के साथ मेरी प्रतीक्षा करते मिले। मुजम्मिल खां बार-बार कह रहे थे,ठाकुर कुछ करो,कुछ करो,हमारे अमरोहा को बचा लो,मैं किंकर्तव्यविमूढ़ खड़ा था। अंत में मैंने वापसी का निर्णय सुनाया। सुनकर खां ने कहा कि क्या मैं असली क्षत्रिय हूं,मेरे हां करने पर वह बोले कि असली क्षत्रिय मौत से नहीं डरता,वह पठान हैं और अपने शहर को बचाने के लिए जान भी दे देंगे। इतना सुनकर मेरे अंदर भी जोश आ गया। मैंने कहा कि तुम पठान हो मरने से नहीं डरते तो मैं भी क्षत्रिय हूं,मैं भी मौत से नहीं डरता,चलो। अब मैं मुजम्मिल खां के साथ मस्जिद की तरफ चल दिया। उस समय न मृत्यु का डर न परिवार की चिंता थी,बस सोच रहा था कि कैसे शहर को बचाया जाय और क्या मैं जान देकर भी सांप्रदायिक सौहार्द बचा पाऊंगा। हम मस्जिद में जैसे ही घुसे,मेरे वर्दी में होने के कारण शोर मचने लगा। मस्जिद परिसर में पुलिस व मेरे विरुद्ध नारेबाजी,गाली गलौज जारी था,जान से मारने की बात भी हो रही थी।

हम मस्जिद प्रबंधक के पास पहुंचे तो कुछ सकून मिला। प्रबंधक लगभग 80 वर्ष के बूढ़े, नाटे लंबी सफेद दाढ़ी वाले व्यक्ति थे। मुझे देखते ही वह बोले कि इन्हें हिंदुओं ने मारा व लूटा है तथा कुछ मुस्लिम खातूनों को हिंदू जबरन अपने साथ ले गए हैं,मैं तुरंत इस मसले को देखूं। मैंने कहा कि मुझे मारपीट का ज्ञान है और गजरौला पुलिस मौके पर छानबीन कर भी रही है, लेकिन औरतों के अगवा वाली बात सही नहीं है। मैंने धीरे से मुंतजिम से कहा कि वह घायलों को बाहर निकलवा दें तथा नमाज के बाद किसी को भी तकरीर करने का मौका न दें अन्यथा वे भड़काऊ भाषण से दंगा करा देंगे। मस्जिद में एक ही द्वार था,जो मुझसे 50 मीटर पीछे था और बीच में थी क्रोधित,नारे लगाती भीड़। वापसी संभव नहीं थी। इतने में चमत्कार हुआ। मुंतजिम ने दहाड़ते हुए कहा- "खामोश" और भीड़ सचमुच खामोश हो गई। वह बोले कि उन्हें भी पुलिस पर विश्वास नहीं है,लेकिन यह सीओ बहादुर ठाकुर है,इस पर मेरा विश्वास है। यह जरूर सही कार्रवाई करेगा। सभी लोग खामोशी से अपने अपने घर जाकर नमाज पढ़ें और अपने कस्बे और देश के अमनोअमान के लिए परवरदिगार से दुआ करें। यह मेरी मस्जिद है,आज यहां मगरिब (शाम) की नमाज नहीं होगी।

हम धीरे-धीरे मस्जिद के बाहर निकल आए, देखा कि कुछ दूर ड्राइवर वासुदेव जीप लेकर चिंतित खड़ा था,मुझे देखते ही वह जीप लाया जिस पर तीन घायल तथा मुजम्मिल खां को लेकर तेजी से अस्पताल आकर उन्हें भर्ती कराया। पहले भर्ती हुए दोनों घायलों की स्थिति ठीक थी और शाने अकबर पहरा दे रहे थे। वहां से मैंने कोतवाली आकर चाय पी और हंसते हुए मुजम्मिल खां से कहा कि आज तो उन्होंने मेरी हत्या करवाने में कोई कसर नहीं छोड़ी थी। उन्होंने भी हंसते हुए कहा कि थोड़ी हिम्मत करने से आज दंगा बच गया नहीं तो हजारों खुराफातियों की भीड़ को कौन रोक पाता? इसी बीच उनके चेले उनकी जोंगा जीप लेकर आ गए और हमने उन्हें विदा किया। मैंने कभी सोचा भी नहीं था कि कोई मुसलमान मस्जिद में नमाज के लिए मना करेगा और नमाजी चुपचाप मान लेंगे। ऐसी घटना मैंने आज तक न देखी न सुनी। कोतवाली में बैठे हम बात कर रहे थे कि यदि मुजम्मिल खां न होते तो आज अमरोहा कस्बे की गलियां खून से लाल हो जाती और अमरोहा की तवारीख पर एक बदनुमा दाग लग जाता।

बाइक सवार दंपति को ट्रक ने रौंदा, दोनों की मौत

पत्नी के साथ ससुराल खेड़ाशिलाजीत जाते समय हुआ हादसा

संवाददाता, सरीला(हमीरपुर)

अमृत विचार। जरिया थाना क्षेत्र में चण्डौत गांव के बेतवा नदी पुल के पास बाइक सवार दंपति को मौरंग भरने जा रहे ट्रक ने रौंद दिया। हादसे में बाइक सवार 32 वर्षीय युवक की मौके पर मौत हो गई। जबकि पत्नी को गंभीर हालत में इलाज के लिए उरई ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू की।

जनपद जालौन के कहटा गांव निवासी रमाकांत उर्फ लल्ला राजपूत (32) पुत्र रामभरत अपनी पत्नी गीता (30) के साथ बुधवार दोपहर में बाइक से ससुराल खेड़ा शिलाजीत गांव जा रहा था। तभी जरिया थाना क्षेत्र में चंडौत के बेतवा नदी पुल के पास मौरंग खदान की तरफ जा रहे ट्रक ने बाइक सवार पति पत्नी को रौंद दिया। जिसमें बाइक सवार रमाकांत उर्फ लल्ला की मौके पर मौत हो गई। मृतक की पत्नी गीता की हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज उरई रेफर किया। मृतक के भाई जयकांत ने बताया कि महिला को उरई ले जाते समय रास्ते मे मौत हो गई है। मृतक पति पत्नी अपने पीछे बेटा गोलू व बेटी विपाशा को रोते बिलखते छोड़ गये हैं। मृतक खेती किसानी कर परिवार का भरण पोषण करता था। इस घटना से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। थानाध्यक्ष जरिया भरत कुमार ने बताया कि ट्रक को पकड़ लिया गया है। ड्राइवर मौके से फरार गया है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

घटनास्थल पर खड़ा ट्रक व मौजूद पुलिस। अमृत विचार

वाहन की टक्कर से अधिवक्ता घायल

अतर्रा। दो अधिवक्ता कचेहरी से विक्की पर बैठकर घर लौट रहे थे तभी छोटा हाथी चौपहिया वाहन चालक ने उनके वाहन में पीछे से जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे दोनों सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। एडवोकेट महेश प्रसाद मौर्य व एडवोकेट दिलदार वर्मा ने पुलिस को बताया कि वे दोनों पिछली 9 तारीख को टीवीएस मोपेड पर सवार होकर कचेहरी से घर लौट रहे थे। बदौसा रोड़ पर पेट्रोल पंप के पास पहुंचे तभी पीछे से आए चौपहिया वाहन छोटा हाथी चालक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दिया जिससे दोनों गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

ट्रक की टक्कर से बाइक सवार पति की मौत, पत्नी-बच्चे घायल

संवाददाता, राठ(हमीरपुर)

- जरिया थाने क्षेत्र के कछवा कला गांव के पास हुआ हादसा

अमृत विचार। जरिया थाने के कछवा कला गांव के पास तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से बाइक सवार एक युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। युवक की पत्नी के अलावा उसके दो बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें सूचना पर पहुंची 108 एम्बुलेंस के द्वारा कस्बे की सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने सभी घायलों का प्राथमिक उपचार कर नजदीकी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। घटना की जानकारी लगते ही मृतक युवक के परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस के द्वारा मृतक युवक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

क्षेत्र के जरिया थाना अंतर्गत करियारी गांव का निवासी खेमचंद पुत्र हरिकिशन अपनी पत्नी रेखा और 4 वर्षीय पुत्र ग्रह और दो वर्षीय पुत्री वैष्णवी के साथ अपनी रिश्तेदारी में महोबा कोतवाली क्षेत्र के रैपुरा गांव में गया हुआ था। वहां से वापस लौट के दौरान क्षेत्र के कछवा कला गांव के पास तेज रफ्तार एक ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी।

जिससे खेमचंद की मौके पर ही मौत हो गई। साथ ही पत्नी रेखा व पुत्र गिरीश तथा पुत्री वैष्णवी गंभीर रूप से घायल हो गये। जिन्हें सूचना पर पहुंची 108 एम्बुलेंस के द्वारा तत्काल कस्बे की सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने सभी घायलों का प्राथमिक उपचार कर उन्हें नजदीकी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। वहीं मृतक युवक के परिजनों ने बताया कि मृतक हेमचंद मेहनत मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था।

जो कि अपने पीछे पत्नी रेखा के अलावा अन्य सभी परिजनों को रोता बिलखता हुआ छोड़ गया है। प्रभारी इंस्पेक्टर ने बताया कि टक्कर मारने वाले वाहन की तलाश की जा रही है।

हाईवे पर खत्म हो जाए ईंधन तो न करें चिंता

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने टोल टैक्स नियमों में संशोधन किया है, जो एक जुलाई से लागू हो जाएंगे। इसके तहत टोल टैक्स देने वाले यात्री को कई तरह की सुविधाएं तथा चिकित्सीय सहायता प्रदान की जाएगी। यही नहीं वाहनों में पेट्रोल या डीजल खत्म होने पर टोल संग्रह कंपनी उसे पेट्रोल या डीजल उपलब्ध कराएगी जिससे वाहन निकटतम पेट्रोल पंप तक पहुंच सके। इसके लिए राष्ट्रीय राजमार्ग उपयोगकर्ता के पास टोल टैक्स की रसीद होना आवश्यक है। यदि फास्ट टैग उपयोगकर्ता है तो उसके पास मैसेज होना चाहिए।

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने पिछली तीन जून को टोल टैक्स में आंशिक वृद्धि की थी। इसके बाद टोल टैक्स नियमों में भी संशोधन किया है। नए नियम के मुताबिक यदि यात्रा करते समय वाहन खराब हो जाता है तो यह टोल प्लाजा की कार्यदायी संस्था की जिम्मेदारी होगी कि वह वाहन को टो कर मैकेनिक तक पहुंचाए। यदि हाईवे पर वाहन का पेट्रोल या डीजल खत्म हो जाता है तो टोल संग्रह कंपनी उस वाहन को पेट्रोल डीजल उपलब्ध कराएगी, जिससे कि वह निकटतम पेट्रोल पंप तक पहुंच सके। टोल फ्री नंबर पर फोन करने के बाद सहायता दस मिनट के अंदर उपलब्ध होगी और पांच से 10 लीटर तक पेट्रोल मुफ्त में मिलेगा। वाहन पंचर होने पर भी तत्काल सहायता प्रदान की जाएगी। फास्ट टैग होने की स्थिति में वाहन का नंबर बताने पर यह सभी सुविधाएं मिलेगीं।

नेशनल हाइवे स्थित जेवां टोल प्लाजा।

तबीयत खराब होने पर मिलेगी एंबुलेंस

नेशनल हाइवे पर यदि किसी वाहन सवार की तबीयत खराब हो जाती है तो निशुल्क चिकित्सीय सहायता के लिए टोल फ्री नंबर 1033 पर कॉल करनी होगी। मरीज को तत्काल हाइवे एंबुलेंस उपलब्ध कराई जाएगी और पास के अस्पताल में भर्ती कराया जाएगा।

आपातकालीन नंबर

नेशनल हाइवे	1033
एक्सप्रेस-वे	14449
पुलिस सहायता	112
एंबुलेंस सेवा	108

मिलेगीं ये सुविधाएं

- एंबुलेंस, पेट्रोल-डीजल, पंक्चर, प्राथमिक उपचार, हवा, पानी, शौचालय, क्रेन, टोइंग क्रेन, पुलिस सहायता, फायर ब्रिगेड

- एनएचएआई ने किया टोल टैक्स नियमों में संशोधन, मिलेंगीं विशेष सुविधाएं
- जिले में 72 किमी के दायरे में प्रदान की जाएगी चिकित्सीय व अन्य सहायताएं

एनएचएआई ने टोल नियमों में संशोधन कर कई तरह की सुविधाएं उपयोगकर्ताओं को प्रदान की हैं। जिले में नवीगंज से लेकर मित्रसेनपुर तक 72 किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्ग है, जिस पर सभी तरह की सुविधाएं टोल संग्रह कंपनी प्रदान करेगी।

–रोहित कश्यप, प्रबंधक, टोल प्लाजा जेवां

मामा-भांजे को कुएं में धकेलकर फेंके पत्थर

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- मोबाइल ले गए, ग्रामीणों ने रस्सी के सहारे दोनों को कुएं से निकाला
- दोनों घायलों को भेजा गया अस्पताल, थाने में पीड़ितों ने दी तहरीर

अमृत विचार। कोतवाली श्रीनगर के ग्राम ज्योरइया में खेत पर काम कर रहे मामा-भांजे को दबंग द्वारा कुएं में फेंकने के बाद पत्थरों से जानलेवा हमला किया, जिससे दोनों घायल हो गए। हमलावर बीस हजार कीमत का मोबाइल लेकर मौके से फरार हो गया। चीख पुकार सुनकर आसपास खेतों में काम कर रहे किसान कुएं पास पहुंचे और परिजनों को सूचना देते हुए रस्सी की मदद से उन्हें बाहर निकाला। उपचार के बाद पुलिस को तहरीर देकर घटना से अवगत कराया।

ग्राम ज्योरइया निवासी रमेश कुशवाहा(47) अपने भांजे के साथ खेत पर काम कर रहा था। तभी उसका नहाने का मन हुआ और वह कुएं पर पहुंचकर पानी भरने लगा। बताया कि तभी गांव का दबंग पप्पू वहां आया और गालीगलौज करने लगा। उसे गाली देने से मना किया तो उसने धक्का देते हुए कुएं में फेंक दिया। तभी मामा को कुएं में गिरते ही भांजा कैलाश उन्हें बचाने के लिए कुएं पास पहुंचा तो उसे भी धक्का देकर कुएं में गिरा दिया और पत्थरों से दोनो के ऊपर प्रहार करने लगा, जिससे दोनों लोग घायल हो गए। उनका करीब बीस हजार का मोबाइल लेकर दंबग मौके से भाग गया। दंबग के जाने के बाद मामा-भांजे कुएं में तैरते हुए शोर मचाया, जिस पर आपास में काम कर रहे किसान वहां पहुंच गए और उनके परिजनों को सूचना देते हुए उन्हें रस्सी डालकर कुएं से बाहर निकाला गया। इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया। पूरे मामले की लिखित शिकायत श्रीनगर पुलिस को देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने जांच कर कार्रवाई का आश्वासन पीड़ितों को दिया गया है।

मामा को कुएं से बाहर निकालते किसान।

ट्रक चालकों से वसूली में दो पुलिसकर्मी किए गए निलंबित

फतेहपुर। हाइवे पर मवेशियों से भरे ट्रकों व मोरंग लदे ओवरलोड ट्रैक्टर चालक से अवैध वसूली का वीडियो वायरल होने पर एसपी ने पीआरवी वैन के दो सिपाहियों को निलंबित कर दिया। मामले की जांच डीएसपी को दी गई है।

खागा कोतवाली क्षेत्र के हाइवे पर एक वीडियो में एक ट्रक से फेंका गया पैसा पुलिस कर्मी उठाकर ले जाते दिख रहा है। पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह ने डीएसपी खागा की रिपोर्ट पर पीआरवी के दो पुलिस कर्मी धर्मजीत सिंह और वीरेंद्र कुमार को निलंबित कर दिया। दूसरा मामला खखरेरु थाना क्षेत्र के पनिहा बाबा चौराहा के पास का है। मोरंग लादकर जा रहे चालक से पुलिस की वसूली का वीडियो वायरल हुआ है।

अगवा बच्चा बरामद, दो महिलाएं गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- दिल्ली, हरियाणा में बच्चे को बेचने की फिराक में थीं

अमृत विचार। चार दिन पहले शहर से सहेली बनकर दो साल के बच्चे को अगवा करने वाली अपनी साथी महिला सहित पुलिस के हत्थे चढ़ गई। बच्चा सकुशल बरामद किया गया। दोनों महिलाएं दिल्ली, हरियाणा तक बच्चे को बेचने की फिराक में दौड़ रही थीं। एसएसपी ने पुलिस टीमों को 25 हजार रुपये इनाम देने की घोषणा की।

शहर में कोतवाली सदर क्षेत्र के मोहल्ला ब्रह्मनगर में किराए के मकान में रह रहे थाना इकदिल क्षेत्र के गांव नगला फूंदी के सुनील के दो साल के बेटे युवराज को इसी मकान में रह रही महिला उसकी पत्नी की सहेली बनकर 22 जून सुबह 10 बजे अगवा कर ले गई। जानकारी होने पर बच्चे की मां का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।

पिता की गोद में युवराज। अमृत विचार

एसएसपी संजय वर्मा ने बताया कि एसपी सिटी अभयनाथ त्रिपाठी तथा सीओ सिटी अमित कुमार सिंह के नेतृत्व में शहर कोतवाल विक्रम सिंह चौहान, एसओजी व सर्विलांस टीम प्रभारी फोर्स के साथ लगातार इनकी तलाश में जुटे हुए थे। बुधवार सुबह नौ बजे सटीक सूचना मिलने पर पुलिस टीमों ने मां काली बांह मंदिर के पास घेराबंदी करके दो महिलाओं सहित बच्चे को अभिरक्षा में ले लिया। बच्चे का मेडिकल कराया गया जो स्वस्थ्य पाया गया। सहेली बनकर ले जाने वाली महिला अपना नाम भरथना क्षेत्र के गांव जबरपुरा की उर्मिला तथा दूसरी ने थाना फ्रेंड्स कॉलोनी क्षेत्र के कुनेरा हाल निवासी शहर किनारे अड्डा सती मानिकपुर मोड़ पर रहने वाली अंजना बताया।

गिरफ्तार की गई दोनों महिलाओं ने बताया कि वह दिल्ली हरियाणा तक बच्चे को बेचने के लिए दौड़ रही थीं। ग्वालियर भिंड जाने के उन्होंने बताया कि यदि यहां पर बच्चा नहीं बिकता तो यह दोनों उसकी हत्या कर शव को जंगल में छिपा देती, इनके इरादे काफी खतरनाक बन गए थे। इसके तहत बच्चे को टार्चर भी कर रही थीं।

दोनों काफी चालाक, बदल रहीं थी लोकेशन

- एसएसपी ने बताया कि दोनों काफी चालाक अपराधियों की तरह लोकेशन बदल रही थीं, इसी के साथ दूसरों के मोबाइल फोन मांगकर काल कर रही थीं। इन दोनों ने मथुरा और भरतपुर में इसी तरह की घटनाएं कबूली हैं। इनका इनका इतिहास खंगाला जा रहा है। अनुमान है कि यह दोनों किसी मानव तस्करी गैंग से जुड़ीं हुई हैं। सभी पहलुओं की गहनता से जांच की जा रही है।

बच्चा पाकर निहाल हुई मां

- मासूम बेटा अगवा होने के बाद लगातार आंसू बहा रही दुखी मां बच्चे को पाकर निहाल हो गई जो पुलिस की जमकर सराहना कर रही थी। एसएसपी संजय वर्मा ने बच्चे को टाफी-चाकलेट देकर अपनी प्रसन्नता का इजहार किया।

आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर दुर्घटना में सात घायल

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- चालक को आई नींद की झपकी ट्रक से टकराई बस
- गोरखपुर से चली डबल डेकर बस जा रही थी दिल्ली

अमृत विचार। आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर बुधवार की सुबह डबल डेकर बस दुर्घटना का शिकार हो गई। घटना के बाद बस का चालक उसमें बुरी तरीके से फंस गया।

गोरखपुर से डबल डेकर बस दिल्ली जा रही थी, जिसमें 22 सवारियां मौजूद थीं। सुबह का समय होने के कारण सवारियां सो रही थीं। अचानक आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे के चैनल नंबर 116 पर बस के चालक को नींद का झोंका आ जाने से वह ओवर स्पीड में होने के कारण आगे जा रहे ट्रक से टकरा गई। इसमें सात लोग घायल हो गए।

बस चालक शैलेश कुमार पुत्र बिंदेश्वरी यादव निवासी जलालपुर, थाना सिधौलिया, गोपालगंज, बिहार अपने परिचालक साथी राजेंद्र यादव पुत्र बनवारी यादव निवासी मिश्रिर पट्टी, थाना कुबेर स्थान, जिला कुशीनगर के साथ जा रहा था। घटना में बस के चालक, परिचालक व पांच अन्य सवारी शुभम कुमार, गीता देवी पत्नी राधाकृष्ण, दिव्या कुमारी, बीरम, राज पुरोहित, सोनाली देवी पत्नी राजकुमार सभी निवासी गोरखपुर घायल हो गए। यूपीडा के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और घायलों को सैफई पीजीआई पहुंचाया।

मुठभेड़ में दो बदमाशों को लगी गोली

कार्यालय संवाददाता, जालौन

अमृत विचार। बीती रात कमसेरा चौराहे के पास पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ में दो बदमाशों के पैर में गोली लगी तथा तीसरे ने पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। घायल बदमाशों को पुलिस ने अस्पताल में भर्ती करवाया है। पुलिस ने उनके हवाले से 3 तमंचे और एक मोटरसाइकिल बरामद की है।

मुठभेड़ रेंढर थाना क्षेत्र के कमसेरा चौराहा के पास हुई। पता चला कि कुछ बदमाश यहां घूम रहे हैं। सूचना पर थाना रेंढर प्रभारी नीलम सिंह पुलिस बल व एसओजी टीम के साथ मौके पर पहुंची बदमाशों की घेराबंदी कर ली तभी बाइक सवार तीन बदमाशों ने मौके से भागने का प्रयास किया और पुलिस से बचने के लिए पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी फायरिंग में पुलिस ने दो बदमाश सुनील कुशवाहा पुत्र रामावतार कुशवाहा, निवासी ग्राम बाघावली थाना रामपुरा जनपद जालौन और अखिलेश पांचाल पुत्र ब्रजमोहन पांचाल 28 वर्ष निवासी भवानी राम कस्बा जालौन के पैर में गोली लग गई। तीनों बदमाश मोटर साइकिल से गिर गए, घायल दोनों बदमाशों को पुलिस ने दौड़ कर कब्जे में ले लिया और तीसरे बदमाश 18 वर्षीय पंकज निवासी ग्राम बिरिया ने पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। बताया कि गिरफ्तार बदमाश जिले में व आसपास के क्षेत्र में राहगीरों से लूट की घटनाओं को अंजाम देते थे। पकड़े गये तीनों बदमाशों का लंबा आपराधिक इतिहास है।

मुठभेड़ के बाद घायल पड़ा बदमाश व पुलिस टीम। अमृत विचार

किन्नरों के दो गुटों में मारपीट, तीन घायल

सैफई-इटावा। 11 जून को मारपीट व दो किन्नरों के बाल काटे जाने की पंचायत को लेकर सैफई में एकत्र हुए इटावा व मैनपुरी के किन्नरों में थाने के सामने जमकर मारपीट हुई। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर मारपीट के आरोप लगाए हैं। मारपीट में दोनों गुटों के तीन किन्नर घायल हो गए। झगड़े के बाद मैनपुरी किन्नर सड़क पर बैठ गए और नारेबाजी करने लगे।

11 जून को करहल की किन्नर मंजरी व शिवानी बधाई मांगने उझियानी गांव में पहुंची थीं। उसी समय इटावा की बेला के साथ लगभग दो दर्जन किन्नर करन बसरेहर के नेतृत्व में हॉकी, तमंचे लेकर आये और दोनों किन्नरों पर हमला बोल दिया और बाल काट दिए। बुरी तरह छाती पर कूद-कूद कर मारपीट की थी।

पत्नी को विदा नहीं किया पति ने किया आत्मदाह

संवाददाता, फर्रुखाबाद

- हालत गंभीर होने पर लोहिया अस्पताल में कराया गया भर्ती

अमृत विचार। थाना नवाबगंज क्षेत्र में पत्नी की विदा कराने आये दामाद ने अपने ऊपर पेट्रोल डाल कर आग लगा ली। पत्नी के ससुराल जाने से मना करने पर दामाद ने उसकी चौखट पर ही आत्मदाह कर लिया। गंभीर रूप से झुलसे दामाद को डाक्टर राममनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पड़ोसी जिला मैनपुरी थाना बिछवा के गांव उबार खेड़ा निवासी अनुज सक्सेना की 8 साल पहले थाना नवाबगंज क्षेत्र के गांव अटसैनी पहाड़पुर निवासी मंगूलाल की पुत्री संगीता से शादी हुई थी। पत्नी संगीता अपने बच्चों को लेकर मायके में रह रही थी। अनुज सक्सेना ससुराल में ही रुका हुआ था। ससुर मांगूलाल ने बताया कि दामाद अनुज सक्सेना ने कहा था पत्नी संगीता को मेरे साथ भेज दो। अपने साथ ले जाएंगे, नहीं तो ससुराल में इसी चौखट पर प्राण त्याग देंगे। तभी देर रात अनुज सक्सेना ने पेट्रोल डालकर आत्मदाह कर लिया। इसमें अनुज सक्सेना गंभीर रूप से झुलस गया। ससुराल वालों ने ग्राम प्रधान को सूचना दी। पुलिस ने गांव में जाकर जांच पड़ताल की है। अनुज सक्सेना को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉ.नीरज वर्मा ने बताया कि युवक की हालत गंभीर है।

नशा निषेध दिवस | 40 से 50 फीसदी युवा हो रहे मनोरोगी, तीन दर्जन युवाओं की काउंसिलिंग हुई

युवाओं को मानसिक रोगी बना रही नशे की लत

संवाददाता, फतेहपुर

- नशा करने से कुछ लोग समाज के साथ तालमेल बैठाना कर देते बंद

अमृत विचार। मादक पदार्थ और नशीली दवाओं का उपयोग युवाओं को मानसिक रोगी बना रहा है। जिला अस्पताल में रोजाना कई ऐसे मामले आते हैं जिनमें युवा नशीले पदार्थों का सेवन कर अवसाद की चपेट में आ रहे हैं। इनमें स्मृति विकार, असंतुलन, चलने में कठिनाई, चिंता, अवसाद, नींद में कमी आने जैसी समस्याएं शामिल हैं। ऐसे में लोगों को नशीली दवाओं, मादक पदार्थों के सेवन से होने वाले नुकसान के प्रति जागरूक करने के लिए हर साल 26 जून को अंतराष्ट्रीय नशा निषेध दिवस मनाया जाता है।

मौज-मस्ती से नशेड़ी बनने तक जिले में नशीले पदार्थों का सेवन करने वालों में अधिकतर युवा शामिल हैं। आमतौर पर मौज मस्ती के लिए शुरू किया गया नशा कब लत में तब्दील हो जाता है पता नहीं चलता है। जबतक लोग नशा छोड़ने का ख्याल मन में लाते हैं तब तक वह लती हो चुके होते हैं। जिला अस्पताल के मनारोग विभाग में तैनात डॉ. रिंकी ने बताया कि हर माह सब्सटेंस अब्यूज डिसआर्डर से पीड़ित करीब तीन दर्जन मरीज ओपीडी आते हैं। यह निकोटिन, ओपियाइड, दर्द निवारक दवाएं, कफ सिरप और एंटी डिप्रेसेंट का नशे के लिए इस्तेमाल करते हैं। इन दवाओं का अधिक इस्तेमाल मानसिक समस्याओं के साथ गंभीर शारीरिक बीमारियां पैदा करता है।

जिला अस्पताल की मनोरोग विशेषज्ञ डॉ. रिंकी ने बताया कि नशीली दवा का सेवन करने और इंजेक्शन लेने वाले युवाओं में 40 से 50 प्रतिशत मानसिक रूप से भी बीमार हो जाते हैं। डॉक्टर के मुताबिक नशा करने से कुछ लोग एंटी सोशल हो जाते हैं और समाज में तालमेल बैठाना बंद कर देते हैं। डॉक्टरों के मुताबिक काउंसिलिंग के बाद ज्यादातर मरीज ठीक हो जाते है और नशे की लत भी छूट जाती है।

एक सिरिंज से कई बार नशे का इंजेक्शन

- लोग नशे के इंजेक्शन का प्रयोग करते हैं। एक ही सिरिंज के कई बार इस्तेमाल और आपस में सिरिंज बदलने से एचआईवी, हेपेटाइटिस जैसी गंभीर संक्रामक बीमारियां होने का भी खतरा बना रहता है। इन मरीजों की लत छुड़ाने के लिए दवा के साथ काउंसिलिंग कराई जाती है। वहीं कई गंभीर मरीजों को लत छुड़ाने के लिए रिहैबिलिटेशन की जरूरत होती है। ऐसे में इन्हें कानपुर के मेडिकल कॉलेज स्थित रिहैब में भेजा जाता है।

इन बीमारियों का रहता है खतरा

- चिंता, अवसाद, नींद की कमी, वजन घटना या बढ़ना, लिवर की बीमारी, कैंसर, स्मृति विकार, असंतुलन, चलने में कठिनाई, और मिर्गी का खतरा बढ़ जाता है। लो ब्लड शुगर, हाइपरटेंशन, कोलेस्ट्रॉल बढ़ना, दिल की बीमारी, प्रतिरक्षा एवं प्रजनन क्षमता में कमी भी आ सकती है।

दुराचार के दोषी को 20 साल की कैद

चित्रकूट। बकरी चराने गई नाबालिग से दुराचार के दोषी को न्यायालय ने 20 वर्ष कठोर कारावास की सजा दी। इसे सात हजार रुपये अर्थदंड भी दिया। इसके माता-पिता को भी कोर्ट ने चार-चार हजार रुपये जुर्माने की सजा दी।

विशेष लोक अभियोजक तेज प्रताप ने बताया कि रैपुरा थाना क्षेत्र में एक महिला ने सात जुलाई 2022 को रिपोर्ट दर्ज कराई कि छह जुलाई 2022 की दोपहर उसकी 14 वर्षीया बेटी धान की फसल की रखवाली करने के साथ वहीं बकरी चरा रही थी। इस दौरान खेत से दूर भाग रही बकरी को पकड़ने के लिए बेटी कुछ दूर निकल गई। इस दौरान वहां आरोपी गुड्डू पहुंच गया और उसकी बेटी को जबरन तालाब के पास घसीटकर ले गया और घर में न बताने की धमकी दी।

धोखाधड़ी में बैंक ऑफ इंडिया के शाखा प्रबंधक समेत दो गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- पत्नी ने जालसाजी, आत्महत्या को उकसाने की कराई थी रिपोर्ट
- लखनऊ का रहने वाला है बैंक ऑफ इंडिया का प्रबंधक

अमृत विचार। बैक मैनेजर रहते हुए एक व्यक्ति के नाम लोन स्वीकृत कर रुपये निकाल लेने और फिर पीड़ित के आत्महत्या कर लेने के मामले में पुलिस ने मैनेजर समेत दो को गिरफ्तार कर लिया है। मामले में मृतक की पत्नी ने सदर कोतवाली में जालसाजी व आत्महत्या के लिए उकसाने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

बैक आफ इण्डिया की तिर्वा शाखा में बीते वर्ष तैनात रहे मैनेजर शैलेन्द्र वर्मा पुत्र रामेश्वर प्रसाद निवासी सेक्टर ओ.सी-03/184 मान सरोवर कानपुर रोड योजना लखनऊ ने साथी कर्मचारी मोहित कुमार पुत्र रवि प्रकाश निवासी सुभाष नगर थाना तिर्वा के साथ मिल कर तिर्वा के मोहल्ला आजाद नगर निवासी राजीव सैनी पुत्र हरी शंकर सैनी का लोन स्वीकृत कर रकम निकाल ली। कुछ समय के बाद राजीव को जानकारी हुई तो वह बैंक में चक्कर काटता रहा पर कोई नतीजा नहीं निकला। परेशान होकर उसने आत्महत्या कर ली। उसकी पत्नी ने सदर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। सदर कोतवाली के दरोगा सुभाष चंद्र ने जांच की तो मामला सही पाया। इधर आरोपी फरार हो गये।

मामले को सदर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक जय प्रकाश शर्मा ने गंभीरता से लेते हुए जलालपुर पनवारा चौकी प्रभारी दरोगा सुभाष चन्द्र, सिपाही शिवम राठौर व कृष्णवीर के साथ दोनों आरोपियों को 25 जून की शाम 07:15 बजे रेलवे स्टेशन कन्नौज से गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेजा गया है।

आरोपी बैंक मैनेजर व कर्मचारी।

राहुल गांधी के मामले में पक्षकार बनाने का प्रार्थना पत्र खारिज

विधि संवाददाता, सुलतानपुर

● अब मामले की अगली सुनवाई 2 जुलाई को होगी

अमृत विचारः विधानसभा चुनाव के दौरान बेंगलुरु में कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष व सांसद राहुल गांधी के प्रेसवार्ता के दौरान तत्कालीन बीजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष व मौजूदा केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में आरोपित सांसद राहुल गांधी बुधवार को विशेष कोर्ट में हाजिर नहीं हुए।

बचाव पक्ष ने राहुल गांधी के मौके व हाजिरी माफी का प्रार्थनापत्र एमपी-एमएलए के विशेष मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा की अदालत में दिया। वहीं, इसी मामले में कोतवाली नगर घरहां कलां डिहवा निवासी राम प्रताप पुत्र राम नेवाज ने इसी मामले में पक्षकार बनने के प्रार्थना पत्र पर परिवादी के वकील संतोष पांडेय व राहुल के वकील केपी शुक्ला ने आपत्ति जताते हुए कहा कि रामप्रताप न तो वादी मुकदमा है न ही अभियुक्त और न ही केस में गवाह हैं। मामले में पक्षों को सुनने के बाद विशेष कोर्ट मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा ने पक्षकार बनने का प्रार्थना पत्र निरस्त कर दिया तथा राहुल गांधी के बयान दर्ज करने के लिए 2 जुलाई की तारीख नियत की है। कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के हनुमानगंज निवासी बीजेपी नेता विजय मिश्र ने राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दर्ज कराया है। मामले में राहुल गांधी की जमानत कोर्ट से हो चुकी है।

हड्डियों को संरक्षित कर तैयार किया कंकाल संरचना का अध्ययन करेंगे विद्यार्थी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

● अंतर्राष्ट्रीय ऊंट वर्ष के तहत आईवीआरआई के वैज्ञानिकों ने उठाया कदम

अमृत विचार। आईवीआरआई के पशु संरचना विभाग द्वारा ऊंट की शारीरिक संरचना के अध्ययन के लिए करीब 10 फीट लंबे ऊंट की हड्डियों को संरक्षित कर कंकाल तैयार किया गया है। आइवीआरआई प्रबंधन के अनुसार आगामी सत्र में बीवीएससी, एमवीएससी और पीएचडी के विद्यार्थी इस संरचना के बारे में अध्ययन करेंगे।

पशु संरचना विभाग के प्रधान वैज्ञानिक डॉ. अमर पाल ने बताया कि सितंबर 2023 में रामपुर से एक वयस्क ऊंट को बीमारी की हालत में कैंपस में लाया गया था। तमाम प्रयास के बाद भी उसे बचाया नहीं जा सका। पशु मालिक से वैज्ञानिकों के अनुरोध के बाद ऊंट को शैक्षिक गतिविधियों के लिए दान ले लिया गया। 10 माह बाद उसकी शारीरिक संरचना को तैयार किया गया है। इसमें डॉ. देवरॉय सहित अन्य लोगों का सहयोग रहा।

निदेशक डॉ. त्रिवेणी दत्त ने बताया कि इस कंकाल का उपयोग विद्यार्थी ऊंट की शारीरिक संरचना को बारीकी से समझने के लिए करेंगे। ऊंट के हम्प और अन्य शारीरिक संरचनाओं की विस्तृत जानकारी प्राप्त करने के लिए यह कंकाल महत्वपूर्ण संसाधन साबित होगा।

वसा से 40 दिन बिना पानी पिये जिंदा रहता है ऊंट

- वैज्ञानिकों के अनुसार ऊंट एक बार पानी और खाने के बाद 40 दिन तक बिना कुछ खाये-पिये रह सकता है। लोगों में यह संशय है कि वह पानी को जमा कर लेता है, जबकि ऐसा नहीं है। ऊंट अपने कूबड़ में मौजूद वसा से अपना भोजन प्राप्त करता है।

210 हड्डियों को जोड़ कर तैयार की संरचना

- डॉ. अमर पाल ने बताया कि ऊंट के कंकाल को तैयार करने के लिए सबसे पहले उसे छह माह तक मिट्टी में दबा कर रखा गया। इससे उसके अतिरिक्त टिशू और त्वचा मिट्टी में अवशोषित हो गये। उसके बाद मिट्टी से छोटी-बड़ी 210 हड्डियों को निकाला गया। हड्डियों की गंध को दूर करने व निखारने के लिए उन पर पॉलिश की गई। इन हड्डियों को बाद में स्क्रू, पेंच और लोहे की रॉड के माध्यम से जोड़ कर संरचना तैयार की गई।

अन्तर्जनपदीय तबादला व समायोजन का आदेश

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

अमृत विचार। बेसिक शिक्षा परिषद की ओर से संचालित प्राथमिक व जूनियर विद्यालयों में अन्तः जनपदीय स्थानान्तरण व समायोजन के संबंध में शासन ने अनुमति दे दी है। शैक्षिक सत्र 2024-25 के तहत विद्यालयों में कार्यरत शिक्षक एवं शिक्षिकाओं समायोजन निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 एवं उत्तर प्रदेश निशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार नियमावली 2011 के मानकों के आधार पर होगा। ऐसे में अन्तः जनपदीय स्थानान्तरण व समायोजन की कार्रवाई ग्रामीण सेवा संवर्ग से ग्रामीण सेवा संवर्ग व नगरीय सेवा संवर्ग से नगरीय सेवा संवर्ग में ही की जाएगी। इसके साथ ही शैक्षिक सत्र 2023-24 की यू-डायस पोर्टल पर 31 मार्च, 2024 को उपलब्ध छात्र संख्या के आधार पर अधिक अध्यापक संख्या वाले विद्यालयों एवं अध्यापक की आवश्यकता वाले विद्यालयों को चिन्हित किया जाएगा।

कार्मिकों का होगा तबादला

लखनऊ। माध्यमिक शिक्षा विभाग के समूह-ग के कार्मिकों का तबादला 30 जून तक कर दिया जाएगा। बुधवार का अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार ने प्रमुख सचिव बेसिक शिक्षा विभाग को निर्देश देते हुए तय समय में प्रक्रिया पूरी करने की बात कही। उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग के अंतर्गत मंडलीय संयुक्त शिक्षा निदेशक, मंडलीय सहायक शिक्षा निदेशक (बेसिक), मंडलीय उप शिक्षा निदेशक (माध्यमिक), जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, शिक्षा निदेशालय

रामपथ फिर धंसा, गड्ढों में तब्दील हो गईं अयोध्या की प्रमुख सड़कें

जगह-जगह हो गए बड़े-बड़े गड्ढे, बैठी सीवरलाइन की सड़क, यातायात रहा बाधित

कार्यालय संवाददाता, अयोध्या

अमृत विचार। जिले में बुधवार सुबह तीन बजे के बाद तेज गरज के साथ देर तक बारिश हुई। करीब पौने आठ सौ करोड़ रुपये से बना रामपथ फिर धंस गया। अयोध्या से फैजाबाद तक कई प्रमुख सड़कों पर बड़े-बड़े गड्ढे हो गए। सीवर लाइन के बगल की मिट्टी धसक गई। वाहन फंस गए। शहर में जलभराव हो गया। विकास की असलियत सतह पर आ गई। यातायात बाधित हुआ। पुलिस का बैरियर लगा। मरम्मत के लिए जेसीबी, ट्रैक्टर-ट्रॉली और मजदूर सड़क पर आ गए। सफेद गिट्टी और बालू आने लगी। कोशिश रही कि गड्ढों पर जल्द से जल्द पर्दा गिर जाए।

स्टेशन रोड स्थित स्टेट बैंक के बगल धंसी सड़क को पाटने के लिए गई ट्रॉली भी धंसी।

जिले में सुबह करीब तीन बजे तेज गरज के साथ बारिश शुरू हुई तो शहर सो रहा था। नींद से जागा तो तस्वीर फिर बदली दिखी। घर से बाहर निकलने में सोचना पड़ा। पहली बारिश के दौरान रामपथ धंसने के बाद उपजा डर सतह पर आ गया। पता नहीं कब, कहां सड़क धंस जाए। राम पथ की तस्वीर फिर बदसूरत दिखी। रामपथ धंसा ही नहीं, कई ऐसे स्थानों पर फिर सड़क दरक गई। जहां दो दिन पहले मरम्मत की गई थी।

रिकाबगंज में विद्या मंदिर स्कूल के पास रामपथ पर बड़ा गड्ढा हो गया। स्कूल के सामने से जिला अस्पताल तक बैरियर लगाकर यातायात बाधित किया गया। इसे दूसरी लेन पर चलाया गया। रामपथ पर रिकाबगंज चौकी के सामने बनाई गई सड़क फिर दरक गई। अयोध्या कोतवाली के सामने रामपथ धंस गया। यह धंसान काफी लंबा है। बैरियर लगाकर यातायात रोका गया। रामपथ पर छोटे-मोटे स्थानों पर भी सड़क धंस गई।

रंगमहल बैरियर के निकट सड़क धंसने से नगर निगम की गाड़ी फंस गई। फैजाबाद के सबसे पॉश इलाके सिविल लाइन क्षेत्र में स्टेट बैंक के निकट सड़क धंस गई। यहां से जिला पंचायत तक कई स्थानों पर नवविर्मित सड़क में गडढे हो गए। सिविल लाइंस में ही पुलिस लाइंस के मुख्य प्रवेश द्वार के निकट सड़क पर बड़ा गड्ढा बन गया। इसी क्षेत्र में पुराने भाजपा कार्यालय को जाने वाली सड़क पर बड़ा होल हो गया। एसएसपी आवास के निकट हाल ही में बनी सीवर लाइन के पास की सड़क बैठ गई।

चेक बाउंस में 3 माह की सजा, 15.50 लाख का जुर्माना

काशीपुर। चेक बाउंस के एक मामले में तृतीय एसीजे की अदालत ने आरोपी को तीन माह के कारावास और 15.50 लाख रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई है। डाबर ग्रेन एजेंसी के पार्टनर योगेश डाबर ने अपने अधिवक्ता धर्मेंद्र तुली के जरिए कोर्ट में परिवाद प्रस्तुत किया था कि ग्राम कुंडेश्वरा, तहसील टांडा जिला रामपुर निवासी अमृतपाल की फर्म पर अनाज बेचने आता था और समय-समय पर उधार रकम लेता रहता था। हिसाब करने पर अमृतपाल पर 15,88,702 रुपये बकाया निकले। इस रकम की अदायगी के लिए अमृतपाल ने उसे 27 अक्टूबर 2020 को एक चेक दिया। 27 अक्टूबर 2020 को उसने यह चेक पीएनबी स्थित अपने खाते में लगाया, जो कि बाउंस हो गया। परिवाद पर सुनवाई कर अदालत ने आरोपी अमृतपाल को कोर्ट में तलब किया। मौखिक एवं दस्तावेजी साक्ष्य के आधार पर कोर्ट ने आरोपी को दोषी पाया। तृतीय एसीजे हर्षिता शर्मा की अदालत ने आरोपी को 3 माह के कारावास और 15.50 लाख रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई है।

कृषि उत्पाद निर्यात में देश में तीसरे पायदान पर उत्तर प्रदेशः शाही

संवाददाता, कुमारगंज, अयोध्या

अमृत विचार। किसानों के उत्पादों को निर्यात करने में उत्तर प्रदेश देश में तीसरे स्थान पर है। दलहन खेती करने पर किसानों को एमएसपी के ऊपर सरकार 35 सौ रुपये देगी। प्राकृतिक, गो आधारित एवं आर्गेनिक की मार्केटिंग के लिए सरकार तेजी के साथ कार्य कर रही है। ये बातें बुधवार को कृषि, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान मंत्री और जिले के प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहीं। वो आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में अयोध्या व देवीपाटन मंडल के तत्वावधान में आयोजित मंडलीय खरीफ उत्पादकता गोष्ठी को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि सभी कृषि विश्वविद्यालयों में आर्गेनिक टेस्टिंग लैब बनाया जाएगा। ऐसा पहली बार हुआ कि उत्तर प्रदेश से 40 कुंटल आम अमेरिका और गोरखपुर से चने का बेसन सिंगापुर को निर्यात किया गया। सरकार अब प्रदेश के 75 जिलों में मक्का की खेती पर तेजी के साथ कार्य कर रही है।

गोष्ठी का उद्घाटन करते कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान मंत्री सूर्य प्रताप शाही। अमृत विचार

बाजरे की खेती में राष्ट्रीय औसत में यूपी को तेजी के साथ काम करना होगा। कृषि विवि को नैक मूल्यांकन में रैंकिंग हासिल करने पर सराहना की। उन्होंने कृषि विवि के शैक्षिक प्रक्षेत्र में रोपाई कर धान की रोपाई का उद्घाटन किया।

विशिष्ठ अतिथि कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख ने कहा कि सरकार ने बिजली कनेक्शन लेने पर किसानों को सब्सिडी देने का काम किया है। आगे भी बिजली कनेक्शन लेने पर सरकार सब्सिडी देगी। कहा कि फसल चक्र का अपने आप में अलग महत्व है। किसानों को फूलों की खेती के लिए प्रेरित किया। कहा कि इससे वे अधिक से अधिक मुनाफा कमा सकते हैं। कृषि उत्पादन आयुक्त डॉ. मनोज सिंह ने कहा कि किसान अगर समय से जमीन को समतल एवं लाइन सोईंग से बोआई करें तो वे अपने उत्पादन को अधिक बढ़ा सकते हैं। किसानों की सुविधा के लिए प्रत्येक जिले में हाईटेक नर्सरी बनाने का कार्य हो रहा है।

अपर मुख्य सचिव कृषि डॉ. देवेश चतुर्वेदी ने कहा कि किसान अपने खेतों में ड्रोन दीदी की मदद से नैनो यूरिया का छिड़काव करें।

गर्भगृह में पानी की 1 भी बूंद नहीं टपकी

कार्यालय संवाददाता, अयोध्या

अमृत विचार। श्रीराम मंदिर परिसर में बारिश के पानी के आने के बाद से बढ़ी रार कम होने का नाम नहीं ले रही है। मुख्य पुजारी सत्येंद्र दास के आरोपों के बाद लगातार सफाई देने का क्रम जारी है। मंदिर निर्माण समित के चेयरमैन नृपेंद्र मिश्र के बाद बुधवार को श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने भी सफाई में बयान जारी किया। उन्होंने कहा कि गर्भगृह में जहां रामलला विराजमान हैं, वहां एक भी बूंद पानी छत से नहीं टपका है और न ही कहीं से पानी गर्भगृह में प्रवेश हुआ है।

चंपतराय।

गर्भगृह के आगे पूर्व दिशा में गूढ़ मंडप है। वहां मंदिर के द्वितीय तल की छत का कार्य जो भूतल से लगभग 60 फीट ऊंचा घुम्मट जुड़ेगा और मंडप की छत बंद हो जाएगी। जिसको अस्थायी रूप से प्रथम तल पर ही ढक कर दर्शन कराये जा रहे हैं। चंपत राय के मुताबिक पत्थरों से बनने वाले मंदिर में बिजली के कन्ड्युट व जंक्शन बॉक्स का कार्य छत के ऊपर होता है, जिसे छेद करके नीचे उतारा जाता है। मंदिर के भूतल के छत की लाइटिंग होती है। इसलिए प्रथम तल पर बिजली, वाटर प्रूफिंग व फ्लोरिंग का कार्य प्रगति पर है। सभी जंक्शन बॉक्सेज में पानी प्रवेश करने के बाद कंड्यूट के सहारे भूतल पर गिरा। ऊपर देखने पर यह प्रतीत हो रहा था की छत से पानी टपक रहा है। जल्द ही यह कार्य पूरा हो जाएगा। उन्होंने बताया है कि मन्दिर व परकोटा परिसर में बरसात के पानी की निकासी का सुनियोजित तरीके से उत्तम प्रबंध किया गया है। मंदिर व परकोटा परिसर में कहीं भी जलभराव नहीं होगा।

अस्पताल में काटा छात्रा का गर्भाशय

संवाददाता, बरेली/फतेहगंज पूर्वी

● दुष्कर्म के बाद सात महीने की गर्भवती छात्रा के गर्भपात के लिए किया गया था ऑपरेशन

अमृत विचार। सात महीने की गर्भवती छात्रा का फरीदपुर के एक अवैध अस्पताल में गर्भपात करते समय गर्भाशय भी काट दिया गया। नाजुक हालत में छात्रा को अब दूसरे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। स्नातक में पढ़ने वाली 18 वर्षीय छात्रा गांव के ही एक युवक के संपर्क में थी। उसके पिता ने युवक के खिलाफ नशा देकर दुष्कर्म करने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कराई है। अवैध रूप से गर्भपात कर छात्रा की जान से खिलवाड़ करने वाले अस्पताल के खिलाफ फिलहाल कोई कार्रवाई नहीं हो सकी है।

फतेहगंज पूर्वी के एक गांव में रहने वाली पीड़ित लड़की स्नातक तृतीय वर्ष की छात्रा है। बताया जा रहा है कि गांव के ही एक युवक से उसके प्रेम संबंध थे। उसका गर्भपात कराने के लिए उसे 21 जून को फरीदपुर के नगरिया रोड पर बीके अस्पताल ले जाया गया था। सात महीने का गर्भ हो जाने के कारण गर्भपात से जान का खतरा होने के बावजूद उसे यहां भर्ती कर लिया गया। इसी दिन किसी अप्रशिक्षित नर्स ने उसका गर्भपात किया और उसका गर्भाशय भी काट दिया। हालत गंभीर हो जाने पर परिवार वालों ने 22 जून को लड़की को अवैध अस्पताल से लाकर हरुनगला के एसआर अस्पताल में भर्ती कराया। यहां 23 को उसका ऑपरेशन किया गया। डॉक्टरों के मुताबिक अभी हालत नाजुक है।

कोल्ड ड्रिंक में नशा पिलाकर दुष्कर्म, रिपोर्ट

लड़की के पिता ने गांव के ही विशाल गंगवार पर बेटी को कोल्ड ड्रिंक में नशा पिलाकर दुष्कर्म करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पिता के मुताबिक उसकी बेटी 21 जून को कॉलेज गई थी। लौटते वक्त कॉलेज के पास मिले गांव के ही विशाल गंगवार ने गांव चलने की बात कहते हुए उसे मोटर साइकिल पर बैठा लिया। रास्ते में पेट्रोल पंप के पास कोल्ड ड्रिंक खरीदकर उसमें कोई नशीली चीज मिलाकर उसे पिला दिया। उसके बेहोश हो जाने के बाद दुष्कर्म किया। अत्यधिक रक्तस्राव होने पर उसे किसी ने फरीदपुर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

> पिता की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है। मामले की अलग-अलग बिंदुओं पर जांच की जा रही है। जो तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर कार्रवाई की जाएगी।
>
> – मुकेश चंद्र मिश्रा
> एसपी देहात उत्तरी

फरीदपुर में बीके अस्पताल नाम से किसी अस्पताल का स्वास्थ्य विभाग का रजिस्ट्रेशन नहीं है। इस मामले में अभी कोई शिकायत भी नहीं मिली है। फिर भी जांच कराकर अस्पताल के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

> – डॉ. विश्राम सिंह, सीएमओ

इसौली विधायक ताहिर को विशेष कोर्ट ने किया तलब

सुलतानपुर। 24 साल पहले वन विभाग की आरक्षित जमीन पर अवैध निर्माण व सरकारी कामकाज में बाधा समेत अन्य आरोपों में थाना क्षेत्र कोतवाली नगर के बेचू खा का पुरवा, पांचो पीरन निवासी इसौली से सपा विधायक मोहम्मद ताहिर खान को एमपी-एमएलए की विशेष कोर्ट मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा ने तीन जुलाई को तलब किया है।

विशेष लोक अभियोजक वैभव पांडेय के मुताबिक इसौली विधायक ताहिर खान पर तत्कालीन प्रभारी अधिकारी वन विभाग दरोगा मुकेश कुमार ने 3 फरवरी 2000 की घटना में आपराधिक बल प्रयोग, अपमानित करने, सरकारी कामकाज में बाधा व वन विभाग अधिनियम के तहत केस दर्ज कराया था।

आरोप है कि आरक्षित वन कब्जा कर राजस्थानी ट्रैक्टर से सड़क निर्माण कर रहे थे। मना करने पर सरकारी कामकाज मे बाधा डाली। आपराधिक बल प्रयोग कर अपमानित किया।

तहसीलदार का पेशकार 5 हजार रिश्वत लेते गिरफ्तार

संवाददाता, दातागंज/म्याऊं(बदायूं)

अमृत विचार। विरासत की संपत्ति गलत दर्ज होने पर सही दाखिल खारिज के नाम पर तहसील दातागंज के तहसीलदार के पेशकार ने किसान से घूस मांगी। किसान ने एंटी करप्शन को सूचना दी। टीम ने पेशकार को तहसीलदार न्यायालय कक्ष में पांच हजार रुपये रिश्वत लेते गिरफ्तार कर लिया। थाना मूसाझाग में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत रिपोर्ट दर्ज कराके टीम बरेली ले गई।

तहसील दातागंज क्षेत्र के गांव केशोपुर कला निवासी नंद किशोर पुत्र जगदीश चंद्र बरेली के थाना सुभाष नगर क्षेत्र के मोहल्ला गणेश नगर के गली नंबर एक में रहते हैं। उनके पिता की मौत हो गई। पिता के नाम पर गांव अधरऊ के गाटा संख्या 381 की जमीन विरासत में उन्हें मिली लेकिन तहसील के कागजों में विरासत गलत हो गई थी। वह कुछ दिनों से जमीन का दाखिल-खारिज अपने नाम पर कराने का प्रयास कर रहे थे लेकिन तहसील दातागंज के तहसीलदार रविंद्र प्रताप सिंह के पेशकार राजीव कुमार शर्मा इसके लिए 20 हजार रुपये मांग रहा था।

कार्यालय ग्राम पंचायत उझियानी विकास खण्ड सैंफई–इटावा

पत्रांकः मेमो/निविदा विज्ञप्ति–ग्रा0पं0अ0/2024–25 दिनाँक 26.06.2024

अल्पकालीन निर्माण सामग्री आपूर्ति विज्ञप्ति

ग्राम पंचायत उझियानी विकास खण्ड सैंफई इटावा के अन्तर्गत वर्ष 2024–25 में निम्नांकित विवरण के अनुसार निर्माण कार्य पूर्ण कराये जाने हेतु निर्माण सामग्री कार्य स्थल पर आपूर्ति हेतु वि0ख0 सैंफई–इटावा के पंजीकृत सप्लायर/कॉन्ट्रैक्टरों से निविदायें/टेण्डर दिनांक 27.06.2024 से 02.07.2024 समय 2:00 तक आमंत्रित की जाती है जो दिनांक 02.07.2024 को निविदा समिति द्वारा उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष 3:30 पर खोली जायेंगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 27.06.2024 से 02.07.2024 तक कार्यालय ग्राम पंचायत में प्रातः 10:30 से 1:00 बजे तक क्रय किये जा सकते हैं आपूर्ति की जाने वाली निर्माण सामग्री से संम्बधित नियम/नियमों की जानकारी अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में कार्य दिवसों में निर्धारित तिथि तक प्राप्त की जा सकती है।

क्र0 सं0	योजना	कार्य का विवरण	अनुमानित सामग्री लागत	धरोहर धनराशि (2%)	निविदा प्रपत्र का मूल्य
01	02	03	04	05	06
01	मनरेगा	ग्रा.पं. उझियानी में उचित दर विक्रेता दुकान का निर्माण कार्य।	669025	13381	500

ग्राम प्रधान — ग्राम पंचायत उझियानी विकास खण्ड सैंफई–इटावा — ग्राम पंचायत सचिव

प्री-मानसून पर्यटन सीजन अंतिम चरण में पहुंचा, सैलानियों की आमद हुई कम, वीकेंड पर रहती है अब कारोबारियों की नजर

बारिश के बाद कोहरे की आगोश में सरोवर नगरी

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार। प्री-मानसून में बीते पांच दिनों से नगर में लगातार बारिश का दौर जारी है, जिससे सरोवर नगरी का मौसम भी काफी खुशनुमा हो चुका है। बुधवार को भी नगर में सुबह करीब एक घंटे तक बारिश का सिलसिला जारी रहा, हालांकि उसके बाद झील के ऊपर व पहाड़ियों में कोहरा छाया रहा। इस मनोरम मौसम के बीच सैलानियों ने नैनीझील में नौकायन कर रोप-वे की सवारी कर स्नो व्यू की यात्रा की। जहां से नगर की नैसर्गिक सुंदरता को अपने कैमरों में कैद किया। मौसम केंद्र जीजीआईसी के अनुसार बुधवार को नगर में अधिकतम तापमान 19 डिग्री तो वहीं न्यूनतम 14 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

पंत पार्क में बारिश के बीच जाते सैलानी। अमृत विचार

बारिश में सुरक्षा के मद्देनजर लोग नहीं करते नैनीताल का रुख : बीते पांच दिनों से लगातार हो रही बारिश का असर अब पर्यटन पर भी पड़ने लगा है। वहीं ईद के बाद से यूपी के रामपुर, मुरादाबाद आदि क्षेत्रों के लोगों को छोड़ दिया जाए तो बाकी दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान आदि शहरों से पहुंचने वाले सैलानियों की आमद अब धीरे-धीरे कम होने लगी है। वहीं पर्यटन कारोबारी का कहना है कि मानसून के रफ्तार पकड़ते ही पर्यटन सीजन भी समाप्त हो जाता है क्योंकि बारिश के दौरान सुरक्षा के मद्देनजर लोग नैनीताल का रुख करना बंद कर देते हैं।

कल से पहुंचेगा मानसून, 40 से 45 एमएम बारिश की संभावना

काशीपुर। तराई में मानसून के पहुंचने का पूर्वानुमान मौसम वैज्ञानिकों ने कल यानि 28 जून से लगाया है। साथ ही उन्होंने मानसून आने के दौरान तराई में 40 से 45 एमएम बारिश होने की संभावना जताई है। उन्होंने कहा कि बारिश के साथ ही तापमान 28 डिग्री तक पहुंच सकता है। जीबी पंत विवि के मौसम वैज्ञानिक डॉ. आरके सिंह ने बताया कि बुधवार को तराई का अधिक तापमान 30 डिग्री सेल्सियस, जबकि न्यूनतम तापमान 25.6 डिग्री सेल्सियस रहा। बताया कि बुधवार को तराई के कई हिस्सों में पांच एमएम तक की बारिश हुई। उन्होंने बताया कि गुरुवार को भी तापमान 30 डिग्री के आसपास रहेगा। जबकि पांच से 10 एमएम तक बारिश होने की संभावना है।

कार्यालय नगर पंचायत इकदिल (इटावा)
नोटिस
अर्न्तगत धारा 146 (2) नगर पालिका अधिनियम 1916 के अर्न्तगत द्वारा अधिशाषी अधिकारी नगर पंचायत इकदिल (इटावा)

सर्वसाधारण सूचित किया जाता है कि श्रीमती राजेश्वरी पत्नी श्री राकेश बाबू पुत्र श्री ... निवासी गण नि0म0न0 के/307 गली नं0 18 संगम विहार पुष्प विहार साउथ दिल्ली तहसील ... जनपद ... ने एक प्रार्थना पत्र के साथ वैनामा की छाया प्रति/नकल/हलफनामा वसीयत प्रस्तुत की है। उन्होंने .... जिसका .... पूर्व पश्चिम 50 फीट उत्तर दक्षिण 18 फीट है। जिसकी सीमा पूर्व में आराजी विक्रेता पश्चिम में रास्ता 10 फीट चौड़ी उत्तर आराजी विक्रेता दक्षिण में आराजी विक्रेता मोहल्ला..... श्रीमती मीरा देवी W/o स्व0 बाबू राम निवासी मोहल्ला रंगियात पो0 इसदिल सराय इकदिल से क्रय किया गया है। और प्रार्थना है कि उनका नाम मालिक की हैसियत से दर्ज किया जाय। अगर उपरोक्त सम्बन्ध में किसी को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो इस नोटिस पत्रासन के तीस (30) दिन के अन्दर अपनी आपत्ति साक्ष्य सहित इस कार्यालय में प्रस्तुत करें अन्यथा वाद–विवाद नोटिस नगर पंचायत किसी आपत्ति पर विचार न कर सकेगी और वांछित नाम अंकित कर दिया जायेगा।

अधिशाषी अधिकारी
नगर पंचायत इकदिल इटावा

कार्यालय नगर पंचायत इकदिल (इटावा)
नोटिस
अर्न्तगत धारा 146 (2) नगर पालिका अधिनियम 1916 के अर्न्तगत द्वारा अधिशाषी अधिकारी नगर पंचायत इकदिल (इटावा)

सर्वसाधारण सूचित किया जाता है कि वीरेन्द्र सिंह पुत्र श्री रामस्वरूप निवासी गण मो0 कछियाँत इकदिल तहसील इटावा जनपद इटावा ने एक प्रार्थना पत्र के साथ वैनामा की छाया प्रति/नकल/ हलफनामा वसीयत प्रस्तुत की है। उन्होंने एकता प्लाट जिसका रकबा 1000 वर्ग मीटर पूर्व पश्चिम 40 फीट उत्तर दक्षिण 25 फीट है। जिसकी सीमा पूर्व में काशी राम कालोनी पश्चिम में आराजी श्री कृष्ण आदिल उत्तर में प्लाट दीगर दक्षिण में रास्ता कालोनी मोहल्ला..... श्रीमती साधना गुप्ता W/o पवन गुप्ता पुत्र श्री..... निवासी मोहल्ला 43 जटपुरा शहर, इटावा से क्रय किया गया है। और प्रार्थना है कि उनका नाम मालिक की हैसियत से दर्ज किया जाय। अगर उपरोक्त सम्बन्ध में किसी को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो इस नोटिस पत्रासन के तीस (30) दिन के अन्दर अपनी आपत्ति साक्ष्य सहित इस कार्यालय में प्रस्तुत करें अन्यथा वाद विवाद नोटिस नगर पंचायत किसी आपत्ति पर विचार न कर सकेगी और वांछित नाम अंकित कर दिया जायेगा।

अधिशाषी अधिकारी
नगर पंचायत इकदिल इटावा

कार्यालय नगर पंचायत इकदिल (इटावा)
नोटिस
अर्न्तगत धारा 146 (2) नगर पालिका अधिनियम 1916 के अर्न्तगत द्वारा अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत इकदिल (इटावा)

सर्वसाधारण सूचित किया जाता है कि चंचलेश त्रिपाठी पुत्र/पति श्री स्व0 संजय त्रिपाठी निवासी गण स्टेशन रोड इकदिल तहसील इटावा जनपद इटावा ने एक प्रार्थना पत्र के साथ वैनामा की छाया प्रति/नकल/ हलफनामा वसीयत/ वारिसान प्रस्तुत की है। उन्होंने एकता आवासीय मकान जिसका रकबा 401.48 वर्ग मीटर पूर्व पश्चिम 80 फीट उत्तर दक्षिण 54 फीट है। जिसकी सीमा पूर्व में खेत वसियत करता पश्चिम में इकदिल स्टेशन रोड उत्तर में खेत देशराज दक्षिण में प्लाट उमाशंकर मोहल्ला स्टेशन रोड इकदिल श्री स्व0 संजय त्रिपाठी पुत्र/पति श्री देवी शंकर त्रिपाठी निवासी मोहल्ला स्टेशन रोड इकदिल से क्रय किया गया है। और प्रार्थना है कि उनका नाम मालिक की हैसियत से दर्ज किया जाय। अगर उपरोक्त सम्बन्ध में किसी को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो इस नोटिस पत्रासन के तीस (30) दिन के अन्दर अपनी आपत्ति साक्ष्य सहित इस कार्यालय में प्रस्तुत करें अन्यथा वाद विवाद नोटिस नगर पंचायत किसी आपत्ति पर विचार न कर सकेगी और वांछित नाम अंकित कर दिया जायेगा। नोटः– नामान्तरण मात्र एवं भवन कर संग्रहण हेतु है। इससे स्वामित्व का निर्धारण नहीं होगा।

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत इकदिल इटावा

एक नजर

पेपर लीक कांड में सुभासपा विधायक शामिल: कांग्रेस

अमृत विचार, लखनऊ : उप्र कांग्रेस ने दावा किया है कि नीट प्रश्नपत्र लीक मामले में भाजपा के सहयोगी दल सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के विधायक बेदी राम शामिल हैं। प्रश्नपत्र लीक कांड से जुड़ा एक वीडियो वायरल होने के बाद कांग्रेस ने यह दावा किया। सोशल मीडिया साइट एक्स पर एक पोस्ट में कांग्रेस ने लिखा कि पीएम नरेंद्र मोदी की पार्टी का सहयोगी विधायक नीट पेपर लीक का सरगना है।

स्पीकर का बयान संसदीय परंपरा के खिलाफ

अमृत विचार, लखनऊ : प्रदेश कांग्रेस ने कहा कि लोकसभा अध्यक्ष निर्वाचित होने के बाद ओम बिड़ला की ओर से दिया गया पहला बयान संसदीय परंपराओं के खिलाफ रहा। प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के चेयरमैन डॉ सीपी राय ने कहा कि लोकसभा चुनाव में जनता के जरिये सत्ता के खिलाफ मतदान से भाजपा नेताओं का न तो अहंकार कम हुआ और न ही संविधान विरोधी इरादा।

पत्रिका अपडेट का विमोचन

अमृत विचार, लखनऊ : मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने राजभवन में आईएएस एसोसिएशन की पत्रिका 'अपडेट' के 27वें अंक का विमोचन किया। अपने संबोधन में मुख्य सचिव ने पत्रिका 'अपडेट' के 27वें अंक को प्रकाशित करने के लिए आईएएस एसोसिएशन के पदाधिकारियों को बधाई दी।

जून में पड़ी गर्मी के लिए हम सबकी स्वार्थी गतिविधियां जिम्मेदार : योगी

मुख्यमंत्री ने ईको टूरिज्म पर आयोजित संवाद कार्यक्रम को किया संबोधित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

प्रदर्शनी के दौरान चाक कला के प्रदर्शक से बात करते मुख्यमंत्री योगी। अमृत विचार

- कुकरैल नदी को नाला बनाकर लोगों ने कर लिया था अवैध निर्माण, हम इसे पुनर्जीवित करेंगे

अमृत विचार: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जून की गर्मी देश-प्रदेशवासियों को लंबे समय तक याद आएगी। तापमान बहुत तेजी से बढ़ रहा था। लोग असहाय और असमंजस की स्थिति में थे। इसके लिए उत्तरदायी हम सबकी स्वार्थी गतिविधियां ही हैं। स्वयं के स्वार्थ के लिए प्रकृति के दोहन की प्रवृत्ति के कारण ऐसी स्थिति पैदा हुई। इस क्रम में उन्होंने राजधानी में कुकरैल नदी को नाला बनाकर लोगों के अवैध निर्माण कर लेने का उदाहरण दिया जिसे हाल ही में हटाया गया है। मुख्यमंत्री बुधवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के मरकरी हॉल में ईको टूरिज्म पर आयोजित संवाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

यहां उन्होंने कहा कि कभी कुकरैल आदि गंगा गोमती की सहायक नदी थी। गर्मी में जब नदियों और जल के स्रोत सूख रहे थे तो कुकरैल में जल के नए स्रोत बन रहे थे। मुख्यमंत्री के मुताबिक उप्र. में पौराणिक काल के वन हैं। राज्य के तराई क्षेत्र (बहराइच, लखीमपुर खीरी, श्रावस्ती, बलरामपुर, पीलीभीत) में वन सुरक्षित हैं, जबकि उस पार नेपाल में वन समाप्त हो गए हैं। चूका, दुधवा, पीलीभीत टाइगर रिजर्व, अब चित्रकूट व बिजनौर के अमानगढ़ में टाइगर रिजर्व को आगे बढ़ाने का कार्य कर रहे हैं। स्प्रिचुअल टूरिज्म के साथ ही हैरिटेज व ईको टूरिज्म की संभावनाएं भी मौजूद हैं। उन्हीं संभावनाओं को देश-दुनिया के सामने लाने, लोगों का आकर्षण बढ़े,, इस दृष्टि से उप्र. ईको टूरिज्म डेवलपमेंट बोर्ड गठित किया गया है।

उप्र ईको टूरिज्म विकास बोर्ड के लोगो का अनावरण

सोनभद्र में सलखन जीवाश्म पार्क को यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल की मान्यता मिले, इसके लिए ईको टूरिज्म विकास बोर्ड एवं बीरबल साहनी पुरावनस्पति विज्ञान संस्थान लखनऊ के मध्य एमओयू भी किया गया। नई ईको पर्यटन इकाई स्थापित करने वाले जालौन के केशवेंद्र सिंह, मनीष मल्होत्रा समेत तीन लोगों को योगी ने सम्मानित भी किया और यहां लगी प्रदर्शनी भी देखी। कार्यक्रम में ईको पर्यटन पर लघु फिल्म भी दिखाई गई। इस मौके पर मुख्यमंत्री उप्र ईको टूरिज्म विकास बोर्ड के लोगो का अनावरण किया।

कार्यक्रम में ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में संस्कृति व पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह, वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार सक्सेना, वन राज्यमंत्री केपी मलिक, मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र, अपर मुख्य सचिव (वन-पर्यावरण) मनोज कुमार सिंह, प्रमुख सचिव (पर्यटन-संस्कृति) मुकेश कुमार मेश्राम, प्रधान मुख्य वन संरक्षक सुधीर कुमार शर्मा आदि मौजूद रहे।

जेल भेजा गया दरोगा निलंबित, एसएचओ फरार

अमृत विचार, लखनऊः आगरा में दो भाइयों के आत्महत्या करने के मामले में आरोपी दरोगा को बुधवार को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। होमगार्ड ने पुलिस पर उत्पीड़न की सुसाइड नोट पर लिखी थी। वहीं सादाबाद के निलंबित एसएचओ फरार हैं।

मालूम हो कि बरहन थाना क्षेत्र के रूपधनू गांव निवासी होमगार्ड प्रमोद सिंह और उनके सगे भाई संजय सिंह ने हाथरस के सादाबाद थाने की पुलिस उत्पीड़न से परेशान होकर आत्महत्या कर ली थी। यह मामला इतना बढ़ गया कि सीएम योगी आदित्यनाथ ने संज्ञान लिया। इसके बाद आरोपी दरोगा को देर रात गिरफ्तार किया गया जबकि सादाबाद थाने के एसएचओ मुकेश कुमार को भी निलंबित कर उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज किया गया। दरोगा हरिओम को बुधवार को कोर्ट ने जेल भेज दिया । बताते चलें कि हाथरस के सादाबाद थाने के इंस्पेक्टर मुकेश कुमार और दरोगा हरिओम पर सगे भाइयों का उत्पीड़न करने का आरोप है। संजय सिंह ने शनिवार और होमगार्ड प्रमोद सिंह ने सोमवार को आत्महत्या कर ली थी।

प्रश्नपत्र लीक मामले के अभियुक्तों पर नहीं पड़ेगा अध्यादेश का प्रभाव

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- प्रश्नपत्र लीक मामले में 300 आरोपी हो चुके हैं गिरफ्तार
- आगामी परीक्षाओं में प्रश्नपत्र लीक कराने पर अब गंभीर सजा

अमृत विचारः उत्तर प्रदेश सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) अध्यादेश-2024 को प्रदेश सरकार ने मंजूरी तो दे दी, लेकिन इसका प्रभाव पूर्व की परीक्षाओं के प्रश्नपत्रों को लीक करने वाले अभियुक्तों पर नहीं पड़ेगा। आरओ-एआरओ एवं सिपाही भर्ती परीक्षा के प्रश्नपत्र लीक करने वाले सभी 300 अभियुक्तों के खिलाफ पूर्व के कानूनों की तहत की कार्रवाई होगी। कानूनविदों का कहना है कि आने वाले दिनों में जो परीक्षाएं होंगी उसमें अपराध कारित करने पर अध्यादेश के अंतर्गत कार्रवाई की जाएगी।

बताते चलें कि प्रदेश में आयोजित होने वाली सार्वजनिक परीक्षाओं को कराना राज्य सरकार के लिए चुनौती बनती जा रही थी। प्रश्न पत्र लीक होने के कारण सरकार को कई परीक्षाओं को निरस्त करना पड़ा। अब प्रश्न उठता है कि अध्यादेश लागू होने के बाद क्या आरओ-एआरओ परीक्षा एवं सिपाही भर्ती परीक्षा के प्रश्नपत्रों को लीक कराने वाले इस कानून के तहत सजा पाएंगे? इस पर सरकारी कार्यालयों में पूरे दिन मंथन होता रहा। हालांकि इस प्रकरण पर कानूनविदों का कहना है कि इस अध्यादेश से उन अभियुक्तों पर कोई असर नहीं पड़ेगा। उन्हें पूर्व के कानूनों के तहत ही सजा दी जाएगी।

अध्यादेश के तहत होगी सजा

हाईकोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता अंशुमान सिंह ने बताया कि आगामी जो भी परीक्षाएं होंगी इसमें किसी भी प्रकार का अपराध कारित होने पर अध्यादेश के मुताबिक सुनवाई होगी और सजाएं होंगी। उन्होंने बताया कि सरकार का यह फैसला बहुत ही दूरगामी और सराहनीय है। बताते चलें कि आरओ-एआरओ परीक्षा और सिपाही भर्ती परीक्षा का प्रश्नपत्र लीक कराने वालों में अब तक 300 आरोपी गिरफ्तार किए जा चुके हैं। जिसमें 17 आरोपी मास्टरमाइंड की श्रेणी में हैं। हालांकि पुलिस सभी आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है।

आंदोलन के दौरान निलंबित अभियंता जल्द बहाल होंगे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

महाधिवेशन की दीप जलाकर शुरुआत करते कार्पोरेशन के अध्यक्ष डॉ. आशीष गोयल।

- पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष ने दिया आश्वासन

अमृत विचारः मार्च 2023 में हुए आंदोलन में शामिल अभियंताओं के खिलाफ हुई कार्रवाईयां विभाग वापस लेगा। बुधवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित राज्य विद्युत परिषद अभियंता संघ के 39वें वार्षिक अधिवेशन में पॉवर कारपोरेशन के अध्यक्ष डॉ. आशीष गोयल ने यह आश्वासन दिया है।

अधिवेशन में बोलते हुए अभियंता संघ के महासचिव जितेंद्र सिंह गुर्जर ने निलंबित किए गए अभियंताओं को बहाल करने की मांग की। कैशलेस चिकित्सा, इंजीनियर प्रोटेक्शन एक्ट, उत्पादन भत्ता, सस्ती बिजली दिए जाने की मांग भी रखी।

बिजली के सस्ते उत्पादन के लिए ओबरा- डी, अनपरा-ई समेत अन्य परियोजनाओं को उत्पादन निगम के पूर्ण स्वामित्व में लाने की बात रखी। अन्य विभागों की तरह ही मार्च 2005 तक नियुक्त सभी अभियन्ताओं को पुरानी पेंशन दिए जाने की मांग की। इसके अलावा बिजली अभियंताओं ने मुख्यमंत्री के निर्देश के अनुसार प्रदेश की जनता को 24घंटे निर्बाध बिजली मुहैया कराने के लिए रात दिन काम करने का संकल्प लिया।

महाधिवेशन में महासभा की ओर से पारित किए गए प्रस्ताव में कार्रवाई पर कोई फैसला न लेने की स्थिति में विद्युत परिषद अभियंता संघ के महासचिव को कोई भी निर्णय लेने के लिए अधिकृत किया गया है। जिसका प्रदेश के सभी अभियंता समर्थन करेंगे। महाधिवेशन में अध्यक्ष राजीव सिंह ने उच्च प्रबंधन स्तर पर विभागीय अभियंताओं की तैनाती किए जाने और सेवा शर्तों में हुए परिवर्तन को वापस लेने के साथ अन्य मुद्दों को भी उठाया।

इस मौके पर उप्र इंजीनियर्स एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष एस एस निरंजन, ऑल इंडिया पावर इंजीनियर्स फेडरेशन के चेयरमैन शैलेंद्र दुबे ने भी सभा को संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन अभियंता संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रभात सिंह की ओर किया गया।

इस अवसर पर महाधिवेशन विशेषांक 2024 का विमोचन भी मुख्य अतिथि की ओर से किया गया। कार्यक्रम में शार्ट फ़िल्म के माध्यम से प्रदेश के ऊर्जा क्षेत्र स्थापित किए गए कीर्तिमानों और अभियन्ताओं के कार्यों को सराहा गया। महाधिवेशन में विशेष अतिथि के रूप में विभिन्न श्रम संघों,सेवा संगठनों के प्रमुख पदाधिकारी डॉ.सचिन वैश्य,डॉ.अमित सिंह,महेंद्र राय ,पीके दीक्षित,डी के मिश्रा,सरजू त्रिवेदी,सुहैल आबिद, दीपक चक्रवर्ती ,रीना त्रिपाठी मुख्य रूप से उपस्थित रही।

आईटीआई में प्रवेश के लिए चुन सकेंगे विकल्प

अमृत विचार, लखनऊः राज्य सरकार ने राजकीय एवं निजी आईटीआई में प्रवेश के लिए अभ्यर्थियों को विकल्प चुनने की खुली छूट दी है।

2024-25 के साथ आगामी अन्य सत्रों के लिए आईटीआई में प्रवेश प्रक्रिया को संशोधन के साथ निर्धारित किया गया है। इसके अनुसार अब अभ्यर्थी अपनी स्वेच्छा से ग्रुप ए एवं बी राजकीय व निजी आईटीआई के वरीयता क्रम में प्रदेश के किसी भी जिला, संस्थान एवं पाठ्यक्रम का विकल्प दे सकेंगे।

जानकीपुरम ट्रामा सेंटर का प्रशासन बदला

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

- साढ़ामऊ अस्पताल के सीएमएस को बनाया गया ट्रामा सेंटर का प्रभारी

अमृत विचारः राजधानी में जानकीपुरम विस्तार स्तिथ नवनिर्मित ट्रामा सेंटर का प्रशासन बदल गया है। इस ट्रामा सेंटर को मुख्य चिकित्सा अधिकारी लखनऊ से हटा कर बीकेटी स्तिथ पं.राम सागर संयुक्त चिकित्सालय, साढ़ामऊ से संबद्ध कर दिया गया है। यह आदेश जारी करते हुए राज्य सरकार ने साढ़ामऊ अस्पताल के प्रशासक मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को ट्रामा सेंटर संचालित करने के निर्देश दिए है। प्रशासन बदलने के साथ ही नवनिर्मित ट्रामा सेंटर में मरीजों को बेहतर चिकित्सकीय सेवाएं मिलने की संभावनाए बढ़ गईं हैं।

राम सागर संयुक्त अस्पताल (साढ़ामऊ)की मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ.पुष्पा चौधरी ने बताया कि ट्रामा सेंटर में अभी मेरे ही अस्पताल के दो ईएमओ सेवाएं दे रहे हैं। गुरुवार को ट्रामा सेंटर का निरीक्षण किया जाएगा और मरीजों की जरूरत को देखते हुए ससांधन उपलब्ध कराए जाएंगे। जरूरत के आधार पर चिकित्सक व अन्य स्टाफ की मांग कर, बेहतर तरीके से ट्रामा सेंटर का संचालन किया जाएगा। दुर्घटनाग्रस्त व अन्य गंभीर मरीजों को तत्काल बेहतर इलाज उपलब्ध कराने का उद्देश्य होगा।

मालूम हो कि लखनऊ मध्य में केजीएमयू का एक मात्र ट्रामा सेंटर है जहां गंभीर मरीजों को इलाज मिलता है। इसके अलावा रायबरेली रोड स्थित संजय गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान के एपेक्स ट्रामा सेंटर में तत्काल दुर्घटनाग्रस्त मरीजों को ही इलाज की सुविधा है।

अग्निकांड में नहीं जले महत्वपूर्ण दस्तावेज

अमृत विचार, लखनऊः विगत 08 अप्रैल को राजधानी स्थित खनन निदेशालय में कोई महत्वपूर्ण दस्तावेज नहीं जले हैं। उस समय साजिश की आशंका को लेकर सरकार ने मामले की जांच एसटीएफ को सौंपी थी। एसटीएफ की टीम ने मौके पर पहुंच कर साक्ष्यों जांच के लिए सीएफएसएल एवं फोरेंसिक को भी भेजा था। ढाई महीने हुई जांच में वहां से भी आग से जुड़ी किसी साजिश का खुलासा नहीं हो सका। इस प्रकरण पर अभी अधिकृत बयान किसी का नहीं आया है।

कल से जुटने लगेंगे कारोबारी होटलों में बुक कराए 200 कमरे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचारः उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के त्रैवार्षिक चुनाव के लिए व्यापारी नेता 28 से राजधानी में जुटने लगेंगे। इसके लिए प्रदेश के विभिन्न जनपदों से करीब 1,000 व्यापारी लखनऊ पहुंच रहे हैं। राजधानी के करीब आधा दर्जन से अधिक होटलों में 200 कमरे बुक कराए गए हैं।प्रांतीय अध्यक्ष बनवारी लाल कंछल ने बताया कि प्रांतीय निर्वाचन 29 और 30 जून को होगा। जिसमें 102 पदों के लिए चुनाव होगा। इसके अलावा 125 पदों पर मनोनयन किया जाएगा। सहायक चुनाव अधिकारी सुनील गुप्ता ने बताया कि कार्यक्रम की सूचना प्रांतीय सदस्यों एवं पदाधिकारियों को संगठन के संविधान के अनुसार पहले एक माह पूर्व भेजी गई थी। इसके बाद पुनः सभी सदस्यों को जानकारी दी जा चुकी है।

वर्ग पहेली-113

बाएं से दाएं

2. 1. आश्चर्य

3. 1. मन में स्थित या जाग्रत भाव

5. 1. पारिश्रमिक 2. मज़दूरी।

7. शरीर या कपड़े आदि पर जमे मैल को साफ़ करने के लिए प्रयुक्त एक प्रसाधन, (सोप)।

ऊपर से नीचे

1. यज्ञ या हवन में आग प्रज्वलित करने तथा हवा करने के लिए प्रयोग में आने वाली बांस की नली।

2. 1. घूंघट 2. परदा 3. बुरका 4. ढकना, घेरना, छिपाना 5. घूंघट निकालना।

4. 1. अनावृत करना, परदा हटाना या उठाना 2. पर्दाफाश करना 3. वस्त्रविहीन करना।

6. 1. प्रशंसा, बड़ाई, बखान 2. विशेषता, गुण, सिफ़त 3. परिचय, पहचान।



वर्ग पहेली -112 का हल

	1 न	र	2 क	ट	
			ल		3 दि
	4 गो	ल	म	टो	ल
			ज़		वा
5 पा	ठ	भे	द		ना
ज़े					
6 ब	ह	न		7 आ	ड़ा

43 हजार करोड़ से बिजली निगमों के आधुनिकीकरण की तैयारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- दक्षिणांचल निगम के लिए 12 हजार करोड़ से अधिक धनराशि
- पांचों वितरण निगमों का आधुनिकीकरण होगा

अमृत विचारः प्रदेश की बिजली व्यवस्था को विस्तार देने और इसके आधुनिकीकरण के लिए राज्य सरकार 43 हजार करोड़ रुपए से अधिक खर्च करने की तैयारी में है। इसके अंतर्गत मीटर से लेकर फीडर तक को अत्याधुनिक स्वरूप देने की कवायद की जाएगी। राज्य में बड़े स्तर पर होने जा रहे औद्योगिकीकरण से पहले सरकार बिजली व्यवस्था को पूरी तरह से चुस्त-दुरुस्त करने में जुट गई है।

शासन के अधिकारियों ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हाल ही में ऊर्जा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ इस संबंध में एक विस्तृत प्रस्तुतीकरण का अवलोकन किया था। इसमें राज्य के सभी पांच वितरण निगमों के लिए अलग-अलग धनराशि आवंटन का प्रस्ताव है। सरकार सर्वाधिक 12 हजार करोड़ रुपए से अधिक का खर्च दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड पर करेगी।

योजना के तहत पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम के लिए 8,759.87 करोड़ रुपए से कायाकल्प की तैयारी है। मध्यांचल विद्युत वितरण निगम के लिए 10,146 करोड़ रुपए, दक्षिणांचल के लिए 12,300 करोड़ रुपए, पश्चिमांचल के लिए 10,563 करोड़ रुपए और केस्को के लिए 1198 करोड़ रुपये समेत कुल 42,968.55 करोड़ रुपए का प्रस्ताव है। इसके अलावा 29619 करोड़ रुपए से स्मार्ट मीटर के कार्य को भी तेजी से पूरा करने के निर्देश दिये जा चुके हैं। साथ ही पूर्वांचल, मध्यांचल और दक्षिणांचल निगमों के अंतर्गत ढाई लाख से अधिक घरों के विद्युतीकरण के लिए 917 करोड़ रुपए खर्च किये जा रहे हैं।

वाराणसी, नोएडा, अयोध्या व कानपुर पर खास नजर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में बिजली व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने के लिए 1309 करोड़ रुपए से अधिक खर्च किये जा रहे हैं। इसके अंतर्गत स्मार्ट डिस्ट्रिब्यूशन प्रॉसेस पर 307 .70 करोड़ रुपए, इलेक्ट्रिकल इंफ्रास्ट्रक्चर के अंडरग्राउंडिंग प्रॉसेस पर 513 .58 करोड़ रुपए और आधुनिकीकरण व विस्तारीकरण के लिए 488 .10 करोड़ रुपए खर्च किये जा रहे हैं। इसके अलावा नोएडा के लिए 1535 करोड़ रुपए, अयोध्या के लिए 1200 करोड़ रुपए और कानपुर के लिए 823 करोड़ रुपए से बिजली व्यवस्था के आधुनिकीकरण की तैयारी है। प्रदेश के 33 केवी बिजली उपकेंद्रों में लगे 10 एमवीए के ट्रांसफॉर्मर को भी 'अपग्रेड' कर 20 एमवीए करने की तैयारी है।

सुडोकू -26

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

2		5			3			6
	8				9			1
		7		2		4		5
8	3			6	5			
		9				6		
			3	9			4	2
4		8		1		3		
1			8				9	
6			7			5		8

सुडोकू -25 का हल

8	9	4	1	6	2	7	3	5
1	7	2	3	5	4	9	8	6
6	5	3	9	7	8	2	1	4
2	1	8	4	3	7	5	6	9
7	3	5	6	8	9	1	4	2
9	4	6	2	1	5	3	7	8
3	8	7	5	9	6	4	2	1
4	6	9	7	2	1	8	5	3
5	2	1	8	4	3	6	9	7

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 27 जून गुरुवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आषाढ़, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-षष्ठी 18 .39 तक तत्पश्चात सप्तमी।

आज का पंचांग

दिशाशूल-दक्षिण। ऋतु-वर्षा।

चन्द्रबल- मेष, वृषभ, सिंह, कन्या, धनु, कुंभ।

ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद।

नक्षत्र-शतभिषा 11 .36 तक तत्पश्चात पूर्व भाद्रपद।

मेष — आज कड़ी मेहनत का सार्थक परिणाम प्राप्त होगा। राजनीति से जुड़े लोगों को उच्च पद मिल सकता है। आपको कुछ शुभ समाचार मिलने के योग बन रहे हैं। अपने विचारों में स्पष्टता रखें। व्यापार में नए साझेदार जुड़ सकते हैं।

वृष — आज व्यवसाय में कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ेगा। संतान पर अनावश्यक दबाव न बनाएं। धन के लेन-देन को लेकर समझदारी रखें। आप कारोबारी यात्रा पर जा सकते हैं। अविवाहित लोगों के विवाह को लेकर संभावना बन सकती है।

मिथुन — आज बच्चे पढ़ाई में काफी अच्छा प्रदर्शन करेंगे। आपको उधार लेने से बचना चाहिए। समाज के उच्च वर्ग के लोगों से आपका मेल-मिलाप बढ़ेगा। आपकी दिनचर्या संयमित रहेगी। परिजनों का व्यवहार आपके प्रति कुछ रूखा सा हो सकता है।

कर्क — आज असंतुलित खानपान के कारण कब्जियत हो सकती है। स्वार्थवश काम करने के कारण आपकी आलोचना हो सकती है। यदि तनाव आपकी कार्यक्षमता को प्रभावित कर रहा है तो मित्रों से आपको काफी सहायता मिल सकती है।

सिंह — आज अजनबी लोगों पर ज्यादा विश्वास करना हानिकर हो सकता है। उच्च अधिकारी आपकी प्रशंसा करेंगे। अविवाहित लोगों का विवाह तय हो सकता है। समाज में आपका मान-सम्मान बढ़ने के योग बन रहे हैं।

कन्या — आज दूसरों के उलझे मामलों को आपको सुलझाना पड़ेगा। घरेलू खर्चों को लेकर थोड़ा तनाव उभर सकता है। उतावले व्यवहार से आपको बचना चाहिए। कार्यक्षेत्र में आपका वर्चस्व काफी अच्छा रहेगा। योजनाबद्ध तरीके से किए गए कार्यों में सफलता मिलेगी।

तुला — आज आलस्य और प्रमाद से आपको बचना चाहिए। अधूरा कार्य छोड़ने की प्रवृत्ति से बचें। व्यवसाय में लाभ की स्थितियां बढ़ेंगी। आपको परिवार के साथ समय अवश्य व्यतीत करना चाहिए। नई योजनाओं के विषय में मित्रों से चर्चा कर सकते हैं।

वृश्चिक — आज वैवाहिक जीवन में संवादहीनता न होने दें। पैतृक संपत्ति के विवादों को लेकर शांति बनाए रखें। मन में कुछ नकारात्मक विचार जन्म लेंगे। आपकी सामाजिक प्रतिष्ठा में कमी आ सकती है। हृदय रोगियों को तनाव से बचना चाहिए।

धनु — आज व्यापार में नए अनुबंध हो सकते हैं। घर का वातावरण काफी अच्छा रहने वाला है। धार्मिक कार्यों में आपका मन लगेगा। कारोबार को लेकर की गई यात्राओं से काफी अच्छा लाभ मिलेगा। आप अपने खर्चों पर नियंत्रण पाने का प्रयास करेंगे।

मकर — आज रचनात्मक कार्यों में आप काफी सक्रिय रहेंगे। परिवार की जिम्मेदारियों का निष्ठापूर्वक निर्वाह करें। कानूनी विवादों का समाधान निकल सकता है। धन के अभाव के कारण जो काम रुके थे, वो शुरू हो सकते हैं।

कुंभ — आज भूमि क्रय-विक्रय संबंधी कार्यों से जुड़े लोगों के लिए दिन अच्छा है। आपके मन में परोपकार की भावना रहेगी। आकस्मिक धन लाभ होने की संभावना बन रही है। व्यावसायिक परेशानियों का निपटारा होगा। साझेदारी में नया काम शुरू कर सकते हैं।

मीन — आज गूढ़ विषयों को लेकर नए अनुभव प्राप्त होंगे। जल्दबाजी में आपको निर्णय नहीं लेना चाहिए। मन में अनावश्यक विचारों के कारण तनाव हो सकता है। समाज में सम्मानित लोगों को अपनी प्रतिष्ठा की चिंता रहेगी। आलस्य के कारण आप कुछ अच्छे अवसर चूक सकते हैं।

आज की फिल्में

B4U Movies
- एक और एक ग्यारह — सुबह : 10 .33
- अविनाश — शाम : 06 .08

Sony Max
- झुंड — सुबह : 09 .55
- 3 इडिट्यस — रात : 09 .08

Sony Pix
- सैन एंड्रियास — सुबह : 11 .22
- घोस्टबस्टर्स — रात : 09 .00

Zee Cinema
- त्रिदेव — दोपहर : 12 .00
- रांझणा — रात : 10 .05

Colors Cineplex
- ब्लू — सुबह : 10 .20
- गब्बर इज बैक — शाम : 05 .58

आज की सुपरहिट फिल्म

कलर्स सिनेप्लेक्स पर शाम : 05 .58 बजे

जोक्स ऑफ द डे

डॉक्टर- क्या बात है?
संजू- जी, कुत्ते ने काट लिया है।
डॉक्टर- तुमने बाहर बोर्ड पर लिखा नहीं पढ़ा, मरीज देखने का समय केवल सुबह आठ से 11 बजे तक है और तक है और तुम एक बजे आए हो।
संजू- जी मैंने तो पढ़ लिया था, पर कुत्ते ने नहीं पढ़ा।

जीजा- तुम्हें जीवन में क्या चाहिए?
साली- पैसा
जीजा- पैसे को साइड में रखो, अब बताओ क्या चाहिए?
साली- साइड में रखे पैसे।

मैंथा बाजार भाव

चन्दौसी : शिवालिक- 900 फ्लैग- 1050 बोल्ड- 1100 डीएमओ- 850
रामपुर : शिवालिक-925 फ्लैग-1035 डीएमओ-825 बोल्ड-1100

कानपुर मंडी

अनाज (प्रति क्वि.)	
गेहूं दड़ा	2400-2410
आर.आर.21	2550-2600
गेहूं फारम	2600-2700
जौ	2000 -2100
ज्वार	2000 -4000
बाजरा	2100-2150
मकाई	2200 -2400
दलहन (प्रति क्वि.)	
चना	6500 -6600
अरहर	9000 -10000
मसूर	5500 -5600
मटर	3700 -4000
उड़दहरा	10000 -11000
उड़दकाला	6000 -8000
मूंग	7800 -8000
दाल (प्रति क्वि.)	
अरहरफूल	16600-16700
अरहरस्पेशल	14300-14400
चनादाल	7900-8000
मटरदाल	4700-4800
मसूरमलका	7250-7300
मसूरदाल	7450-7500
उड़ददाल	9000- 13300
उड़द धोवा	10000- 13000
मूंगदाल	8100 -9700
मूंग धोवा	9700-11000
चावल (प्रति क्वि.)	
अरवा	2000-2300
बासमती न01.	8500 - 10000
सेला	2500 - 3000
बासमती न02.	6500 - 7500
आटा-मैदा (प्रति 50 किग्रा.)	
आटा	1400-1460
मैदा	1380-1435
सूजी	1440-1460

7% की दर से बढ़ेगी अर्थव्यवस्था

निवेश, वृद्धि और व्यापक आर्थिक स्थिरता और सामान्य मानसून से बढ़ोत्तरी की आशा

नई दिल्ली, एजेंसी

सामान्य से बेहतर मानसून की उम्मीद और अबतक कोई ज्ञात वैश्विक जोखिम नहीं होने के कारण भारत की अर्थव्यवस्था चालू वित्त वर्ष (2024-25) में सात प्रतिशत से अधिक की दर से बढ़ेगी। ये अनुमान आर्थिक शोध संस्थान एनसीएईआर का है।

एनसीएईआर ने कहा है कि चालू वित्त वर्ष में भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर सात प्रतिशत से अधिक और 7.5 प्रतिशत के आसपास रहेगी। संस्थान ने अपनी मासिक समीक्षा में कहा कि प्रमुख आर्थिक संकेतकों से पता चलता है कि घरेलू अर्थव्यवस्था मजबूत बनी हुई है और सभी एजेंसियों ने चालू वित्त वर्ष के लिए अपने वृद्धि अनुमान में संशोधन किया है। नेशनल काउंसिल ऑफ एप्लायड इकनॉमिक रिसर्च (एनसीएईआर) की महानिदेशक पूनम गुप्ता ने कहा कि चालू वित्त वर्ष के दौरान

● आर्थिक शोध संस्थान एनसीएईआर का अनुमान भारत की जीडीपी 7 से 7.5 प्रतिशत रहने की उम्मीद

जीडीपी की वृद्धि दर सात प्रतिशत से अधिक तथा 7.5 प्रतिशत के करीब हो सकती है। यह संभावना पहली तिमाही में आर्थिक गतिविधियों में तेजी, निवेश, वृद्धि और व्यापक आर्थिक स्थिरता पर गहन नीतिगत ध्यान और मानसून की उम्मीदों पर आधारित है।

उन्होंने कहा कि मुद्रास्फीति के चरम पर पहुंचने के साथ मौद्रिक नीति को और कड़ा करने की संभावना नहीं है। अंततः, वैश्विक वातावरण भी अनुकूल प्रतीत होता है, क्योंकि अबतक कोई ज्ञात वैश्विक जोखिम नहीं है। गुप्ता ने कहा कि खाद्य कीमतों पर काबू पाना एक चुनौती है। इस समस्या से निपटने के लिए व्यापक नीतिगत ढांचे की जरूरत है, जिसमें जलवायु-अनुकूल खाद्य आपूर्ति का निर्माण तथा डिब्बा बंद और संरक्षित खाद्य आपूर्ति की ओर धीरे-धीरे बदलाव करना शामिल है, ताकि समय पर आपूर्ति और मांग के बीच के अंतर को पाटा जा सके।

रिजर्व बैंक ने भी इसी महीने लगाया था यही अनुमान

इसी महीने, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने चालू वित्त वर्ष के लिए जीडीपी वृद्धि दर 7.2 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया था। खुदरा मुद्रास्फीति मई में घटकर 12 महीने के निचले स्तर 4.7 प्रतिशत पर आ गई, हालांकि खाद्य मुद्रास्फीति ऊंची बनी रही।

धन प्रेषण बढ़ने से चालू खाता अधिशेष में मदद मिली : क्रिसिल

कोलकाता। पिछले वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में वस्तुओं के व्यापार घाटे में कमी, विदेशों से धनप्रेषण में वृद्धि और सेवा व्यापार में अधिशेष से देश का चालू खाता अधिशेष की स्थिति में रहा। क्रिसिल ने बुधवार को एक रिपोर्ट में यह बात कही।

हाल ही के आंकड़ों के मुताबिक, जनवरी-मार्च, 2024 की अवधि में देश के चालू खाते में 5.7 अरब डॉलर का अधिशेष रहा, जो जीडीपी का 0.6% है। रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने कहा कि 2023-24 की तीसरी तिमाही में चालू खाता 8.7 अरब डॉलर के घाटे में था, जो जीडीपी का 1% है। 2022-23 की चौथी तिमाही में चालू खाता 1.3 अरब डॉलर के घाटे में था, जो जीडीपी का 0.2% है और चौथी तिमाही में सुधार के साथ जीडीपी का 0.6% होना तीनों मोर्चों पर सुधार दिखाता है।

दूसरे दिन ही खत्म स्पेक्ट्रम नीलामी 12% से भी कम बोलियां मिलीं

नई दिल्ली, एजेंसी

स्पेक्ट्रम नीलामी दूसरे दिन बोली शुरू होने के कुछ घंटों में ही समाप्त हो गई। इसमें दूरसंचार कंपनियों ने कुल मिलाकर 11,300 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य का स्पेक्ट्रम खरीदा, जो कि सरकार द्वारा रखी गई रेडियो तरंगों के अनुमानित मूल्य 96,238 करोड़ का 12% से भी कम है।

सूत्रों ने बताया कि नीलामी में 800 मेगाहट्र्ज से 26 गीगाहट्र्ज के बीच 10 गीगाहट्र्ज स्पेक्ट्रम की पेशकश हुई। कुल 11,340 करोड़ की बोलियां हुईं। सात दौर की बोलियों में केवल 140-150 मेगाहट्र्ज ही बेचे गए हैं। पहले दिन 25 जून को पांच दौर की बोलियां लगीं। बुधवार को ज्यादा बोलियां नहीं मिलीं, जिससे अधिकारियों ने पूर्वाह्न साढ़े 11 बजे नीलामी खत्म करने की घोषणा कर दी। 2024 की नीलामी में 800, 900, 1,800, 2,100, 2,300, 2,500, 3,300 मेगाहट्र्ज और 26 गीगाहट्र्ज स्पेक्ट्रम बैंड की पेशकश हुई थी।

● दूरसंचार कंपनियों ने कुल 11,300 करोड़ का स्पेक्ट्रम खरीदा

एयरटेल ने 6,857 करोड़ का 97 मेगाहट्र्ज स्पेक्ट्रम खरीदा

भारती एयरटेल ने स्पेक्ट्रम नीलामी में 6,857 करोड़ रुपये में 97 मेगाहट्र्ज रेडियो तरंगों को खरीदा है। जो बेचे गए स्पेक्ट्रम का 60% है। एयरटेल ने कहा कि दूरसंचार कंपनी की अनुषंगी कंपनी भारती हेक्साकॉम ने 1,001 करोड़ के परिव्यय से 15 मेगाहट्र्ज का अधिग्रहण किया है। एयरटेल ने 900, 1,800 और 2,100 मेगाहट्र्ज बैंड में 6,857 करोड़ में 97 मेगाहट्र्ज स्पेक्ट्रम हासिल किया है।

इस बार स्पेक्ट्रम के लिए बोलियां उम्मीद से कम मिलीं। नीलामी में रिलायंस जियो, भारती एयरटेल और वोडाफोन-आइडिया उच्च गति मोबाइल सेवा को समर्थन देने वाली रेडियो तरंगों के लिए होड़ में रहीं।

सर्राफा

कानपुर	
चांदी 999 (प्रति किलो)	89300
सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल	95000
सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल	100000
सोनाबिस्कुट (दस ग्राम)	73325
गिन्नी (प्रति नग)	54650-54850
लखनऊ	
सोना स्टैंडर्ड	72,550
सोना रवा	72,300
सोना गिन्नी (प्रति नग)	42,500
चांदी तैयार	90,100
चांदी (999)	90,000
चांदी सिक्के (100 नग)	90,5000
बरेली	
गोल्ड (पक्के जेवर)	72100
गोल्ड (गिन्नी जेवर)	71100
सिल्वर (पक्की)	875 (अनुमानित))
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	72,500
चांदी आभूषण	88,800

बजट में मानक कटौती दोगुनी करने या कर छूट की सीमा बढ़ाकर 3.5 लाख करने पर हो विचार

नई दिल्ली, एजेंसी

● कर और सलाहकार कंपनी ईवाई ने बजट में कराधान सुधारों पर दिया जोर

सरकार को बजट में नई रियायती कर व्यवस्था के तहत मानक कटौती को दोगुना करके एक लाख रुपये करना चाहिए या मूल कर छूट की सीमा को बढ़ाकर 3.5 लाख करना चाहिए। कर और सलाहकार कंपनी ईवाई ने यह राय दी।

बजट में कराधान सुधारों की प्राथमिकताओं पर ईवाई ने कहा है कि सरकार को कर ढांचे को सुव्यवस्थित करने, आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा देने के लिए नीतिगत ढांचे को बेहतर बनाने और निवेश तथा वृद्धि के लिए अनुकूल वातावरण को बढ़ावा देने को प्राथमिकता देनी चाहिए। ईवाई ने सुझाव दिया कि कॉरपोरेट कर की दरों में स्थिरता रखी जाए, टीडीएस प्रावधान को युक्तिसंगत बनाया जाए, तथा विवाद समाधान को सुव्यवस्थित किया जाए। कंपनी ने कहा कि व्यक्तिगत कर के मोर्चे पर छूट/कटौती के बिना रियायती कर व्यवस्था जारी रहनी चाहिए। ईवाई ने नई सरकार के समक्ष नीतिगत प्राथमिकताओं को सूचीबद्ध करते हुए कहा कि इसे और अधिक आकर्षक बनाने के लिए रियायती कर व्यवस्था के तहत मानक कटौती को मौजूदा 50,000 से बढ़ाकर एक लाख रुपये किया जा सकता है या कर छूट सीमा को तीन लाख से बढ़ाकर 3.5 लाख रुपये किया जा सकता है। वर्तमान प्रणाली के तहत करदाता पुरानी व्यवस्था और कम दरों और नई रियायती व्यवस्था के बीच चयन कर सकते हैं।

एसबीआई ने बॉण्ड से 10,000 करोड़ जुटाए

नई दिल्ली। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने बुधवार को अपने पांचवें बुनियादी ढांचा बॉण्ड से 10,000 करोड़ रुपये जुटाए हैं। सार्वजनिक क्षेत्र के ऋणदाता ने यह राशि 7.36% की कूपन दर पर जुटाई है। शेयर बाजार को दी सूचना में एसबीआई ने कहा कि इस निर्गम को निवेशकों से जबर्दस्त प्रतिक्रिया मिली और 19,884 करोड़ से अधिक की बोलियां लगीं। इसे 5,000 करोड़ रुपये के आधार निर्गम आकार के मुकाबले चार गुना अधिक अभिदान मिला। उसे 143 बोलियां मिलीं, जो विविधता के साथ व्यापक भागीदारी का संकेत देता है। निवेशक भविष्य निधि, पेंशन कोष, बीमा कंपनियों, म्यूचुअल फंड, कॉरपोरेट्स आदि से थे। बैंक ने कहा कि बॉण्ड से मिलने वाली राशि का उपयोग बुनियादी ढांचे और किफायती आवास क्षेत्रों के वित्तपोषण के लिए किया जाएगा।

मुलाकात

इंडियन न्यूज पेपर सोसाइटी के अध्यक्ष राकेश शर्मा ने मीडिया उद्योग के लिए आगामी बजट प्रस्तावों पर चर्चा के लिए बुधवार की शाम को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से भेंट की। बैठक बहुत सौहार्दपूर्ण और परिणाम मूलक रही।

राष्ट्रीय

एक नजर

मणिपुर में कुकी उग्रवादियों का जिरीबाम पर हमला

इम्फाल। संदिग्ध कुकी उग्रवादियों ने मणिपुर के जिरीबाम जिले में बुधवार को बम और अत्याधुनिक हथियारों के जरिए हमला किया। पुलिस ने बताया कि हमले में बोरोबेकरा इलाके में तीन घर पूरी तरह से नष्ट हो गये। संदिग्ध उग्रवादियों ने कथित तौर पर पहले बम फेंके और बाद में घरों में आग लगा दी। मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने हाल ही में सुरक्षा सलाहकार कुलदीप सिंह और डीजीपी राजीव सिंह से कार्रवाई में विफलता को लेकर एक रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा था, जबकि मुख्यमंत्री कार्यालय ने उन्हें सूचित किया था कि 200 कुकी उग्रवादी जिरीबाम पर हमला करने की योजना बना रहे हैं।

जम्मू-कश्मीर में ग्रेनेड धमाके में जवान घायल

सांबा/जम्मू। जम्मू-कश्मीर के सांबा जिले में बुधवार को शिविर के अंदर ग्रेनेड विस्फोट होने से एक जवान गंभीर घायल हो गया। पुलिस ने बताया कि जवान दियानी स्थित शिविर के अंदर प्रशिक्षण के लिए ग्रेनेड को संभाल रहा था जो उसके हाथ में फट गया। अधिकारियों ने बताया कि घायल जवान को सांबा के सैन्य अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पुनर्वास: माओवादियों के परिजन को मिली राशि

चतरा (झारखंड)। झारखंड सरकार की पहल के तहत हथियार डालने वाले चार माओवादियों को उनके पुनर्वास के लिए बुधवार को चतरा के पुलिस अधीक्षक कार्यालय में इनामी राशि के चेक दिये गए। पुलिस अधिकारी ने बताया कि भाकपा (माओवादी) की क्षेत्रीय समिति के सदस्य इंदल गंजू उर्फ ललन गंजू और नवीन उर्फ सरबजीत यादव के परिवार के सदस्यों को 15-15 लाख रुपये का चेक दिया गया। इनाम की यह राशि, माओवादियों के सिर पर घोषित थी। इंदल गंजू ने मई 2023 और ललन गंजू ने नवंबर 2023 में आत्मसमर्पण किया था। अमरजीत यादव उर्फ टिंगू और सहदेव यादव उर्फ लटन यादव के परिवार के सदस्यों को क्रमशः 10 लाख और पांच लाख के चेक दिये गए।

बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष पुलिस हिरासत में

जम्मू। जम्मू-कश्मीर की विशेष अदालत ने 2020 में साथी वकील बाबर कादरी की हत्या की साजिश के मामले में उच्च न्यायालय बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष मियां अब्दुल कयूम को बुधवार को एक जुलाई तक पुलिस हिरासत में भेज दिया। कयूम को मंगलवार को गिरफ्तार कर श्रीनगर से जम्मू लाया गया और उन्हें विशेष अदालत के समक्ष पेश किया गया। अदालत ने बंद कमरे में हुई सुनवाई के दौरान पुलिस रिमांड का आदेश दिया।

दो विधायक धरने पर, राज्यपाल का इंतजार

प. बंगाल के राज्यपाल के अनुरोध को अस्वीकार कर टीएमसी विधायकों ने किया प्रदर्शन

कोलकाता, एजेंसी

पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस द्वारा विधानसभा में शपथ ग्रहण कराने के अनुरोध को अस्वीकार कर टीएमसी के दो नवनिर्वाचित विधायकों ने बुधवार को विधानसभा परिसर में विरोध प्रदर्शन किया।

दोनों विधायक सायंतिका बंदोपाध्याय और रायत हुसैन सरकार ने कहा कि वे शाम चार बजे तक विधानसभा में राज्यपाल के आने का इंतजार करेंगे, ताकि वे उन्हें पद की शपथ दिला सकें या अध्यक्ष को ऐसा करने के लिए अधिकृत कर सकें। राजभवन ने हाल ही में हुए विधानसभा उपचुनाव में निर्वाचित दोनों विधायकों को बुधवार को गवर्नर हाउस में शपथ लेने के लिए आमंत्रित किया था। टीएमसी ने दावा किया कि उपचुनाव जीतने वालों के मामले में परंपरा यह है कि राज्यपाल विधानसभा अध्यक्ष या उपाध्यक्ष को शपथ दिलाने का

शपथ ग्रहण गतिरोध

● दोनों ने कहा- शाम चार बजे तक वह राज्यपाल का इंतजार करेंगे, ताकि वह उन्हें शपथ दिलाएं या अध्यक्ष को अधिकृत करें

● राजभवन ने विधानसभा उपचुनाव में निर्वाचित दोनों विधायकों को गवर्नर हाउस में शपथ लेने के लिए किया था आमंत्रित

काम सौंपते हैं। सरकार ने कहा हि हमने राज्यपाल से अनुरोध किया है कि वे आएं और पद की शपथ दिलाएं या यह जिम्मेदारी अध्यक्ष को सौंप दें। उन्होंने इसे अस्वीकार कर दिया है। इसलिए हम विधानसभा की सीढ़ियों पर इंतजार कर रहे हैं।

सरकार और बंदोपाध्याय तख्तियों पर उन्हें निर्वाचित प्रतिनिधियों के रूप में कर्तव्यों का पालन करने की अनुमति दी जाए जैसे नारे लिखकर राज्यपाल से अनुरोध करते दिखे। बंदोपाध्याय ने कहा कि जब तक हम शपथ नहीं ले लेते तबतक हम विधायक के तौर पर काम नहीं कर सकते। सरकार ने बताया कि वह और बंदोपाध्याय शाम 4 बजे तक राज्यपाल द्वारा शपथ ग्रहण समारोह आयोजित करने या विधानसभा अध्यक्ष और उपाध्यक्ष की मौजूदगी में शपथ ग्रहण के लिए सहमति देने का इंतजार करेंगे। विधानसभा अध्यक्ष बिमान बनर्जी ने कहा कि शपथ ग्रहण समारोह संवैधानिक शिष्टाचार है और यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि हमें ऐसी स्थिति का सामना करना पड़ रहा है। अगर राज्यपाल इच्छुक हैं तो वह आकर शपथ ग्रहण समारोह आयोजित कर सकते हैं।

पठानकोट में दो संदिग्ध आंतकी, हाई अलर्ट जारी

पठानकोट। पंजाब के पठानकोट में दो संदिग्ध आंतकवादियों के घुसने की सूचना पर बुधवार को सीमावर्ती जिलों गुरदासपुर और पठानकोट में हाई अलर्ट जारी किया गया है।

पुलिस को मंगलवार देर रात अंतर्राष्ट्रीय सीमा के पास कोट भठियां गांव के एक व्यक्ति ने नियंत्रण कक्ष को सूचना दी कि दो नकाबपोश भारी हथियारों से लैस उसके फार्म हाउस में घुस आए और उसके सिर पर बंदूक तान दी और खाना बनाने को कहा। दोनों खाना खाने के बाद पठानकोट के लिए रवाना हो गए। पठानकोट एसएसपी सुहैल कासिम मीर ने वरिष्ठ अधिकारियों, गुरदासपुर के पुलिस प्रमुख हरीश दियामा और गुरदासपुर जिले के सभी थानेदारों से बैठक की। बैठक के बाद सेना और सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) को सूचना दे दी गई है। मामून छावनी और पठानकोट वायु सेना स्टेशन को भी सुरक्षित कर लिया गया है। पुलिस ने दोनों आतंकियों को पकड़ने के लिए गुरदासपुर, धारीवाल, दीनानगर और पठानकोट के रेलवे स्टेशनों और बस अड्डों पर चेकिंग शुरू कर दी है।

3 और उपमुख्यमंत्रियों की मांग पर कांग्रेस का फैसला होगा अंतिम

बेंगलुरु,एजेंसी

● कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने कहा- आलाकमान लेगा फैसला

● एससी/एसटी व ओबीसी के नेताओं को उपमुख्यमंत्री बनाने की वकालत

कर्नाटक में 3 और उप मुख्यमंत्रियों की मांग के बीच मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने बुधवार को कहा कि इस पर कांग्रेस आलाकमान का फैसला अंतिम है। दरअसल, राज्य के कुछ मंत्री वीरशैव-लिंगायत, एससी/एसटी और ओबीसी के नेताओं को उपमुख्यमंत्री पद देने की वकालत कर रहे हैं।

वर्तमान में डीके शिवकुमार उपमुख्यमंत्री हैं और वोक्कालिगा समुदाय से हैं। सिद्धरमैया ने कहा कि आलाकमान जो भी फैसला लेता है, वह अंतिम है। कांग्रेस के एक वर्ग का मानना है कि तीन और उपमुख्यमंत्री बनाने की मांग संबंधी मंत्रियों के बयान सिद्धरमैया खेमे की खास योजना का हिस्सा है और उसका मकसद शिवकुमार को काबू में रखना है। ऐसी चर्चा है कि शिवकुमार सरकार के ढाई साल के कार्यकाल के बाद मुख्यमंत्री पद की मांग कर सकते हैं। सहकारिता मंत्री के एन राजन्ना, आवास मंत्री बी जेड ज़मीर अहमद खान, लोक निर्माण मंत्री सतीश जरकीहोली और कुछ अन्य नेताओं ने तीन और उप मुख्यमंत्रियों की मांग कीथी। इन्हें सिद्धरमैया का करीबी माना जाता है। पिछले साल चुनाव के बाद मुख्यमंत्री पद के लिए शिवकुमार और सिद्धर मैया में प्रतिस्पर्धा के मद्देनजर कांग्रेस ने फैसला किया था कि शिवकुमार एकमात्र उप मुख्यमंत्री होंगे। शिवकुमार ने कहा था कि पार्टी इसका जवाब देगी। शिवकुमार कांग्रेस की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष भी हैं।

ट्रेनों में जानवरों की तरह लोगों को यात्रा करते देखना शर्मनाक

मुंबई, एजेंसी

बंबई हाईकोर्ट ने बुधवार को कहा कि मुंबई की जीवनरेखा कही जाने वाली उपनगरीय रेल सेवा में यात्रियों को जानवरों की तरह यात्रा करने के लिए मजबूर होते देखना शर्मनाक है। भीड़भाड़ वाली रेलगाड़ियों से गिरने या पटरियों पर अन्य दुर्घटनाओं से यात्रियों की मौतों की बढ़ती संख्या को लेकर दाखिल एक जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए अदालत ने कहा कि इस बहुत गंभीर मुद्दे से निपटा जाना चाहिए।

मुख्य न्यायाधीश डीके उपाध्याय और न्यायमूर्ति अमित बोरकर की पीठ ने कहा कि वह मध्य और पश्चिम रेलवे दोनों के शीर्ष अधिकारियों को जवाबदेह ठहराएगी क्योंकि मुंबई में स्थिति दयनीय है। जनहित याचिका यतिन जाधव द्वारा दाखिल की गई है। अदालत ने कहा कि जनहित याचिका में बहुत ही गंभीर मुद्दा उठाया गया है और इसलिए रेलवे अधिकारियों को इस पर ध्यान देना होगा। आप यह नहीं कह सकते कि शहर में लोगों की बहुत अधिक संख्या की वजह से हम यह नहीं कर सकते या वह नहीं कर सकते। आप लोगों को मवेशियों की तरह ढोते हैं। जिस तरह से यात्री

● ट्रेनों यात्रियों की मौतों की बढ़ती संख्या पर दाखिल जनहित याचिका पर बंबई हाईकोर्ट ने की सुनवाई

2023 में पटरियों पर हुईं 2590 मौतें, हर दिन 7

याचिका के अनुसार, 2023 में 2,590 यात्रियों की मौत पटरियों पर हुई, यानी हर दिन सात मौतें। इसी अवधि में 2,441 लोग घायल हुए। मध्य रेलवे के अंतर्गत आने वाली पटरियों पर हुए हादसों में 1,650 लोग मारे गए, जबकि पश्चिमी रेलवे के अंतर्गत आने वाले खंड पर 940 लोग मारे गए।

यात्रा करते हैं उसे लेकर हम खुद को शर्मिंदा महसूस करते हैं।

पीठ ने पश्चिमी और मध्य रेलवे के महाप्रबंधक को पूरे मामले पर गौर करने और जवाबी हलफनामा दायर करने का निर्देश दिया। अदालत ने कहा कि वह इस जनहित याचिका पर आठ सप्ताह बाद अगली सुनवाई करेगी।

जागरूकता

उत्तर दिनाजपुर में बुधवार को नशे के दुष्प्रभाव और तस्करी के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय दिवस पर साइकिल रैली में भाग लेते बीएसएफ के जवान।

लालू के करीबी अमित कात्याल को मिली जमानत

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली हाईकोर्ट ने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख लालू प्रसाद के करीबी अमित कात्याल को भारतीय रेलवे में जमीन के बदले कथित नौकरी घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में स्वास्थ्य आधार पर बुधवार को छह हफ्ते की अंतरिम जमानत दे दी।

ईडी ने कात्याल को पिछले साल 11 नवंबर को धनशोधन निवारण अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया

जमीन के बदले नौकरी

● धनशोधन मामले में स्वास्थ्य आधार पर दिल्ली हाईकोर्ट ने छह हफ्ते की अंतरिम जमानत दी

था। कात्याल ने अदालत में दलील दी कि वजन घटाने संबंधी 'बेरियाट्रिक' सर्जरी कराने के बाद उन्हें और उपचार व देखभाल की जरूरत है, जो तिहाड़ जेल में नहीं हो सकती। न्यायमूर्ति धर्मेश शर्मा की अवकाशकालीन पीठ ने कात्याल की अंतरिम जमानत मंजूर करते हुए कहा कि उनकी आहार संबंधी आवश्यकताएं ऐसी हैं, जो जेल में मुहैया नहीं की जा सकतीं। अदालत ने कहा कि बेरियाट्रिक सर्जरी के बाद उन्हें पर्याप्त शारीरिक, मानसिक और मनोवैज्ञानिक स्वास्थ्य के लिए उपयुक्त आहार की आवश्यकता है। वह फिलहाल जेल में प्रदान नहीं की जा सकती। इसमें कोई दो राय नहीं है कि लंबे समय तक जेल में, हर दिन घर का बना खाना उपलब्ध कराना काफी मुश्किल है।

आय से अधिक संपत्ति में कुलगाम डीएसपी के खिलाफ प्राथमिकी

जम्मू। जम्मू-कश्मीर भ्रष्टाचार रोधी ब्यूरो (एसीबी) ने बुधवार को आय से अधिक संपत्ति के मामले में पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है और जम्मू-कश्मीर तथा हिमाचल प्रदेश में कथित तौर पर उनके स्वामित्व वाली संपत्तियों पर छापेमारी की। अधिकारियों ने बताया कि डीएसपी चंचल सिंह के आय के ज्ञात स्रोत से अधिक संपत्ति अर्जित करने के आरोपों की जांच एसीबी कर रही है, जिनमें हिमाचल प्रदेश के मनाली में दो होटल भी हैं। एसीबी के प्रवक्ता ने बताया कि डीएसपी पर लगे आरोपों की जांच के आधार पर ब्यूरो ने मामला दर्ज किया है। सिंह वर्तमान में दक्षिण कश्मीर के कुलगाम में डीएसपी हैं। आरोपी ने खुद तथा परिवार के नाम पर चल और अचल संपत्तियां अर्जित कीं। इनमें कई बेनामी संपत्तियां भी हैं, जिनमें जम्मू में मकान, भूखंड, दुकानें और व्यापारिक प्रतिष्ठान तथा हिमाचल के मनाली में दो होटल हैं।

● जम्मू और हिमाचल में है करोड़ों की कई बेनामी संपत्तियां

राजस्थान की केमिकल फैक्ट्री में लगी आग, चार लोगों की मौत

अलवर, एजेंसी

राजस्थान में खैरथल तिजारा जिले के भिवाड़ी के पास खुशखेडा औद्योगिक क्षेत्र स्थित दवा और केमिकल फैक्ट्री में लगी आग में अब तक चार लोगों की मौत हो गई तथा कई झुलस गए। ये हादसा खुशखेड़ा औद्योगिक क्षेत्र स्थित वर्तिका केमिकल्स एंड फार्मास्युटिकल्स प्राइवेट लिमिटेड में हुआ था। हादसे के वक्त फैक्ट्री में 50 कर्मचारी काम कर रहे थे।

हादसे में 12 से अधिक कर्मचारी झुलस गए थे, जिनमें से कई की हालत गंभीर है। सूचना पहुंची 10 दमकलों ने डेढ़ घंटे में आग पर काबू पाया। फायर अधिकारी नरेश मीणा ने बताया कि कंपनी में शॉर्टकट से आग लगी थी और शॉर्ट सर्किट के बाद ही ब्लास्ट हुआ था जिसमें चार शव मिले हैं। तीन शव दीवार से चिपके मिले क्योंकि इस ब्लास्ट में दीवार गिर गई थी और 11 व्यक्ति घायल हो गए थे।

मृतकों में यूपी दो लोग

हादसे में यूपी के विकास, अजय व विशाल तथा जम्मू कश्मीर के राजकुमार की मौत हुई है। विकास, अजय और विशाल ऑपरेटर हैं जबकि राजकुमार शिफ्ट इंचार्ज है। तिजारा के उप पुलिस अधीक्षक शिवराज ने बताया कि फैक्ट्री से 100 मीटर दूर खुशखेड़ा रीको फायर स्टेशन है। भिवाड़ी और तिजारा से भी दमकलों को बुलाया गया। फैक्ट्री में केमिकल रिएक्शन से हुए धमाके के बाद आग लगी।

नगालैंड में 20 साल बाद हुआ नगर निकाय चुनाव, 80 प्रतिशत मतदान

कोहिमा। नगालैंड में नगर निकायों के लिए दो दशक बाद कराए गए चुनाव में बुधवार को 80 प्रतिशत मतदान हुआ। 10 जिलों के 25 शहरी निकायों में मतदान सुबह साढ़े सात से शाम चार बजे तक हुआ। एक अधिकारी ने कहा कि चार बजे के बाद भी मतदाताओं के कतार में खड़े रहने से प्रतिशत बढ़ने की संभावना है। राज्य निर्वाचन आयोग (एसईसी) के अधिकारी ने बताया कि 10 जिलों के 214 केंद्रों पर त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था थी। 420 केंद्रों पर मतपत्रों से मतदान कराया गया। नगालैंड राज्य निर्वाचन आयोग के अधिकारियों ने बताया कि पहली बार महिलाओं के लिए 33 फीसदी आरक्षण के साथ शहरी निकाय चुनाव कराए गए। पूर्वोत्तर के इस राज्य में यह ऐतिहासिक चुनाव है क्योंकि तीन नगरपालिकाओं और 22 नगर परिषद के लिए चुनाव 20 वर्ष के बाद कराया गया। इससे पहले 2004 में चुनाव हुआ था। सरकार ने कई बार निकाय चुनाव की घोषणा की थी लेकिन महिला आरक्षण, भूमि तथा संपत्तियों पर कर के खिलाफ जनजातीय संगठनों और नागरिक संस्थाओं की आपत्तियों के कारण चुनाव नहीं कराया जा सका।

टी20 विश्वकप फाइनल में जगह बनाने उतरेंगे दक्षिण अफ्रीका और अफगानिस्तान

तारोबा (त्रिनिदाद), एजेंसी

टूर्नामेंट में इतिहास रचने वाले अफगानिस्तान का सामना टी20 विश्व कप के पहले सेमीफाइनल में गुरुवार को यहां जब सदाबहार दक्षिण अफ्रीका से होगा तो यह मुकाबला परिणाम के बावजूद ऐतिहासिक होगा। दक्षिण अफ्रीका की टीम ने टूर्नामेंट में अपने सातों मैच जीते हैं लेकिन इस आईसीसी प्रतियोगिता का आकर्षण अफगानिस्तान रहा है। टीम अपने देश में युद्ध की तबाही से ऊपर उठी और संघर्ष के जज्बे की बदौलत 2021 के चैंपियन ऑस्ट्रेलिया को भी शिकस्त दी, जिसे उन्होंने पहले कभी नहीं हराया था।

अफगानिस्तान के शानदार प्रदर्शन के कई नायक हैं- कप्तान राशिद खान ने पूरे टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन किया है, तेज गेंदबाज फजलहक फारूकी और नवीन उल हक ने टीम को शुरुआती सफलताएं दिलाई, गुलबदिन नायब ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चमत्कारिक स्पेल डाला जबकि मोहम्मद नबी ने भी शानदार प्रदर्शन किया। सलामी बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज 281 रन के साथ टूर्नामेंट के सबसे सफल बल्लेबाज जबकि फारूकी 16 विकेट के साथ सबसे सफल गेंदबाज हैं।

दक्षिण अफ्रीका के घाव भी गहरे हैं लेकिन वे विशुद्ध रूप से क्रिकेट से जुड़े हैं। अतीत में दक्षिण अफ्रीका ने कुछ मजबूत टीमें तैयार की लेकिन 1991 में विश्व क्रिकेट में पुनः प्रवेश के बाद से कभी भी टी20 या 50 ओवर के विश्व कप के खिताबी दौर में प्रवेश नहीं कर पाया। दक्षिण अफ्रीका ने अब तक अपना धैर्य बरकार रखते हुए कुछ बेहद करीबी मुकाबले जीते हैं। टीम ने टूर्नामेंट में एक रन (नेपाल के खिलाफ), चार रन (बांग्लादेश के खिलाफ) और तीन विकेट (वेस्टइंडीज के खिलाफ) की करीबी जीत दर्ज की। दक्षिण अफ्रीका की अतीत की टीमें इन परिस्थितियों में विफल हो सकती थी लेकिन एडेन मार्कराम की टीम ने उल्लेखनीय दृढ़ता दिखाई है। टूर्नामेंट के शीर्ष 10 बल्लेबाजों की सूची में केवल एक दक्षिण अफ्रीकी खिलाड़ी है। क्विंटन डिकॉक सात मैच में 199 रन बनाकर छठे स्थान पर हैं जबकि उनका कोई भी गेंदबाज शीर्ष 10 में शामिल नहीं है। लेकिन वे यहां सेमीफाइनल में खेल रहे हैं।

द. अफ्रीका का सफर

- श्रीलंका को 6 विकेट से हराया
- नीदरलैंड को 4 विकेट से हराया
- बांग्लादेश को 4 रन से हराया
- नेपाल को 1 रन से हराया
- अमेरिका को 18 रन से हराया
- इंग्लैंड को 7 रन से हराया
- वेस्टइंडीज को 3 विकेट से हराया

टीम इस प्रकार हैं

अफगानिस्तान : राशिद खान (कप्तान), रहमानुल्लाह गुरबाज, इब्राहिम जादरान, अजमतुल्लाह उमरजई, नजीबुल्लाह जादरान, मोहम्मद इशाक, मोहम्मद नबी, गुलबदिन नायब, करीम जनत, नांग्याल खारोटी, मुजीब उर रहमान, नूर अहमद, नवीन उल हक, फजलहक फारूकी और फरीद अहमद मलिक।

दक्षिण अफ्रीका : एडेन मार्कराम (कप्तान), ओटनील बार्टमैन, गेराल्ड कोएट्जी, क्विंटन डिकॉक, ब्योर्न फोर्टुइन, रीजा हेंड्रिक्स, मार्को यानसेन, हेनरिक क्लासेन, केशव महाराज, डेविड मिलर, एनरिक नोर्किया, कागिसो रबादा, रेयान रिकेल्टन, तबरेज शम्सी और ट्रिस्टन स्टब्स।

समय : मैच गुरुवार को भारतीय समयानुसार सुबह छह बजे शुरू होगा।

अफगानिस्तान का सफर

- युगांडा को 125 रन से हराया
- न्यूजीलैंड को 84 रन से हराया
- पीएनजी को 7 रन से हराया
- वेस्टइंडीज से 104 रन से हारे
- भारत से 47 रन से हारे
- ऑस्ट्रेलिया को 21 रन से हराया
- बांग्लादेश को 8 रन से हराया

अंग्रेजों से हार का बदला लेने को तैयार टीम इंडिया

भारत-इंग्लैंड के बीच मैच में बारिश होने की स्थिति में अंक तालिका में शीर्ष पर होने के कारण भारतीय टीम सीधे फाइनल में पहुंच जाएगी

नई दिल्ली, एजेंसी

- इंग्लैंड से वर्ष 2022 में टी-20 सेमीफाइनल में मिली थी मात
- गुयाना में आज होगा भारत और इंग्लैंड का आमना-सामना

रोहित शर्मा की अगुवाई वाली भारतीय क्रिकेट टीम गुरुवार को गुयाना में पिछले टी-20 विश्वकप के सेमीफाइनल में इंग्लैंड के हाथों मिली हार का बदला लेकर इस बार फाइनल में प्रवेश के इरादे से उतरेगी। टूर्नामेंट में भारतीय बल्लेबाजों और गेंदबाजों का विश्वकप में अब बेहतरीन प्रदर्शन रहा है। इसी के बलबूते पर वह दक्षिण अफ्रीका के बाद एकमात्र ऐसी टीम है, जिसे अब तक इस संस्करण में हार का सामना नहीं करना पड़ा है। परिस्थितियों को देखते हुए ऐसा लगा रहा कि भारतीय टीम इतिहास रचने के करीब है और उसे इंग्लैंड से वर्ष 2022 में टी-20 सेमीफाइनल में मिली हार का बदला चुकाना है।

मौसम को देखते हुए माना जा रहा है कि भारत-इंग्लैंड मैच में बारिश हो सकती है। इस मैच के लिए कोई रिजर्व डे भी नहीं है। अगर बारिश के कारण मैच धुल जाता है तो अंक तालिका में शीर्ष पर होने के कारण भारतीय टीम सीधे फाइनल में पहुंच जाएगी। शीर्ष क्रम में भारत विराट कोहली के बल्ले से रन की उम्मीद है। हालांकि उच्च मानकों के अनुसार इस टूर्नामेंट में उनका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है। वहीं उनके सलामी जोड़ीदार और कप्तान रोहित से सेमीफाइनल में अधिक उम्मीदें है। रोहित ने पहले ही स्पष्ट कर दिया है कि वह व्यक्तिगत उपलब्धियों की परवाह किए बिना पावरप्ले में आक्रामक बल्लेबाजी करने का इरादा रखते हैं।

भारतीय गेंदबाज जसप्रीत बुमराह का इंग्लैंड के खिलाफ शानदार रिकार्ड रहा है और इस विश्व कप में वह लय में हैं। इंग्लैंड के बल्लेबाजो के खिलाफ वह और भी अधिक घातक रहे हैं। टी-20 में जॉस बटलर ने अब तक बुमराह का 12 पारियों में सामना किया है और उसमें केवल 5.19 की रनरेट से रन बनाते हुए चार बार आउट हुए हैं। वहीं सैम करन तो पांच पारियों में चार बार बुमराह का शिकार बने हैं। इसी तरह लियम लिविंगस्टन और मोईन अली जैसे खिलाड़ियों भी नाम हैं, जिनका बल्ला बुमराह के खिलाफ शांत रहा है। इसके अलावा अर्शदीप सिंह की गेंदबाजी में धार गेंदबाजी कर तथा हार्दिक पंड्या ने अपने ऑलराउंड प्रदर्शन से सबको प्रभावित किया है। रविंद्र जडेजा, अक्षर पटेल और कुलदीप की स्पिन तिकड़ी से भी प्रदर्शन की उम्मीद है।

जॉस बटलर टी-20 विश्व कप में 900 से अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ियों की अगर लिस्ट निकाली जाए तो सबसे अधिक स्ट्राइक रेट के मामले में वह बहुत आगे हैं। उन्होंने इस टूर्नामेंट में अब तक 45 की औसत और 147.1 के स्ट्राइक रेट से 990 रन बनाए हैं। 2016 के बाद से बटलर ने हर टी-20 विश्व कप में अच्छा प्रदर्शन किया है।

इंग्लैंड को असाधारण खेल की जरूरत: कॉलिंगवुड

नई दिल्ली, एजेंसी। पूर्व ऑलराउंडर पॉल कोलिंगवुड के अनुसार टी20 विश्व कप सेमीफाइनल में फॉर्म में चल रहे भारत को हराने के लिए इंग्लैंड को असाधारण प्रदर्शन करना होगा और उन्हें लगता है कि रोहित शर्मा की टीम के गत चैंपियन के खिलाफ हारने की संभावना नहीं है। कोलिंगवुड ने 'स्टार स्पोर्ट्स प्रेस रूम' कार्यक्रम में कहा, ईमानदारी से कहूं तो मैं इस बार भारत को हारते हुए नहीं देखता। इंग्लैंड को उन्हें हराने के लिए कुछ असाधारण करने की जरूरत होगी। जसप्रीत बुमराह शानदार फॉर्म में हैं। पूर्व चैंपियन ऑस्ट्रेलिया और पाकिस्तान जैसी टीमों को उनके खिलाफ रन बनाने के लिए जूझना पड़ा।

चोटिल रेड्डी की जगह जिम्बाब्वे दौरे जायेंगे दुबे

मुम्बई। चोटिल नितीश कुमार रेड्डी की जगह शिवम दुबे को जिम्बाब्वे दौरे की 15 सदस्यीय टीम में चुना गया है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने यह जानकारी दी। हालांकि उन्होंने यह नहीं बताया कि रेड्डी को किस तरह की चोट लगी है, लेकिन चिकित्सा दल उनकी फिटनेस पर नजर रखे हुये हैं। 21 साल के ऑलराउंडर रेड्डी को आईपीएल में सनराइज़र्स हैदराबाद की टीम में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए पहली बार भारतीय टीम में चुना गया था। इस टूर्नामेंट में उन्होंने 142 .92 के स्ट्राइक रेट से 303 रन बनाए और गेंदबाज़ी में 13 .1 ओवर करते हुए तीन विकेट लिए। दुबे जो कि इस समय भारत की टी-20 विश्वकप 2024 टीम का हिस्सा हैं। उनके आंकड़े टूर्नामेंट में मिले जुले रहे हैं, जहां पर उन्होंने छह मैच में 107 .07 के स्ट्राइक रेट से 106 रन बनाए हैं। उन्होंने आईपीएल के 14 मैचों में 162 .29 के स्ट्राइक रेट से 396 रन बनाए थे।

आईसीसी ने राशिद को फटकार लगाई

दुबई। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने अफगानिस्तान के कप्तान राशिद खान को बांग्लादेश के खिलाफ टी20 विश्व कप मैच के दौरान अपने साथी करीब जनत के रन लेने से मना करने के बाद हताशा में बल्ला जमीन पर फेंकने के लिए आधिकारिक तौर पर फटकार लगाई है। यह घटना अफगानिस्तान की पारी के अंतिम ओवर में घटी, जब जनत के दूसरा रन लेने से मना करने के बाद राशिद अपना आपा खो बैठे। आईसीसी ने विज्ञप्ति में कहा, राशिद को खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ के लिए आईसीसी की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.9 का उल्लंघन करते हुए पाया गया जो किसी अंतर्राष्ट्रीय मैच के दौरान किसी खिलाड़ी पर या उसके पास अनुचित या खतरनाक तरीके से गेंद (या क्रिकेट उपकरण का कोई अन्य सामान) फेंकने से संबंधित है। इसमें कहा गया, इसके अलावा राशिद के अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में एक डिमेरिट अंक जोड़ा गया है।

खेल डायरी

इंग्लैंड के ओली रॉबिन्सन ने महंगा ओवर फेंका

ब्राइटन (इंग्लैंड)। इंग्लैंड के तेज गेंदबाज ओली रॉबिन्सन ने बुधवार को काउंटी चैम्पियनशिप मैच में 43 रन लुटाकर प्रथम श्रेणी क्रिकेट इतिहास में दूसरा सबसे महंगा ओवर फेंकने का अनचाहा रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। दायें हाथ के गेंदबाज रॉबिन्सन (30 वर्ष) ने इंग्लैंड के लिए 2021 में पदार्पण के बाद 20 टेस्ट खेले हैं। उन्होंने होव में यहां ससेक्स के लिए खेलते हुए लीसेस्टरशर के खिलाफ डिवीजन दो मैच में अपना ओवर पूरा करने के लिए कुल नौ गेंद फेंकी जिन पर 43 रन बने। लीसेस्टरशर के लुईस किम्बर ने रॉबिन्सन पर पांच छक्के (तीन नोबॉल पर लगे), तीन चौके और एक रन से 43 रन बनाये। उन्होंने पूर्व टेस्ट तेज गेंदबाज एलेक्स ट्यूडर के 38 रन देने के ओवर के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया।

ग्रैंड शतरंज टूर: गुकेश खिताब के प्रबल दावेदार

बुखारेस्ट (रोमानिया)। विश्व चैंपियनशिप के चैलेंजर डी गुकेश गुरुवार से यहां शुरू होने वाले सबसे बड़े इनामी टूर्नामेंट ग्रैंड शतरंज टूर में खिताब के प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेंगे जबकि आर प्रज्ञाननंदा की निगाह भी सफलता हासिल करने पर होगी। इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में दुनिया के कुछ शीर्ष खिलाड़ी भाग ले रहे हैं जो अपनी बादशाहत साबित करने और मोटी धनराशि हासिल करने के लिए किसी तरह की कसर नहीं छोड़ेंगे। बुखारेस्ट का इस टूर्नामेंट में करीबी मुकाबले होने की पूरी संभावना है।

रिलायंस फाउंडेशन ने बनाया इंडिया हाउस

नई दिल्ली। रिलायंस फाउंडेशन ने भारतीय ओलंपिक संघ के साथ साझेदारी के तहत पेरिस ओलंपिक खेलों में देश का पहला कंट्री हाउस यानी इंडिया हाउस बनाया है। इंडिया हाउस पेरिस के प्रतिष्ठित पार्क डे ला विलेट में बनाया गया है। इंडिया हाउस के दरवाजे दुनिया भर के एथलीटों, गणमान्य व्यक्तियों और खेल प्रेमियों के लिए खुले रहेंगे। इस हाउस भारत की प्रतिभा, क्षमता और महत्वाकांक्षा, संस्कृति से लेकर कला और खेल से लेकर योग, हस्तशिल्प, संगीत की झलक मिलेगी और पारंपरिक भारतीय व्यंजन परोसे जाएंगे।

भारतीय पेशेवर गोल्फ टूर के अध्यक्ष बने कपिल देव

नई दिल्ली। भारत की 1983 विश्व कप विजेता टीम के कप्तान रहे कपिल देव ने भारतीय पेशेवर गोल्फ टूर (पीजीटीआई) के नए अध्यक्ष का पद संभाल लिया है। यह पद इस प्रतिष्ठित पूर्व क्रिकेटर के लिए एक नई शुरुआत है, जिन्होंने एमेच्योर गोल्फ खिलाड़ी के रूप में भी शानदार प्रदर्शन किया है। 65 वर्षीय कपिल पहले से ही उपाध्यक्ष के रूप में पीजीटीआई बोर्ड के सदस्य थे। उन्हें सर्वसम्मति से चुना गया। वह एचआर श्रीनिवासन की जगह लेंगे, जिनका कार्यकाल समाप्त हो गया है। कपिल ने अपने नए पद के बारे में कहा, पीजीटीआई का अध्यक्ष बनना मेरे लिए सम्मान की बात है। मैं पिछले कुछ वर्षों से इस संगठन से जुड़ा हुआ हूं।

मध्यप्रदेश के पूर्व रणजी कप्तान विजय नहीं रहे

इंदौर। मध्यप्रदेश की रणजी ट्रॉफी टीम के पूर्व कप्तान विजय नायडू (79) का बुधवार को लम्बी बीमारी के बाद मुंबई में निधन हो गया। वह 79 वर्ष के थे। मध्यप्रदेश क्रिकेट संघ (एमपीसीए) के सचिव संजीव राव ने यह जानकारी दी। राव ने बताया कि नायडू ने 1968-69 से 1970-71 तक तीन सत्रों में मध्यप्रदेश की रणजी ट्रॉफी टीम का नेतृत्व किया था। नायडू ने 1960-61 से 1977-78 के बीच 47 प्रथम श्रेणी और तीन लिस्ट-ए मैच खेले थे। एमपीसीए सचिव ने बताया, नायडू एक भरोसेमंद बल्लेबाज थे जो प्रभावी गेंदबाजी भी कर सकते थे।

जयवर्धने ने सलाहकार कोच पद से इस्तीफा दिया

कोलंबो। पूर्व कप्तान माहेला जयवर्धने ने श्रीलंका के सलाहकार कोच पद से इस्तीफा दे दिया है। श्रीलंका क्रिकेट ने बुधवार को यह जानकारी दी। श्रीलंका के टी20 विश्व कप के पहले दौर से बाहर को जाने के बाद उन्होंने इस्तीफा देने का फैसला किया जो तुरंत प्रभाव से लागू होगा। श्रीलंका क्रिकेट ने बयान ने कहा, जयवर्धने ने अपने कार्यकाल के दौरान राष्ट्रीय टीम के तंत्र में महत्वपूर्ण बदलाव करने में अहम भूमिका निभाई। श्रीलंका क्रिकेट भविष्य के लिए उन्हें शुभकामनाएं देता है और अपनी सेवाएं देने के लिए उनका आभार व्यक्त करता है।

सूर्या को पछाड़कर हेड बने नंबर एक टी20 बल्लेबाज

- दिसंबर 2023 से शीर्ष पर थे सूर्यकुमार यादव
- हेड ने टी20 विश्वकप में दो अर्धशतक की मदद से 255 रन बनाए
- भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह 24वें स्थान पर पहुंच गए
- स्पिन ऑलराउंडर अक्षर पटेल आठवें स्थान के साथ शीर्ष भारतीय गेंदबाज
- इंग्लैंड के आदिल राशिद गेंदबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर

दुबई, एजेंसी। ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज ट्रेविस हेड बुधवार को जारी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की नवीनतम रैंकिंग में भारत के सूर्यकुमार यादव को पछाड़कर दुनिया के नंबर एक बल्लेबाज बन गए। सूर्यकुमार यादव दिसंबर 2023 से शीर्ष पर थे। हेड ने टूर्नामेंट में दो अर्धशतक की मदद से 255 रन बनाए, जिसमें सुपर आठ मुकाबले में भारत के खिलाफ 76 रन की पारी भी शामिल है। हेड सूर्यकुमार (842 अंक) से दो अंक आगे हैं। सूर्यकुमार दूसरे स्थान पर खिसक गए हैं, लेकिन उनके पास दोबारा नंबर एक रैंकिंग हासिल करने का मौका है क्योंकि भारत टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में जगह बना चुका है। इंग्लैंड के फिल सॉल्ट और पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम तथा मोहम्मद रिजवान भी शीर्ष पांच में शामिल हैं। वेस्टइंडीज के जॉनसन चार्ल्स शीर्ष 10 में जगह बनाने वाले एकमात्र नए खिलाड़ी हैं। अफगानिस्तान के स्टार बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज को भी पांच स्थान का फायदा हुआ है। भारत के तेज गेंदबाजी आक्रमण के अगुआ जसप्रीत बुमराह 44 स्थान की लंबी छलांग के साथ 24वें स्थान पर पहुंच गए हैं जबकि स्पिनर कुलदीप यादव भी 20 स्थान के फायदे से 11वें पायदान पर हैं। स्पिन ऑलराउंडर अक्षर पटेल आठवें स्थान के साथ शीर्ष भारतीय गेंदबाज हैं। इंग्लैंड के आदिल राशिद गेंदबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर हैं। अफगानिस्तान के कप्तान राशिद खान टी20 विश्व कप में शानदार प्रदर्शन से दूसरे स्थान पर हैं।

ड्रॉ के साथ इंग्लैंड और स्लोवेनिया नॉकआउट में

कोलोन, एजेंसी

- ग्रुप डी के मुकाबले में एमबाप्पे के गोल के बावजूद मैच ड्रॉ रहा

इंग्लैंड ने मंगलवार को यहां स्लोवेनिया के खिलाफ गोल रहित ड्रॉ खेलकर ग्रुप सी के विजेता के रूप में यूरो 2024 फुटबॉल टूर्नामेंट के नॉकआउट चरण में जगह बनाई। कोलोन स्टेडियम में हुआ मुकाबला ड्रॉ खेलकर स्लोवेनिया की टीम भी अगले दौर में प्रवेश करने में सफल रही जबकि क्रोएशिया टूर्नामेंट से बाहर हो गया।

इंग्लैंड और स्लोवेनिया के बीच हुए मुकाबले में गोल करने में काफी अधिक मौके नहीं बने। इंग्लैंड के स्थानापन्न खिलाड़ी कोल पाल्मर के पास हालांकि इंजरी टाइम में टीम के जीत दिलाने का मौक था लेकिन उनके शॉट को स्लोवेनिया के गोलकीपर यान ओबलाक ने रोक दिया। इंग्लैंड की टीम प्री क्वार्टर फाइनल में तीसरे स्थान पर रहने वाली एक टीम से भिड़ेगी। ग्रुप डी में काइलियान एमबाप्पे ऑस्ट्रिया के खिलाफ पहले मैच में नाक में फ्रैक्चर के बाद मास्क लगाकर खेलने उतरे और उन्होंने गोल भी दागा लेकिन इसके बावजूद फ्रांस को पोलैंड ने 1-1 से बराबरी पर रोक दिया। फ्रांस ने ग्रुप डी के उप विजेता के रूप में अगले दौर में प्रवेश किया। ऑस्ट्रिया की टीम ग्रुप में शीर्ष पर रही, जिसने नीदरलैंड को 3-2 से हराया।

ओलंपिक के लिए हॉकी टीम की घोषणा

नयी दिल्ली, एजेंसी

हॉकी इंडिया ने अगले महीने होने वाले पेरिस ओलंपिक के लिए बुधवार को 16 सदस्यीय टीम की घोषणा की जिसमें हरमनप्रीत सिंह को कप्तान और हार्दिक सिंह को उप कप्तान बनाया गया। भारतीय टीम में पांच खिलाड़ी ओलंपिक में पदार्पण करेंगे, इनके अलावा टीम में पिछले चरण में हिस्सा ले चुके कुछ सीनियर खिलाड़ी भी शामिल हैं।

तोक्यो ओलंपिक 2020 में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय टीम को गत चैम्पियन बेल्जियम, आस्ट्रेलिया, अर्जेंटीना, न्यूजीलैंड और आयरलैंड के साथ पूल बी में रखा गया है। पूल अंक तालिका में शीर्ष चार में रहने वाली टीमें क्वार्टर फाइनल में पहुंचेगी। भारतीय खिलाड़ी इस समय बेंगलुरु के साई केंद्र में राष्ट्रीय शिविर में ओलंपिक की तैयारी में व्यस्त हैं।

अनुभवी गोलकीपर पीआर श्रीजेश और मिडफील्डर मनप्रीत सिंह चौथी बार ओलंपिक में भाग लेंगे जबकि कप्तान हरमनप्रीत का यह तीसरा ओलंपिक होगा। वहीं पांच खिलाड़ी भारत के लिए ओलंपिक में पदार्पण करेंगे, जिसमें जरमनप्रीत सिंह, संजय, राज कुमार पाल, अभिषेक और सुखजीत सिंह शामिल हैं।

भारत का अभियान

- 27 जुलाई को न्यूजीलैंड
- 29 जुलाई को अर्जेंटीना
- 30 जुलाई को आयरलैंड
- एक अगस्त को बेल्जियम
- दो अगस्त को ऑस्ट्रेलिया

हाईलाइटर

- भारत अभी तक आठ स्वर्ण, एक रजत और तीन कांस्य से कुल 12 ओलंपिक पदक जीत चुका है।
- पूल ए में नीदरलैंड, जर्मनी, ब्रिटेन, स्पेन, दक्षिण अफ्रीका और मेजबान देश फ्रांस शामिल है।

भारतीय टीम

गोलकीपर : पी आर श्रीजेश
डिफेंडर : जरमनप्रीत सिंह, अमित रोहिदास, हरमनप्रीत सिंह, सुमित, संजय **मिडफील्डर :** राजकुमार पाल, शमशेर सिंह, मनप्रीत सिंह, हार्दिक सिंह, विवेक सागर प्रसाद
फॉरवर्ड : अभिषेक, सुखजीत सिंह, ललित कुमार उपाध्याय, मंदीप सिंह, गुरजंत सिंह **वैकल्पिक खिलाड़ी :** नीलकांत शर्मा, जुगराज सिंह, कृष्ण बहादुर पाठक।

मो. वसीम पाकिस्तान महिला टीम के कोच बने

कराची, एजेंसी

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने मध्यक्रम के पूर्व बल्लेबाज और मुख्य चयनकर्ता मोहम्मद वसीम को जुलाई में होने वाले एशिया कप के लिए महिला टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया है। पीसीबी अध्यक्ष के रूप में रमीज राजा के कार्यकाल के दौरान मुख्य चयनकर्ता का पद संभालने वाले वसीम का साथ पूर्व टेस्ट गेंदबाज जुनैद खान और अब्दुल रहमान देंगे, जिन्हें क्रमशः गेंदबाजी और सहायक कोच नियुक्त किया गया है।

पाकिस्तान को श्रीलंका के दाम्बुला में 19 जुलाई से शुरू होने वाले एशिया कप के लिए भारत के ग्रुप में जगह मिली है। भारत, पाकिस्तान और मेजबान श्रीलंका के अलावा बांग्लादेश, नेपाल, भूटान, मलेशिया और थाईलैंड टूर्नामेंट में चुनौती पेश करेंगे।

शिविर में हिस्सा ले रहीं संभावित खिलाड़ी

आलिया रियाज, अनूशा नासिर, आयशा जफर, डायना बेग, दुआ मजीद, इमान फातिमा, फातिमा सना, गुल फिरोजा, हुमना बिलाल, इरम जावेद, महम मंजूर, मुनीबा अली, नजीहा अल्वी, नशरा सुंधू, नतालिया परवेज, निदा डार, ओमैमा सोहेल, कुरतुलैन, रमीन शमीम, सदाफ शमास, सादिया इकबाल, सिदरा अमीन, सईदा अरूब शाह, तस्मिया रुबाब, तुबा हसन, युसरा आमिर, उम्म ए हनी और वहीदा अख्तर।

कनाडा ने पेरू को 1-0 से हराया

कन्सास सिटी (अमेरिका), एजेंसी

जोनाथन डेविड के 74वें मिनट में दागे गोल की मदद से कनाडा ने कोपा अमेरिका फुटबॉल टूर्नामेंट में पेरू को 1-0 से हरा दिया। कनाडा की 24 वर्षों में अपने दक्षिण अमेरिकी प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ यह पहली जीत है। जैकब शैफेलबर्ग के खिलाफ टैकल के लिए मिगुएल अराउजो को लाल कार्ड दिखाए जाने के कारण पेरू को 59वें मिनट के बाद एक खिलाड़ी के बिना खेलना पड़ा। यह निर्णय वीडियो समीक्षा के बाद लिया गया।

कनाडा ने पिछले महीने कोच के रूप में नियुक्त अमेरिकी जेसी मार्श के मार्गदर्शन में चार मैचों में पहली जीत दर्ज की। डेविड का यह कनाडा के लिए 27वां गोल है। इस गोल से राष्ट्रीय टीम ने 391 मिनट के गोल के सूखे को भी खत्म किया। खेल को पहले हाफ के इंजरी टाइम में रोकना पड़ा जब स्टेडियम के गैर छायादार हिस्से पर दौड़ रहे एक सहायक रेफरी की हालत बिगड़ गई और उन्हें स्ट्रेचर पर मैदान से बाहर ले जाया गया।

- 24 वर्षों में दक्षिण अमेरिकी प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ पहली जीत
- मैच के दौरान एक सहायक रेफरी की हालत बिगड़ गई

चिली को 1-0 से हराकर अर्जेन्टीना क्वार्टर फाइनल में

ईस्ट रदरफोर्ड (अमेरिका)। लॉटेरो मार्टिनेज ने 88वें मिनट में रिबाउंड पर गोल दागा, जिससे गत चैंपियन अर्जेंटीना ने चिली पर 1-0 की जीत के साथ कोपा अमेरिका फुटबॉल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह पक्की की। दिग्गज खिलाड़ी लियोनल मेस्सी की कॉर्नर किक पर लगाए शॉट को चिली के गोलकीपर क्लॉडियो ब्रावो ने रोक दिया लेकिन रिबाउंड होकर आई गेंद को मार्टिनेज ने गोल में पहुंचाकर टूर्नामेंट का अपना दूसरा गोल किया। खिलाड़ी खड़े होकर तीन मिनट तक इंतजार करते रहे जिसके बाद वीडियो समीक्षा में गोल की पुष्टि हुई। मार्टिनेज का राष्ट्रीय टीम के लिए यह 26वां गोल है। अर्जेंटीना छह अंकों के साथ ग्रुप ए में सबसे आगे है। कनाडा तीन अंक के साथ दूसरे स्थान पर है। चिली और पेरू के एक-एक अंक हैं। अर्जेन्टीना की टीम शनिवार को फ्लोरिडा के मियामी गार्डन्स में पेरू के खिलाफ अपना अंतिम ग्रुप मैच खेलेगी।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0512-2548300 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharkanpur@gmail.com. **आर.एन.आई नं0**-UPHIN/2022/85730 (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

एक नजर

मंगोलिया में चुनावों के दौरान शराब पर रोक

उलन बटोर। मंगोलिया में आगामी संसदीय चुनावों के दौरान राजधानी में सभी प्रकार के शराब की बिक्री पर प्रतिबंध रहेगा। शहर के मेयर के प्रेस कार्यालय ने बुधवार को यह जानकारी दी। मंगोलिया में शुक्रवार को देश की संसद, स्टेट ग्रेट खुराल के लिए चुनाव कराए जाएंगे। उलानबटोर में गुरुवार से शनिवार तक शराब की बिक्री पर 72 घंटे का प्रतिबंध लागू किया जाएगा, जहां देश की कुल आबादी के आधे लोग निवासरत हैं।

पाकिस्तान में पोलियो का छठा मामला

इस्लामाबाद। पाकिस्तान में इस साल पोलियो का छठा मामला सामने आया है। स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक दक्षिण पश्चिम बलूचिस्तान प्रांत में एक बच्चे में पोलियो की पुष्टि हुई है। देश के राष्ट्रीय स्वास्थ्य संस्थान में पोलियो के लिए क्षेत्रीय प्रयोगशाला ने रिपोर्ट दी है कि किला अब्दुल्ला जिले में 18 महीने के बच्चे से एकत्र नमूनों के परीक्षण में वाइल्ड पोलियोवायरस टाइप 1 पाया गया है।

डेंगू के मामले बढ़ने पर सतर्क रहने के निर्देश

न्यूयॉर्क। दुनिया भर में डेंगू के मामले बढ़ने पर अमेरिकी स्वास्थ्य अधिकारियों ने मंगलवार को चिकित्सकों को सतर्क रहने के निर्देश दिए हैं। डेंगू मच्छरों के काटने से फैलता है और इसके मामले तेजी से पूरी दुनिया में बढ़ रहे हैं। छह माह के भीतर ही अमेरिका में डेंगू के मामलों ने साल भर का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। जलवायु परिवर्तन को भी डेंगू के मामले बढ़ने के लिए जिम्मेदार माना जा रहा है।

मार्क रूटे अगले नाटो महासचिव होंगे

मॉस्को। नाटो ने नीदरलैंड्स (डच) प्रधानमंत्री मार्क रूटे को संगठन के अगले महासचिव चुने जाने की बुधवार को पुष्टि की। नाटो की ओर से जारी बयान के मुताबिक सहयोगियों ने रूटे को नाटो के अगले महासचिव के रूप में नियुक्त करने का निर्णय लिया है। वह जेन्स स्टोलटेनबर्ग का स्थान लेंगे जिनका कार्यकाल आगामी एक अक्टूबर को समाप्त हो जाएगा।

जापान में अमेरिकी सैनिक पर यौन उत्पीड़न का आरोप

टोक्यो। जापान के ओकिनावा द्वीप क्षेत्र में एक अमेरिकी सैनिक पर गत दिसंबर में 16 वर्ष से कम उम्र की किशोरी का कथित रूप से अपहरण करने और उसके साथ बिना सहमति के यौन संबंध बनाने का आरोप लगा है। क्योडो न्यूज ने मंगलवार को स्थानीय अधिकारियों के हवाले से बताया कि नाहा जिला लोक अभियोजक कार्यालय ने 27 मार्च को 25 वर्षीय ब्रेनन वाशिंगटन के खिलाफ आरोप दायर किए।

रूस और अमेरिका के रक्षा मंत्रियों ने की चर्चा

मॉस्को। रूस के रक्षा मंत्री आंद्रेई बेलौसोव और अमेरिका के राक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने यूक्रेन के मुद्दे पर बातचीत की है। रूस के रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को अपने टेलीग्राम चैनल पर यह जानकारी दी।

ट्रंप-बाइडेन चुनावी बहस में तीसरी बार होंगे आमने-सामने

वाशिंगटन, एजेंसी

- 2020 के चुनाव के बाद आज पहली बार एक मंच पर होंगे साथ

अमेरिका के राष्ट्रपति पद की दौड़ में रिपब्लिकन व डेमोक्रेटिक पार्टियों के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप व जो बाइडेन तीसरी बार गुरुवार को चुनावी बहस के मंच पर एक दूसरे के सामने होंगे। यह वर्ष 2024 की पहली बहस होगी।

मिशिगन विश्वविद्यालय में डिबेट कार्यक्रम के निदेशक आरोन कॉल ने अमेरिकी मीडिया को बताया कि जेसी वाटर्स प्राइमटाइम पर सीएनएन प्रेसिडेंशियल डिबेट में दोनों के लिए बहुत जोखिम है। कॉल ने कहा दोनों में से किसी ने भी बहस नहीं की है (उनके पिछले आमना-सामना के बाद से), जो कि एक तरह से अनोखा है। दोनों नेताओं ने 2020 के बहस में एक

दूसरे का सामना नहीं किया है। इस कारण से वे एक तरह से बहस के लिए तैयार नहीं है और उन्हें नियमित बहस शैली में वापस आने में थोड़ा समय लग सकता है। बहस में रूस, यूक्रेन युद्ध और गाजा में इजरायल के युद्ध और चीन के बारे में सवालों के अलावा आव्रजन, अर्थव्यवस्था और मुद्रास्फीति के मुद्दे केंद्र में रहने की उम्मीद है।

इटली में भारतीय की मौत के जिम्मेदार लोगों पर तुरंत कार्रवाई हो : भारत

लंदन/रोम। भारत ने बुधवार को इटली से उस भारतीय श्रमिक की मौत के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई करने को कहा, जिसे भारी कृषि मशीनरी से उसका हाथ कट जाने के बाद उसके नियोक्ता ने उसे बिना चिकित्सकीय सहायता के सड़क पर फेंक दिया था, जिससे उसकी मौत हो गई थी। इटली में भारतीय दूतावास ने कहा कि विदेश मंत्रालय में काउंसलर, पासपोर्ट, वीजा और प्रवासी भारतीय मामलों के सचिव मुक्तेश परदेशी ने विदेश में इतालवी नागरिक व प्रवासन नीतियां के महानिदेशक लुइगी मारिया विग्नाली को सतनाम सिंह (31) की मौत पर भारत की गहरी चिंता से अवगत कराया है।

अमेरिका से समझौते के तहत असांजे ने स्वीकारा दोष

वाशिंगटन, एजेंसी

विकीलीक्स के संस्थापक जूलियन असांजे ने बुधवार को उत्तरी मारियाना द्वीप समूह की राजधानी साइपन स्थित संघीय अदालत में जासूसी अधिनियम का उल्लंघन करने के एक मामले में दोषी होने की दलील दी। यह असांजे व अमेरिकी न्याय विभाग के साथ हुए एक समझौते के तहत किया गया, ताकि उन्हें आगे सजा से बचाया जा सके और वर्षों से चल रही कानूनी लड़ाई को समाप्त किया जा सके।

राष्ट्रीय रक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी को अवैध रूप से प्राप्त करने और प्रसारित करने के एक मामले में अपराध स्वीकार करने के बावजूद असांजे को अमेरिका में किसी तरह की जेल की सजा नहीं काटनी पड़ेगी

एयरपोर्ट पर पत्नी के साथ हाथ उठाकर जश्न मनाते जूलियन असांजे। ● एजेंसी

और उन्हें ऑस्ट्रेलिया वापस जाने की अनुमति दी जाएगी। असांजे अमेरिका नहीं आना चाहते थे, इसलिए अमेरिकी न्याय विभाग ने प्रशांत महासागर में स्थित अमेरिकी राष्ट्रमंडल के सुदूर द्वीप में सुनवाई करने पर सहमति जताई। असांजे 2009 और 2011 के बीच वर्गीकृत सैन्य और राजनयिक दस्तावेजों को हासिल करने और जारी करने में अपनी भूमिका के कारण अमेरिकी सरकार के साथ लंबी कानूनी लड़ाई में उलझे हुए थे।

लड़ाई खत्म होने के बाद अपने देश ऑस्ट्रेलिया लौटे

कैनबरा। असांजे बुधवार को विशेष विमान से अपने देश ऑस्ट्रेलिया लौट आए। असांजे ने एक समझौते के तहत अमेरिकी सेना से जुड़े गोपनीय दस्तावेज हासिल करने और उन्हें प्रकाशित करने का जुर्म स्वीकार कर लिया है, जिसके बाद इस मामले में कानूनी लड़ाई खत्म हो गई है। इससे पहले उनका विमान नार्दन मारियाना द्वीप समूह की राजधानी साइपन से ऑस्ट्रेलिया रवाना हुआ था।

सुरक्षा परिषद में सुधार की जरूरत : भारत

कहा- संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के 80 वर्ष पूरे होने तक स्थायी व अस्थायी सदस्यों का विस्तार जरूरी

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी।

वैश्विक संघर्षों से निपटने के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक में भारत ने सुरक्षा परिषद में ही सुधार किए जाने के मुद्दे को जोरशोर से उठाया। भारत ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र के अगले साल 80 वर्ष पूरे होने वाले हैं इसलिए सुरक्षा परिषद के स्थायी तथा अस्थायी सदस्यों का विस्तार करने की जरूरत है। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन में मंत्री प्रतीक माथुर ने कहा कि वैश्विक शासन सुधारों पर चर्चा के तौर पर संयुक्त राष्ट्र में प्रदर्शन आकलन पर ध्यान केंद्रित होने के साथ ही सुरक्षा परिषद को भी अपनी विश्वसनीयता साबित करने और अपने प्रदर्शन में सुधार करने की आवश्यकता है।

माथुर ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की वार्षिक रिपोर्ट पर संयुक्त राष्ट्र महासभा में चर्चा के दौरान भारत की ओर से मंगलवार को कहा कि 2024 में अब वक्त आ गया है कि परिषद संपूर्ण सदस्यता की ओर से काम करने के लिए अपने चार्टर की जिम्मेदारियों के अनुरूप सुधार करे। उन्होंने कहा कि सुरक्षा परिषद ही दुनियाभर में मौजूदा संघर्षों से प्रभावी रूप से निपट सकती है। भारत वर्षों से सुरक्षा परिषद में सुधार की वकालत करते हुए कहता रहा है कि वह संयुक्त राष्ट्र की इस शीर्ष संस्थान का स्थायी सदस्य बनने का हकदार है। भारत आखिरी बार 2021-22 में परिषद में अस्थायी सदस्य के तौर पर शामिल हुआ था। उसने 2028-29 के कार्यकाल के लिए संयुक्त राष्ट्र के इस शक्तिशाली संस्थान के अगले कार्यकाल के लिए उम्मीदवारी की घोषणा की है। पंद्रह सदस्यीय सुरक्षा परिषद में केवल पांच स्थायी सदस्य- चीन, फ्रांस, रूस, ब्रिटेन और अमेरिका हैं जिनके पास वीटो का अधिकार है। बाकी के 10 सदस्यों का चुनाव दो साल के कार्यकाल के लिए अस्थायी सदस्यों के रूप में किया जाता है और उनके पास वीटो का अधिकार नहीं होता है।

सुरक्षा परिषद की बैठक में उपस्थित सदस्य।

कश्मीर पर निराधार बयानों के लिए पाकिस्तान की आलोचना

संयुक्त राष्ट्र। पाकिस्तान की ओर से संयुक्त राष्ट्र महासभा में कश्मीर का जिक्र किए जाने के बाद भारत ने निराधार और मिथ्या बयानों के लिए पड़ोसी देश की आलोचना की है। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन में मंत्री प्रतीक माथुर ने मंगलवार को कहा कि मंगलवार को एक प्रतिनिधिमंडल ने निराधार और मिथ्या बातें फैलाने के लिए इस मंच का दुरुपयोग किया जो कोई हैरानी की बात नहीं है। उन्होंने कहा मैं केवल इस प्रतिष्ठित संस्थान का कीमती वक्त बचाने के लिए किसी भी तरह की प्रतिक्रिया देकर इन टिप्पणियों को बढ़ावा नहीं दूंगा। माथुर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की वार्षिक रिपोर्ट पर संयुक्त राष्ट्र महासभा की चर्चा में भारत की ओर से बयान दे रहे थे।

कतर में होने वाली बैठक में भाग लेगा तालिबान

इस्लामाबाद। तालिबान ने मंगलवार को पुष्टि की है कि अफगानिस्तान पर कतर में संयुक्त राष्ट्र के नेतृत्व में होने वाली आगामी बैठक में उसका प्रतिनिधिमंडल शामिल होगा। इससे पहले, आयोजकों ने पिछले सप्ताह कहा था कि महिलाओं को इस बैठक में शामिल नहीं होने दिया जाएगा। कतर की राजधानी दोहा में 30 जून और 1 जुलाई को होने वाली बैठक अफगान संकट पर संयुक्त राष्ट्र द्वारा प्रायोजित तीसरी बैठक है। पहली बैठक में तालिबान को आमंत्रित नहीं किया गया था।

गाजा, वेस्ट बैंक में बढ़ते संकट की दी चेतावनी

संयुक्त राष्ट्र। संयुक्त राष्ट्र ने मंगलवार को सुरक्षा परिषद को गाजा और वेस्ट बैंक में संकट की चेतावनी दी है। मध्य पूर्व शांति प्रक्रिया के लिए संयुक्त राष्ट्र के विशेष समन्वयक टोर वेन्नेसलैंड ने सुरक्षा परिषद ब्रीफिंग के दौरान गाजा में विनाशकारी और भयावह मानवीय संकट का वर्णन किया, जहां नागरिक शत्रुता के प्रभाव में पीड़ित हैं और नागरिक सुरक्षा व्यवस्था लगभग पूरी तरह से खत्म हो गई है। मैं इजरायल सरकार से सभी गतिविधियों को तुरंत बंद करने का आग्रह करता हूं।

अमेरिका में काम को मजबूर करने पर दंपत्ति को सजा

वाशिंगटन, एजेंसी

- रिश्तेदार को स्कूल में दाखिला दिलाने का लालच देकर अमेरिका लेकर आए थे
- तीन साल से अधिक समय तक अपने गैस स्टेशन और डिपार्टमेंटल स्टोर पर करवाया काम

अमेरिका की एक अदालत ने एक भारतीय-अमेरिकी दंपत्ति को अपने रिश्तेदार को स्कूल में दाखिला दिलाने का लालच देकर अमेरिका लाने और उसे तीन साल से अधिक समय तक अपने गैस स्टेशन और डिपार्टमेंटल स्टोर पर काम करने के लिए मजबूर करने के आरोप में जेल की सजा सुनाई है। हरमनप्रीत सिंह (31) को अदालत ने 135 महीने (11.25 साल) और कुलबीर कौर (43) को 87 महीने (7.25 साल) की जेल की सजा सुनाई है। साथ ही अपने चचेरे भाई एवं पीड़ित को लगभग 1.87 करोड़ रुपये का मुआवजा देने के लिए भी कहा गया है। दंपत्ति का अब तलाक हो चुका है।

न्याय विभाग के नागरिक अधिकार प्रभाग की सहायक अटॉर्नी जनरल क्रिस्टन क्लार्क ने कहा आरोपियों ने पीड़ित के साथ अपने संबंधों का फायदा उठाकर उसे अमेरिका में लाने के लिए झूठे वादे किए कि वे उसे स्कूल में दाखिला दिलाने में मदद करेंगे। उन्होंने कहा प्रतिवादियों ने पीड़ित के आव्रजन दस्तावेज जब्त कर लिए तथा न्यूनतम वेतन पर लंबे समय तक काम करने के लिए मजबूर करने के लिए उसे धमकियां दीं, शारीरिक बल का प्रयोग किया तथा मानसिक रूप से प्रताड़ित किया।

होटल में झगड़ा करने के लिए भारतीय मूल के नागरिक को जेल

सिंगापुर। सिंगापुर के एक होटल में दो गुटों में हुए हिंसक झगड़े में शामिल भारतीय मूल के 25 वर्षीय युवक को एक वर्ष से ज्यादा जेल की सजा सुनाई गयी और उस पर दो हजार सिंगापुर डॉलर का जुर्माना लगाया गया। झगड़े में एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। द स्ट्रैट्स टाइम्स समाचार पत्र की खबर के मुताबिक, शर्विन जय नायर को मोहम्मद इसरत मोहम्मद इस्माइल को जानबूझकर चोट पहुंचाने के आरोप में मंगलवार को दोषी करार दिया गया।

यात्रियों की पुनः जांच खत्म करने के लिए भारत से समझौते की मांग

वाशिंगटन। अमेरिका के परिवहन सुरक्षा निकाय ने भारत के साथ एक विशेष समझौता करने की मांग की है जिससे यात्रियों की हवाईअड्डे पर पुनः जांच की प्रक्रिया समाप्त हो जाएगी। अमेरिका के परिवहन सुरक्षा प्रशासन (यूएसटीएसए) के प्रशासक डेविड पेकोस्के ने मंगलवार को यहां भारत-अमेरिका विमानन शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि सभी समस्याओं का एक ही जगह (वन-स्टॉप) पर समाधान उपलब्ध कराने वाले इस समझौते की अवधारणा देशों के बीच आसानी से पहुंच बनाने वाली है। उन्होंने कहा यह ऐसी अवधारणा है जो स्थानांतरण बिंदुओं पर सुरक्षा जांच के दोहराव को समाप्त करके यात्रियों और सामान को उनके गंतव्य तक पहुंचाने में तेजी लाती है।

मोदी 3.0 में अमेरिका-भारत रक्षा प्रौद्योगिकी में कर सकते हैं प्रगति

वाशिंगटन, एजेंसी

- अमेरिकी राजदूत ने कहा सपनों को वास्तविकता में बदलने का समय

अमेरिकी राजदूत एरिक गार्सेटी ने कहा है कि नरेंद्र मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के दौरान जब महत्वाकांक्षी भारत और महत्वाकांक्षी अमेरिका मिलकर काम करेंगे तब रक्षा साझेदारी, महत्वपूर्ण उभरती प्रौद्योगिकियों और आर्थिक समृद्धि में और अधिक प्रगति हासिल की जा सकती है।

प्रधानमंत्री मोदी भाजपा और एनडीए को उनकी जीत के लिए बधाई देते हुए गार्सेटी ने कहा कि मोदी 3.0 द्विपक्षीय संबंधों के सपनों को वास्तविकता में बदलने का समय है। गार्सेटी ने कहा मुझे लगता है कि मोदी 3.0 हमारे लिए अपने सपनों को साकार करने का समय है। भारत में हाल में हुए आम चुनावों के बाद बाइडन प्रशासन के किसी वरिष्ठ अधिकारी द्वारा दिया गया यह पहला साक्षात्कार है। लोकसभा चुनावों के बाद प्रधानमंत्री

मोदी लगातार तीसरी बार सत्ता में आए हैं। गार्सेटी ने कहा चाहे वह काम हो जिसे हम अपनी रक्षा साझेदारी में साथ मिलकर कर रहे हैं, चाहे वह हमारी महत्वपूर्ण उभरती हुई प्रौद्योगिकियां हों, या फिर वह काम हो जिसे हम आर्थिक समृद्धि के लिए कर रहे हैं। उन्होंने कहा मेरी राय में 3.0 इस बारे में है कि हम अमेरिका और भारत के बीच किस तरह का रिश्ता बनाते हैं जो न केवल हमारे लोगों के लिए बल्कि दुनिया के लिए भी अच्छा हो सकता है। यह दुनिया को दिखा सकता है कि लोकतंत्र तानाशाही से बेहतर है।

नेपाल और चीन द्विपक्षीय संबंधों को गति देने पर सहमत

काठमांडू। नेपाल और चीन के शीर्ष राजनयिकों ने द्विपक्षीय संबंधों की समग्रता में समीक्षा की और पंचशील, आपसी विश्वास और सद्भावना के सिद्धांतों के आधार पर परस्पर क्षेत्रों के बीच सहयोग बढ़ाने का संकल्प लिया। चीन के उपविदेश मंत्री सन वेइडोंग और नेपाल के विदेश सचिव सेवा लामसाल ने यहां नेपाल-चीन राजनयिक परामर्श तंत्र की 16वीं बैठक के दौरान व्यापक वार्ता की।

विदेश मंत्रालय ने कहा कि बैठक में द्विपक्षीय संबंधों की संपूर्ण आयाम में समीक्षा की गई और समझौतों के क्रियान्वयन में हुई प्रगति और पूर्व में लिए गए निर्णयों का आकलन किया। दोनों पक्षों ने पारस्परिक रूप से सहमत क्षेत्रों में सहयोग को और बढ़ावा देने के लिए दृढ़ प्रतिबद्धता व्यक्त की है और पारस्परिक लाभ के लिए आर्थिक अवसरों की प्राप्ति में काम करने की प्रतिबद्ध जताई है।

केन्या के राष्ट्रपति विवादित वित्त विधेयक पर नहीं करेंगे हस्ताक्षर

नैरोबी ,एजेंसी

- दशकों बाद केन्या की सरकार के खिलाफ हुए थे उग्र प्रदर्शन, टैक्स से धन जुटाना चाहती थी सरकार

केन्या के राष्ट्रपति विलियम रुटो ने बुधवार को घोषणा की कि वह नए कर प्रस्ताव करने वाले वाले विधेयक पर हस्ताक्षर नहीं करेंगे। राष्ट्रपति का यह बयान विधेयक के खिलाफ बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन, प्रदर्शनकारियों के संसद पर हमला करने और कई लोगों के मारे जाने के एक दिन बाद आया है। दशकों बाद केन्या की सरकार के खिलाफ इतने उग्र प्रदर्शन हुए हैं।

सरकार ऋण चुकाने के लिए नए कर से धन जुटाना चाहती थी, लेकिन केन्या के लोगों का कहना है कि इस विधेयक से आर्थिक मुश्किलें बढ़ेंगी क्योंकि लाखों लोगों को जीवनयापन के लिए संघर्ष करना पड़ेगा। विवादित वित्त विधेयक को लेकर मंगलवार को देश में पैदा हुई अराजकता के मद्देनजर सरकार को सेना तैनात करनी पड़ी

और रुटो ने प्रदर्शनकारियों की कार्रवाई को देशद्रोही करार दिया था। राष्ट्रपति ने अब कहा है कि इस विधेयक के कारण व्यापक असंतोष पैदा हुआ है और उन्होंने लोगों की बात सुनी है तथा उनकी बात मान ली है। उन्होंने कहा हमारे लिए एक राष्ट्र के रूप में इस बात पर चर्चा करना आवश्यक है कि हम देश के मामलों को एक साथ कैसे प्रबंधित करें। केन्या के लोगों को बुधवार को सड़कों पर आंसू गैस और सेना का सामना करना पड़ा।

अमेरिकी पत्रकार पर रूस में जासूसी का मुकदमा

येकातेरिनबर्ग। जासूसी के आरोप में 15 माह पहले रूसी शहर येकातेरिनबर्ग में गिरफ्तार किए गए वॉल स्ट्रीट जर्नल के संवाददाता इवान गेर्शकोविच को बुधवार को मामले की सुनवाई शुरू होने पर अदालत में पेश किया गया। अदालत की कार्यवाही समाप्त होने से पहले पत्रकारों को कुछ मिनटों के लिए अदालत कक्ष में जाने की अनुमति दी गई।

दूतावास के अनुसार, मॉस्को स्थित अमेरिकी दूतावास के दो अधिकारियों को भी कुछ समय के लिए अदालत में जाने की अनुमति दी गई। अदालत के अधिकारियों ने बताया कि इवान गेर्शकोविच के मामले की अगली सुनवाई 13 अगस्त को निर्धारित की गई है। जर्नल के प्रकाशक, डॉव जोन्स के कार्यकारी उपाध्यक्ष और महाधिवक्ता जे कोन्टी ने एसोसिएटेड प्रेस के साथ एक साक्षात्कार में इस मुकदमे को एक दिखावा बताया।

बॉलीवुड हलचल

निरहुआ ने फिल्म संकल्प की शूटिंग पूरी की

मुंबई। भोजपुरी सिनेमा के सुपरस्टार दिनेश लाल यादव निरहुआ ने अपनी आने वाली फिल्म संकल्प की शूटिंग पूरी कर ली है। फिल्म संकल्प के निर्माता आदित्य कुमार झा और निर्देशक अशोक त्रिपाठी अतरी हैं। निरहुआ ने कहा, अभिनय मेरा मूल कार्य है और हमारी पार्टी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) भी कहती है कि जिस काम से पहचान मिलती है, उसको प्राथमिकता से करते रहना चाहिए। उसके साथ समाज के लिए भी वक्त निकालना चाहिए। जनता के आदेश से मैंने सेवा की और अब फिल्मों के माध्यम से उनका मनोरंजन करूंगा। फिल्म संकल्प की शूटिंग चुनाव के पहले लगभग हो चुकी थी। कुछेक शेड्यूल की शूटिंग बाकी थी, जिसे हमने चुनाव बाद करने को तय किया था।



पिता यश जौहर की पुण्यतिथि पर भावुक हुए करण जौहर

मुंबई। बॉलीवुड फिल्मकार करण जौहर अपने पिता यश जौहर की पुण्यतिथि के अवसर पर उन्हें याद कर भावुक हो गए। करण जौहर ने अपने पिता यश जौहर की 20वीं पुण्यतिथि पर उन्हें याद करते हुए इंस्टाग्राम पर कई सारी तस्वीरें और एक नोट शेयर किया है। करण जौहर ने नोट में लिखा, मैं विश्वास नहीं कर सकता कि आपको गए हुए 20 साल हो गए। मेरे को इस बात का सबसे बड़ा डर था। 2 अगस्त 2003 को आपने मुझे बताया कि आपको ट्यूमर है। मेरा सबसे बुरा सपना मुझे देख रहा था और फिर भी उनके बच्चे के रूप में यह मेरा कर्तव्य था कि मैं पॉजिटिव रहूं और विश्वास बनाए रखूं। लेकिन भीतर की आवाज की सबसे बुरी बात ये है कि वो कभी गलत नहीं होते। इस घटना के 10 महीने बाद वो हमें छोड़कर चले गए।

कमल हासन की फिल्म इंडियन 2 का ट्रेलर रिलीज

मुंबई। दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार कमल हासन की आने वाली फिल्म इंडियन 2 का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। वर्ष 1996 में प्रदर्शित फिल्म इंडियन में कमल हासन ने सेनापति नाम के स्वतंत्रता सेनानी का रोल किया था, जो भ्रष्टाचार से लड़ता है और फिल्म इंडियन के सीक्वल इंडियन 2 में उन्होंने इसी रोल में दमदार वापसी की है। ट्रेलर की शुरुआत एक वॉइस ओवर से होती है, जिसमें देश के हालात के बारे में बताया जाता है। कहा जाता है- कैसा देश है ये। पढ़े-लिखे लोगों के लिए काम नहीं, और काम है तो पगार नहीं। चोर चोरी करता रहेगा और अपराधी भी अपराध करता रहेगा।



लक्ष्य उपग्रह का प्रमुख लक्ष्य गामा-किरण विस्फोटों की तलाश व रहस्यों को समझना होगा

ब्रह्मांड की थाह पाने के लिए फ्रांस व चीन का मिशन लॉन्च

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार: ब्रह्मांड की थाह पाने के लिए फ्रांस ने चीन के साथ उपग्रह लॉन्च कर दिया है। इस उपग्रह का प्रमुख लक्ष्य गामा-किरण विस्फोटों की तलाश व रहस्यों को समझना है। यह उपग्रह लॉन्ग मार्च 2-सी रॉकेट द्वारा लॉन्च किया गया है।

इस मिशन में उपग्रह के साथ पेलोड स्पेस वेरिएबल ऑब्जेक्ट मॉनिटर (एसवीओएम) चार उपकरणों को ले जा रहा है, जो गामा-किरण विस्फोटों की खोज करेंगे। इस उपग्रह का भार 930 किलोग्राम है। दक्षिण-पश्चिमी सिचुआन प्रांत के जिचांग स्थित अंतरिक्ष अड्डे से बुधवार सांय 3 बजे उड़ान भरी। बता दें कि गामा-किरण विस्फोट आम तौर पर विशाल सितारों के विस्फोट के बाद होता है - जो सूर्य से 20 गुना से अधिक बड़े होते हैं। इसके अलावा कॉम्पैक्ट

फ्रांस व चीन द्वारा लांच किया गया अंतरिक्ष मिशन। ● अमृत विचार

सितारों के संलयन के बाद होते हैं। यह भयानक विस्फोट हैं, जो एक अरब से अधिक सूर्यों के बराबर ऊर्जा का विस्फोट कर सकते हैं। इन विस्फोटों का प्रकाश हम तक पहुंचने में लंबा समय लगता है। मगर इस उपग्रह के जरिए जल्द विस्फोट की जानकारी जुटाई जानी आसान हो जाएगी।

मिशन में शामिल न्यूयॉर्क के फ्लैटिरॉन इंस्टीट्यूट, सेंटर फॉर एस्ट्रोफिजिक्स के खगोल भौतिकीविद ओरे गोटलिब के अनुसार ब्रह्मांड के इतिहास और विकास को बेहतर ढंग से समझने के लिए मूल्यवान डेटा जुटाएगा। यह मिशन ब्रह्मांड में सबसे दूर के जीआरबी का पता लगाने में भी मददगार साबित होगा। अब तक पहचाने गए सबसे दूर के विस्फोट बिग बैंग के ठीक 630 मिलियन वर्ष बाद उत्पन्न हुए थे। यह समय ब्रह्मांड के प्रारंभिक अवस्था का था। पेरिस इंस्टीट्यूट ऑफ एस्ट्रोफिजिक्स के खगोल भौतिकीविद् फ्रेडरिक डेग्ने ने कहा कि वैज्ञानिक गामा-किरण विस्फोटों में रुचि रखते हैं, क्योंकि वे बहुत चरम ब्रह्मांडीय विस्फोट हैं जो हमें कुछ सितारों की मृत्यु को बेहतर ढंग से समझने की अनुमति देते हैं।

दुनिया के वैज्ञानिकों के लिए मददगार होगा यह मिशन

अंतरिक्ष मिशन बेहद खर्चीले व इनके निर्माण में लंबा समय लगने के कारण किसी एक देश के बल पर निर्भर नही हो सकता है। इसलिए दुनिया के देश साझा परियोजना बनाते हैं। जिनका लाभ पूरी दुनिया के वैज्ञानिकों को मिलता है। यह परियोजना फ्रांसीसी और चीनी अंतरिक्ष एजेंसियों के साथ-साथ कई अन्य देशों के वैज्ञानिक और तकनीकी समूहों के बीच साझेदारी है।